डॉ. हाजरा श्रीकृष्ण के ऋषि उपमन्यु के आश्रम में जाने और वहाँ पाशुपत व्रत की दीक्षा लेने की कूर्मपुराण वर्णित कथा पर पाशुपत प्रभाव देखते हैं, किन्तु यह कथा इसी रूप में महाभारत के अनुशासन पर्व (१४-१८ अ.) में भी वर्णित है। वहाँ के और यहाँ के अनेक श्लोकों की आनुपूर्वी भी एक जैसी है। वास्तव में महाभारत और पुराणों की रचना वेद, उपनिषद्, सांख्य, योग, पांचरात्र और पाशुपत मतों के समन्वित दृष्टिकोण को सामने रखकर की गई है। अतः इस तरह की कथाओं का पुराणों में समावेश किसी साम्प्रदायिकता का द्योतक न होकर उनकी संग्राहिका वृत्ति का परिचायक है। कूर्मपुराण के उपमन्यु उपाख्यान में भी केवल शिव की ही नहीं, श्रीकृष्ण की भी जगत् के मूलकारण, महायोगी और सनातन पुरुष के रूप में स्तुति और पूजा की गई है (१।२४।१४-१८)।

वैष्णवागम, शैवागम और शाक्तागम के नाम से प्रसिद्ध त्रिविध आगमों अथवा तन्त्रों का ऊपर उल्लेख किया गया है। प्रत्येक आगम के कई अवान्तर सम्प्रदाय भी हैं, जैसे वैष्णवागम में वैखानस, पांचरात्र और भागवत सम्प्रदाय। शैवागम में सिद्धान्तशैव, पाशुपत, कालामुख, कापालिक, भैरव, वाम आदि सम्प्रदाय तथा शाक्तागम में दस महाविद्या आदि के सम्प्रदाय। इन सभी सम्प्रदायों का उल्लेख पुराणों में सामान्य-विशेष रूप से मिलता है तथा प्रत्येक मत की अंशतः स्वीकृति और अस्वीकृति (हेय और उपादेय कह कर, वैदिक और वेदबाह्य मानकर) भी पुराणों में मिलती है। वेद के विषय में (तथा श्रौत धर्म के विषय) में भी प्रत्येक सम्प्रदाय की दृष्टियाँ नाना प्रकार की हैं और उनमें स्तरभेद भी हैं। सर्वान्तिम स्तर में वैदिक और अवैदिक धाराएं एक रूप में मिल गई हैं। वैदिक-तान्त्रिक विशिष्टता का परिहार कर एक समन्वित स्वरूप की निगमागम धारा का नाम ही पुराण धारा है।

सनातन धर्म की दृष्टि में वेद और स्मृति के बाद इस पुराण धारा का प्रामाण्य माना गया है। प्रामाण्य के प्रसंग में आगम और तन्त्रशास्त्र का चतुर्थ स्थान है। अनेक स्थानों पर उद्धृत[1] एक श्लोक में बताया गया है कि सत्य युग में वेद, त्रेता में स्मृति, द्वापर में पुराण और कलियुग में तन्त्रागम संमत आचार को प्रधानता दी जाती है। यहाँ जो क्रम दिया गया है, उससे उक्त क्रम की पुष्टि होती है। साथ ही यह भी स्पष्ट होता है कि कलियुग में तन्त्रशास्त्र को प्रधानता देनी चाहिये।

पुराणगत योग

योग का लक्षण

कर्म, ज्ञान और भक्ति के समान योग को भी परम पुरुषार्थ मोक्ष का साधन माना गया है। पुराणों में इसका विस्तार से वर्णन मिलता है। कूर्मपुराण (२।११।१-४) में योग

---

१. कृते श्रुत्युक्त आचारस्त्रेतायां स्मृतिसम्भवः।
द्वापरे तु पुराणोक्तः कलावागमसम्भवः।। (पुराणविमर्श, पंचम संस्करण, पृ. ७६३ पर उद्धृत)

की महिमा बताने के बाद अभावयोग और महायोग के भेद से योग के दो प्रकार तो लिखे हैं (२।११।१५-१२), किन्तु योग का लक्षण नहीं बताया गया। योगसूत्रकार पंतजलि ने चित्त की वृत्तियों के निरोध को योग कहा है। लिंगपुराण (१।८।७) भी योग का यही लक्षण बताता है। शिवपुराण (७।२।३७।६) इसमें इतना जोड़ता है कि चित्तवृत्ति का निरोध हो जाने के बाद शिव के प्रति निरन्तर निश्चल वृत्ति ही योग है। अग्नि० (३७६।२४-२५), नारद० (१।४७।७) और विष्णु० (६।७।३१) का कहना है कि अपने प्रयत्न से, यम-नियम आदि के अभ्यास से मन की गति को बाह्य विषयों से विमुख कर ब्रह्म के प्रति नियोजित कर देना ही योग है। देवीभावगत (७।३५।२) का कहना है कि योग के लिये आकाश, पाताल को एक नहीं करना पड़ता, यह तो वास्तव में जीवात्मा और परमात्मा का संयोग है। अग्निपुराण (१६५।७-१०) इस विषय में अधिक विस्तार से विचार करता है। उसका कहना है कि जब व्यक्ति अपने से भिन्न किसी दूसरे को नहीं देखता, तो उसकी यह सर्वत्र ब्रह्म का साक्षात्कार करने वाली दृष्टि ही योग है। कुछ लोग विषयों के साथ इन्द्रियों के संयोग को ही योग मानते हैं, किन्तु वे अपने अज्ञान के कारण अधर्म को ही धर्म मान बैठते हैं। अन्य लोग आत्मा और मन के संयोग को योग मानते हैं, यह मत भी ठीक नहीं है। वस्तुतः मन को वृत्तिहीन कर जब योगी जीवात्मा को परमात्मा में विलीन कर देता है, तो वह बन्धन से मुक्त हो जाता है। योग की यही उत्तम अवस्था है। अग्निपुराण में ही अन्यत्र (३७२।१-२) कहा गया है कि ज्ञान से ब्रह्म प्रकाशित होता है और योग से वहाँ चित्तवृत्ति स्थिर होती है। चित्तवृत्ति के स्थिर हो जाने से जीवात्मा और परमात्मा का भेद मिट जाता है।

योग के भेद

कूर्मपुराण वर्णित अभावयोग और महायोग की ऊपर चर्चा हुई है। यहाँ उनके लक्षण भी बताये गये हैं (१।११।५-११)। शिवपुराण वायवीयसंहिता (२।२७।७) में इसके पांच भेद वर्णित हैं। उनके नाम हैं— मन्त्रयोग, स्पर्शयोग, भावयोग, अभावयोग और महायोग। इनके लक्षण भी वहाँ वर्णित हैं। अभावयोग और महायोग का लक्षण कु०पु० से मिलता-जुलता ही है। नारदपुराण (१।३३।३१-३५) में कर्मयोग और ज्ञानयोग के भेद से योग के दो प्रकार बताये गये हैं और कहा गया है कि क्रियायोग के बिना ज्ञानयोग सिद्ध नहीं हो सकता। क्रियायोग द्वारा पहले श्रद्धापूर्वक विष्णु की पूजा करनी चाहिये। ब्राह्मण, भूमि, अग्नि, सूर्य, जल, धातु, हृदय और चित्र— इन सबमें भगवान् की प्रतिमा की भावना कर पूजा की जाती है। अहिंसा, सत्य, अक्रोध, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह, अनीर्ष्या और दया नामक गुण ज्ञानयोग और क्रियायोग दोनों के लिये आवश्यक है। कर्मयोग और ज्ञानयोग का वर्णन मत्स्यपुराण में भी मिलता है। वहाँ कहा गया है कि कर्मयोग का महत्त्व ज्ञानयोग से हजार गुना अधिक है। यह उक्ति मत्स्यपुराण में दो स्थानों पर (५२।१५, २५७।१) मिलती है। कर्मयोग की महत्ता भागवत में भी बताई गई है (११।३।४१)। वहाँ (११।२७।७) यह भी बताया गया

है कि भगवान् की आराधना ही क्रियायोग है। इसके तीन प्रकार हैं— वैदिक, तान्त्रिक और मिश्र। अग्निपुराण (३७२।३४) में भी इसकी चर्चा है। वहाँ यह भी कहा गया है कि इनमें से किसी एक विधि से भगवान् की उपासना करनी चाहिये। कर्मयोग के अन्तर्गत मत्स्यपुराण में ४८ संस्कारों का उल्लेख हुआ है। इनमें से आठ आत्मा के संस्कार हैं, गुण हैं। इनकी चर्चा स्मृति-ग्रन्थों में ही नहीं, शैवागमों में भी विशेष रूप से मिलती है।

योग के अंग

पुराणों में अष्टांग और षडंग दोनों प्रकार के योगों का वर्णन मिलता है। बौद्ध तन्त्रों को दृष्टि में रखकर म.म.पी.वी. काणे ने षडंग योग की समीक्षा की है, किन्तु हमें स्मरण रखना है कि षडंग योग आगम अथवा तन्त्रशास्त्र में ही नहीं, योगशास्त्र के ग्रन्थों, उपनिषदों और पुराणों में भी मिलता है। भास्कर के गीताभाष्य (पृ. १२७) में तथा बोधायन धर्मसूत्र (४।४।२६) की व्याख्या में भी षडंग योग उल्लिखित है। स्वयं कूर्मपुराण में भी योगांगों की गणना के समय षडंग योग की पद्धति ही अपनाई गई है। मार्कण्डेय पुराण में (३६ अ.) भी यही क्रम अपनाया गया है। शिवपुराण में दोनों ही योग वर्णित हैं (वाय० १।३७।१४-१८)। वायु० तो पांच ही योगांगों की चर्चा करता है (१०।७६)। न्यायभाष्य (४।२।४६) में भी तप, प्राणायाम, प्रत्याहार, ध्यान और धारणा नामक पांच अंग ही प्रतिपादित हैं। यहाँ यमों और नियमों का सूत्रों में उल्लेख हुआ है।

योगांगों का विवरण

यम और नियम-छः अथवा आठ योगांगों के विवरण में भी पुराणों में विविधता मिलती है। पातंजल योग की पद्धति से अधिकांश पुराणों में यम और नियमों की संख्या पाँच-पाँच ही बताई गई है, तथापि कहीं-कहीं नाम और क्रम में अन्तर मिलता है। नारदपुराण में यमों की संख्या सात और नियमों की छः बताई है (१।३३।७५, ८७)। लिंगपुराण (१।८) में यमों की संख्या तो पांच ही है, किन्तु नियम दस हैं। देवीभागवत (७।३५।६-८) में यम और नियम दोनों की संख्या दस-दस है। श्रीमद्भागवत (११।१९।३३-३५) में इनकी संख्या बारह-बारह दी गई है। कूर्मपुराण (२।११।२८) के समान गरुड़ पुराण (१।२१८।१२-१३, २२६।१-२२) में भी द्विविध शौच की चर्चा की गई है, किन्तु इसका विस्तार हमें नारदपुराण (१।३३।१००-१०८) में मिलता है।

आसन-कूर्मपुराण में स्वस्तिक, पद्म और अर्धासन नामक तीन आसन लक्षणों के साथ वर्णित हैं। मार्कण्डेयपुराण (३६।२७-३२), लिंगपुराण (१।८।८६-८९) और वायुपुराण (११।१२-१६) में भी ये ही तीन आसन और इनके लक्षण बताये गये हैं। गरुड़पुराण (१।२२६।१२३) में केवल इन तीनों के नाम हैं। देवीभागवत पुराण (७।३५।८-१५) में पद्मासन, स्वस्तिक, भद्र, वज्र और वीर नामक पांच आसन लक्षणों के साथ वर्णित हैं। शिवपुराण वायवीयसंहिता में (२।३७।३०) आठ आसनों के नाम गिनाये हैं, किन्तु यहाँ का

पाठ कुछ भ्रष्ट लगता है। नारदपुराण (१।३३।११२-११५) में ३० आसनों के नाम मिलते हैं, किन्तु वहाँ उनका लक्षण नहीं दिया गया। विष्णुपुराण (६।७।३९) में केवल भद्रासन की चर्चा आई है। ठीक ऐसा ही पाठ नारदपुराण (१।४७।१५) में भी उपलब्ध है। योगसूत्र में आसन से सम्बद्ध तीन सूत्र हैं (२।४६-४८)। यहाँ किसी आसन का नाम नहीं गिनाया है, किन्तु योगभाष्य (२।४६) में ये नाम मिलते हैं— १. पद्मासन, २. भद्रासन, ३. स्वस्तिक, ४. दण्डासन, ५. सोपाश्रय, ६. पर्यंक, ७. क्रौंचनिषदन, ८. हस्तिनिषदन, ९. उष्ट्रनिषदन, १०. समसंस्थान, ११. स्थिरसुख और १२. यथासुख। योगाभ्यास के प्रारम्भ में बिना किसी परेशानी के स्थिरतापूर्वक बैठने का अभ्यास करना आवश्यक है। आसनों के द्वारा शरीर को इसीलिये तैयार किया जाता है। शरीर की स्थिरता के बाद मनुष्य का मन भी स्थिर हो सकता है और उसमें गर्मी-सर्दी जैसे द्वन्द्वों को सहने की शक्ति भी आ जाती है।

प्राणायाम-प्राणायाम के रेचक, पूरक, कुम्भक नामक तीन प्रसिद्ध भेदों के अतिरिक्त सगर्भ-अगर्भ तथा अधम, मध्य और उत्तम प्राणायामों का निरूपण प्रायः कूर्मपुराण (२।११।३०-३७) की पद्धति से ही सर्वत्र मिलता है। देवीभागवत पुराण (७।३५।१५-२१) के अनुसार इडा नाड़ी (वाम नासापुट) से १६ मात्रा पर्यन्त खींचा गया श्वास पूरक, ६४ मात्रा पर्यन्त सुषुम्ना नाड़ी में स्थिर किया गया कुम्भक और ३२ मात्रा पर्यन्त पिंगला नाड़ी (दक्षिण नासापुट) से निकला प्रश्वास रेचक कहलाता है। नारदपुराण (१।३३।११८-१२८) में रेचक आदि तीन भेदों के अतिरिक्त शून्यक नामक चौथा भेद भी बताया गया है और इनके लक्षण भी वहाँ वर्णित हैं। सगर्भ और निगर्भ (अगर्भ) के स्थान पर सबीज और निर्बीज शब्द भी मिलते हैं। जप के साथ किया गया प्राणायाम सगर्भ तथा बिना जप का अगर्भ कहा जाता है। कुछ पुराणों में सगर्भ प्राणायाम में जप के साथ ध्यान को भी जोड़ा है। मन्द, मध्य और उत्तम प्राणायाम में से पहले के लिये पुराणों में लघु, कन्यक, अधम, नीच आदि; दूसरे के मध्यम आदि तथा तीसरे के उत्तरीय आदि भेद मिलते हैं। योगभाष्य (२।५०) में इनको मृदु, मध्य और तीव्र नाम दिया गया है। शिवपुराण (७।२।३७-३९) में इन तीन के अतिरिक्त चौथा भेद भी माना गया है। प्रायः सभी पुराणों में १२ मात्रा का लघु, २४ मात्रा का मध्य और ३६ मात्रा का उत्तम प्राणायाम कहा गया है। गरुड़पुराण (१।२१८।१४-१५) में इनकी कालगणना १०, २०, तथा ३० मात्रा बताई गई है।

मात्रा का काल मार्कण्डेय (३९।१५) में निमेषोन्मेष काल अथवा ह्रस्व स्वर के उच्चारण के काल के तुल्य माना गया है। शिवपुराण (७।२।३७।३१) में इसकी दूसरी परिभाषा दी है। वहाँ कहा गया है कि अपने घुटने के चारों तरफ, बिना देरी या जल्दी किये, हाथ फेर कर चुटकी बजाने में जो समय लगता है, उसको मात्रा कहते हैं। वाचस्पति मिश्र ने योगभाष्य की अपनी व्याख्या (२।५०) में इसी परिभाषा को माना है।

यह श्लोक अतिप्रसिद्ध है कि जैसे अग्नि में तपाने से सुवर्ण आदि धातुओं के दोष दूर हो जाते हैं, उसी तरह से प्राणायाम के अभ्यास से सारे इन्द्रियगत दोष दूर हो जाते

हैं। गरुड़पुराण (११।३६।३) और लिंग० (१।८।५५-५६) का कहना है कि प्राणायाम से मन, वाणी और शरीर के दोष दूर हो जाते हैं। प्राणायाम के अभ्यास से योगी को ध्वस्ति, प्राप्ति, संवित् और प्रसाद नामक चार अवस्थाएं प्राप्त होती हैं। इनका स्वरूप मार्क० (३९।२१-२६) में देखना चाहिये। वायु० (१०।४-१०) में शान्ति, प्रशान्ति, दीप्ति और प्रसाद नामक प्राणायाम के चार प्रयोजन बताये हैं। लिंगपुराण (१।८।५७-७५) और शिवपुराण (७।२।३६।११-१३) वायुपुराण का अनुसरण करते हैं। इनके लक्षणों को देखने से ऐसा लगता है कि चारों पुराणों में एक ही विषय वर्णित है।

प्रत्याहार-इसके विषय में कूर्म की अपेक्षा अन्य पुराणों में कोई विशेष विवरण नहीं मिलता। मार्कण्डेय पुराण (३६।४४) में इतना अवश्य कहा गया है कि प्रत्याहार के लिये बाह्य और आन्तर पवित्रता (शौच) अति आवश्यक है। प्राणायाम से पवन को तथा प्रत्याहार से इन्द्रियों को वश में करने की चर्चा विष्णुपुराण (६।७।४५) और नारदपुराण (१।४७।२१) में मिलती है। इसका अभिप्राय यह है कि प्राणायाम और प्रत्याहार का अभ्यास पूरा हो जाने के बाद ही धारणा, ध्यान और समाधि की योग्यता योगी को प्राप्त होती है। मार्कण्डेयपुराण (३६।१०) और वायुपुराण (१०।६३) का कहना है कि प्राणायाम से योगी को अपने शारीरिक दोषों को दूर करना चाहिये, धारणाओं से सारे पाप कर्मों को, प्रत्याहार से सारे बाह्य विषयों को और ध्यान से योग के अन्तरायभूत गुणों को भी धो डालना चाहिये। इस विषय को और अधिक स्पष्ट करते हुए लिंगपुराण (१।८।७५-७७) में कहा गया है कि योगी को प्राणायाम के अभ्यास के द्वारा अपने सारे दोषों को जला डालना चाहिये। धारणाओं के द्वारा अपने सारे पापों को और प्रत्याहार द्वारा विषयों को विष समझ कर उनका परित्याग कर देना चाहिये। ध्यान के द्वारा योग के अन्तरायभूत प्रातिभ ज्ञान आदि गुणों का भी योगी को मोह छोड़ देना चाहिये और अन्त में समाधि में स्थित होकर अपनी प्रज्ञा की निर्मलता को बढ़ाना चाहिये।

धारणा-कूर्म आदि सभी पुराणों में पातंजल योग की पद्धति से धारणा के बाद ही ध्यान का लक्षण बताया गया है, किन्तु अग्निपुराण में ध्यान के बाद धारणा को स्थान दिया गया है। यहाँ ३७४ वें अध्याय में ध्यान का विवरण दे लेने के बाद ३७५ वें अध्याय में धारणाओं का वर्णन किया गया है। कूर्म, पातंजल योगसूत्र तथा अन्य पुराणों में प्रतिपादित क्रम के अनुसार हम यहाँ धारणा की ही पहले चर्चा करना चाहते हैं। धारणा की कूर्मपुराण में केवल एक श्लोक (२।११।३६) में संक्षिप्त चर्चा है, किन्तु अन्य पुराणों में इसका बहुत विस्तार मिलता है।

अग्निपुराण (३७५।४) में धारणा, ध्यान और समाधि विषयक एक श्लोक मिलता है। वही श्लोक कूर्मपुराण (२।११।४२), लिंगपुराण (१।८।१३-१४) और शिवपुराण (७।२।३७।६०) में भी मिलता है। उसका हमें यह अभिप्राय प्रतीत होता है कि १२ प्राणायामों के बराबर माहात्म्य धारणा का, १२ धारणाओं के बराबर ध्यान का और १२ ध्यानों के बराबर समाधि

का महत्त्व है। धारणा के विषय में मार्कण्डेय (३६।३५) का भी यही कथन है। मार्कण्डेयपुराण का यह वचन गरुड़पुराण (१।२१८।२०) में भी मिलता है, किन्तु "दश द्वौ च" के स्थान पर "दशाष्टौ च" का पाठ ठीक नहीं लगता। यहाँ (३६।३५-४२) प्राणायाम, प्रत्याहार और धारणा का समवेत विवरण दिया गया है।

अग्निपुराण के ३७५वें अध्याय में आग्नेयी, वारुणी, ऐशानी और अमृता नामक चार धारणाएं वर्णित हैं। योग-ग्रन्थों में इनका अतिविस्तार मिलता है। श्रीमद्भागवत (११।१४-१५ अ.) में विभिन्न सिद्धियों की प्राप्ति के लिये नाना प्रकार की धारणाएं वर्णित हैं। धारणाओं का यह तीसरा प्रकार है। विज्ञानभैरव नामक कश्मीरी योगशास्त्र के ग्रन्थ में ११२ धारणाओं का वर्णन है। मार्कण्डेयपुराण (४०।१७-२८) और वायुपुराण (१२।१८-३३) में सात सूक्ष्म धारणाएं वर्णित हैं। कूर्मपुराण (२।८।१२) में भी सात सूक्ष्मों और षडंग महेश्वर की चर्चा है। यही प्रसंग वायुपुराण (१२।३२-३३) एवं महाभारत अनुशासन पर्व (१४।४२३) में भी मिलता है। स्पष्ट है कि कूर्मपुराण में महा० अनु० और वायु० निर्दिष्ट इन्हीं सात सूक्ष्म धारणाओं की चर्चा है और वे ही मार्कण्डेयपुराण में भी वर्णित हैं। अन्तर इतना ही है कि मार्कण्डेयपुराण में षडंग महेश्वर की चर्चा नहीं है।

गरुड़ (१।२१८।२१-२२) में कहा गया है कि प्राणनाड़ी, हृदय, उरःस्थल, कण्ठ, मुख, नासिकाग्र, नेत्र, भ्रूमध्य, मूर्धा और तत्पर (शिखान्त) नामक दस स्थानों में धारणा लगाने से योगी अक्षरस्वरूप हो जाता है। ये श्लोक मार्कण्डेयपुराण (३६।४४-४६) में भी मिलते हैं। किन्तु वहाँ "प्राणनाड्यां" के स्थान पर "प्राङ्नाभ्यां" पाठ अशुद्ध प्रतीत होता है। देवीभागवत (७।३५।२२-२४) में बताया है कि धारणा के द्वारा अंगुष्ठ, गुल्फ, जानु, ऊरु, मूलाधार, लिंग, नाभि, हृदय, ग्रीवा, कण्ठ, लम्बिका, नासिका, भ्रूमध्य, मस्तक, मूर्धा और द्वादशान्त नामक १६ स्थानों में पवन को स्थिर किया जाता है। नाथयोग के ग्रन्थों में १६ आधारों की सूचना मिलती है, उनसे इनकी तुलना की जा सकती है। नारदपुराण (१।४७।२१-६५) और विष्णुपुराण (६।७।४६-८८) दोनों में शुभाश्रय-विषयक धारणा का निरूपण है। वायुपुराण (११।५१-५८) में रोगनिवारक धारणाएं वर्णित हैं। शिवपुराण (७।२।३७।५०-५१) का कहना है कि प्रथमतः धारणा के द्वारा ही मन स्थिर हो सकता है, अतः धीर योगी को धारणा के अभ्यास से मन को स्थिर करना चाहिये।

ध्यान-कूर्मपुराण (२।११।४०) में ध्यानविषयक भी एक ही श्लोक है, किन्तु आगे (२।५३-६७) दो प्रकार के ध्यानों का वर्णन किया है और इनको पाशुपत योग की संज्ञा दी है। अग्निपुराण (३७४।१-३४) में इन सबका एक साथ वर्णन किया है। वहाँ कहा गया है ध्याता, ध्यान, ध्येय और ध्यान के प्रयोजन को भलीभाँति जानने के बाद ही साधक को योग का अभ्यास करना चाहिये। यही बात नारदपुराण (१।३३।१४१-१४२) और शिवपुराण (७।२।३७।५७, ३८।१४-१५) में भी कही गई है। "ध्यै चिन्तायां स्मृतो धातुः" ध्यान शब्द की व्युत्पत्ति बताने वाला यह श्लोक अग्निपुराण और शिवपुराण दोनों में मिलता है, किन्तु अग्निपुराण में विष्णु के तथा शिवपुराण में शिव के ध्यान से उसको जोड़ा गया

है। नारदपुराण (१।३३।१५३-१६२) में ध्यानान्तर के नाम से प्रतिमा आदि का ध्यान वर्णित है। शिवपुराण (७।२।३७।५६) ध्यान के दो प्रयोजन बताता है। पहला ध्यान अणिमा आदि सिद्धियों की प्राप्ति के लिये और दूसरा मुक्तिलाभ के लिये किया जाता है। ध्यान के सबीज और निर्बीज नामक दो भेद भी शिवपुराण (७।२।३६।६-१०) में वर्णित हैं। शिवपुराण (७।२।३७।५६) और अग्निपुराण (३७४।३३) में यह भी बताया गया है कि ध्यान करते-करते योगी जब थक जाय, तो वह जप करे और जप करते-करते थक जाय, तो पुनः ध्यान में लग जाय। अग्निपुराण (३७४।३४) में जप के महत्त्व को बताते हुए कहा गया है कि अन्य यज्ञ इसकी १६वीं कला की भी बराबरी नहीं कर सकते। रोग, ग्रह आदि जप करने वाले के पास नहीं आते। ध्यानी व्यक्ति भक्ति और मुक्ति तो पाता ही है, मृत्यु को भी वह जीत सकता है। प्राणायाम के प्रसंग में यह बताया गया है कि सगर्भ प्राणायाम में मन्त्रजप और ध्यान भी किया जा सकता है। कहीं-कहीं जप को भी योग का अंग माना गया है, इसकी चर्चा आगे की जायेगी।

समाधि-समाधि के विषय में कूर्मपुराण (२।११।४१) में एक श्लोक है। यहाँ बताया गया है कि समाधि में केवल अर्थमात्र की प्रतीति होती है। योगसूत्र (१।४३) में निर्वितर्क समापत्ति का यह लक्षण दिया है कि इसमें केवल ध्येय अर्थ की प्रतीति बच रहती है। इसका अभिप्राय यह है कि समाधि दशा में योगी का अपना स्वरूप ओझल हो जाता है और अपने ध्येय इष्टदेव का स्वरूप केवल बचा रहता है, अर्थात् वह तदाकार हो जाता है। इस स्थिति को भगवद्गीता (६।१६) में दीपक के दृष्टान्त द्वारा समझाया गया है कि जैसे पवनरहित स्थान में दीपक की लौ एकाकार हो जाती है, उसी तरह से समाधिस्थ योगी का चित्त भी निरन्तर ध्येयाकार बना रहता है। प्रायः सभी पुराणों ने इन दोनों स्थितियों का इस प्रसंग में उल्लेख किया है। इस प्रसंग में विष्णुपुराण का एक श्लोक (६।७।६६)प्रायः सभी पुराणों में मिलता है कि भेद उत्पन्न करने वाले अज्ञान के सर्वथा नष्ट हो जाने पर ब्रह्म और जीवात्मा में अविद्यमान भेद को कौन पैदा कर सकता है ? इसका अभिप्राय यह है कि समाधि दशा में सभी प्रकार के भेद विलीन हो जाते हैं। तब जीवात्मा और परमात्मा का भेद भी नहीं रहेगा और इस तरह से समाधि दशा में पहुँचने तक योग का यह लक्ष्य पूरा हो जायगा कि उस स्थिति में जीवात्मा का परमात्मा में योग हो जायगा, वह तदाकार बन जायगा। चित्त की वृत्तियों के ऊपर नियन्त्रण करने पर ही यह सम्भव हो सकता है। इस तरह से योग की इस पुराण-प्रतिपादित पद्धति में योग के सभी लक्षण समन्वित हो जाते हैं।

पाशुपत योग

समाधि पर्यन्त योगांगों का निरूपण करने के बाद कूर्मपुराण (२।११।५२-५७) में योग की दो पद्धतियाँ वर्णित हैं और वहाँ इनको पाशुपत योग बताया गया है। इस प्रकरण का प्रारम्भ तो भगवद्गीता (६।११-१५) की पद्धति से हुआ है, किन्तु आगे का विवरण

भिन्न प्रकार का हो जाता है। यहाँ आगम और तन्त्रशास्त्र वर्णित कुण्डलिनी योग के आन्तर स्थानों और चक्रों की एक झलक मिलती है। ठीक इसी तरह का वर्णन लिंगपुराण (१।८।८५-११३) और शिवपुराण (७।२३८।५४-७७) में कुछ अधिक विशद रूप में मिलता है। अग्निपुराण के ३७४ वें अध्याय में भी इसी से मिलता-जुलता वर्णन है। इन सभी पुराणों में अनेक श्लोकों की आनुपूर्वी भी मिलती है।

मन्त्रयोग

शिवपुराण में जो पाँच प्रकार का योग वर्णित है, उनमें एक मन्त्रयोग भी है। अग्निपुराण २१४ अ., देवीभागवत (७।३५।२६-६३), नारदपुराण (१।६५।७६-६४), लिंगपुराण (१।८ अ.) और शिवपुराण (७।२।३८।६१-६३) में इसका विवरण मिलता है। इसके अन्तर्गत नाड़ी, वायु (१० प्राण), अजपा जप (हंस गायत्री), आधार (चक्र), कुण्डलिनी-जागरण, भूतशुद्धि आदि विषय वर्णित हैं। इनके अतिरिक्त योग की चर्या, योगाभ्यास के उपयुक्त स्थान, योगाभ्यास के नियम, आहार-शुद्धि, योग के उपसर्ग या अन्तराय, योग के दोष, जप की महिमा, योग की विभूतियाँ अथवा सिद्धियाँ, योगसिद्धि प्राप्त पुरुष के लक्षण, योगाभ्यास विधि, रोग परिहार के उपाय आदि विषय भी यहाँ वर्णित हैं।

जप की योगांगता

कूर्मपुराण (२।११।२३-२६) ने स्वाध्याय के प्रसंग में त्रिविध जप का भी निरूपण किया है। मनुस्मृति (२।८५) में भी कहा गया है कि विधि-यज्ञ से जप-यज्ञ (वाचिक जप) दस गुना बढ़कर है और उपांशु जप वाचिक जप से सौ गुना और मानस जप हजार गुना बढ़ कर है। प्रायः सभी पुराण इन त्रिविध जपों का निरूपण करते हैं। शैव और वैष्णव आगमों में तो जप को भी योग का एक अंग माना गया है। मृगेन्द्रागम के योगपाद (श्लो. ३) और जयाख्यसंहिता (३३।११) में इस विषय को देखा जा सकता है। लक्ष्मीतन्त्र (३६।३५) ने तो उक्त तीन प्रकारों के अतिरिक्त जप का एक चौथा प्रकार भी बताया है। ध्यान को ही यहाँ जप का चौथा भेद माना गया है। जयाख्यसंहिता के जपविधान नामक १४वें पटल में इस विषय को विस्तार से समझाया गया है। जिन पुराणों में जप के अतिरिक्त ध्यान को भी सगर्भ प्राणायाम का अंग माना है, उसकी सार्थकता हम इस प्रकार स्थापित कर सकते हैं और यह भी कि ध्यान के बाद जप और जप के बाद ध्यान करने के लिये क्यों कहा गया है। लिंगपुराण में एक वचन मिलता है— 'जपः शिवप्रणीधानम्'' (१।८।३१)। इससे ऐसा लगता है कि यह पुराण भी जप की योगांगता को स्वीकार करता है, क्योंकि यहाँ योगांगों का ही निरूपण किया गया है।

देश-काल

कूर्मपुराण (२।११।४७-५१) ने उचित देश और काल में ही योग सिद्ध हो सकता है, यह कह कर योग के लिये निषिद्ध देश-काल का निरूपण कर उचित देश-काल का

उल्लेख किया है। यहाँ के सभी श्लोक लिंगपुराण (१।८।७७-८४) और वायुपुराण (११।३२-३५) में भी पाठभेद के साथ मिलते हैं। एक दो श्लोक दोनों ही पुराणों में अधिक हैं। मार्कण्डेय (३६।४७-५१) और शिवपुराण (७।२।३८।४६-५४) में भी अपने ढंग से यह विषय आया है। इन सभी स्थलों पर योगाभ्यास के लिये निषिद्ध और विहित स्थानों का निरूपण किया गया है। पुराणों में ही नहीं, ऋग्वेद (८।६।२८) और यजुर्वेद (२६।१५) के एक मन्त्र में भी पर्वतशिखर, नदीसंगम आदि स्थानों की प्रशंसा की गई है। मन्त्र इस प्रकार है—

उपह्वरे गिरीणां संगथे नदीनाम्।
धिया विप्रो अजायत।।

यजुर्वेद के मन्त्र में "संगथे" के स्थान पर "संगमे" पाठ है। इस तरह के देश और काल का निरूपण आगम और तन्त्रशास्त्र ही नहीं, बौद्ध और जैन साहित्य में भी मिलता है।

२८ योगाचार्यावतार

कूर्मपुराण पूर्व विभाग के ५०वें अध्याय में २८ व्यासावतारों और उनके द्वारा किये गये वेद-पुराण विभाग का वर्णन करने के बाद वहाँ ५१वें अध्याय में महादेव के २८ अवतारों (योगाचार्यों) और उनमें से प्रत्येक के चार-चार शिष्यों (कुल ११२ शिष्यों) का वर्णन किया गया है। इनमें से अन्तिम योगाचार्य लकुलीश का अवतार कायावतरण नामक तीर्थ में हुआ था, जो कि आजकल कायावरोहण महातीर्थ के नाम से प्रसिद्ध है और गुजरात की विद्यानगरी बड़ौदा से बहुत दूर नहीं है। २८ योगाचार्यों के नाम आत्मसमर्पण[1] और स्कन्दपुराण (१।२।४०।२१२-२१५) में भी मिलते हैं। लिंगपुराण (१।७।३७-५१), वायुपुराण (२३।११७-२२४), शिवपुराण (३।४।६-५।५०, ७।२।९।८-२०) में योगाचार्यों के अतिरिक्त उनके ११२ शिष्यों के भी नाम मिलते हैं। वायु और शिवपुराण का विवरण अधिक विस्तृत है।

डॉ. कत्रे[2] के अवतार सम्बन्धी लेख में योगाचार्यावतारों का मात्र संक्षिप्त उल्लेख मिलता है। योगाचार्यों और उनके शिष्यों का विस्तृत परिचय हमारे पितृचरण के

---

१. गायकवाड़ ओरियण्टल सिरीज, बड़ोदरा से सन् १९६६ में पुनः मुद्रित ग्रन्थ गणकारिका के परिशिष्ट (पृष्ठ २५-२६) में विशुद्धमुनिकृत आत्मसमर्पण नामक लघु ग्रन्थ के १-४ श्लोक द्रष्टव्य।

२. इलाहाबाद युनिवर्सिटी स्टडीज, भा. १०, सन् १९३४ में स. ल. कत्रे लिखित "अवताराज् आफ गॉड" शीर्षक निबन्ध (पृ. १२८-१२९) में शिवावतार शीर्षक से इनकी चर्चा हुई है।

"पुराणवर्णिताः पाशुपता योगाचार्याः"[1] शीर्षक संस्कृत निबन्ध में दिया गया है। योगाचार्यों और उनके शिष्यों की नामावली में भी विभिन्न पुराणों में पर्याप्त पाठभेद मिलते हैं। इन सभी योगाचार्यों और उनके शिष्यों की नामावली हमने अपने "कूर्मपुराण : धर्म और दर्शन" शीर्षक महानिबन्ध (पृ. १२२-१३०) में प्रस्तुत कर दी है।

द्विविध पाशुपत

ये योगाचार्य पाशुपत मत के प्रतिष्ठापक और प्रचारक माने गये हैं। ये निवृत्ति मार्ग के अनुयायी थे[2]। इनके अतिरिक्त कूर्मपुराण (१।१३।३१) में महापाशुपतोत्तम श्वेताश्वतर ऋषि का उल्लेख मिलता है। ये श्वेताश्वतर उपनिषद् के प्रवक्ता माने गये हैं, जो कि पाशुपत मत का प्राचीनतम ग्रन्थ है। श्रीकृष्ण को पाशुपत योग की दीक्षा देने वाले मुनि उपमन्यु की चर्चा पहले आ चुकी है। कूर्मपुराण के उपरि विभाग के ३५वें अध्याय में कालंजर तीर्थ के माहात्म्य के प्रकरण में राजर्षिप्रवर [3]श्वेत का उपाख्यान आता है। त्रिशूलधारी भगवान् शिव के प्रसाद से ये काल के पाश से मुक्त हो जाते हैं। यद्यपि उपमन्यु का नाम पाशुपत योगाचार्यों की सूची में उपलब्ध नहीं है, किन्तु श्वेताश्वतर की श्वेताश्व से और राजर्षि श्वेत की प्रथम योगाचार्य अथवा उनके शिष्य श्वेत से अभिन्नता की कल्पना की जा सकती है। वामनपुराण (६।८६-६१) में बताया गया है कि क्षत्रिय पाशुपत विधि से शिव की आराधना करें[4] इसीलिये महाभारत, पुराण आदि में वर्णित राजर्षियों की नामावली में अनेक योगाचार्यों के नाम मिलते हैं[5]।

तन्त्रालोक (३७।१४-१५) में शैवागम की दो परम्पराओं का उल्लेख मिलता है। पहली परम्परा श्रीकण्ठ[6] से तथा दूसरी लकुलीश से प्रवृत्त हुईं। महाभारत (१२।३४६।६७)

---

१. "पुराणम्" व. २४, अ. २, सन् १६८२ काशीराज ट्रस्ट, रामनगर, वाराणसी, संस्कृत खण्ड, पृ. १-२१ द्रष्टव्य।

२. पाशुपत योगाचार्य निवृत्ति मार्ग के और पांचरात्र मतावलम्बी प्रवृत्ति मार्ग के अनुयायी थे, इसके लिये देखिये उपर्युक्त—"पुराणवर्णिताः पाशुपता योगाचार्याः" शीर्षक निबन्ध, पृ. ४-५ (मूल एवं टिप्पणी)।

३. महाभारत (आदि. १।२३३, शान्तिपर्व १५३।६८, अनु.पर्व ११५।१६, १५०।५२), लिंगपुराण (पूर्वार्ध २६-३०), स्वच्छन्दोद्योत (१०।२००) में उद्धृत पराख्यतन्त्र और मृगेन्द्रागम (वि. १।१६) में भी यह प्रसंग आया है। श्रीकण्ठभाष्य के व्याख्याकार अप्पय दीक्षित अपने मंगलाचरण श्लोक में श्वेत को नाना आगम शास्त्रों के रचयिता के रूप में नमन करते हैं।

४. यहाँ बताया गया है कि ब्राह्मण सिद्धान्तशैव पद्धति से, क्षत्रिय पाशुपत, वैश्य कालामुख और शूद्र कापालिक विधि से शिव की आराधना करे। "शैव कल्ट इन नार्दर्न इण्डिया", "कापालिक्स एण्ड कालामुखम्" नामक ग्रन्थों में इन चतुर्विध शैवों का विस्तृत विवरण दिया गया है। 'तन्त्रयात्रा' में प्रकाशित "शिवपुराणीयं दर्शनम्" और "कालदमनः कालवदनो वा" शीर्षक निबन्ध भी इस प्रसंग को स्पष्ट करते हैं।

५. ऊपर उद्धृत "पुराणवर्णिताः पाशुपता योगाचार्याः" शीर्षक निबन्ध (पृ. ४-८) द्रष्टव्य।

६. डॉ. वी. एस. पाठक श्रीकण्ठ को ऐतिहासिक पुरुष मानते हैं। डॉ. डेविड एन लोरेंजन इस मत से सहमत नहीं हैं। इस विषय में लुप्तागमसंग्रह, द्वितीय भाग, उपोद्घात, पृ. ११७ की टिप्पणी देखिये।

ने श्रीकण्ठ को पाशुपत मत का प्रथम प्रवक्ता माना है। लकुलीश दूसरी परम्परा के प्रवर्तक हैं। इनका मत लकुलीश पाशुपत के नाम से प्रसिद्ध है। इनके द्वारा रचित पंचाध्यायी नामक पाशुपतसूत्र आज भी कौण्डिन्य के पंचार्थभाष्य के साथ उपलब्ध है [1]। हम अभी बता चुके हैं कि कायावरोहण महातीर्थ में इनका अवतार हुआ था। ये निर्विवाद रूप से ऐतिहासिक व्यक्ति माने जाते हैं [2]। इनके कुशिक आदि चार शिष्यों का उल्लेख ऊपर आ चुका है। राजशेखर[3] कृत षड्दर्शनसमुच्चय में और हरिभद्रकृत षड्दर्शनसमुच्चय की गुणरत्नकृत[4] व्याख्या में ईश्वर (शिव) के १८ अवतारों की नामावली दी गई है, जो इस प्रकार है — १. लकुलीश, २. कौशिक, ३. गार्ग्य, ४. मैत्र्य, ५. कौरूष्य, ६. ईशान, ७. पारगार्ग्य, ८. कपिलाण्ड, ९. मनुष्यक, १०. कुशिक, ११. अत्रि, १२. पिंगल, १३. पुष्पक, १४. बृहदार्य, १५. अगस्ति, १६. सन्तान, १७, राशीकर और १८. विद्यागुरु[5]। राजशेखर के ग्रन्थ में १०वाँ नाम अपरकुशिक, १२वाँ पिंगलाक्ष और १४वाँ बृहदाचार्य है। पाशुपतसूत्र की प्रस्तावना में भी ये नाम उद्धृत हैं। वहाँ चौथा नाम मैत्रेय दिया गया है। इनमें से पहले न(ल)कुलीश पाशुपतसूत्रों के रचयिता और १७वें राशीकर भाष्यकार कौण्डिन्य से अभिन्न माने जाते हैं।

स्वच्छन्दतन्त्र और तन्त्रालोक में तथा क्षेमराज और जयरथकृत इनकी टीकाओं में लाकुल, मौसुल, कारुक और वैमल नामक पाशुपत सम्प्रदायों का तथा उनके मन्तव्यों का उल्लेख मिलता है। क्षेमराज[6] का कहना है कि लकुलेश के शिष्य मुसुलेन्द्र का भी अवतार कारोहण स्थल में ही हुआ। मुसुलेन्द्र के हृदयप्रमाण नामक ग्रन्थ का भी उल्लेख रामकण्ठकृत परमोक्षनिरासकारिकाव्याख्या (श्लो. ३) में मिलता है। इन प्रमाणों से स्पष्ट है

---

१. यह ग्रन्थ त्रिवेन्द्रम् संस्कृत सिरीज, त्रिवेन्द्रम् से सन् १९४० में प्रकाशित हुआ है।

२. डॉ. कान्तिचन्द्र पाण्डेय कृत शैवदर्शनबिन्दु, पृ. २७-२९ देखिये।

३. गणकारिका, परिशिष्ट, पृ. ३५ द्रष्टव्य।

४. गणकारिका, परिशिष्ट, पृ. २९ देखिये। यहाँ यह बात ध्यान देने योग्य है कि गणकारिका के द्वितीय परिशिष्ट (पृ. २९-३०) में उद्धृत अंश आचार्य हरिभद्र के षड्दर्शनसमुच्चय का न होकर उसके व्याख्याकार गुणरत्न की व्याख्या का है। इस ग्रन्थ के ज्ञानपीठ, वाराणसी संस्करण (पृ. ७६-७७) में प्रथम दो नाम नकुली और शोष्यकौशिक मिलते हैं। "नकुलीशोऽथ कौशिकः" इस पद्य खण्ड में लेखक और सम्पादक की असावधानी से यह पाठ कल्पित हुआ प्रतीत होता है। इससे एक सम्प्रदाय के आधुनिक विद्वानों की दूसरे सम्प्रदाय से अपरिचय की भी सूचना मिलती है।

५. पाशुपताचार्यों की यह नामावली जैन ग्रन्थों में मिलती है। परमार्थसार के व्याख्याकार योगराज "एको भावः सर्वभावस्वभावः" इत्यादि श्लोक को शंभुभट्टारक के नाम से उद्धृत करते हैं (पृ. ५८-५९)। यही श्लोक उत्पल वैष्णव की स्पन्दप्रदीपिका (पृ. १२१) और द्वादशारनयचक्र नामक प्राचीन जैन ग्रन्थ (पृ. ११९९) में उद्धृत है। कर्णाटक, गुजरात आदि प्रदेशों में शैव और जैन धर्म का विशाल साहित्य निर्मित हुआ है। इनका तुलनात्मक अध्ययन अपेक्षित है।

६. लुप्तागमसंग्रह, द्वितीय भाग, उपोद्घात, पृ. ११५-११६ द्रष्टव्य।

कि लकुलीश पाशुपत मत के प्रतिष्ठापक एक ऐतिहासिक व्यक्ति थे और इनकी शिष्य मण्डली ने गुजरात, राजस्थान आदि में पाशुपत मत की पूर्ण प्रतिष्ठा की। साथ ही यह भी सत्य है कि श्रीकण्ठ-प्रवर्तित पाशुपत मत लकुलीश से पहले भी विद्यमान था।

ज्ञान और कर्म का समुच्चय

प्रधानतः ज्ञानयोग का प्रतिपादन करने वाली ईश्वरगीता के अन्त में ऋषिगण वेदव्यास से सनातन कर्मयोग का उपदेश करने की बात कहते हैं। इस कर्मयोग का उपदेश वे व्यासगीता (२।१२-३३ अ.) के रूप में करते हैं। व्यासगीता (कूर्मपुराण १।१२।१) का प्रारम्भ करते हुए महामुनि व्यास ऋषियों से कहते हैं कि ब्राह्मणों को मोक्षप्रद सनातन कर्मयोग का आचरण करना चाहिये। पूर्वकाल में प्रजापति मनु ने ऋषियों को ब्रह्मा द्वारा प्रदर्शित वेदविहित, समस्त पापों को दूर करने वाले एवं ऋषि-समूह से सेवित इस कर्मयोग को बताया था।

कृष्ण द्वैपायन व्यास ईश्वरगीता के अन्त में जैसे कर्मयोग का उपक्रम करते हैं, वैसे ही व्यासगीता (कूर्मपुराण २।३३।१४५) के अन्त में वे ज्ञानयोग का माहात्म्य बताते हैं। वे कहते हैं कि मैंने आप लोगों को इस मानव धर्म का और महेश की आराधना-हेतु शाश्वत ज्ञानयोग का भी वर्णन किया है। जो इस विधि से ज्ञानयोग का अनुष्ठान करता है, वह महादेव का दर्शन करता है। इसके सिवाय सैकड़ों कल्पों में भी महादेव का दर्शन पाने का कोई उपाय नहीं है। जो श्रेष्ठ धर्म (कर्म) एवं परमेश्वर संबन्धी ज्ञान की स्थापना करता है, संसार में उससे बढ़ कर कोई नहीं है। उसे श्रेष्ठ योगी माना जाता है। धर्म एवं ज्ञान की स्थापना करने में समर्थ होने पर भी जो मनुष्य मोह वश ऐसा नहीं करता, वह योगयुक्त मुनि होने पर भी भगवान् का प्रिय नहीं होता। अतः सदा धर्मयुक्त, शान्त एवं श्रद्धालु ब्राह्मणों के मध्य कर्म एवं ज्ञान का उपदेश करते रहना चाहिये।

इस प्रकार हम देखते हैं कि कूर्मपुराण ज्ञान के ही समान कर्म को भी मोक्ष का साधन मानता है। इन्द्रद्युम्न से श्री (लक्ष्मी) कहती हैं कि जो व्यक्ति भगवान् पुरुषोत्तम की ज्ञानयोग और कर्मयोग द्वारा आराधना करते हैं, उन पर मेरी माया नहीं चल सकती। इसलिये मोक्ष के इच्छुक कर्मयोगपरायण व्यक्ति को ज्ञानयोग का भी अवश्य ही सहारा लेना चाहिये (१।१।५६-६०)। यह भी वहाँ (१।२।६१-६७) कहा गया है कि कर्म और ज्ञान दोनों से धर्म की प्राप्ति होती है, अतः ज्ञान के साथ ही कर्म का भी सहारा लेना चाहिये। (धर्म शब्द यहाँ मोक्ष का भी सूचक है।)

यहाँ दो प्रकार का कर्म बताया गया है। उनके नाम हैं— प्रवृत्त कर्म और निवृत्त कर्म। ज्ञानरहित कर्म प्रवृत्त और ज्ञानसहित कर्म निवृत्त माना जाता है। निवृत्त कर्म का अनुष्ठान करने वाला परम पद को प्राप्त करता है। उसके लिये क्षमा, दया, दान, अलोभ, त्याग, ऋजुता (सरलता), अनसूया, तीर्थसेवा, सत्य, सन्तोष, आस्तिक्य, श्रद्धा, इन्द्रियनिग्रह,

देवार्चन, ब्राह्मणार्चन, अहिंसा, प्रियवादिता, अपैशुन्य और अकल्कता नामक धर्म के अंगों का पालन करना आवश्यक है, ऐसा मनु ने कहा है। प्रवृत्त और निवृत्त कर्मों की चर्चा उत्तर भाग के ३७वें अध्याय के आरम्भ में भी मिलती है। वहाँ प्रवृत्तिपरायण ब्राह्मणों को निवृत्ति धर्म का उपदेश करने के लिये भगवान् शिव दारुवन में जाते हैं।

भगवद्गीता में ब्रह्मार्पण दृष्टि से निष्काम कर्मयोग का उपदेश दिया गया है। तिलक महाराज ने गीतारहस्य की भूमिका (पृ. १०) में प्रवृत्ति मार्ग और निवृत्ति मार्ग का विश्लेषण करते हुए बताया है कि महाभारत के शान्तिपर्व के अन्त में स्थित नारायणीयोपाख्यान में प्रवृत्ति धर्म का और भगवद्गीता में निवृत्ति धर्म का विधान है। इसके लिये वे वहाँ के (३४७।८२-८३) एक श्लोक को और भगवद्गीता की निवृत्तिधर्मपरकता के लिये भी वहीं (३४८।५३) के दूसरे वचन को प्रमाण के रूप में उद्धृत करते हैं।

प्रवृत्ति शब्द का अर्थ जीवनपर्यन्त संन्यास न लेकर चातुर्वर्ण्य-विहित निष्काम कर्म करते रहना और निवृत्ति धर्म का अर्थ है यतियों द्वारा लिया गया संन्यास। गीता में प्रवृत्ति धर्म के साथ ही यतियों का निवृत्ति धर्म भी वर्णित है। गीता की मनु, इक्ष्वाकु इत्यादि की तथा जनक इत्यादि की परम्परा प्रवृत्ति मार्ग की है, निवृत्ति मार्ग की नहीं। विष्णुपुराण (१।६।३०-३१) ने प्रवृत्ति मार्ग का विरोध करने वाले को वेदनिन्दक कहा है। इसके विपरीत पाशुपत योगाचार्यों की परम्परा में निवृत्ति मार्ग की प्रधानता है। इन योगाचार्यों को सर्वत्र निवृत्तिपरायण बताया गया है। लिंगपुराण (१।२९।७-८) में बताया गया है कि प्रवृत्तिपरायण मुनियों को निवृत्ति मार्ग का उपदेश देने के लिये महामुनि श्वेत दारुवन में गये थे।

पुराणों में अतिप्रसिद्ध श्रीमद्भागवत (१।३।८) में केवल कर्म की मोक्षसाधनता वर्णित है। मत्स्यपुराण (५२।५, २५७।१) में ज्ञानयोग की अपेक्षा कर्मयोग का महत्त्व हजार गुना अधिक बताया है। कर्मयोग की महत्ता भागवत में अन्यत्र (११।३।४१) भी बताई गई है। वहाँ (११।२७।७) यह भी बताया गया है कि भगवान् की आराधना ही क्रियायोग है। यहाँ 'क्रियायोग' शब्द प्रवृत्ति मार्ग के लिये प्रयुक्त हुआ है। इससे हम इस निष्कर्ष पर पहुँच सकते हैं कि पांचरात्र-धर्म प्रवृत्ति-लक्षण और पाशुपत-धर्म निवृत्ति-लक्षण है। पुराणों में हमें इन दोनों का यथास्थान समन्वय मिलता है।

कूर्मपुराण (१।३।१४-२७) में भी इस विषय को समझाया गया है और कहा गया है कि कर्म सहित ज्ञान से ही ब्रह्म का साक्षात्कार हो सकता है। कर्म की सहायता से ही ज्ञान में निर्मलता आ सकती है और इसके प्रसाद से व्यक्ति को नैष्कर्म्य की प्राप्ति हो सकती है।

श्रीमद्भागवत का "नैष्कर्म्यं कर्मणां यतः" (१।३।८) यह वाक्य तो केवल कर्म की मोक्ष-साधनता को बताता है। कुछ टीकाकारों ने यहाँ कर्मयोग को संसार (बन्धन) का ही हेतु माना है, किन्तु श्रीधर जैसे विज्ञ टीकाकारों ने यहाँ कर्म की मोक्ष-साधनता का ही प्रतिपादन किया है। भगवान् पतंजलि भी क्रियायोग के तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्रणिधान नामक अंगों का निरूपण कर चित्त की एकाग्रता में और मानसिक एवं शारीरिक क्लेशों को दूर करने में इनका विनियोग मानते हैं।

मनुस्मृति (१२।८८-९०) में प्रवृत्त और निवृत्त दोनों ही को वैदिक कर्म माना गया है। आभ्युदयिक ऐहिक सुख को देने वाले काम्य कर्मों को प्रवृत्त और ज्ञानपूर्वक किये गये निष्काम कर्म को निवृत्त कहा है। प्रवृत्त कर्म से स्वर्ग की और निवृत्त कर्म से मोक्ष की प्राप्ति होती है। कर्मयोग के अन्तर्गत यहाँ (१२।८३) वेदाभ्यास, तप, ज्ञान, इन्द्रियसंयम, अहिंसा और गुरुसेवा की गणना की गई है। इन द्विविध कर्मों की हम "यतोऽभ्युदयनिःश्रेयससिद्धिः स धर्मः" (१।१।२) धर्म के इस वैशेषिक सूत्र वर्णित स्वरूप से तुलना कर सकते हैं।

इस प्रकार पुराणों में प्रवृत्ति और निवृत्ति मार्गों के समन्वय के रूप में ज्ञानकर्मसमुच्चयवाद का निरूपण किया गया है। कर्म और ज्ञान हंस के दो पंखों के समान हैं। हंस एक पँख से उड़ नहीं सकता, उसी प्रकार कर्म अथवा ज्ञान में से किसी एक से मुक्ति नहीं मिल सकती। दोनों का समुच्चय अपेक्षित है।

म. म. पण्डित गोपीनाथ कविराज ने ब्रह्मसूत्र के हिन्दी अनुवाद की भूमिका (पृ. ४२-४४) में बताया है कि वेदान्त के प्राचीन आचार्य ब्रह्मदत्त और भर्तृप्रपंच ज्ञानकर्मसमुच्चयवादी थे। मण्डनमिश्र ने भी इन्हीं का अनुसरण किया है। [1]सिद्धान्तशिखामणिसमीक्षा ग्रन्थ के लेखक डॉ. चन्द्रशेखर महा स्वामी शिवाचार्य ने सप्रमाण सिद्ध किया है कि भट्ट कुमारिल और प्रभाकर भी ज्ञानकर्मसमुच्चयवादी थे (पृ. २७४-२८०)। वैशेषिक दर्शन के प्रशस्तपादभाष्य के टीकाकार श्रीधर भट्ट "किं ज्ञानमात्रान्मुक्तिः, उत ज्ञानकर्मसमुच्चयात्? ज्ञानकर्मसमुच्चयादिति वदामः" (पृ. ६८३) इतना कहकर विस्तार से अनेक शास्त्रीय प्रमाणों से ज्ञानकर्मसमुच्चयवाद को स्थापित करते हैं। ब्रह्मसूत्र और भगवद्गीता के भाष्यकार आचार्य भास्कर तो ज्ञानकर्मसमुच्चयवाद की स्थापना के लिये प्रसिद्ध ही हैं। आचार्य शंकर अन्तःकरण की शुद्धि के द्वारा ज्ञान की उत्पत्ति में कर्मों का विनियोग मानते हैं। उनका मत है कि मुक्ति तो ज्ञान से ही मिलती है। आचार्य भास्कर ने भगवद्गीता के तृतीय अध्याय के प्रारम्भ में तथा ब्रह्मसूत्र के तृतीय अध्याय के चतुर्थ पाद में उक्त मत का खण्डन कर मुक्ति के उपाय के रूप में कर्मों का भी ज्ञान के ही समान साक्षात् उपयोग माना है। केवल कूर्मपुराण ही नहीं, प्रायः सभी पुराण इस समुच्चयवाद को ही मान्यता देते हैं। केवल कर्मों को भी मुक्ति का साधन मानने में इनको कोई हिचक नहीं है। लोककल्याण पुराणों का मुख्य लक्ष्य है। कर्म और ज्ञान के समुच्चय में ही लोककल्याण निहित है। अन्यथा—

अजगर करे न चाकरी पंछी करे न काम।
दास मलूका कहि गये सबके दाता राम ॥

जैसे समाज को पंगु बना देने वाले सिद्धान्तों का प्रचलन बढ़ जाय, यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है। पुराणों ने पुरुषार्थ और भाग्य को तराजू के दो पलड़ों के समान बराबर-बराबर रखा है।

---

१. शैवभारतीभवनम्, जंगमवाड़ी मठ, वाराणसी से सन् १९९६ में प्रकाशित।

भक्ति और प्रपत्ति

आगमों और पुराणों ने भक्ति पर अधिक बल दिया है। यों भक्ति-सिद्धान्त के संकेत ऋग्वेदीय सूक्तों एवं मन्त्रों में भी मिल जाते हैं, जिनमें कुछ ईश्वर-भक्ति से परिपूर्ण से लगते हैं, विशेषतः वरुण और इन्द्र की स्तुति वाले सूक्त। "भक्ति कल्ट इन एंश्येन्ट इण्डिया" नामक ग्रन्थ में इन स्थानों का विशेष विवरण देखा जा सकता है।

यद्यपि प्रमुख उपनिषदों में भक्ति शब्द नहीं आया है, किन्तु कठ एवं मुण्डक उपनिषदों में भक्ति सम्प्रदाय का यह सिद्धान्त पाया जाता है कि यह केवल भगवान् की ही महिमा है, जो भक्त को बचाती है। वहाँ बताया गया है कि यह परम आत्मा गुरु के प्रवचन से नहीं प्राप्त होती और न मेधा (बुद्धि) से और न बहुश्रुतता से ही। परमात्मा की प्राप्ति तो उसी को होती है, जिसपर उसका अनुग्रह होता है। उसी के सामने यह परम आत्मा अपना स्वरूप प्रकट करती है[1]। यह कथन इस सिद्धान्त का द्योतक है कि परमात्मा का अनुग्रह ही भक्तों को मुक्ति प्रदान करता है।

श्वेताश्वतर उपनिषद् ने भक्ति शब्द का प्रयोग उसी अर्थ में किया है, जो भगवद्गीता तथा अन्य भक्तिविषयक ग्रन्थों में प्राप्त होता है। वहाँ कहा गया है कि जो परमात्मा में परम भक्ति रखता है और भगवान् की जैसी ही भक्ति गुरु में भी रखता है, उस उच्च कोटि के व्यक्ति के मन में सारे दार्शनिक रहस्य अपने आप प्रकाशित हो जाते हैं[2]।

इसी उपनिषद्[3] ने भक्ति सम्प्रदाय के इस दृष्टिकोण (सिद्धान्त) पर बल दिया है कि मोक्ष के इच्छुक व्यक्ति को परमात्मा की शरण में जाना चाहिये। यहाँ 'प्रपद्ये' शब्द का प्रयोग किया गया है। रामानुज जैसे वैष्णव सम्प्रदायों में वर्णित प्रपत्ति-सिद्धान्त का यह मुख्य आधार है। छान्दोग्य उपनिषद् (७।२६।२१) में वर्णित "ध्रुवा स्मृति" को ही रामानुज वेदान्त में भक्ति का नाम दिया गया है। शाण्डिल्य के भक्तिसूत्र में ईश्वर में परम अनुरक्ति को भक्ति कहा गया है— "सा परानुरक्तिरीश्वरे" (१।१।२)। ईश्वर में परम अनुरक्ति रहने पर ही उसके प्रति हमारी स्मृति ध्रुव (स्थिर) हो सकती है। इस तरह से हम कह सकते हैं कि भक्तियोग के मूल सिद्धान्तों की स्थापना उपनिषदों में हो चुकी थी।

उपनिषदों के बाद भक्ति-सम्प्रदाय के आरंभिक उल्लेख शान्तिपर्व के नारायणीय उपाख्यान एवं भगवद्गीता में पाये जाते हैं। ये दोनों ही महाभारत के अंगभूत हैं। भगवद्गीता में चतुर्व्यूहवाद का उल्लेख न होने से उसको नारायणीय उपाख्यान की अपेक्षा प्राचीन माना जाता है। नारायणीय उपाख्यान (शान्तिपर्व ३४६।६२) और विष्णुधर्मोत्तर

---

१. नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो न मेधया न बहुना श्रुतेन।
यमेवैष वृणुते तेन लभ्यस्तस्यैष आत्मा विवृणुते तनूं स्वाम्।। (कठो. १।२।२३, मुण्डक. ३।२।३)

२. यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ।
तस्यैते कथिता ह्यर्थाः प्रकाशन्ते महात्मनः ।। (श्वे. उ. ६।२३)

३. तं ह देवमात्मबुद्धिप्रकाशं मुमुक्षुर्वै शरणमहं प्रपद्ये। (श्वे. उ. ६।१८)

पुराण (१।७४।३४) में सांख्य, योग, पांचरात्र, वेद और पाशुपत नामक पांच सिद्धान्तों का उल्लेख है। कृतान्तपंचक के नाम से ये प्रसिद्ध हैं। भगवद्गीता को पांचरात्र सिद्धान्त से प्रभावित माना जाता है। यहाँ सांख्य, योग, वेद और पांचरात्र सिद्धान्तों का तो संग्रह किया गया है, किन्तु कहीं भी पाशुपत मत का उल्लेख नहीं है। नारायणीय उपाख्यान में पाशुपत मत का उल्लेख हुआ है। महाभारत के अनुशासनपर्व में इसकी विशेष महिमा प्रतिपादित है।

पांचरात्र और पाशुपत, ये दोनों मत भक्ति-प्रधान हैं। एक में विष्णु की और दूसरे में शिव की भक्ति का सविशेष प्रतिपादन हुआ है। भक्ति-सिद्धान्त का विकास वैष्णव मत में ही हुआ, ऐसा मानना उचित नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि भगवान् विशेषण विष्णु के लिये ही नहीं, शिव के लिये भी प्रयुक्त होता था। श्वेताश्वतर उपनिषद् (३।११) ने शिव को भगवान् कहा है। पतंजलि ने अपने भाष्य (५।२।७६) में शिव-भागवतों का उल्लेख किया है। इससे पता चलता है कि उस समय शिव के आयुध त्रिशूल को लेकर चलने वाले शिव के भक्त विद्यमान थे। शैव आगमों में भक्ति की पराकाष्ठा को ही मोक्ष कहा गया है[1]। शैव और वैष्णव आगमों में क्रमशः पाशुपत और पांचरात्र मत का ही विस्तार हुआ है और पुराणों में उक्त पांचों सिद्धान्तों का समन्वित रूप हमें दृष्टिगोचर होता है। यहाँ शिव और विष्णु की भक्ति का एक साथ अथवा अलग-अलग रूप हमें देखने को मिलता है।

वैष्णव और शैव आगमों में ईश्वर-भक्ति में शक्तिपात को भगवदनुग्रह का कारण माना गया है। ईश्वर के तिरोधान व्यापार को समेटने के लिये उसी के अनुग्रह की अपेक्षा रहती है, जैसा कि इस प्रकरण के प्रारम्भ में उद्धृत कठ और मुण्डक उपनिषदों के वचनों में कहा गया है। भागवत आदि पुराणों में इसी अर्थ में 'पोषण' शब्द प्रयुक्त है। वहाँ कहा गया है — "पोषणं तदनुग्रहः"। आचार्य वल्लभ के पुष्टिमार्ग का यही प्रधान आधार है।

भक्ति साहित्य का परिचय देते समय काणे महोदय ने विष्णुभक्ति के प्रतिपादक ग्रन्थों का ही उल्लेख किया है (भा. ४, पृ. ४५६-४६०), किन्तु हमें स्मरण रखना है कि दक्षिण में वैष्णव भक्त आलवारों के ही समान शैव सन्तों की भी लम्बी परम्परा रही है। पुष्पदन्त का महिम्नस्तव, अवधूत सिद्ध का भक्तिस्तोत्र, भट्ट नारायण की स्तवचिन्तामणि, भट्ट उत्पल की शिवस्तोत्रावली, जगद्धर की स्तुतिकुसुमांजलि जैसे सैकड़ों ग्रन्थ शिव की भक्ति में समर्पित हैं। हम कह सकते हैं कि आगम और तन्त्र साहित्य में शिव और विष्णु की भक्ति का साथ-साथ विकास हुआ और पौराणिक साहित्य में इनका हमें समन्वित रूप देखने को मिलता है। यह अलग बात है कि अन्योन्याभिभव-न्याय से किसी पुराण में विष्णु-भक्ति का तो अन्यत्र शिव की भक्ति का सविशेष वर्णन हो। कूर्मपुराण में अनेक स्थलों पर भक्ति का समन्वित स्वरूप ही उजागर हुआ है। साथ ही यह भी कहा जा सकता है कि शैव पुराणों में शिव की भक्ति को वरीयता मिली है।

---

१. "भक्तिरेव परां काष्ठां प्राप्ता मोक्षोऽभिधीयते" (त. वि. १३।२१६)

गरुड़ पुराण (२१६।१) में बताया गया है कि भगवान् हरि को संतुष्ट करने के लिये भक्ति से बढ़कर कोई उपाय नहीं है। आगे गरुड़पुराण (२१६।६-१०) का कहना है कि विष्णु-भक्ति का अनुसरण कर म्लेच्छ और चाण्डाल भी ब्राह्मण से बढ़कर पूजनीय हो जाते हैं। इसके उदाहरण स्वरूप हम कबीर, रविदास, रसखान आदि भक्त कवियों के नाम ले सकते हैं। संसार[1] रूपी विषसदृश वृक्ष में दो अमृत फल लगे हैं। एक है केशव के प्रति भक्ति और दूसरा है भक्तों का सत्संग। गरुड़पुराण (२२२।४६) का कहना है कि भक्त भले ही शूद्र, निषाद अथवा चाण्डाल हो, उसको द्विजों के समान ही सम्मान प्राप्त होता है।

भक्ति का निरूपण करते हुए देवीभागवत (७।३७।१-४५) में कूर्मपुराण की पद्धति से देवी पार्वती हिमवान् को मोक्ष प्राप्ति के लिये कर्मयोग, ज्ञानयोग और भक्तियोग नामक तीन मार्गों का उपदेश करती हैं। गुणभेद से भक्ति के तीन भेद— तामसी, राजसी और सात्त्विकी हैं। भक्ति की पराकाष्ठा ही ज्ञान है। इसी को वैराग्य की सीमा कहा है, क्योंकि ज्ञान में भक्ति और वैराग्य दोनों निहित हैं। देवीभावगत के इस प्रकारण की कूर्मपुराण से इतनी ही विशेषता है कि कूर्मपुराण में उक्त तीनों मार्गों का समान महत्त्व बताया गया है, जबकि देवीभावगत ज्ञान की श्रेष्ठता का प्रतिपादन करती है। ज्ञान की प्राप्ति के लिये व्यक्ति को विशेष प्रयत्न करना चाहिये।

नारदपुराण (१।४।३२) में भक्ति, कर्म और ज्ञान के क्रम को इस तरह से निश्चित किया गया है कि भक्तिपूर्वक किये गये कर्म सफल होते हैं, अर्थात् विधिपूर्वक संपादित कर्मों से भगवान् संतुष्ट होते हैं, जिससे ज्ञान की प्राप्ति होती है। ज्ञान ही मोक्ष का साधन है। इस प्रकार यहाँ भी देवीभागवत की पद्धति से ज्ञान को श्रेष्ठ माना गया है। आगे नारदपुराण (२।३।२) का कहना है कि धन आदि से भगवान् को वश में नहीं किया जा सकता, वे तो भक्ति से ही प्रसन्न होते हैं। भक्ति-भाव से पूजित विष्णु मनुष्य के सारे मनोरथों को पूरा करते हैं। भगवद्गीता (६।३२) में बताया गया है कि भक्ति-मार्ग का अनुसरण कर स्त्री, वैश्य और शूद्र भी परम गति को पाते हैं। विष्णुपुराण (१।२०।२७) में बताया गया है कि समस्त जगत् के मूल कारण भगवान् विष्णु में जिसकी भक्ति निश्चल हो गई है, उसकी मुट्ठी में मुक्ति भी रहती है, अर्थ, काम और धर्म से तो उसे लेना ही क्या है।

श्रीमद्भागवत के तीसरे स्कन्ध के २६वें अध्याय में भी तामसी, राजसी और सात्त्विकी भक्ति का निरूपण मिलता है। श्रीमद्भागवत (३।२६।११-१२) में बताया गया है कि अन्तरात्मा में निवास करने वाले उस परमात्मा के गुणों का मात्र श्रवण कर जिसकी चित्तवृत्ति निरन्तर भगवान् में ही लगी रहती है, उस स्थिति को निर्गुण भक्ति कहते हैं। इसका अभिप्राय यह है कि जैसे गंगा का जल निरन्तर समुद्र की तरफ ही बहता रहता है, समुद्र से मिलने को आकुल रहता है, उसी तरह जिस भक्त की चित्तवृत्ति निरन्तर

---

१. संसारविषवृक्षस्य द्वे फले ह्यमृतोपमे।
कदाचित् केशवे भक्तिस्तद्भक्तैर्वा समागमः।। (गरुड़पुराण, १।२१६।३३)

भगवत्प्रवण रहती है, उनसे मिलने को आकुल रहती है, यह आकुलता ही, भगवन्मिलन की उत्कंठा ही वस्तुतः भक्ति है।

इस प्रकार कर्मयोग और भक्तियोग में से किसी एक मार्ग से भी भगवान् को प्राप्त किया जा सकता है। भागवतपुराण (७।५।२३) में नवधा भक्ति का भी वर्णन मिलता है। जैसे— १. श्रवण, २. कीर्तन, ३. स्मरण, ४. पादसेवन, ५. अर्चन, ६. वन्दन, ७. दास्य, ८. सख्य तथा ९. आत्मनिवेदन। भक्ति-शास्त्र के ग्रन्थों में इनका अत्यन्त विस्तार मिलता है।

भक्ति के ही प्रसंग में अनेक शास्त्रों में प्रपत्ति और प्रपन्न शब्द प्रयुक्त हुए हैं। प्रपत्ति शब्द का अर्थ है शरणागति और प्रपन्न शब्द का अर्थ है भगवान् को अत्यन्त समर्थ और परमश्रेष्ठ समझकर उनके प्रति अपने को समर्पित कर देना। इसी को वैष्णव आगमों में आत्मनिक्षेप या आत्मसमर्पण कहा गया है। भक्ति का अन्तिम लक्ष्य प्रपत्ति या शरणागति ही है। भक्त अपनी भक्ति के द्वारा अपने इष्टदेव की शरण ग्रहण कर सर्वतोभाव से आत्मसमर्पण करता है। इस प्रकार की शरणागति का निर्देश भगवद्गीता के द्वितीय अध्याय के सांख्ययोग प्रकरण में है। जिसका कार्पण्य, दैन्यदोष से ग्रस्त स्वभाव नष्ट हो गया है, वह अर्जुन भगवान् कृष्ण की शरणागति को स्वीकार करता है— "शिष्यस्तेऽहं शाधि मां त्वां प्रपन्नम्" (२।७)। श्वेताश्वतर उपनिषद् (६।१८) में भी इसी प्रपत्ति का उपदेश मिलता है। कूर्मपुराण (२।११।१३३-१३४) में भी इस प्रपत्ति, शरणागति का निर्देश है। यहाँ व्यास जी ने ऋषियों को भगवान् ईश्वर की शरण में जाने को कहा है (प्रपद्यध्वम्)।

रामानुजीय एवं अन्य वैष्णव शाखाओं के ग्रन्थों में प्रपत्ति (आत्मसमर्पण) को भक्ति से भिन्न माना है। यतीन्द्रमतदीपिका (पृ. ६४) के अनुसार इसके पांच अंग हैं — १. अनुकूलता का संकल्प, २. प्रतिकूलता का त्याग, ३. यह विश्वास कि परमात्मा भक्त की रक्षा करेगा, ४. अपनी रक्षा के लिये भगवान् के प्रति समर्पण-भावना और ५. आत्मनिक्षेप कर देने पर असहायता के भाव का प्रदर्शन। गीता (२।७) में अर्जुन ने अपने को 'प्रपन्न' (जो मोक्ष के लिये आ पहुँचा हो, या जिसने मोक्ष के लिये आत्मसमर्पण कर दिया हो) कहा है। गीता एवं अन्य ग्रन्थों में भक्ति का जो स्वरूप प्रतिपादित है, वह यही है कि भक्ति से भगवान् का प्रसाद (अनुग्रह या कृपा) प्राप्त होता है, जिससे भक्त मोक्ष प्राप्त करता है। यतीन्द्रमतदीपिका (पृ. ६५) में भक्तिपूर्वक प्रपत्ति को मोक्ष का साधन माना है।

यतीन्द्रमतदीपिकाकार द्वारा उद्धृत प्रपत्ति के पाँच अंग बताने वाला श्लोक लक्ष्मीतन्त्र में भिन्न रूप से मिलता है। वहाँ तीसरी पंक्ति का पाठ इस प्रकार है— "आत्मनिक्षेपकारुण्ये षड्विधा शरणागतिः" (१७।६१)। यहाँ आत्मनिक्षेप और कारुण्य को अलग-अलग मानकर शरणागति (प्रपत्ति) के छः अंग माने हैं।

यतीन्द्रमतदीपिका (पृ. ६१-६५) में कर्मयोग, ज्ञानयोग और भक्तियोग के लक्षण और भेदों का वर्णन करने के बाद केवल भक्ति और प्रपत्ति को ही मोक्ष का उपादान माना है।

कर्मयोग, भक्तिमार्ग और ज्ञानमार्ग की चर्चा करते हुए डॉ. पी. वी. काणे भक्तिमार्ग और ज्ञानमार्ग के विषय में कहते हैं कि ये दोनों मार्ग हमें एक ही लक्ष्य, अर्थात् मोक्ष की ओर ले जाते हैं, किन्तु दोनों की पहुँच के ढंग भिन्न हैं। ज्ञानमार्ग (या अव्यक्तोपासना) में निर्गुण ब्रह्म के केवल पुस्तकीय ज्ञान से मोक्ष की प्राप्ति नहीं होती, इसके लिये ब्राह्मी स्थिति परमावश्यक है। ज्ञानमार्ग में व्यक्ति जो कुछ करता है, वह ब्रह्मार्पित होता है (भगवद्गीता ४।१८-२४)। इसके विपरीत भक्तिमार्ग में भक्त ईश्वर के प्रसाद के लिये आत्मसमर्पण कर देता है, वह जो कुछ करता है, उसे अपने आराध्यदेव को समर्पित कर देता है। इस प्रकार भगवद्गीता के नवें अध्याय में भक्तिमार्ग को ज्ञानमार्ग की अपेक्षा सरल बताया है।

ईश्वरगीता एवं पुराणों में शक्ति तत्त्व

कूर्मपुराण की ईश्वरगीता का धार्मिक तथा दार्शनिक दृष्टि से वही महत्त्व है, जो महाभारत की भगवद्गीता का। ईश्वरगीता की इस विशिष्टता को देखते हुए गीता-साहित्य में भगवद्गीता के साथ इसको महत्त्व का स्थान दिया जाय, तो यह उचित ही होगा। भारतीय वाङ्मय में वेद, सांख्य, योग, पांचरात्र और पाशुपत मत कृतान्तपंचक के नाम से प्रसिद्ध हैं। भगवद्गीता पर पांचरात्र मत का, तो ईश्वरगीता पर पाशुपत मत का विशेष रूप से प्रभाव परिलक्षित होता है। कूर्मपुराण उपरि विभाग के पहले ११ अध्याय ईश्वरगीता के नाम से प्रसिद्ध हैं। ईश्वर (भगवान् शिव) के द्वारा उपदिष्ट होने से इसको ईश्वरगीता कहा गया है।

भोजदेवकृत शैवसिद्धान्त के ग्रन्थ तत्त्वप्रकाश की कुमारकृत तात्पर्यदीपिका टीका में ईश्वरगीता के कुछ श्लोक उद्धृत हैं[१]। इसको ईश्वरगीता का प्राचीनतम उल्लेख माना जा सकता है। ये कुमार रुद्रमहालय के संस्थापक गुजरात के राजा मूलराज के गुरु कुमारदेव से अभिन्न प्रतीत होते हैं। अघोर शिवाचार्य[२] इस टीका पर वेदान्त का प्रभाव मानते हैं। वस्तुतः यह टीका शैव दृष्टिकोण की अपेक्षा स्मार्त दृष्टि के अनुसार शैव तत्त्वों की व्याख्या करती है। ब्रह्मसूत्र के भाष्यकार श्रीकण्ठ द्वारा अपने भाष्य में इसी दृष्टिकोण को अपनाया गया है। इसीलिये तात्पर्यदीपिका[३] प्रमाण के रूप में विष्णुपुराण का उद्धरण देने में कोई संकोच नहीं करती। ईश्वरगीता (२।१।४०) का भी उपदेश ईश्वर (शिव) भगवान् विष्णु की साक्षी में ही करते हैं। ईश्वरगीता में यही (स्मार्त) दृष्टिकोण उभर कर सामने आया है।

शैव और शाक्त दर्शन में चिच्छक्ति अथवा चिति को ही परम तत्त्व माना गया है। यहाँ भी देवी इस नाम से सम्बोधित है। इसी तरह से शान्त्यतीता, शान्ति, विद्या, प्रतिष्ठा और निवृत्ति नामक पाँच कलाओं की चर्चा शैव-शाक्त दर्शन की षडध्वप्रक्रिया में आती है।

---

१. द्रष्टव्य—अष्टप्रकरण, संस्कृत विश्वविद्यालय संस्करण, पृ. ४-६, ४३, ५८, ७२

२. अद्वैतवासनाविष्टैः सिद्धान्तज्ञानवर्जितैः। व्याख्यातोऽत्रान्यथाऽन्यै..... (वहीं, पृ. ६)

३. द्रष्टव्य—वहीं, पृ. ७२, १०३

वहाँ बताया गया है कि कलाध्वा ही अन्य पाँच अध्वाओं का आधार है। यहाँ इन नामों के अतिरिक्त षडध्वपरिवर्तिका जैसे नामों से भी देवी संबोधित है। कूर्मपुराण के काशिराज न्यास के पाठान्तर वाले संस्करण (पृ. ८४२) में श्रीप्रश्नसंहिता के आधार पर इस शब्द की व्याख्या देने का प्रयत्न अधिक सार्थक नहीं है। रत्नत्रय (श्लोक ८४-८८) में उक्त पाँच कलाओं को बिन्दु, अर्थात् महामाया कुण्डलिनी का विस्तार बताया गया है। नाद की भी उत्पत्ति बिन्दु से ही होती है। वहीं महामाया कुण्डलिनी को शब्दयोनि भी कहा गया है। शब्दयोनि, नादविग्रहा, अनाहता, कुण्डलिनी, बिन्दुनादसमुत्पत्ति आदि नाम इसी ओर इंगित करते हैं। आगमों में मल, माया और कर्म नामक तीन पाशों की चर्चा आती है। कश्मीर के प्रत्यभिज्ञा दर्शन में इन तीनों को मल नाम से ही जाना जाता है। यहाँ आये मलवर्जिता, मलत्रयविनाशिनी, मलातीता जैसे नाम इसी ओर इंगित करते हैं। प्रत्यभिज्ञा दर्शन में "सकृद्विभातोऽयमात्मा" यह श्रुति बहुधा उद्धृत है। देवी का 'सकृद्विभाविता' नाम उस आत्मतत्त्व की ओर ही संकेत करता है।

मुद्रा, पंचब्रह्मसमुत्पत्ति और शवासना शब्द भी शैव-शाक्त तन्त्रों की प्रक्रिया को ही बताते हैं। अनेक प्रकार की मुद्राओं का न केवल शैव-शाक्त तन्त्र, अपितु वैष्णव, बौद्ध और जैन तन्त्रों में भी वर्णन मिलता है। पाशुपत मत के ईशान, तत्पुरुष, अघोर आदि पांच मन्त्रों को पंचब्रह्म नाम दिया गया है। इन पांच मन्त्रों की लकुलीश-विरचित पंचाध्यायी (पांच अध्याय वाले) पाशुपतसूत्रों में क्रमशः व्याख्या की गई है। देवी को यहाँ पंचब्रह्मसमुत्पत्ति, अर्थात् इन पांच मन्त्रों की जननी कहा है। शैवागमों में शिव को 'पंचमन्त्रतनु' कहा जाता है। ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र और ईश्वर रूपी चार पायों से बने मंच पर देवी सदाशिव रूपी शव पर आसन बनाकर बैठती है। अतः इसे शवासना कहा गया है। देवी को यहाँ विन्ध्यपर्वतवासिनी कहा गया है। यह देवी भेदाभेदविवर्जिता है, अर्थात् भेद और अभेद दोनों से रहित है। इस शब्द से हम द्वैताद्वैतवाद का ग्रहण कर सकते हैं। भास्कर आदि आचार्यों के मत से कर्म और ज्ञान के समुच्चय से ब्रह्म के स्वरूप का ज्ञान होता है और उनका दर्शन भेदाभेदवादी है, अर्थात् उनके मत से जीव और ब्रह्म का न तो पूरी तरह से भेद है और न अभेद ही। इस तरह से वह भेदाभेदविवर्जित है। देवी को यहाँ हृल्लेखा और कामेश्वरेश्वरी भी कहा है। हृल्लेखा से ही देवी का बीज-मन्त्र बनता है। त्रिपुरा सम्प्रदाय में शिव को कामेश्वर तथा शक्ति को कामेश्वरी कहा जाता है। कामेश्वरेश्वरी शब्द कश्मीर के क्रम नामक शाक्त सम्प्रदाय का प्रतिनिधित्व करता है। वहाँ कामेश्वरी कामेश्वर की स्वामिनी मानी जाती है।

डॉ. हाजरा का कहना है कि कूर्मपुराण के दो अध्यायों को छोड़ कर अन्य स्थानों से वैष्णव चिह्न हटा दिये गये, किन्तु यहाँ देवी को महालक्ष्मीसमुद्भवा, गरुड़ासना, चाणूरहन्तृतनया, वासुदेवसमुद्भवा और महापुरुषपूर्वजा जैसे शब्दों से संबोधित किया गया है। महापुरुषपूर्वजा शब्द मूल रूप से पांचरात्र सम्प्रदाय का है। इस सम्प्रदाय का "जितन्ते

स्तोत्र" अति प्राचीन है। महाभारत के नारायणीय उपाख्यान (शान्ति. ३३६।४४) में यह शब्द मिलता है। सात्वतसंहिता जैसी प्राचीन पांचरात्र संहिताओं (७।२८) में भी यह प्रयुक्त है। इस शब्द से यहाँ देवी को भी संबोधित किया गया है। इतना ही नहीं, धर्मोदया शब्द तो हमें बौद्ध तन्त्रों की भी झलक दिखाता है। विविध अर्थों में यह शब्द वहाँ प्रयुक्त है। हम त्रिपुरा सम्प्रदाय में वर्णित कामकला से इसे अभिन्न मान सकते हैं। तारिणी शब्द बौद्ध और शाक्त दोनों ही तन्त्रों में तारा का प्रतिनिधित्व करता है।

मनोन्मनी और भ्रूमध्यनिलया जैसे शब्द योग-सम्प्रदाय का संदेश हमें सुनाते हैं। उन्मनी योगाभ्यास द्वारा प्राप्त होने वाली मन की एक विशिष्ट दशा है। संस्कृत के ही नहीं, विभिन्न प्रादेशिक भाषाओं के योग-सम्बन्धी ग्रन्थों में भी इसका पर्याप्त वर्णन मिलता है।

पुराण किसी एक सम्प्रदाय से प्रभावित न होकर सभी सम्प्रदायों का यथायोग्य अनुसरण करते हैं। ब्रह्मेशविष्णुजननी, वासुदेवसमुद्भवा, महालक्ष्मीसमुद्भवा, त्रिमूर्ति, लक्ष्म्यादिशक्तिजननी जैसे नाम इसी की सूचना देते हैं। यहाँ देवी को त्रिमूर्ति भी कहा गया है और इनकी जननी भी। वासुदेव और लक्ष्मी से इसकी उत्पत्ति होती है और यह महालक्ष्मी की माता भी हैं। इन सब शब्दों की संगति त्रिगुणन्याय से "अन्योन्याभिभवाश्रयजननमिथुन" पद्धति से ही बैठ सकती है।

देवीभागवत के १२वें स्कन्ध के आठवें अध्याय में परा शक्ति का स्वरूप बताया गया है। अध्याय के आरम्भ में वैष्णव, गाणपत्य, कापालिक, चीन-मार्गरत, दिगम्बर, बौद्ध, चार्वाक जैसे वेदविरोधी मतों का उल्लेख है। वेद-बाह्य पद्धति से भगवती तारा के उपासक चीन-मार्गरत कहे जाते हैं। शक्तिसंगमतन्त्र के प्रथम (४।१८६) और द्वितीय (१८।१८, ३८।२) खण्ड में इनका उल्लेख मिलता है। यहाँ केनोपनिषद् की पद्धति से यक्ष से पराजित इन्द्र के सामने भगवती प्रकट होती है और माया-बीज का जप करने का परामर्श देती है। यहाँ देवी अपने दो स्वरूपों का वर्णन करती है। एक रूप सच्चिदानन्दात्मक और दूसरा माया(प्रकृति)मय है। माया को ही यहाँ शक्ति कहा गया है और स्वयं देवी शक्तिमती। शक्ति और शक्तिमती में यहाँ चन्द्र और चन्द्रिका के समान अभेद माना गया है। माया शक्ति जब बहिर्मुख होती है, तो वह अव्यक्त, तम आदि शब्दों से अभिहित होती है। गुणत्रयात्मिका यह प्रकृति ही ब्रह्मा, विष्णु और महेश्वर का रूप धारण करती है। इस प्रकार यहाँ भगवती परम तत्त्व के रूप में वर्णित है। अध्याय के अन्त में बताया गया है कि विष्णु अथवा शिव की उपासना नित्य करनी चाहिये, ऐसा वेदों में कहीं नहीं मिलता। इसके विपरीत गायत्री की उपासना यहाँ नित्य-कर्म के रूप में वर्णित है। अतः व्यक्ति को सर्वतोभावेन शक्ति की ही उपासना करनी चाहिये।

पति, पशु और पाश

ईश्वरगीता के सातवें अध्याय के प्रारम्भ के १७ श्लोकों में ईश्वर की विभूतियों का वर्णन करने के बाद भगवान् शिव शैवागम-संमत पति, पशु और पाश नामक तत्त्वों का

वर्णन करते हुए कहते हैं कि संसार में वर्तमान सभी जीवों को पशु कहा जाता है। ज्ञानी लोग उन जीवरूपी पशुओं के पतिस्वरूप मुझको पशुपति कहते हैं। मैं अपनी लीलावश पशुओं को मायारूपी पाश से बाँधता हूँ। मुझ अव्यय परमात्मा के अतिरिक्त अन्य कोई भी मायारूपी पाश में बंधे हुए लोगों को मुक्त करने वाला नहीं है। प्रकृति, महदादि चौबीस तत्त्व, माया, कर्म, गुण— ये पशुपति के पाश जीवरूपी पशुओं को बाँधने वाले क्लेश हैं। मन, बुद्धि, अहंकार, आकाश, वायु, अग्नि, जल एवं पृथ्वी ये आठ प्रकृतियां हैं और इनसे भिन्न संसार के अन्य समस्त पदार्थ विकार हैं। श्रवण, त्वक्, नेत्र, जिह्वा एवं नासिका, गुदा, लिंग, दोनों हाथ, दोनों पैर एवं दसवीं इन्द्रिय वाणी, शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध— ये तेईस तत्त्व प्राकृत, अर्थात् प्रकृति से उत्पन्न हुए हैं।

आदि, मध्य एवं अन्त से रहित जगत् का परम कारण स्वरूप एवं सत्त्वादि गुणों से लक्षित होने वाला अव्यक्त प्रधान चौबीसवाँ तत्त्व है। सत्त्व, रज एवं तम ये तीन गुण कहे गये हैं। इनकी साम्यावस्था को अव्यक्त, प्रकृति कहा जाता है। सत्त्व गुण को ज्ञान, तमोगुण को अज्ञान, एवं रजोगुण को मिश्र, अर्थात् ज्ञान एवं अज्ञान दोनों से युक्त कहा गया है। धर्म और अधर्म नामक दो पाश ही बन्धन के कारण हैं। मुझे अर्पित किये गये कर्म बन्धन के कारण नहीं बनते, उनसे मुक्ति मिलती है। इस सन्दर्भ में यह भी याद रखना है कि मार्कण्डेयपुराण (३९।७-८) में भी कर्म को बन्ध और मोक्ष दोनों का कारण बताया है। इसका अभिप्राय यह है कि सामान्यतः पाशात्मक कर्म बन्धन के कारण बनते हैं और ईश्वरार्पित कर्म मोक्ष के।

आत्मा का बन्धन करने के कारण क्लेश नामक अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष एवं अभिनिवेश को अचल पाश कहा जाता है। माया को इन पाशों का कारण कहा गया है। वह अव्यक्त स्वरूपा प्रकृति मुझमें रहती है। वस्तुतः मैं ही मूलप्रकृति, प्रधान एवं पुरुष हूँ। महत्त्व आदि विकार एवं देवाधिदेव सनातन हैं। वे ही बन्धन, बन्धन करने वाले; वे ही पाश एवं वे ही पशु हैं। वे सब को जानते हैं, किन्तु उन्हें जानने वाला कोई नहीं है। वे आदिपुरुष हैं।

इस प्रकार यहाँ ईश्वरगीता के सातवें अध्याय के शेष १८-३२ श्लोकों में शैवागम-संमत पति, पशु और पाश नामक तीन तत्त्वों का वर्णन किया गया है। इन तत्त्वों का निरूपण अन्य पद्धति से दूसरे अध्याय में भी हो चुका है। यहाँ यह स्मरण रखने की बात है कि सांख्यसंमत पचीस तत्त्व ही यहाँ वर्णित हैं, शैवागमों के छत्तीस तत्त्व नहीं। पाश के अन्तर्गत यहाँ २४ तत्त्वों और माया, कर्म, गुण की गणना है। शैवागम-संमत पाँच, चार या तीन पाशों की नहीं। शैवागम की सभी शाखाएं मल, माया और कर्म नामक तीन पाश मानती हैं। तिरोधान शक्ति को लेकर चार तथा महामाया को भी सम्मिलित करने पर पाशों की संख्या पांच हो जाती है। यहाँ जिन आठ प्रकृतियों को गिनाया है, वे भगवद्गीता (७।४)

में भी वर्णित हैं। अचल पाश के रूप में वर्णित पांच क्लेश[1] योगसूत्र में भी निर्दिष्ट हैं। २४ तत्त्वों का निरूपण यहाँ सांख्यदर्शन की पद्धति से किया गया है।

पुराणगत तन्त्र

पुराणगत योग का निरूपण हम विस्तार से कर चुके हैं। पुराणों में तन्त्रशास्त्रगत सामग्री भी पर्याप्त मात्रा में मिलती है। पुराण और उपपुराण साहित्य के गंभीर अध्येता डॉ. हाजरा इस मत से सहमत नहीं हैं। उनके इस मत का उल्लेख अभी हम पृष्ठ ५०१-५०२ पर कर चुके हैं। हम यहाँ उनके इस मत की असारता को दिखाते हुए यह बताना चाहते हैं कि सभी पुराणों में तन्त्रशास्त्र की पर्याप्त सामग्री उपलब्ध है। यहाँ हम पद्मपुराण और स्कन्दपुराण को उनकी विशालता के कारण छोड़कर अन्य पुराणों में उपलब्ध सामग्री का संकलन करना चाहते हैं, जिससे कि यह स्पष्ट हो सके कि पुराण वेदों के समान ही आगम और तन्त्रशास्त्र के भी उपबृंहक हैं। यहाँ हम क्रमशः अकारादि क्रम से उक्त दो महापुराणों को छोड़कर सभी पुराणों में प्राप्त इस प्रकार की सामग्री का दिग्दर्शक करा रहे हैं।

अग्नि पुराण

अग्निपुराण के विषय में डॉ. आर.सी. हाजरा का कहना है कि यह पांचरात्रों से अत्यन्त प्रभावित है, इस पर शैव तथा शाक्त तन्त्रों का कुछ भी प्रभाव लक्षित नहीं होता। उनका यह कथन इसलिये सही नहीं है कि इसमें पांचरात्र आगम के साथ ही शैव और शाक्त आगमों की भी पर्याप्त सामग्री उपलब्ध है। इसके ३९ से ७० अध्याय तक की सामग्री हयशीर्ष पांचरात्र से ली गई है और ३९वें अध्याय के प्रारम्भ में २५ पांचरात्र संहिताओं के नाम भी दिये गये हैं, जो कि हयशीर्ष पांचरात्र के प्रारम्भिक प्रकरण में मिलते हैं। १० भागवत संहिताओं के नाम वहाँ छोड़ दिये गये हैं। इस प्रकार डॉ. हाजरा के अनुसार ७० अध्याय तक के अंश पर पांचरात्र का प्रभाव अवश्य दिखाई पड़ता है, किन्तु इसके साथ ही यहाँ ७१ से १०६ अध्याय तक की सामग्री लीलावती नामक शिवागम से ली गई है और यह पूरी सामग्री आनुपूर्वी से सोमशम्भु की कर्मकाण्डक्रमावली में मिल जाती है। दीक्षा, अभिषेक, पवित्रारोपण, मुद्राप्रदर्शन जैसे विषयों का यहाँ वर्णन मिलता है। शैवागमों में वर्णित विज्ञानाकल, प्रलयाकल, सकल जैसे जीवों का भी यहाँ वर्णन मिलता है। पूर्ववर्णित कृतान्तपंचक का भी यहाँ उल्लेख है, इतना ही नहीं त्रैलोक्य-विजय, संग्राम-विजय, महामारी आदि विद्याओं का, तान्त्रिक षट्कर्मों का, कुब्जिका का तथा ६४ योगिनियों की पूजा का भी यहाँ विस्तार से वर्णन मिलता है। इस प्रकार यहाँ केवल पांचरात्र (वैष्णव) मत का ही नहीं, शैव और शाक्त मतों के साथ स्कन्द, गणपति और सूर्य की पूजा का भी, उनके मन्त्र-मुद्रा आदि के साथ पूरा विधान मिलता है।

---

१. "अविद्यास्मितारागद्वेषाभिनिवेशाः क्लेशाः" (२।३)।

सप्तम अध्याय

योग

जो साधक शरीर, इन्द्रिय एवं मन के समस्त बन्धनों से रहित, शुद्ध आत्मा का दर्शन करना चाहते हैं उनके लिये योग एक महान् साधन है। आत्मोन्नति के साधनरूप में योग की महत्ता को प्रायः सभी भारतीय दर्शनों ने स्वीकार किया है। यहां तक कि वेद, उपनिषद्, स्मृति एवं पुराण—सभी में योगविषयक चर्चा समुपलब्ध है[1]। जब तक प्राणियों का चित्त अथवा अन्तः-करण पूर्ण स्वच्छ अथ च सुस्थिर नहीं होता तब तक वे धर्म अथवा दर्शन के वास्तविक रहस्य को नहीं जान सकते। कोई भी व्यक्ति शुद्ध हृदय एवं सुस्थिर मन से ही इन गूढ रहस्यों का पता लगाने में समर्थ हो सकता है। आत्म-शुद्धि के लिये योग ही सर्व-श्रेष्ठ उपाय है। इसके द्वारा बाह्य एवं आभ्यन्तर-उभय-विध-शरीर शुद्ध हो जाता है। यही करण है कि समग्र भारतीय दर्शन केवल चार्वाक को छोड़कर) अपने-अपने सिद्धान्तों का यौगिक रीति से, ध्यान, धारणा आदि के द्वारा प्रतिपादन करते हुए स्पष्ट अनुभव करने के लिये साधक को प्रेरित करते हैं।

शैव धर्म के चार पाद

शिव महापुराण में शैवधर्म के चार पाद बतलाये गये हैं - ज्ञान, क्रिया चर्या और योग[2]। पशु, पाश एवं पति का ज्ञान ही ज्ञान कहा गया है। गुरु के उपदेश के अनुसार षडध्व शुद्धि की विधि से की गई क्रिया ही 'क्रिया' है। पशुपति-शिव (परमात्म-शिव) के द्वारा विहित, वर्णाश्रमप्रयुक्त उनके (पशुपति के) अर्चनादि का अनुष्ठान ही चर्या कही गई है[3]।

योग की परिभाषा

पशुपति शिव (परमात्म-शिव) के द्वारा कथित मार्ग से अन्तःकरण की वृत्तियों को (चित्तवृत्तियों को) विषयान्तर से निरुद्ध कर, एकमात्र पशुपति शिव में ही, निश्चल रूप से लगाने की जो क्रिया है उसी का नाम योग है।

---

१. देखिये—कठोपनिषद् २, ११, १८।। श्वेताश्व० २, ८–२, ११।

२. ज्ञानं क्रिया च चर्या च योगश्चेति सुरेश्वरि।
चतुष्पादः समाख्यातो मम धर्मः सनातनः ।। शिव० ७, २, १०, ३०।

३, देखिये—वही, ७, २, १०, ३१-३२।

योग के प्रकार

योग का वर्गीकरण द्विधा किया जाता है। प्रथम वर्गीकरण के अनुसार योग पाँच प्रकार का होता है :—१. मन्त्रयोग, २. स्पर्श योग, ३. भाव योग, ४. अभाव योग, ५. महायोग। इनमें महायोग सबसे परे है।

१. मन्त्रयोग – मन्त्रों के अभ्यासवश, जो मन की वृत्ति, मन्त्र के वाच्यार्थ गोचर होकर स्थिर हो जाती है उसी का नाम मन्त्रयोग है[५]।

२, ३ स्पर्श योग एवं भावयोग –प्राणायामयुक्त उक्त मनोवृत्ति स्पर्शयोग कही जाती है। और यदि यही स्पर्शयोग मन्त्र के स्पर्श से रहित हो तो भावयोग कहा जाता है[६]।

४. अभावयोग – जिसमें सारा विश्व तिरोहित रूप हो जाता है, उसे अभाव योग कहते हैं, क्योंकि उसमें (उस अवस्था में) विद्यमान वस्तु का भी आभास नहीं रहता[७]।

५. महायोग :—जिसमें उपाधिरहित, शिवस्वभाव का ही चिन्तन किया जाता है वही मनोवृत्ति महायोग कही जाती है :-

श्लोक :—शिवस्वभाव एवैकश्चिन्त्यते निरुपाधिकः।
यथा शैवमनोवृत्तिर्महायोग इहोच्यते॥ शिव० ७, २, ३७,११।

दूसरे वर्गीकरण के अनुसार योग त्रिधा होता है :—१. ज्ञानयोग, २. क्रियायोग, ३. भक्तियोग।

१. ज्ञानयोग :—चित्त का आत्मा के साथ संयोग ही ज्ञानयोग कहा गया है[८]।

---

४. मदुक्तेनैव मार्गेण मय्यवस्थितचेतसः।
वृत्यन्तरनिरोधो यो योग इत्यभिधीयते॥ शिव०, ७, २, १०, ३३।
निरुद्धवृत्यन्तरस्य शिवे चित्तस्य निश्चला।
या वृत्तिः सा समासेन योगः स खलु पंचधा॥ वही, ७, २, ३७, ६।
तुलना कीजिये—'योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः'। योगसूत्र।

५. मन्त्राभ्यासवशेनैव मन्त्रवाच्यार्थगोचरः।
अव्याक्षेपा मनोवृत्तिर्मन्त्रयोग उदाहृतः॥ शिव० ७, २, ३७, ८।

६. प्राणायाममुखा सैव स्पर्शयोगोऽभिधीयते।
स मन्त्रस्पर्शनिर्मुक्तो भावयोगः प्रकीर्तितः॥ वही, ७, २, ३७, ९।

७. विलीनावयवं विश्वं रूपं सम्भाव्यते यतः।
अभावयोगः संप्रोक्तोऽनाभासाद्वस्तुनः सतः॥ वही, ७, २, ३७, १०।

८. ज्ञानयोगस्तु संयोगश्चित्तस्यैवात्मना तु यः॥ वही, ५, ५१, ८।

२. भक्तियोग :—अभीष्ट देव के साथ (शिव अथवा शक्ति के साथ) आत्मा का एकीकरण ही भक्तियोग कहा गया है[९]।

३. क्रियायोग :—चित्त का बाह्यार्थसंयोग (किसी मूर्ति आदि से संयोग) ही क्रियायोग कहा गया है[१०]। शास्त्रों के अनुसार कर्म से भक्ति, भक्ति से ज्ञान एवं ज्ञान से मुक्ति की प्राप्ति होती है। इस प्रकार उत्तरोत्तर योग पूर्व-पूर्व योग के उपकारक होते हैं। इनमें ज्ञानयोग ही सर्वश्रेष्ठ निर्दिष्ट किया गया है।

अष्टांग एवं षडंग योग

यम, नियम, स्वस्तिक आदि आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि ये ही विद्वानों के द्वारा योग के आठ अङ्ग माने गये हैं[११]।

आसन, प्राणसंरोध, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि, संक्षेप में ये ही योग के षडङ्ग कहे गये हैं[१२]। इन सब का पृथक् पृथक् लक्षण शिव-शास्त्र, शिवागम, विशेष करके 'कामिक' आदि में, योगशास्त्र तथा कुछ पुराणों में भी वर्णित है।

१. यम :—योग का प्रथम अङ्ग है यम। इसके निम्नलिखित अङ्ग हैं—(१) अहिंसा (अर्थात् किसी जीव को किसी प्रकार का कष्ट न पहुँचाना); (२) सत्य (अर्थात् किसी से किसी तरह का झूठ न बोलना); (३) अस्तेय (अर्थात् चोरी न करना); (४) ब्रह्मचर्य (अर्थात् विषयवासना की ओर न जाना); (५) अपरिग्रह (अर्थात् लोभवश अनावश्यक वस्तु का ग्रहण न करना) ये सब साधन सर्वविदित हैं, अतः इनकी विशेष व्याख्या नहीं की गई है। साधक के लिये इनका साधन अनिवार्य है, यतः मन को सबल बनाने के लिए शरीर का सशक्त बनाना अत्यावश्यक है। जो व्यक्ति काम, क्रोध, लोभ आदि विकारों पर विजय प्राप्त नहीं करते, उनका मन एवं शरीर सबल नहीं रह सकता। इसी प्रकार जब तक मानव का मन पापवासनाओं से परिपूर्ण अथ च चंचल रहता है तब तक वह किसी विषय पर चित्त एकाग्र नहीं कर सकता। अतः

९. भक्तियोगो मतो देव्या आत्मनश्चैक्यभावनम्। शिव० ५, ५१, ६।

१०. यस्तु बाह्यार्थसंयोगः क्रियायोगः स उच्यते॥ वही, ५, ५१, ८।

११. यमश्च नियमश्चैव स्वस्तिकाद्यं तथासनम्।
प्राणायामः प्रत्याहारो धारणा ध्यानमेव च।
समाधिरिति योगाङ्गान्यष्टावुक्तानि सूरिभिः॥ वही, ७, २, ३७, १४-१५।

१२. आसनं प्राणसंरोधः प्रत्याहारोऽथ धारणा।
ध्यानं समाधिर्योगस्य षडंगानि समासतः॥ वही, ७, २, ३७, १६।

योग या समाधि के साधक को सभी आसक्तियों और कुप्रवृत्तियों से विरत होना आवश्यक है।

२ नियम :—योग का दूसरा अंग है नियम या सदाचार पालन। इसके निम्नलिखित अंग हैं:—(१) शौच बाह्यशुद्धि अर्थात् शारीरिक शुद्धि, जैसे स्नान और पवित्र भोजन के द्वारा तथा आभ्यन्तर शुद्धि अर्थात् मानसिक शुद्धि जैसे मैत्री, करुणा, मुदिता, आदि के द्वारा), (२) सन्तोष (अर्थात् उचित प्रयास से जितना ही प्राप्त हो उससे संतुष्ट रहना); (३) तप (जैसे सर्दी-गर्मी आदि सहने का अभ्यास, कठिनव्रत का पालन करना आदि), (४) स्वाध्याय (नियमपूर्वक धर्मग्रन्थों का अध्ययन करना; (५) ईश्वर-प्रणिधान (ईश्वर का ध्यान और उन पर अपने को छोड़ देना)।

३. आसन :—आसन शरीर का साधन है। इसका अर्थ है शरीर को ऐसी अवस्था में रखना जिससे निश्चल होकर सुख के साथ देर तक रह सकते हैं। आसन नाना प्रकार के होते हैं। शिवमहापुराण में आठ प्रकार के आसन बतलाये गये हैं—(१) स्वस्तिक, (२) पद्म, (३) मध्येन्दु, (४) वीर, (५) योग, (६) प्रसाधित (७) पर्यङ्क और (८) यथेष्ट[१३]। इनका अभ्यास एकमात्र पुस्तकों के ही आधार पर न होकर, किसी योग्य गुरु के निर्देशन में होना चाहिये। चित्त के स्थैर्य के लिये शरीर का भी अनुशासन उतना ही आवश्यक है जितना कि मनका, यदि शरीर किसी प्रकार की व्याधि से आक्रान्त है तो समाधि लगाना बड़ा ही कठिन हो जाता है। यही कारण है कि योग सम्बन्धी वाङ्मय आरोग्य साधन के लिये बहुत से नियम निर्धारित करता है, जिससे शरीर समाधि क्रिया के योग्य बन सके। शरीर एवं मन को शुद्ध तथा सबल बनाने के लिये तथा दीर्घायुष्य के लिये ग्रन्थों में नाना प्रकार के नियम उपनियम उपदिष्ट हैं। योगासन शरीर को निरोग एवं सबल बनाये रखने के लिये उत्तम साधन हैं। इन आसनों के द्वारा सभी अङ्ग, विशेषतः स्नायुमण्डल, इस प्रकार वश में किये जा सकते हैं कि वे मन में किसी प्रकार का विकार न उत्पन्न कर सकें।

शिवमहापुराण का कथन है कि योगी जब ध्यान करने के लिये बैठे तब अपनी ग्रीवा मस्तक और वक्षःस्थल को सीधा रक्खे। ओष्ठ और नेत्र अधिक सटे हुये न हों। शिर कुछ ऊँचा हो। दाँतों से दाँतों का स्पर्श न हो[१४]। दाँतों के अग्रभाग में स्थित हुई जिह्वा को अविचल भाव से रखते हुये, एड़ियों से दोनों

---

१३. स्वस्तिकं पद्म मध्येन्दुं वीरं योगं प्रसाधितम्।
पर्यङ्कं च यथेष्टं च प्रोक्तमासनमष्टधा॥ शिव० ७, २, ३७, २०।

१४. ऋजुग्रीवशिरोवक्षा नातिश्लिष्टोष्ठलोचनः।
किंचिदुन्नमितशिरा दन्तैर्दन्तान्न संस्पृशेत्॥ वही, ७, २, ३८, ५६।

अण्डकोशों और प्रजननेन्द्रिय की रक्षापूर्वक दोनों जांघों के ऊपर बिना किसी यत्न के अपनी दोनों भुजाओं को रखे। पुनः दक्षिण हस्त के पृष्ठ भाग को वामहस्त की हथेली पर रखकर धीरे से पीठ को ऊंची करे और छाती को आगे की ओर से सुस्थिर रखते हुये नासिका के अग्रभाग पर दृष्टि जमाये। अन्य दिशाओं की ओर दृष्टिपात न करें[१५]। प्राण का संचार रोक कर पाषाण के समान निश्चल हो जाय। पुनः अपने मानस-मन्दिर में सकल शिव का ध्यान करे।

किन्तु ध्यान देने की बात यह है कि योगी के उपर्युक्त यौगिक आसन का विवरण देते हुये शिव महापुराण में यह निर्देश नहीं किया गया है कि स्वस्तिक, पद्म आदि आसनों में यह कौन सा आसन है। विशिष्ट मुद्राओं के कारण इसे आसनों का सामान्य नियम नहीं कहा जा सकता।

४. प्राणायाम:—स्वदेहज वायु ही प्राण कहा गया है। इसका निरोधन ही आयाम है। अर्थात् प्राणायाम का अर्थ है श्वास का नियन्त्रण। इस क्रिया के तीन अंग होते हैं—(१) पूरक, (पूरा श्वास भीतर खींचना), (२ कुम्भक (श्वास को भीतर रोकना) और (३) रेचक (नियमित विधि से श्वास छोड़ना)। प्राणायाम करने में न तो शीघ्रता करनी चाहिये और न विलम्ब ही। योग-साधक को चाहिये कि वह क्रमयोग (क्रमशः) से उद्यत होकर इसका अभ्यास करे। और हितकर तो यह होगा कि इन क्रियाओं का ज्ञान सिद्ध गुरु से ही प्राप्त किया जाय। श्वास के व्यायाम से हृदय पुष्ट होता है और उसमें बल आता है। इस बात को चिकित्सा विज्ञान भी स्वीकार करता है। किन्तु योग इससे भी आगे बढ़कर प्राणायाम को चित्त की एकाग्रता के लिये निर्देश करता है, क्यों कि इसके द्वारा शरीर एवं मन में दृढ़ता आती है। जब तक श्वास की क्रिया चलती रहती है तब तक चित्त भी उसके साथ चंचल रहता है। जब श्वास वायु की गति स्थगित हो जाती है तब मन में भी स्थिरता आ जाती है अथवा निष्पन्दता आ जाती है। इस तरह प्राणायाम के अभ्यास से योगी बहुत देर तक अपना श्वास रोक सकता और समाधि की अवधि को बढ़ा सकता है।

प्राणायाम के द्विविध भेद

प्राणायाम द्विविध होता है—अगर्भ और सगर्भ। जप एवं ध्यान के बिना किया गया प्राणायाम अगर्भ एवं जप तथा ध्यानपूर्वक किया गया प्राणायाम

---

१५. उन्नाम्य शनकैः पृष्ठमुरो विष्टम्य चाग्रतः।
संप्रेक्ष्य नासिकाग्रं स्वं दिशश्चानवलोयन्॥ शिव० ७, २, ३८, ५६।

सगर्भ कहा जाता है। अगर्भ की अपेक्षा सगर्भ प्राणायाम शतगुणा अधिक महत्त्वशाली बतलाया गया है। अतः योगी लोग सगर्भ प्राणायाम ही करते हैं[१६]। प्राण को वश में कर लेने पर देह के अन्य वायु भी जीत लिये जाते हैं।

शिवमहापुराण में योगविधि के गर्भ में प्राणायाम की विस्तृत महिमा गाई गई है और कहा गया है कि प्राणयाम की विधि से व्यक्ति अपनी इच्छा के अनुसार शरीर का त्याग कर सकता है।

प्राणायाम के चार भेद

प्राणायाम के प्रसंग में कहा गया है कि रेचक आदि का अभ्यास न तो द्रुत ही होना चाहिये और न विलम्बित ही। योग के साधक को चाहिये कि वह क्रमशः इनका अभ्यास करे। यह अभ्यास वायु के स्वेच्छा उत्क्रमण (स्वाभाविक विनिर्गमन) पर्यन्त ही होना चाहिये। इस प्रकार यहाँ प्राणायाम के चार विभिन्न प्रकार बतलाये गये हैं। इनके नाम हैं—कन्यक, मध्यम, उत्तम और पर। प्राणायाम का यह विभाग मात्रा एवं गुण के विभाग के आधार पर होता है। यहाँ पर इन चारों की मात्रा आदि के विषय में विवरण प्रस्तुत किया जा रहा हैः—

१. कन्यक :—

कन्यक अथवा कनिष्ठ प्राणायाम द्वादश-मात्रक एवं एक उद्घात वाला होता है। यह प्रस्वेदजनक कहा गया है अर्थात् इसके अभ्यास के समय साधक के शरीर से प्रस्वेद प्रादुर्भूत होने लगता है।

२. मध्यम :-

मध्यम प्राणायाम में दो उद्घात होते हैं। यह चतुर्विंशतिमात्रक (चौबीस मात्रावाला) कहा गया है। इसके अभ्यास के समय साधक के शरीर में कम्प होने लगता है।

३. उत्तमः—

उत्तम प्राणायाम में तीन उद्घात होते हैं। यह षट्त्रिंशत् मात्रक (छत्तीस मात्रावाला) कहा गया है। अर्थात् षट्त्रिंशत् मात्रा के काल तक इसका अभ्यास होना चाहिये। इसी प्रकार कनिष्ठ एवं मध्यम का भी अभ्यास

---

१६. अगर्भश्च सगर्भश्च प्राणायामो द्विधा स्मृतः।
जपं ध्यानं विनाऽगर्भः सगर्भस्तत्समन्वयात् ।।
अगर्भाद्गर्भसंयुक्तः प्राणायामः शताधिकः।
तस्मात् सगर्भं कुर्वन्ति योगिनः प्राणसंयमम् ।। शिव० ७, २, ३७, ३३-३४।

क्रमशः द्वादश एवं चतुर्विंशति मात्रा के काल तक कहा गया है। इसके अभ्यास के समय आनन्द, निद्रा, रोमांच एवं नेत्राश्रु-विमोचन होता है[१७]।

४. परप्राणायाम

'पर' प्राणायाम के समय योगी को जल्प, भ्रमण एवं मूर्च्छा आदि होता है। यह कितनी मात्रा और उद्घात का होता है इसके विषय में शिव महापुराण में कोई उल्लेख नहीं है। क्रम को देखते हुए यह अष्ट चत्वारिंशत् (४८) मात्रा का होगा। इसमें उद्घात भी चार होने चाहिये[१८]।

---

१७. कन्यकस्तु चतुर्द्वा स्यात् स च द्वादशमात्रकः।
मध्यमस्तु द्विरुद्धातश्चतुर्विंशतिमात्रकः ॥ शिव० ७, २, ३७, २८।
उत्तमस्तु त्रिरुद्धातः षट्त्रिंशन्मात्रकः परः। वही, ७, २, ३७, २९।

(क) तुलना कीजिये—कनीयसि भवेत्स्वेदः कम्पो भवति मध्यमे।
उत्तमे स्थानमाप्नोति ततो वायुं निबन्धयेत् ॥ हठ,० २, श्लो० १२।

(ख) तुलना कीजिये—प्राणायामस्य मानं तु मात्रा द्वादशकं स्मृतम्।
नीचो द्वादशमात्रस्तु सकृदुद्धात ईरितः।
मध्यमस्तु द्विरुद्धातश्चतुर्विंशतिमात्रकः।
मुख्यस्तु यस्त्रिरुद्धातः षट्त्रिंशन्मात्र उच्यते ॥
प्रस्वेदकम्पनोत्थानजनकश्च यथाक्रमम्। लिंग०, हठ०, २, १२, की टीका से।

(ग) तुलना कीजिये—सकृदुद्घातः स वै द्वादशमात्रिकः।
मध्यमश्च द्विरुद्धातश्चतुर्विंशतिमात्रकः ॥
उत्तमश्च त्रिरुद्घातः षट्त्रिंशत्तालमात्रिकः।
स्वेदकम्पाभिघातानां जननश्चोत्तमोत्तमः ॥ अग्नि०, ३७३, ११

(घ) तुलना—मन्दो द्वादशमात्रस्तु मात्रालघ्वक्षरा मता।
मध्यमो द्विगुणः पूर्वादुत्तमस्त्रिगुणस्ततः।
स्वेदकंपविषादं च जनयेत् क्रमशस्त्वसौ। काशी०, ४१, ७६-७७।

१८. जल्पभ्रमणमूर्च्छाद्यं जायते योगिनः परम्। शिव० ७, २, ३७, ३०।

टिप्पणीः—अग्निपुराण, लिङ्गपुराण, हठयोग प्रदीपिका एवं गोरक्षनाथ (इनके मत का उल्लेख हठयोग-प्रदीपिका के उपदेश २, श्लोक १२ की टीका में हुआ है) आदि के मत से प्राणायाम के कनिष्ठ, मध्यम और उत्तम ये तीन ही भेद हैं, किन्तु शिव महापुराण प्राणायाम के उक्त तीनों भेदों से पूर्ण सहमत होते हुये भी उनमें एक और 'पर' नामक भेद जोड़ता है; किन्तु इसकी मात्रा और उद्घात का इसमें उल्लेख नहीं हुआ है।

'क'-मात्रा

शिव महापुराण के अनुसार मात्रा का वही काल है जितनी देर में जानु की प्रदक्षिणा कर (जानु के चतुर्दिक् हाथ घुमा कर) अंगुलिस्फोटन (चुटकी बजाना) किया जाता है। इस क्रिया में न तो शीघ्रता करनी चाहिए और न विलम्ब ही[१९]।

(ख) उद्घातः—

जब उत्सर्पमाण (ऊपर उठने वाले) प्राण के द्वारा अपान वायु पीडित होकर ऊपर की ओर चढ़ता है और वहाँ से पुनः निर्वर्तित होता है तो वही

१९. जानुं प्रदक्षिणीकृत्य न द्रुतं न विलम्बितम्।
अंगुलिस्फोटनं कुर्यात्सा मात्रेति प्रकीर्तिता ॥ शिव० ७, २, ३७, ३१।

टिप्पणी:—अग्नि पुराण के अनुसार मात्रा तालमात्रिक, अर्थात् एक ताल बजाने के काल की होती है:—

श्लोकः—उत्तमश्च त्रिरुद्घातः षट्त्रिंशत्तालमात्रिकः। ३७३, ११।
किन्तु याज्ञवल्क्य के अनुसार मात्रा का काल इससे भी बड़ा होता है, उनके अनुसार जो समय तीन बार अंगुष्ठाङ्गुलिमोक्ष (चुटकी बजाना), तीन बार जानुपरिमार्जन तथा तीन ताल बजाने में लगता है वही मात्रा है:—

श्लोकः—अङ्गुष्ठाङ्गुलिमोक्षं त्रिस्त्रिर्जानुपरिमार्जनम्।
तालत्रयमपि प्राज्ञा मात्रासंज्ञां प्रचक्षते ॥ याज्ञ०।
स्कन्दपुराण में मात्रा के विषय में दो मत उल्लिखित किये गये हैं। प्रथम मत के अनुसार मात्रा एक श्वासमयी कही गई है—'एकश्वासमयी मात्रा प्राणायामो निगद्यते' (काशीखण्ड, ४१, ९०)। द्वितीय मत के अनुसार जानु की प्रदक्षिणा करके चुटकी बजाने (छोटिका) का जो काल है वही मात्रा कही गई है, किन्तु इस क्रिया में न तो शीघ्रता होनी चाहिये और न विलम्ब ही :—'जानुं प्रदक्षिणीकुर्यान्न द्रुतं न विलम्बितम्। प्रदद्याच्छोटिकां यावत्तावन्मात्रेति गीयते। (हठयोगप्रदीपिका, २, श्लो० १२ की टीका से)। योगचिन्तामणि में इसकी व्याख्या करते हुए कहा गया है कि सुप्त पुरुष का श्वास जितने काल में जाता एवं आता है वही काल प्राणायाम की मात्रा कही गई है। (हठयोगप्रदीपिका के उक्त स्थल से)।
इस प्रकार मात्रा के विषय में शिवमहापुराण का ही वचन, बहुमत सम्मत होने के कारण, प्रमाणभूत जान पड़ता है। इस तरह छोटिकावच्छिन्न (चुटकी बजाने का) काल ही मात्रा का परिमाण है।

उद्घात कहा जाता है। यही उद्घात का लक्षण है[२०]।

प्रस्वेद आदि आभ्यन्तर के उपलक्षक

प्राणायाम के समय प्रादुर्भूत प्रस्वेद, कम्प एवं जल्प, मूर्च्छा आदि लक्षणों से योगी के अन्तःकरण के भाव परिलक्षित होते हैं।

अन्य वायु का विवरण

प्राणायाम के विश्लेषण को आगे बढ़ाते हुये कहा गया है कि "प्राण" के जीत लिये जाने पर प्राण (अर्थात् प्राण के भेद एवं उपभेद, अपान, समान, उदान एवं व्यान नामक देह वायु) स्वयं जीत लिये जाते हैं[२१]। प्राण के अन्तर्गत ही नाग, कूर्म, कृकर, देवदत्त, धनंजय नामक पंचवायु, समाहित होते हैं और ये प्राण के विभिन्न कार्यों का सम्पादन करते हैं। प्रयाण (शीघ्र गति) करने के कारण ये प्राण कहे जाते हैं। जो कुछ आहारादिक खाया जाता है, उसे अवाङ् नयन (नीचे ले जाने) के कारण ही वायु को अपान वायु कहते हैं। व्यान उस वायु को कहते हैं जो सम्पूर्ण अंगों का व्याप्त एवं वर्धित करता है। मर्म स्थानों को उद्वेजित (To affect) करने वाले वायु को "उदान" एवं सम्पूर्ण अंगों में समान रूप से रक्त आदि का संचार करने वाले वायु को समान कहते हैं[२२]।

क्रमशः अभ्यास किया जाता हुआ यह प्राणायाम सम्पूर्ण दोषों को विनष्ट कर कर्ता (योगी) के शरीर की रक्षा करता है। जिसने प्राणों को सम्यक् रूप से विजित कर लिया है उसके शरीर में विष्ठा, मूत्र और श्लेष्मा का अल्पभाव

---

२०. प्राणेनोत्सर्पमाणेन अपानः पीड्यते यदा।
गत्वा चोर्ध्वं निवर्तेत एतदुद्घातलक्षणम् ॥ हठयोग० २, श्लोक० १२ की टीका से।

२१. प्राणस्य विजयादेव जीयन्ते देहवायवः।
प्राणोऽपानः समानश्च ह्युदानो व्यान एव च ॥ शिव० ७, २, ३७, ३५।

२२. नागः कूर्मश्च कृकरो देवदत्तो धनंजयः।
प्रयाणं कुरुते यस्मात्तस्मात्प्राणोऽभिधीयते ॥
अवाङ्नयत्यपानाख्यो यदाहारादि भुज्यते।
व्यानो व्यानशयत्यंगान्यशेषाणि विवर्धयन् ॥
उद्वेजयति मर्माणीत्युदानो वायुरीरितः।
समं नयति सर्वाङ्गं समानस्तेन गीयते ॥ शिव० ७, २, ३७, ३६-३८।

हो जाता है और उसके भोजन का सामर्थ्य बढ़ जाता है। उसका शरीर लघु हो जाता है उसमें शीघ्रगामिता एवं उत्साह आ जाता है। उसका स्वर सौष्ठव पूर्ण हो उठता है। उस योगी के सम्पूर्ण रोग विनष्ट हो जाते हैं। उसमें बल, तेज, सुरूपता, धृति, मेधा युवत्व, स्थिरता तथा प्रसन्नता आ जाती है। तपस्या, पापक्षीणता, यज्ञ, दान, व्रतादि ये सभी मिलकर भी प्राणायाम की षोडशी कला की तुलना भी नहीं कर सकते हैं।

५. प्रत्याहार :—

सांसारिक वस्तुओं में लगे हुये मन का प्रत्यावर्तन ही प्रत्याहार कहा गया है, अर्थात् प्रत्याहार का अर्थ है इन्द्रियों को अपने अपने बाह्यविषयों से खींच कर हटाना और उन्हें मन के वश में रखना। जब इन्द्रियां पूर्णतः मन के वश में आजाती हैं तब वे अपने स्वाभाविक विषयों से हटकर मन की ओर लग जाती हैं। इस अवस्था में, आंख, कान के सामने सांसारिक विषयों के रहते हुये भी हम उन्हें देख सुन नहीं सकते। रूप, रस, गन्ध, शब्द या स्पर्श का कोई भी प्रभाव मन पर नहीं पड़ता। यह अवस्था बहुत ही कठिन है, तथापि असंभव नहीं। एतदर्थ अत्यन्त दृढसंकल्प ओर घोर इन्द्रिय निग्रह की साधना आवश्यक है।

६. धारणा

संक्षेप में चित्त का स्थानबन्ध ही धारणा है। चित्त को स्थिरता पूर्वक लगाने के लिये एकमात्र परमात्म-शिव ही स्थान हैं, दूसरा कोई नहीं है। क्योंकि शिवातिरिक्त सभी वस्तुयें दोषत्रयात्मक हैं। धारणा से मन में स्थैर्य उत्पन्न होता है। अतः धारणा के अभ्यास से मन को धीर करना चाहिये। यही योग की असल कुञ्जी है। इसी को सिद्ध करने वाला समाधि अवस्था तक पहुँच सकता है[२३]। धारणा की उचित अवस्था में मन एकक्षण के लिए भी अपने लक्ष्य शिव, से विचलित नहीं होता है।

७. ध्यान :—

'ध्यै' चिन्तायां, अर्थात् चिन्तार्थक 'ध्यै' धातु से ध्यान शब्द की निष्पत्ति हुई है। अतः अव्याक्षिप्त मन से शिव-विषयक, मुहुर्मुहुः चिन्ता का ही नाम ध्यान है। ध्येयमें अवस्थित चित्त का प्रत्ययान्तर रहित सदृश प्रत्यय (अपने को

---

२३. धारणा नाम चित्तस्य स्थानबन्धः समासतः। शिव०, ७, २, ३७, ४८।

तुलना—'देशबन्धश्चित्तस्य धारणा, योगसूत्र।

शिव समान मानना) ही ध्यान कहा गया है [२४]। इस संसार में सब कुछ छोड़ कर देवाधिदेव शिव ही परम ध्येय (ध्यान करने योग्य) कहे गये हैं।

ध्यान के द्वारा विषय का सुस्पष्ट ज्ञान हो जाता है। पहले भिन्न-भिन्न अंशों या स्वरूपों का बोध होता है, तदनन्तर अविराम ध्यान के द्वारा सम्पूर्ण चित्र सामने आ जाता है और उस वस्तु के असली रूप का दर्शन हो जाता है। इस तरह योगी के मन में ध्यान के द्वारा ध्येय वस्तु का यथार्थ स्वरूप प्रकट हो जाता है।

ध्याता, ध्यान, ध्येय और ध्यान का प्रयोजन, इन चारों बातों को जानकर ही योग वेत्ता को योगाभ्यास करना चाहिये। ध्यान करने वाले पुरुष को ज्ञानवैराग्यसंपन्न, श्रद्धालु, क्षमावान्, निर्मम एवं सदा उत्साही होना चाहिये। जप से श्रान्त होने पर ध्यान करना चाहिये और ध्यान से श्रान्त होने पर पुनः जप करना चाहिये। इस प्रकार जप एवं ध्यान में लीन रहने वाले व्यक्ति को शीघ्र ही योग की सिद्धि होती है।

परमात्म-शिव का तत्तत्स्थानों में आसन एवं ध्यान

साधक को नासाग्र, नाभि, कण्ठ, तालुरन्ध्र, भ्रूमध्य, ललाट, मूर्द्धा आदि स्थानों में कमलासन पर विराजमान शिव एवं शक्ति की कल्पना कर उनका ध्यान करना चाहिये। उनका परमासन सावरण तथा निरावरण भी होता है। परमात्म-शिव का यह कमलासन द्विदल, षोडशार, द्वादशार, दशार, षडस्र अथवा चतुरस्र होना चाहिये। भ्रू (भौंह) के मध्य का कमलासन द्विदल एवं विद्युत की भाँति उज्ज्वल होना चाहिये। इसी प्रकार से अन्य, विभिन्न रूप से पत्रसंख्या वाले, कई कमलासनों की कल्पना की गई है यहाँ यह भी स्मरणीय है कि इन कमलों के पर्ण मूल से लेकर अवसान तक वर्ण (ककारादि अक्षर) से अंकित होने चाहिये, अर्थात् ये अक्षर ही उन कमलों के पर्ण रूप में कल्पित होने चाहिये। किसी कमलासन पर ककरादि टकारान्त वर्ण होने चाहिये तो किसी पर डादि फान्त वर्णों का उल्लेख कल्पित होना चाहिये। इसी प्रकार बहुत सी विधियाँ वहाँ लिखी हैं।

---

२४. अव्याक्षिप्तेन मनसा ध्यानं नाम तदुच्यते ।
ध्येयावस्थितचित्तस्य सदृशः प्रत्ययश्च यः ।। शिव० ७, २, ३७, ५२।
प्रत्ययान्तरनिर्मुक्तप्रवाहो ध्यानमुच्यते ।
सर्वमन्यत् परित्यज्य शिव एव शिवङ्करः ।। वही, ७, २, ३७, ५३।
तुलना कीजिये–'तत्र प्रत्ययैकतानता ध्यानम्' ।। योगसूत्र ।

षट्चक्र

कैलाससंहिता के अनुसार ऊपर निर्दिष्ट कमलासनों की संख्या छह है। इन्हीं को षट्चक्र भी कहते हैं। इनके नाम इस प्रकार हैं—(१) मूलाधार (२) स्वाधिष्ठान, (३) मणिपूरक, (४) अनाहत, (५) विशुद्ध और (६) आज्ञा-चक्र[२५]। ये षट्चक्र विद्युत् कोटि के समान प्रकाशनमान, सर्वतेजोमय एवं उत्कृष्ट बतलाये गये हैं। इन्हीं के बीच सच्चिदानन्दविग्रह, परमात्म-शिव का ध्यान करना चाहिये।

यहाँ इन षट्चक्रों का विवरण, जो कि शिव महापुराण में सूत्र रूप से निर्दिष्ट है, ग्रन्थान्तर की सहायता से किञ्चिद् विस्तार के साथ दिया जा रहा है। इससे शिवमहापुराण के अभिप्राय को समझने में पर्याप्त सहायता मिलेगी।

(१) मूलाधार

सुषुम्णा नाडी के मुखभाग से संलग्न, लिंगमूल के नीचे, गुदा के ऊपर, मूलाधार पद्म की स्थिति होती है। इस कमल के सुवर्णाभ, चार, व, श, ष, स, वर्णरूप पत्र बतलाये गये हैं[२६]। वर्णों की स्थिति दक्षिणावर्त रूप से कल्पित की गई है[२७]। यहाँ पर शिशुरूप चतुर्भुज ब्रह्मा के ध्यान का विधान किया गया है[२८]। इस चक्र में स्वयम्भु नामक शिवलिंग की स्थिति बतलाई गई है। यहाँ डाकिनी नामक शक्ति पंकजाधिप के रूप में निर्दिष्ट है। अन्य चक्रों के मूलाधार होने के कारण इसे मूलाधार चक्र कहते हैं।

(२) स्वाधिष्ठान

इस पद्मासन की कल्पना लिङ्गमूल स्थान में की गई है। यह सिन्दूर-वर्णाभ बतलाया गया है। इसकी स्थिति सुषुम्णा नाडी के मध्य में है। इसके

---

२५. मूलादिब्रह्मरन्ध्रान्तं षट्चक्रं परिचिन्तयेत् ।
विद्युत्कोटिसमप्रख्यं सर्वतेजोमयं परम् ॥ शिव० ६, ४, ७ ।
तन्मध्ये चिन्तयेन्मां च सच्चिदानन्दविग्रहम् । वही, ६, ४, ८ ।

२६. आधारपद्मं सुषुम्णास्यलग्नं ध्वजाधो गुदोर्ध्वं चतुःशोणपत्रम् ।
अधोवक्त्रमुद्यत् सुवर्णाभवर्णैर्वकारादिसान्तैर्युतं वेदवर्णैः ॥ षट्चक्र० ।

तुलना कीजिये—मूलाधारारविन्दस्य हेमाभस्य यथाक्रमम् ।
वकारादिसकारान्ता वर्णाः पर्णमयाः स्थिताः ॥ वही, ७, २, ३८, ६९ ।

२७. सर्ववर्णात्मकं पत्रं पद्मानां परिकीर्तितम् ।
दक्षिणावर्तयोगेन लिखितं चिन्तयेद्धिया ॥ षट्चक्र०, श्लो० ४ की टीका में उद्धृत "विश्वासतन्त्र" का वचन ।

तुलना—पूर्वादीनि क्रमात् ………॥ शिव० ७, २, ३८, ६६ ।

२८. सदा शिवान्ता ब्रह्माद्या ………॥ वही, ७, ३८ ७४ ।

बिजली की भाँति चमकीले षट्-ब, भ, म, य, र, ल-वर्ण पत्र के रूप में कल्पित हैं। यहाँ पर युवा विष्णु के ध्यान का विधान किया गया है। इस कमल की शक्ति का नाम है "राकिणी"[२९]।

(३) मणिपूरक :-

स्वाधिष्ठान के ऊपर, नाभि के मूल में, मणिपूरक-कमलासन की स्थिति बतलाई गई है। इसका वर्ण मेघ की कान्तिवाला है अर्थात् मेघ की भांति यह श्याम वर्ण का है। इसमें दश—ड, ढ, ण, त, थ, द, ध, न, प, फ—वर्ण रूप-पत्रों की कल्पना की गई है। इसमें वृषारूढ, रक्तवर्ण, द्विभुज, भस्मलेपन एवं शुक्लाभरण से धवलशरीर वाले, वृद्ध, रुद्र का ध्यान करना चाहिये। यहाँ की शक्ति का नाम 'लाकिनी' है[३०]।

(४) अनाहत

इसे हृदय-कमल भी कहते हैं, क्योंकि इसकी स्थिति हृदय में बतलाई गई है। यहाँ पर अनाहतशब्द (शुद्ध ब्रह्ममय) का साक्षात्कार होता है, अतः इसे अनाहत कहते हैं[३१]। हृत्पद्म बन्धूक पुष्प के वर्ण का बतलाया गया है। इसके द्वादशवर्ण—क, ख, ग, घ, ङ, च, छ, ज, झ, ञ, ट, ठ—पत्र के रूप में कल्पित हैं। इस पद्म में हंसाभ, द्विभुज, त्रिनेत्र, ईश का ध्यान करना चाहिए। इसकी शक्ति का नाम है 'काकिनी'।

---

२९. सिन्दूरपूररुचिरारुणपद्ममन्यत् सौषुम्णमध्यघटितं ध्वजमूलदेशे।
अङ्गच्छदैः परिवृतं तडिदाभवर्णैर्बाद्यैः सबिन्दुलसितैश्च पुरन्दरान्तैः॥
षट्चक्र० १४।

तुलना—दशारे वा षडस्रे वा चतुरस्रे शिवं स्मरेत्। शिव० ७, २, ३८, ६४।

३०. तस्योर्ध्वे नाभिमूले दशदललसिते पूर्णमेघप्रकाशे नीलाम्भोजप्रकाशैरुपहितजठरे डादिफान्तैः सचन्द्रैः॥ षट्चक्र० १९॥
ध्यायेन्मेषाधिरूढं नवतपननिभं वेदबाहूज्वलांगं तत्क्रोडे रुद्रमूर्तिर्निवसति सततं शुद्धसिन्दूररागः। षट्चक्र० २०॥

तुलना—दशारे वा षडस्रे वा चतुरस्रे शिवं स्मरेत्। शिव० ७, २, ३८, ६४।
गोक्षीरधवलस्योक्ता डादिफान्ता यथाक्रमम्। वही, ७. २, ३८, ६८।

टिप्पणी—इससे प्रतीत होता है कि पुराणकार को मणिपूरक पद्म का रंग धवल अभीष्ट है।

३१. षट्चक्र०, श्लो० २२ से २७ तक।

तुलना—ककारादिठकारान्ता वर्णाः पर्णान्यनुक्रमात्।
भानुवर्णस्य पद्मस्य ध्येयं तद्धृदयान्तरे॥ शिव० ७, २, ३८, ६७।

(५) विशुद्ध चक्र

विशुद्ध चक्र की स्थिति कण्ठदेश में बतलाई गई है। जीव की विशुद्धि का विस्तार करने के कारण ही इसे विशुद्ध चक्र कहा गया है। विशुद्ध पंकज का वर्ण धूम्र बतलाया गया है। सम्पूर्ण अकारादि विसर्गान्त षोडश स्वर इसके पत्र कहे गये हैं। यहां अर्द्धनारीश्वर, हिमाभ, शुक्लवर्ण, त्रिनेत्र, पंचमुख, दशभुज, व्याघ्रचर्म से आच्छन्न, परमात्म-शिव का ध्यान विहित है। इसकी शक्ति का नाम 'शाकिनी' है[३२]।

(६) आज्ञाचक्र

इस चक्र की स्थिति दोनों भ्रुकुटियों के मध्य में बतलाई गई है। यहीं से भ्रुकुटियों को प्रेरणा प्राप्त होती है, अतः इसे आज्ञा चक्र कहते हैं[३३]। इस कमल का वर्ण चन्द्रमा की भांति शुक्ल बतलाया गया है। इसके विद्युत् के समान वर्ण वाले दो वर्ण—ह, क्ष—पर्ण के रूप में कल्पित किये गये हैं। इसमें परमात्म-शिव (सशक्तिक शिव) निवास करते हैं, अतः उनका ध्यान करना चाहिये। यहीं पर परमात्म-शिव से नीचे सूक्ष्मरूप मन और इसके भी नीचे विद्युदाकार, प्रणवाकृति, प्रदीपाभज्योति, अपने तेज से मूलादि ब्रह्मरन्ध्र तक का प्रकाशक अन्तरात्मा रहता है। चक्राधिप शक्ति का नाम है 'हाकिनी'[३४]।

उपर्युक्त कमलासनों में जहाँ भी मन अभिरत हो जाय वहीं पर बुद्धि को शान्त करके देव एवं देवी का अर्थात् सशक्तिक शिव का ध्यान करना चाहिये[३५]।

ध्यान का क्रम

योग मार्ग पर आगे की ओर बढ़ने के लिये यह आवश्यक है कि ध्यान-कर्ता शिवशास्त्र में विनिश्चित विभिन्न प्रकार की स्थूल, सूक्ष्म, सूक्ष्मतर एवं

---

३२. षट्चक्र० ३२ से ३८ तक।

तुलना—षोडशारस्य पत्राणि स्वराः षोडश तानि वै।
पूर्वादीनि क्रमादेतत् पद्मं कन्दस्य मूलतः ।। शिव० ७, २, ३८, ६६ ।।

३३. आज्ञासंक्रमणं तत्र भ्रुवो राज्ञेति कीर्तितम्। षट्चक्र०, श्लो० ३२ की टीका से।

३४ षट्चक्र० श्लोक, ३२ से ३८ तक।

तुलना—भ्रुवोरन्तरतः पद्मं द्विदलं तडिदुज्ज्वलम्।
भ्रूमध्यस्थारविन्दस्य क्रमाद्वै दक्षिणोत्तरे।
विद्युत्समानवर्णे च पर्णे वर्णावसानके ।। शिव० ७, २, ३८, ६५।

३५. एतेष्वरविन्देषु यत्रैवाभिरतं मनः।
तत्रैव देवं देवीं च चिन्तयेद्धीरया धिया ।। वही, ७, २, ३८, ७६।

सूक्ष्मतम शिव की मूर्तियों का पहले ध्यान करे। ध्यान का यह क्रम उत्तरोत्तर सूक्ष्मावस्था की ओर बढ़ता है। ये मूर्तियां चारों ओर से दीप्यमान, शुद्धदीप-शिखाकार, अपनी शक्ति से पूर्णमण्डित, अंगुष्ठमात्र, अथवा इन्दुरेखा-समाकार अथवा तारारूप अथवा नीवार शूकशदृश (तिन्नी धान की नोक की तरह), विससूत्राभ (कमल-दण्ड के सूत की तरह आभावाला) अथवा कदम्ब-गोलकाकार अथवा तुषारकणिकासदृश होनी चाहिये। ब्रह्मादि सदाशिवान्त, जैसा कि तत्तत् चक्रनिरूपण के प्रसङ्ग में बतलाया गया है, अथवा भव आदि शिव की अष्ट-मूर्तियां भी पहले ध्यान का विषय हो सकती हैं, क्योंकि ये भी परमात्म-शिव की स्थूल-मूर्तियां ही कही गई हैं। मन की स्थिरता के लिये, कुछ लोग स्थूल ध्यान करते हैं। जब मन स्थूल वस्तु पर निश्चल हो जाता है तब वह सूक्ष्म पर स्थिर होता है। अतः साधक को सर्वप्रथम स्थूल लक्ष्य पर ही मनको लगाना चाहिये।

सविषय एवं निर्विषय ध्यान

इस प्रकार आदि में ध्यान सविषय (With an object) होना चाहिए। सविषय ध्यान में प्रवीण होने पर निर्विषय (Objectless) ध्यान का अवलम्बन करना चाहिए[३६]। किन्तु शिव महापुराण का कहना है कि विद्वान् पुरुषों का मत तो यही है कि "निर्विषय ध्यान" होता ही नहीं[३७]। ध्यान के विषय में कहा गया है कि बुद्धि की कोई सन्तति (Stretching out) ही है, जिसे ध्यान कहा जाता है[३८]। अतः निर्विषयक ध्यान में केवल बुद्धि ही प्रवर्तित (प्रवाहित) होती है[३९]।

परमार्थतः जिसे निर्विषय ध्यान कहा जाता है वह सूक्ष्माश्रय ध्यान ही है न कि निर्विषय। अथवा परमात्म-शिव के किसी विशेष रूप का आश्रयण कर किया गया ध्यान सविषय एवं निराकारात्मसंवित्ति (Extension of the knowledge of self) ही निर्विषय ध्यान कहा गया है। यही सविषय एवं निर्विषय ध्यान क्रमशः सबीज एवं निर्बीज ध्यान भी कहा गया है।

ध्यान का महत्त्व

प्राणायाम से शान्ति, प्रशान्ति, दीप्ति एवं प्रसाद तथा शम की उपलब्धि होती है। ध्यान एवं प्राणायाम के परिणामस्वरूप मन एकदम निर्मल हो जाता है

---

३६. ध्यानमादौ सविषयं ततो निर्विषयं जगुः ॥ शिव० ७, २, ३६, ४।

३७. तत्र निर्विषयं ध्यानं नास्तीत्येव सतां मतम्। वही, ७, २, ३६, ५।

३८. बुद्धेर्हि सन्ततिः काचिद्ध्यानमित्यभिधीयते ॥ वही, ७, २, ३६, ५।

३९. तेन निर्विषया बुद्धिः केवलेह प्रवर्तते। वही, ७, २, ३६, ६।

और शिव सम्बन्धी विचार मुहुर्मुहुः इसमें तरंगित होने लगते हैं। जैसा पहले भी कहा गया है कि 'ध्यान' अन्य कुछ न होकर केवल बुद्धिप्रवाह रूप ही है। उक्त ध्यान के एकमात्र अवलम्बन ध्येय, स्वयं शम्भु शिव ही, विद्वानों के द्वारा कहे गये हैं[४०]। ध्यान के द्वारा प्रसन्नता और मोक्ष दोनों ही प्राप्त होते हैं। अतः कल्याणार्थी को अवश्य ही ध्यान के अवलम्बन का प्रयत्न करना चाहिये। इस संसार में ध्यान से अधिक महत्त्वपूर्ण दूसरी वस्तु नहीं है। ध्यान करने वाले साधक परमात्म-शिव को बहुत अधिक प्रिय हैं अपेक्षा उनके जो कि केवल धार्मिक कृत्य का ही संपादन करते हैं अर्थात् अन्य धार्मिक कृत्यों की अपेक्षा-ध्यान बहुत श्रेष्ठ है। अतः शिव महापुराण का मत है कि निःश्रेयस्-सिद्धि के लिये प्राणी अवश्य ध्यान करे[४१]।

८. समाधि

योग साधन की अन्तिम सीढ़ी है समाधि। समाधि से सर्वत्र प्रज्ञालोक (Intuitive wisdom) प्रवर्तित होता है[४२]। समाधि में अर्थमात्र (ध्येय-मात्र) का अभास होता है। उस समय अपने स्वरूप का बिलकुल ही भान नहीं होता तथा योगी की स्थिति एकदम स्तिमित उदधि के समान होती है[४३]। समाधिस्थ योगी न कुछ सुनता है, न किसी वस्तु का आघ्राण करता है। वह न तो बोलता और न देखता ही है। उसे किसी भी स्पर्श का ज्ञान भी नहीं होता और न तो उसका मन संकल्प एवं विकल्प ही करता है। वह अभिमान भी नहीं करता। उसकी स्थिति पूर्णरूप से काष्ठवत् होती है। इस प्रकार से परमात्म-शिव में आत्मा का विलीनीकरण ही समाधिस्थ होना है[४४]।

जिस प्रकार निर्वात् स्थान में स्थापित दीपक कभी भी स्पन्दित नहीं होता उसी प्रकार समाधिनिष्ठ व्यक्ति भी उससे विचलित नहीं होता। इस प्रकार से उत्तम योग का अभ्यास करने वाले योगी के सम्पूर्ण विघ्न शनैः-शनैः विनष्ट हो जाते हैं।

---

४०. बुद्धिप्रवाहरूपस्य ध्यानस्यास्यावलम्बनम्।
ध्येयमित्युच्यते सद्भिस्तच्च शम्भुः स्वयं शिवः। शिव०, ७, २, ३९, १९।

४१. नास्ति ध्यानसमं तीर्थं नास्ति ध्यानसमं तपः।
नास्ति ध्यानसमो यज्ञस्तस्माद्ध्यानं समाचरेत्॥ वही, ७, २, ३९, २८।

४२. समाधिर्नाम योगांगमन्तिमं परिकीर्तितम्।
समाधिना च सर्वत्र प्रज्ञालोकः प्रवर्तते॥ वही, ७, २, ३७, ६१।

४३. यदर्थमात्रनिर्भासं स्तिमितोदधिवत् स्थितम्।
स्वरूपशून्यवद्भानं समाधिरभिधीयते॥ वही, ७, २, ३७, ६२।

४४. एवं शिवे विलीनात्मा समाधिस्थ इहोच्यते॥ वही, ७, २, ३७, ६५,।

योगगत विघ्नों पर विजय आवश्यक है

यहाँ यह भी ध्यान देना है कि जब योगी योग का अभ्यास प्रारंभ करता है तब उसके मार्ग में बहुत से विघ्न उत्पन्न होकर उसे मार्ग से विचलित करने का प्रयत्न करते हैं। ऐसी अवस्था में उनको विना वश में किये उद्देश्य-सिद्धि असम्भव है। अतः उनपर विजय प्राप्त करना योगी के लिये अनिवार्य है।

सामान्य विघ्न

योग में उत्पन्न होने वाले कुछ विघ्न ये हैं :– आलस्य, तीव्र व्याधियां, प्रमाद स्थानसंशय (ध्येयसन्देह), अनवस्थितचित्तत्व, अश्रद्धा, भ्रान्ति–दर्शन, दुःख, दौर्मनस्य, विषयों की ओर आकर्षण। ये दश योगाभ्यासी के लिए अन्तराय कहे गये हैं। आलस्य दैहिक एवं चित्तसम्बन्धी द्विविध होता है। दोष (सम्भवतः आलस्य) धातु–वात, पित्त, कफ–के वैषम्य से उत्पन्न होता है और व्याधियां कर्मदोष से उत्पन्न होती हैं[४५]।

योग साधना के उपायों का उपयोग न करना ही प्रमाद है। ध्येय के विषय में संशय होना ही स्थानसंशय कहा गया है। मन की अप्रतिष्ठा अनवस्थिति कही गई है। योगमार्ग में, भावरहित वृत्ति ही अश्रद्धा कही गई है। विपर्यस्त मति का ही नाम भ्रान्ति है। अज्ञान से उत्पन्न होने वाला, चित्त सम्बन्धी दुःख, आध्यात्मिक दुःख कहा गया है। पुराकृत कर्मों के परिणाम-स्वरूप शारीरिक दुःख ही आधिभौतिक दुःख कहा गया है। वज्र, अग्नि एवं विषादि से उत्पन्न होने वाला दुःख आधिदैविक दुःख कहा गया है[४६]।

इच्छा के विघात से उत्पन्न होने वाला क्षोभ ही दौर्मनस्य कहा गया है। विचित्र विषयों में विभ्रम होना ही लोलता है।

सिद्धि-सूचक विघ्न

इन विघ्नों के शान्त होने पर योगासक्त योगी के मार्ग में सिद्धिसूचक दिव्य उपसर्ग प्रवर्तित होते हैं अर्थात् सिद्धिसूचक अन्य विघ्न उपस्थित होते हैं[४७]। ये विघ्न निम्न हैं : –प्रतिभा, श्रवण, वार्ता, दर्शन, आस्वाद, वेदना। ये षड् (छः) उपसर्ग योग के व्यय के लिये हुआ करते हैं।

१ प्रतिभा :—सूक्ष्म, व्यवहित, अतीत, विप्रकृष्ट, अनागत वस्तुओं का यथातथ प्रतिभास (ठीक-ठीक प्रतीति) ही प्रतिभा कही जाती है। एक स्थान

---

४५. धातुवैषम्यजा दोषा व्याधयः कर्मदोषजाः ।। शिव०, ७, २, ३८, ३।

४६. वही, ७, २, ३८, ७ ।।

४७. शान्तेष्वेतेषु विघ्नेषु योगासक्तस्य योगिनः।
उपसर्गाः प्रवर्तन्ते दिव्यास्ते सिद्धिसूचकाः ।। वही, ७, २, ३८, ९।

पर बैठा योगी अपनी प्रतिभा के बल पर संसार के किसी भी स्थान पर वर्तमान किसी भी वस्तु का ठीक-ठीक ज्ञान प्राप्त कर लेता है।

२. श्रवण :- श्रवण के द्वारा बिना प्रयत्न के ही सम्पूर्ण शब्दों का श्रवण होता है।

३. वार्ता :—वार्ता के माध्यम से संसार के सम्पूर्ण प्राणियों के विषय की बातें ज्ञात होती हैं।

४. दर्शन :—दर्शन के द्वारा प्रयत्न के बिना ही दिव्य वस्तुओं का दर्शन होता है।

५. आस्वाद :—आस्वाद के द्वारा, विना प्रयत्न के ही, दिव्य रसों का आस्वाद होता है।

६. वेदना :—संसार के सम्पूर्ण दिव्य गन्ध एवं दिव्य वस्तुओं के स्पर्श का ज्ञान वेदना के द्वारा होता है।

इस प्रकार योगी सम्पूर्ण आश्चर्यजनक शक्तियों को प्राप्त करता है, एवं अपनी इच्छानुसार संसार के सभी पदार्थों पर पूर्ण अधिकार रखता है[४८]।

इस तरह शिव महापुराण में योगियों की बहुत सी दिव्य सिद्धियां वर्णित हैं। उनका वर्णन अत्यधिक विस्तृत एवं अनावश्यक होने के कारण यहां नहीं किया जा रहा है। ये सिद्धियां, जिन्हें शिव महापुराण में उपसर्ग की संज्ञा दी गई है, योगी को योग से, महायोग से, जिसे शिवतादात्म्य कहते हैं, की ओर बढ़ने में बाधक होती हैं। इनके प्रलोभन में पड़कर साधक अपने चरम लक्ष्य से वंचित रह जाता है। यही कारण है कि योगदर्शन (पुराणवर्णित एवं पातंजल योगदर्शन) का कड़ा आदेश है कि साधक इन सिद्धियों के लोभ में कभी भी न पड़े। जो इन सिद्धियों को तृण के समान समझ कर इनका परित्याग कर देता है, उसे ही परायोगसिद्धि की प्राप्ति होती है[४९]। योग का लक्ष्य मुक्ति-प्राप्ति है। साधक को अलौकिक ऐश्वर्यों की चकाचौंध में नहीं पड़ना चाहिये, नहीं तो वह पथभ्रष्ट हो जाता है। साधक को चाहिये कि वह सिद्धियों के फेर में न पड़कर आगे बढ़ता जाय और अन्तिम लक्ष्य (पूर्ण मुक्ति) तक पहुँच जाय।

---

४८. पातंजल योगदर्शन में—अणिमा, लघिमा, महिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, वशित्व, ईशित्व, यत्रकामावसायित्व—ये अष्ट सिद्धियां योगविघ्नकारिणी बतलाई गई हैं।

४९. तस्माद् गुणांश्च भोगांश्च देवासुरमहीभृताम्।
तृणवदद्यस्त्यजेत्तस्य योगसिद्धिः परा भवेत्॥ शिव० ७, २, ३८, ४४।

योग का अधिकारी

जिस व्यक्ति का मन दृष्ट एवं आनुश्रविक (वेदवर्णित) पदार्थों अथवा उपायों से विरक्त हो जाता है उसी का योग में अधिकार होता है, अन्य किसी का नहीं[५०]।

पातंजल योग से उक्त योग की तुलना

शिव महापुराण में वर्णित योगांगों एवं पातंजल योगसूत्र में वर्णित योगांगों की विधियों में कोई विशेष अन्तर नहीं है। शिव महापुराण योग की अधिकांश बातों के लिए पातंजल योगसूत्र का ऋणी है। इस बात की सूचना स्वयं शिवमहापुराण में ही उपलब्ध है। अन्य तात्त्विक समता के अतिरिक्त पातंजल योगसूत्र का स्पष्ट शब्दों में वहां निर्देश भी किया गया है[५१]।

किन्तु कहीं-कहीं शिवमहापुराण पातंजल योगसूत्र से एक भिन्न दृष्टिकोण भी प्रस्तुत करता है। उदाहरणार्थ शिव महापुराण में बतलाया गया है कि "पर" प्राणायाम के समय साधक को जल्प, भ्रमण एवं मूर्छा आदि होता है। इसी तरह कई शारीरिक विकार भी वहाँ बतलाये गये हैं। किन्तु पातंजल योगसूत्र में ऐसी बातें घटित नहीं होतीं और न इनका वहाँ वर्णन ही है।

शिव महापुराण और पातंजल योगसूत्र में दूसरा वैभिन्न्य वहाँ दृष्टिगोचर होता है, जहाँ पर शिव महापुराण में कहा गया है कि योगी (साधक) जब योग की मुद्रा में बैठे तो वह अपनी दृष्टि को नासिकाग्र पर एकत्रित (Fixed) करे और इतस्ततः दिशाओं की ओर अपनी दृष्टि न ले जाय। पातंजलयोगसूत्र में योग की इस मुद्रा का वर्णन नहीं किया गया है।

इसके अतिरिक्त सर्वाधिक उल्लेख्य अन्तर यह है कि पतंजलि का योगसूत्र, सर्वप्रथम, मन को स्थूल जागतिक पदार्थों पर केन्द्रित होने को कह कर, पुनः तन्मात्राओं, इन्द्रियों एवं अहङ्कार पर, क्रमशः बढ़ने (केन्द्रित होने) की सम्मति देता है तब शिव महापुराण के शैवयोग का योगी शिवस्वभाव का ही

---

५०. दृष्टे तथानुश्रविके विरक्तं विषये मनः।
यस्य तस्याधिकारोऽस्ति योगे नान्यस्य कस्यचित् ॥ शिव० ७, २, ३७, १२।

५१. योगशास्त्रेष्वपि तथा पुराणेष्वपि केषु च। वही, ७, २, ३७, १८।
स्वेच्छोत्क्रमणपर्यन्तः प्रोक्तो योगानुशासने ॥ वही, ७, २, ३७, २६।

ध्यान करता है[५२]। योगशास्त्र में भी यह कहा गया है कि कोई योगी, इस क्रम से न बढ़कर, ईश्वर का ही ध्यान कर सकता है। और इस ईश्वर के ध्यान से ही कोई योगी मोक्ष लाभ कर सकता है। योगशास्त्र के अनुसार योगी का ध्यानाभ्यास द्विधा होता है। प्रथम तो यह कि वह सीधे ईश्वर का ध्यान कर सकता है और दूसरी पद्धति यह है कि योगी ध्यान की क्रमिक सीढ़ियों (श्रेणियों) से सूक्ष्म से सूक्ष्मतर एवं सूक्ष्मतम की ओर बढ़ता हुआ अन्त में अपने को पूर्णरूप से प्रकृति में विलीन कर देता है जिससे कि पुनः इस संसार में उसका आगमन न हो। मन के उक्त क्रमिक विकसित होते हुए ध्यान का परिणाम यह होता है कि मन पर पड़े सांसारिक प्रभाव शनैः शनैः समाप्त हो जाते हैं। इससे ईश्वर साक्षात्कार करने में सारल्य होता है।

विषय को समाप्त करते हुये यहाँ यह लिख देना आवश्यक प्रतीत होता है कि शिव महापुराण की पूर्ववायवीय संहिता के ३२ वें अध्याय के ४५ वें श्लोक से ५६ श्लोक तक एक निश्चित एवं अस्पष्ट दार्शनिक दृष्टिकोण का वर्णन प्रस्तुत किया गया है (जो योग की एक पद्धति ज्ञात होती है) जिसके अनुसार आचरण करने से प्राणी पाशुपतज्ञान को प्राप्त कर मुक्तिलाभ करता है अर्थात् शिव के स्वाभाविक अमरत्व को प्राप्त करता है।

नादानुसन्धान

उमासंहिता के षड्विंशति अध्याय में कालवंचन (कालविजय) के प्रसंग से नादानुसन्धान का बड़ा ही मनोहारी वर्णन किया गया है। यतः नादानुसन्धान-प्रक्रिया योग का एक अंग है, अतः यहाँ उसका वर्णन कर देना आवश्यक प्रतीत हो रहा है।

योग के जानकार मनुष्य को चाहिये कि वह सम्पूर्ण प्रजा के सो जाने पर दीपकरहित अतः अन्धकाराच्छन्न, स्थान में, सुन्दर आसन पर आसीन हो, श्वास रोककर योग का अभ्यास करे[५३]। इस प्रसंग में योगी को चाहिये

---

५२. (क) समाधिपाद के सप्तदश सूत्र की व्याख्या।

(ख) चट्टोपाध्याय एवं दत्तकृत "भारतीयदर्शन" में 'योगदर्शन" (पृ० १९७), पुस्तक भण्डार पटना से प्रकाशित २ य संस्करण।

(ग) दासगुप्ताकृत—"भारतीयदर्शन का इतिहास" पंचम भाग।

श्लोक—(च) शिवस्वभाव एवैकश्चिन्त्यते निरुपाधिकः।
यथा शैवमनावृत्तिर्महायोग इहोच्यते ॥ शिव० ७, २, ३७, ११।

५३. (क) सुखासेन सुशय्यायां योगं युञ्जीत योगवित्।
दीपं विनान्धकारे तु प्रजाः सुप्तेषु धारयेत् ॥ वही, ५, २६, २४।

(ख) हठयोग० में मुक्तासन (सिद्धासन) से स्थित होने की बात कही गई है। देखिये—हठयोग० उपदेश ४, श्लोक ६७।

कि वह सर्वप्रथम एक मुहूर्त तक, तर्जनी नामक अंगुली से अपने कानों को खूब ढक कर रक्खे। ऐसा करने से वह्नि समुद्भव शब्द सुनाई पड़ता है[५४]। शास्त्रकारों के अनुसार यह अनाहत ध्वनि सुषुम्णा नाडी में सुनी जाती है। कहीं-कहीं तो अंगुष्ठ से कर्ण का, तर्जनी से नेत्र का, अन्य अवशिष्ट अंगुलियों से नासापुट एवं मुख के भी आच्छादन की बात कही गई है[५५]।

जो साधक नित्य इसी प्रकार दो घड़ी तक उक्त शब्द को सुनता है वह इच्छा और मृत्यु को जीतकर जगत् में मुक्त पर्यटन करता है। वह सर्वज्ञ एवं सर्वदर्शी होकर सम्पूर्ण सिद्धियों को प्राप्त करता है।

उक्त वह्नि समुद्भव शब्द, वर्षाकालीन जल से परिपूर्ण, आकाश में विचरण करने वाले, मेघ के निनाद की भाँति बतलाया गया है। इस ध्वनि को सुनकर योगी शीघ्र ही संसारबन्धन से मुक्त हो जाता है। जैसे जैसे योगी का अभ्यास बढ़ता जाता है वैसे ही वैसे यह ध्वनि सूक्ष्म से सूक्ष्मतर एवं सूक्ष्मतम होकर, उसके द्वारा, सुनी जाती है[५६]। यह ध्वनि ही शब्दब्रह्म कही जाती है। इसके जान लेने पर प्राणी संसार के बन्धन से मुक्त हो जाता है[५७]।

प्राणज्ञ मनीषियों के द्वारा उक्त वह्नि-समुद्भव शब्द नव प्रकार का कहा गया है, अर्थात् वह नव प्रकार से सुना जाता है। सर्वप्रथम वह शब्द घोष की भांति सुनाई पड़ता है। यह नाद आत्मशुद्धिकारक, सम्पूर्ण व्याधियों का हरण करने वाला, साधक को अपनी ओर आकृष्ट करने वाला कहा गया है। इसके बाद क्रमशः वह शब्द कांस्य, शृङ्ग, घण्टा, वीणा, वांशिक, दुन्दुभि, शंख, एवं मेघ की ध्वनि की भांति सुनाई पड़ता है[५८]।

किन्तु शिवमहापुराण का कहना है कि साधक को चाहिये कि वह इन नवविध शब्दों का परित्याग कर इनसे भी श्रेष्ठ एवं उदर्ध्वास्थित "तुङ्कार"

---

५४. यथा नदति खेऽब्दो हि प्रावृडद्भिः सुसंयतः ।। शिव० ५, २६, २८।

५५. हठयोग० उपदेश ४, श्लोक ६८।

५६. ततः स योगिभिर्नित्यं सूक्ष्मात्सूक्ष्मतरो भवेत्। शिव० ५, २६, २९।

तुलना कीजिये—श्रूयते प्रथमाभ्यासे नादो नानाविधो महान्।
ततोऽभ्यासे वर्धमानो श्रूयते सूक्ष्मसूक्ष्मकः ।। हठयोग० उ० ४, श्लो० ८४।

५७. एष ते कथितो देवि शब्दब्रह्मविधिक्रमः। शिव० ५, २६, ३०।

५८. घोषं १ कांस्यं २ तथा शृगं ३ घण्टां ४ वीणा ५ दिवंशजान् ६।
दुन्दुभि ७ शंख ८ शब्दं तु नवमं मेघगर्जितम् ।। वही, ५, २६, ४०।

तुलना कीजिये—आदौ जलधिजीमूतभेरीझर्झरसंभवाः।
मध्ये मर्दलशंखोत्था घंटाकाहलजास्तथा ।। हठयोग०, उ० ४, श्लोक ८५।
अन्ते तु किंकिणीवंशवीणाभ्रमरनिःस्वनाः।
इति नानाविधा नादाः श्रूयन्ते देहमध्यगाः ।। वही, ४, ८६।

नाद का अभ्यास करे। जो साधक अनन्य मन से नित्य ही ब्रह्मरूप "तुङ्कार" का अभ्यास करता है उसके लिए कुछ भी असाध्य नहीं है[५९]।

शास्त्रान्तर से ज्ञात होता है कि जब साधक अपने हाथों से कानों को ढककर, श्वास का अवरोधन कर, अनाहत ध्वनि को सुनने का अभ्यास करता है, तब जैसे-जैसे प्राणवायु क्रमशः ऊपर की ओर स्थित ब्रह्मग्रन्थि, विष्णुग्रन्थि (यह कण्ठ में वर्तमान है), भ्रूमध्याकाश, रुद्रग्रन्थि (यह ग्रन्थि) आज्ञाचक्र में वर्तमान है) आदि स्थानों का भेदन कर ऊपर की ओर उठता है वैसे-वैसे सूक्ष्म-सूक्ष्म ध्वनियों का श्रवण होता है। सर्वप्रथम यह ध्वनि स्थूल रूप से सुनाई पड़ती है किन्तु साधक का जैसे-जैसे अभ्यास बढ़ता जाता है वैसे-वैसे उसे सूक्ष्मध्वनि का श्रवण होने लगता है[६०]। एक एक ध्वनि के श्रवण से साधक योगी को एक एक सिद्धियां प्राप्त होती चलती हैं। जैसे दुन्दुभिशब्द के ध्यान से साधक जरा मृत्यु को जीत लेता है। शंखशब्द से वह कामरूप हो जाता है, आदि-आदि[६१]। किन्तु 'तुङ्कार' के अभ्यास से साधक सब कुछ कर सकता है। वह सर्वज्ञ, सर्वदर्शी, कामरूपी हो जाता है। उसे कभी किसी प्रकार का विकार नहीं होता और वह अन्त में साक्षात् शिव ही हो जाता है[६२]।

यह अनाहत ध्वनि ही शब्द ब्रह्म एवं परमतत्व के नाम से भी जानी जाती है। यही परम ब्रह्म भी है। व्यक्ति इस परमतत्त्व को जान लेने के अनन्तर जन्म एवं पुनर्जन्म के बन्धन से मुक्ति प्राप्त कर लेता है।

यदि कोई सैकड़ों वर्ष का वृद्ध भी निद्रा एवं आलस्य रूप महाविघ्न को प्रयत्नपूर्वक जीतकर नित्य ही सुखासन पर स्थित हो शब्दब्रह्म का आयुपर्यन्त अभ्यास करता है तो वह भी रोगरहित, वीर्यशाली एवं मृत्युंजय होता है। जब वृद्धों के ऊपर अनाहत शब्द के अभ्यास का यह परिणाम है तो तरुणजनों के विषय में क्या कहना।

---

५९. नव शब्दान् परित्यज्य तुङ्कारं तु समभ्यसेत्। शिव० ५, २६, ४१।
यश्चैकमनसा नित्यं तुङ्कारं ब्रह्मरूपिणम्॥ वही, ५, २६, ५२

६०. देखिये—हठयोग० उप० ४, श्लो० ७०–७६।

६१. शिव० ५, २६, ४४–५३।

६२. यश्चैकमनसा नित्यं तुङ्कारं ब्रह्मरूपिणम्।
किमसाध्यं न तस्यास्ति यथामति वरानने॥ वही, ५, २६, ५२।
सर्वज्ञः सर्वदर्शी च कामरूपी व्रजत्यसौ।
न विकारैः प्रयुज्येत शिव एव न संशयः॥ वही, ५, २६, ५३।

बुद्धिमान् प्राणी ओंकार, मन्त्रविशेष, बीज आदि के अभ्यास पर बल न देकर अनुच्चार्य शब्दब्रह्म परमशिव रूप अनाहत का ही ध्यान करते हैं[63]।

जिस प्रकार मकरन्द का पान करने वाला भृङ्ग गन्ध की अपेक्षा नहीं करता उसी प्रकार नाद में आसक्तचित्त भी स्रक्, चन्दन एवं वनिता आदि विषयों की आकांक्षा नहीं करता। नादरूपबन्धन से बद्ध अतएव चापल्यशून्य मन उसी प्रकार से सुतरां स्थैर्य को प्राप्त करता है जैसे छिन्न पक्ष खग। अतः योग को चाहने वाले साधक को चाहिये कि वह सम्पूर्ण चिन्ताओं का परित्याग कर सावधान मन से नाद का ही अनुसन्धान करे।

जिस प्रकार काष्ठ में जलाई हुई अग्नि काष्ठ के ही साथ शान्त होती है उसी प्रकार नाद में प्रवर्तित चित्त भी नाद के ही साथ लीन हो जाता है[64]। अतः अभ्युन्नति के अभीप्सु साधक का परम कर्त्तव्य है कि वह एकाग्र मन से नाद का ही सेवन करे।

कालवंचन-योग

१. तेज-ध्यान

साधक को चाहिये कि वह आलस्य का परित्याग कर निर्जन स्थान में, सुखासन पर स्थित हो, शरीर के मध्यम देश में शशि एवं रवि के सम्मिलित तेज को प्रकाशित करते हुये भ्रू के मध्य में वह्निगत तेजको प्रकाशित करे। यह क्रिया दीपक के प्रकाश से अन्धकार रहित स्थान में करनी चाहिये। योगी को चाहिये कि वह हाथ की अंगुलियों से, प्रयत्नपूर्वक, दोनों नेत्रों को कुछ (हलके रूप से) ढंक कर कनीनिका को देखते हुये एकाग्र मन से अर्द्ध मुहूर्त तक भ्रूगत तेज का ध्यान करे[65]।

इसके बाद अन्धकार में ध्यान करने का विधान है। इस अवस्था में योगी ऐश्वर ज्योति को (भ्रूगत ज्योति को) श्वेत, रक्त, पीत, कृष्ण एवं इन्द्र-

६३. अनाहतमनुच्चार्यं शब्दब्रह्म शिवं परम्।
ध्यायन्ते देवि सततं सुधियो यत्नतः प्रिये ॥ शिव० ५, २६, ३८।

६४. काष्ठे प्रवर्तितो वह्निः काष्ठेन सह शाम्यति।
नादे प्रवर्तितं चित्तं नादेन सह लीयते ॥ हठयोग० उप० ४, श्लो० ९८।
तुलना कीजिये—यथा निरिन्धनो वह्निः स्वयोनावुपशाम्यति ॥
तथा वृत्तिक्षयाच्चित्तं स्वयोनावुपशाम्यति ॥ मैत्राय० उक्त श्लोक की टीका से उद्धृत।

६५. नेत्रे करशाखाभिः किंचित्संपीड्य यत्नतो योगी।
तारं पश्यन्ध्यायेन्मुहूर्तमर्द्धं तमेक (तदेक) भावोऽपि ॥ शिव० ५, २७, १८।

धनुष की कान्ति के तुल्य देखता है। इसके भी ऊपर जो साधक भ्रुकुटियों के मध्य ललाट में बालार्क की कान्ति वाले परम शिव का ध्यान कर उन्हें जानता है वह इस संसार में सब कुछ कर सकता है[६६]। परकायप्रवेशन, अणिमादि गुणोंकी प्राप्ति, मन से अवलोकन, दूर श्रवण आदि सिद्धियां उसे सहज में ही उपलब्ध हो जाती हैं। वह जब चाहे अदृश्य भी हो सकता है। वह इच्छानुसार बहुत से रूपों को भी धारण कर सकता है। उसमें आकाश गमन की भी शक्ति आजाती है। यही तेज की उत्तम विधि है। इसके अभ्यास से प्राणी काल को जीतकर अमरत्व को प्राप्त करता है।

२. वायु-पान

नियतमानस योगी यथास्थान सुखासन पर स्थित हो अपनी शरीर को समुन्नत करे। इसके अनन्तर करसम्पुट को बाँधकर अपने मुख को पक्षी के चंचुकी भांति लम्बायमान कर उससे शनैः शनैः वायु को पिये। ऐसा करने से, एक क्षण के अनन्तर, तालु से जीवनदायी जल टपकने लगता है। योगी को चाहिये कि वह उक्त अमृततुल्य, शीतल जल का पान करे और नासिका के द्वारा निकलने वाले पूर्वपीत वायु से उसका आघ्राण भी करे[६७]।

प्रतिदिन ऐसा करने से योगी कभी भी मृत्यु के वश में नहीं होता। उसका शरीर दिव्य हो जाता है। वह महातेजस्वी एवं क्षुधा तथा तृषा विजयी हो जाता है। वह बल में हाथी के समान, वेग में तुरग के समान, दृष्टि में गरुड के समान बन जाता है। उसकी श्रवणेन्द्रिय भी दिव्य हो जाती है। वर्ण में वह गन्धर्व एवं विद्याधरों के समान हो जाता है। उसकी बुद्धि बृहस्पति के समान हो जाती है। वह अपनी इच्छानुसार सुख पूर्वक आकाश भ्रमण भी करता है। इस प्रकार योगी को बहुत सा आश्चर्यजनक सिद्धियां उपलब्ध हो जाती हैं।

---

६६. भ्रुवोर्मध्ये ललाटस्थं बालार्कसमतेजसम्।
तं विदित्वा तु कामांगी क्रीडते कामरूपधृक्॥ शिव० ५, २७, २०।

६७. समुन्नतशरीरोऽपि स बद्ध्वा करसम्पुटम्।
चंच्वाकारेण वक्त्रेण पिबन्वायुं शनैः शनैः॥ वही, ५, २७, २९।
प्रस्रवन्ति क्षणादापस्तालुस्था जीवदायिकाः।
ता जिघ्रेद्वायुनादायामृतं तच्छीतलं जलम्॥ वही, ५, २७, ३०।
तुलना कीजिये—काकचंचुवदास्येन शीतलं शीतलं पिबेत्।
प्राणं प्राणविधानज्ञो योगी भवति निर्जरः॥ काशी० ४१, १०५।

३. सुधापान

इस प्रक्रिया के अन्तर्गत योगी अपनी रसना को समाकुंचित कर तालु में लगाता है। ऐसा करने से कुछ समय के अनन्तर रसना लम्बी हो जाती है। उसके बाद जब वह तालु से संस्पृष्ट होती है तब शीतल सुधा को टपकाती है। इस सुधा के पान से योगी अमरत्व को प्राप्त करता है[६८]। उसे क्षुधा एवं तृषा का भी कभी भान नहीं होता।

भक्तियोग

पौराणिक भक्ति का वैदिक उद्गम

भक्तिरस की मधुरधारा अति प्राचीन काल से ही भारत के जनमानस को सरस बनाती आ रही है। इस देश का प्रत्येक प्रान्त भक्ति-सुधा-धारा से पूर्ण आप्यायित रहा है। सर्वप्रथम यहां विचारणीय विषय यह है कि भारत में भक्ति का प्रादुर्भाव कब और कहां हुआ था ? भारतीय वाङ्मय का अनुशीलन करने वाले पाश्चात्य विद्वानों में बहुतों का यह मत रहा कि – भारत में भक्ति का प्रचार ईसाई धर्म की देन है। ईसाई मत का मूल सिद्धांत है—भगवान् का अटूट प्रेम अथवा भगवान् की भक्ति। ये लोग यह भी कहते हैं कि संसार के इतिहास में सर्वप्रथम ईसाई मत में ही भक्ति का उदय हुआ था और वहीं से यह भारत में गई और चतुर्दिक् प्रसरित हुई। इस प्रकार भक्ति की कल्पना के लिये भारत ईसाई मत का ऋणी बतलाया जाता है। परन्तु तथ्य का अन्वेषण करने पर पाश्चात्यमत पूर्णतया निराधार एवं अप्रमाणिक प्रतीत होता है।

वैदिक वाङ्मय के सूक्ष्म अनुशीलन से यह बात स्पष्ट हो जाती है कि वैदिक साहित्य जिस प्रकार कर्म तथा ज्ञान का उत्पत्ति-स्थल है उसी प्रकार वह भक्ति अंकुर का भी औत्पत्तिक आधार है।

यद्यपि संहिताओं में कर्मकाण्ड की ही प्रबलता है; वैदिक यज्ञ का विधान एवं विचार प्रस्तुत किया गया है तथापि यह मानना कथमपि न्याय-संगत न होगा कि उसमें भक्ति-भाव का पूर्णतया अभाव ही है। मन्त्रों में तत्तद्देवों की

---

६८. समाकुंच्याभ्यसेद्योगी रसानां तालुकं प्रति।
किंचित्कालान्तरेणैव क्रमात्प्राप्नाति लम्बिकाम् ॥ शिव० ५, २७, ३५।
ततः प्रस्रवते सा तु संस्पृष्टा शीतलां सुधाम्।
पिबन्नेव सदा योगी सोऽमरत्वं हि गच्छति ॥ वही, ५, २७, ३६।
तुलना कीजिये—रसाना तालुविवरे निधायोद्ध्वर्मुखोऽमृतप।
चयन्निर्जरताङ्गच्छेदाषण्मासान्न संशयः ॥ गोरक्ष० ४७, १०६।

सरस तथा भावपूर्णस्तुतियां की गई हैं। उनकी स्तुति करते समय साधक उनके साथ पिता, माता, स्निग्धबन्धु आदि का पूर्ण मनोरम एवं भावपूर्ण संबन्ध स्थापित करता है। क्या ऐसी भावपूर्ण स्तुतियां स्तोता के हृदय में देवताओं के प्रति प्रेम तथा अनुराग की सूचना नहीं देतीं। क्या इन काव्यमयी स्तुतियों में भक्ति की अलौकिक छटा का पूर्वाभास नहीं दृष्टिगोचर होता है? हाँ इतना अवश्य है कि उक्त स्थलों में अप्रत्यक्ष रूप से भक्ति की स्थिति होने पर भी 'भक्ति' शब्द से उसका अभिधान कहीं नहीं किया गया है। परन्तु इसके यह माने नहीं होते कि उस समय भक्ति का अभाव ही था।

यहाँ कतिपय देवताओं की स्तुतियों का उद्धरण एवं अध्ययन कर उक्त सिद्धान्त का समर्थन किया जा रहा है। सर्वप्रथम अग्निविषयक स्तुतियों की ही परीक्षा की जाय। अग्नि वैदिक कर्मकाण्ड के प्रधान देवता हैं। उन्हीं के माध्यम से यज्ञ का सम्पादन होता है। अतः अग्निपरक स्तुतियों में अनुरागाभाव की कल्पना स्वाभाविक है। किन्तु वस्तुस्थिति इसके विपरीत है। वे विपत्तियों के पार ले जाने वाले त्राता के तटस्थ रूप में ही वर्णित नहीं किये गये हैं, अपितु पिता तथा माता जैसे रागात्मक सम्बन्धों के आधार भी कल्पित किये गये हैं:—

त्वां वर्धयन्ति क्षितयः पृथिव्यां त्वां राय उभयासो जनानाम्।
त्वं त्राता तरणे चेत्यो भूः पिता माता सदमिन्मनुष्याणाम्॥
(ऋग्० ६, १, ५)

यह एक अस्वाभाविक बात होगी कि अग्नि को माता-पिता कहने वाले स्तोता के हृदय में अनुराग का संचार न हो, प्रेम का आविर्भाव न हो।

ठीक इसी प्रकार का मातृ-पितृ भाव सम्बन्ध इन्द्र के साथ भी स्थापित किया गया है:—

त्वं हि नः पिता वसो त्वं माता शतक्रतो बभूविथ।
अधा ते सुम्नमीमहे। (ऋग्० ८, ९८, ११)॥

इसी प्रकार अन्य इन्द्र तथा वरुण विषयक सूक्त भक्त-हृदय के मधुर उद्गारों से भरे पड़े हैं, जिन्हें सख्य भक्ति का सुन्दर दृष्टान्त माना जा सकता है।

उक्त मन्त्रों एवं सूक्तों में तो परोक्षरूप से भक्ति की सत्ता है ही किन्तु प्राचीन आचार्यों की सम्मति में वैदिक मन्त्रों में प्रकट रूप से भक्तितत्त्व का समर्थन उपलब्ध होता है। शाण्डिल्य ने अपने भक्तिसूत्र में कहा है—"भक्तिः प्रमेया श्रुतिभ्यः" (१, २, ९) = भक्ति श्रुतियों के द्वारा जानी जा सकती है।

इसकी व्याख्या में नारायण तीर्थ ने भक्ति एवं उसके नवधा प्रकारों के प्रदर्शक मन्त्रों का सव्याख्यान उद्धरण दिया है[६६]। यहाँ कुछ उदाहरण दिये जा रहे हैं :—

तमु स्तोतारः पूर्व्यं यथा विद
ऋतस्य गर्भंजनुषा पिपर्तन।
आस्थ जानन्तो नाम चिद् विविक्तन
महस्ते विष्णो सुमतिं भजामहे ॥ ऋ० १, १५६, ३ ॥

इस मन्त्र का भाव है—"इस संसार के कारणरूप (पूर्व्यं) उस विष्णु की अपनी मति के अनुरूप स्तुति करो। वह वेदान्त वाक्यों (ऋत) का प्रतिपाद्य है। उसकी स्तुति करने से जन्म की प्राप्ति नहीं होती। स्तुति असम्भव होने पर उस विष्णु के नाम का ही कथन करो (अर्थात् नाम स्मरण करो)। हमलोग विष्णु के तेज तथा सर्वसाक्षी गुणातीत रूप की प्रेम लक्षण सेवा करते हैं।' इस मन्त्र में भगवान् की स्तुति तथा नामस्मरण का स्पष्ट निर्देश है।

यः पूर्व्याय वेधसे नवीयसे
सुमंजानये विष्णवे ददाशति।
यो जातमस्य महतो महि ब्रवत्
सेदु श्रवोभिर्युज्यं चिदभ्यसत् ॥ ऋ० १, १५६, २।

'अर्थात् जो पुरुष सबसे प्राचीन तथा नित्य नूतन, जगत् के स्रष्टा (वेधसे), स्वयं उत्पन्न होने वाले अथवा समस्त संसार में मद उत्पन्न करने वाली लक्ष्मी के पति (सुमज्जानये) विष्णु के लिये अपने द्रव्य को तथा स्वयं अपने आपको समर्पण करता है, जो महनीय विष्णु के पूजनीय जन्म तथा उपलक्षणात् कर्म को कहता है—कीर्तन करता है, वह दाता तथा स्तोता कीर्ति अथवा अन्न से सम्पन्न हो कर सबके गन्तव्य परमपद को अनुकूलता से प्राप्त कर लेता है।"

स्पष्ट ही यह श्रुति भगवान् के श्रवण, कीर्तन तथा भगवदर्पण का प्रतिपादन करती है।

भक्तिभाव का उक्त वैदिक अंकुर ब्राह्मण एवं आरण्यक युग में भी शनैः शनैः वृद्धि को ही प्राप्त होता रहा और औपनिषदिक युग में तो प्रत्यक्षरूप से

६६. द्रष्टव्य भक्तिचन्द्रिका पृ० ७७-८२ (सरस्वती भवन ग्रन्थमाला, संख्या ६, काशी (१९२४)।

भक्ति का अभिधान किया जाने लगा था। निम्न मन्त्र में 'प्रसाद' अर्थात् अनुग्रह का सिद्धान्त स्पष्टरूप से निर्दिष्ट किया गया है:—

तमक्रतुः पश्यति वीतशोको ।
धातुप्रसादान्महिमानमात्मनः ॥ कठ० १, २, २० ।

'अर्थात् निष्काम पुरुष जगत्कर्त्ता के प्रसाद से अपने आत्मा की महिमा है और शोकरहित हो जाता है।' यह मन्त्र श्वेताश्वतर उपनिषद (३, २०) तथा महानारायणोपनिषद् में भी आया है। श्वेताश्वतर के अन्य मन्त्र में तपस्या के प्रभाव के अतिरिक्त देवता के प्रसाद से श्वेताश्वतर ऋषि को सिद्धि मिलने का उल्लेख किया गया है (६, ११)। इस उपनिषद् में भक्ति शब्द का सर्वप्रथम उल्लेख किया गया है:—

यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ ।
तस्यैते कथिता ह्यर्थाः प्रकाशन्ते महात्मनः ॥ श्वेता० ६, २३ ।

अर्थः—जिस पुरुष की देवता में उत्कृष्ट भक्ति होती है तथा देव के समान गुरु में भी जिसकी भक्ति होती है, उसीं महात्मा को ये कहे गये अर्थ स्वतः प्रकाशित होते हैं।*

इसके अनन्तर तो भक्ति की जो प्रबल धारा प्रवाहित हुई उससे रामायण, महाभारत तथा पुराण ग्रन्थ पूर्णरूप से आप्लावित हैं। भक्ति का पूर्ण परिपाक पुराणों में ही हुआ है। यहाँ शिवमहापुराण के अनुसार भक्ति योग का विवेचन प्रस्तुत किया जा रहा है।

शिवमहापुराण में भक्तियोग

शिवमहापुराण के अनुसार सर्वज्ञ जगत् के ईश्वर परमात्म शिव परम भक्ति से ही दृष्टिगोचर होते हैं, अन्यथा इनका दर्शन नहीं होता। रुद्र, हरि, हर तथा और भी देवेश्वर परम भक्ति से ही उनके दर्शन की इच्छा करते हैं। मानव परमात्म-शिव में भक्ति करने मात्र से ही मुक्त हो जाता है[७०]।

---

* पुराण—विमर्श, लेखक— बलदेव उपाध्याय।

७०. एष देवो महादेवः सर्वज्ञो जगदीश्वरः ।
अयं तु परया भक्त्या दृश्यते नान्यथा क्वचित् ॥
रुद्रो हरिर्हरश्चैव तथाऽन्ये च सुरेश्वराः ।
भक्त्या परमया तस्य नित्यं दर्शनकांक्षिणः ॥
बहुनात्र किमुक्तेन शिवे भक्त्या विमुच्यते । शिव० १, ३, १२-१४ ।

किन्तु परमात्म-शिव की यह भक्ति भी परम दुर्लभ है। उनके प्रसाद के बिना किसी भी प्राणी के हृदय में इसका प्रादुर्भाव असम्भव है। परन्तु जिस भाँति बीज से अंकुर और अंकुर से बीज उत्पन्न होता है, उसी प्रकार ईश्वर भक्ति और प्रसाद में भी अन्योन्याश्रय सम्बन्ध है। परमात्म-शिव के प्रसाद से उनकी भक्ति एवं उनकी भक्ति से प्रसाद की प्राप्ति होती है।

भक्ति के द्विधा प्रकार

भक्ति दो प्रकार की होती है—सगुणा और निर्गुणा। जो वैधी (शास्त्र विधि से प्रेरित) और स्वाभाविकी (हृदय के सहज अनुराग से प्रेरित) भक्ति होती है, वह श्रेष्ठ है तथा इससे भिन्न जो कामना मूलक भक्ति होती है, वह निम्नकोटि की मानी गई है। पूर्वोक्त सगुणा और निर्गुणा ये दोनों प्रकार की भक्तियाँ नैष्ठिकी और अनैष्ठिकी के भेद से दो प्रकार की हो जाती हैं[७१]। नैष्ठिकी भक्ति षट्प्रकार की और अनैष्ठिकी एक प्रकार की कही गई है। विद्वान् पुरुष विहिता और अविहिता आदि भेद से उसे (भक्ति को) अनेक प्रकार की मानते हैं। इन द्विविध भक्तियों के और भी बहुत से भेद-प्रभेद होते हैं, जिनका वर्णन शिवपुराण में नहीं किया गया है। सगुणा और निर्गुणा इन दोनों भक्तियों के नव अंग बतलाये गये हैं[७२]। ये नवविध अंग हैं—श्रवण, कीर्तन, स्मरण, सेवन, दास्य, अर्चन, वन्दन, सख्य और आत्मसमर्पण[७३]। इनके अतिरिक्त भक्ति के उपांग भी बहुत से बतलाये गये हैं।

भक्ति के अंगों के लक्षण

भक्ति के नवविध अंगों के पृथक्-पृथक् लक्षण इस प्रकार हैं—जो स्थिर आसन से बैठकर तन-मन आदि से परमात्म-शिव के कथा-कीर्तन आदि का नित्य सम्मान करता हुआ प्रसन्नतापूर्वक अपने श्रवणपुटों से उसके अमृतोपम रस का पान करता है, उसके इस साधन को 'श्रवण' कहते हैं। जो हृदयाकाश के द्वारा परमात्म-शिव के दिव्य जन्म-कर्मों का चिन्तन करता हुआ प्रेम से वाणी द्वारा उनका उच्च स्वर से उच्चारण करता है, उसके इस भजन-

७१. सा भक्तिर्द्विविधा देवि सगुणा निर्गुणा मता।
वैधी स्वाभाविकी या वरा सा त्ववरा स्मृता॥
नैष्ठिक्यनैष्ठिकी भेदाद् द्विविधे द्विविधे हि ते। शिव० २, २, २३, १८-१९।

७२. ते नवांगे उभे ज्ञेये वर्णिते मुनिभिः प्रिये। वही, २, २, २३, २१।

७३. श्रवणं कीर्तनं चैव स्मरणं सेवनं तथा।
दास्यं तथार्चनं देवि वन्दनं मम सर्वदा॥
सख्यमात्मार्पणं चेति नवाङ्गानि विदुर्बुधाः। वही, २, २, २३, २२-२३।

साधन को 'कीर्तन' कहते हैं। परमात्म-शिव को सदा और सर्वत्र व्यापक जान कर संसार में निरन्तर निर्भय रहना ही 'स्मरण' कहा गया है। अरुणोदय से लेकर हर समय सेव्य की अनुकूलता का ध्यान रखते हुये हृदय और इन्द्रियों से जो निरन्तर सेवा की जाती है, वही 'सेवन' नामक भक्ति है। अपने को प्रभु का किंकर समझ कर हृदयामृत के भोग से स्वामी का सदा प्रिय सम्पादन करना 'दास्य' कहा गया है। अपने धन-वैभव के अनुसार शास्त्रीय विधि से परमात्म-शिव को सदा पाद्य आदि षोडश उपचारों का समर्पण करना ही 'अर्चन' कहा गया है। मन से ध्यान और वाणी से वन्दनात्मक मन्त्रों के उच्चारणपूर्वक अष्टांग से भूतल का स्पर्श करते हुये इष्टदेव को नमस्कार करना ही 'वन्दन' कहा गया है। ईश्वर मंगल अथवा अमंगल जो कुछ भी करता है, वह सब मेरे मंगल के लिये ही है, ऐसा दृढ़ विश्वास रखना 'सख्य' भक्ति का लक्षण है[७४]। देह आदि जो कुछ भी अपनी कही जाने वाली वस्तु है, वह सब भगवान् की प्रसन्नता के लिये उन्हीं को समर्पित करके अपने निर्वाह के लिये कुछ बचाकर न रखना अथवा निर्वाह की चिंता से भी रहित हो जाना 'आत्म-समर्पण' कहा गया है[७५]। ये ही ईश्वर की भक्ति के नव अंग हैं, जिनके साधन से भोग और मोक्ष दोनों का लाभ होता है। इन में ज्ञान का प्राकट्य होता है तथा ये सब साधन परमात्म-शिव को अत्यन्त प्रिय बतलाये गये हैं। इनके अतिरिक्त भक्ति के बहुत से उपांग भी कहे गये हैं, जैसे बिल्व आदि का सेवन आदि। शिव महापुराण इनको विचार से समझने की सम्मति देता है[७६]।

भक्ति का महत्त्व

इस प्रकार परमात्म-शिव की सांगोपांग भक्ति सबसे उत्तम कही गई है। यह ज्ञान-वैराग्य की जननी है। वैराग्य इसकी दासी बतलाई गई है। यह सम्पूर्ण साधनों में उत्तमोत्तम है। इसके द्वारा सम्पूर्ण कर्मों के फल की प्राप्ति होती है। जिसके चित्त में नित्य निरन्तर यह भक्ति निवास करती है, वह साधक परमात्म-शिव को अत्यन्त प्रिय है[७७]। शिवमहापुराण में कहा गया है

---

७४. मंगलामंगलं यद् यत् करोतीतीश्वरो हि मे।
सर्वं तन्मंगलायेति विश्वासः सख्यलक्षणम् ॥ शिव० २, २, २३, ३२।

७५. तुलना :—श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनम्।
अर्चनं वन्दनं दास्यं सख्यमात्मनिवेदनम् ॥ श्रीमद्भाग०, स्क० ७, अ० ५, श्लो० २३।

७६. उपांगानि च मद्भक्तेर्बहूनि कथितानि वै।
बिल्वादिसेवनादीनि समूह्यानि विचारतः ॥ शिव० २, २, २३, ३५।

७७. यच्चित्ते सा स्थिता नित्यं सर्वदा सोऽति मत्प्रियः। वही, २, २, २३, ३७।

कि तीनों लोकों और चारों युगों में भक्ति के समान दूसरा कोई सुखदायक मार्ग नहीं है। कलियुग में तो यह विशेष सुखद एवं सुविधाजनक कही गई है। जब ज्ञान और वैराग्य उत्साहशून्य और जर्जर हो जाते हैं तब प्राणियों को एकमात्र भक्ति का ही सहारा रहता है।

परमात्म-शिव का भक्त मुक्ति का अवश्य ही भाजन होता है। उसके लिये परम पुरुषार्थ (मोक्ष) के हेतु किसी तीर्थ की अपेक्षा नहीं है। शास्त्रों द्वारा निर्दिष्ट विहित, अविहित कर्म उसके लिये समान हैं। वह जीवनन्मुक्त है। उसकी मृत्यु चाहे जहाँ हो वह अवश्य ही मुक्ति का भागी होता है[७८]।

अवश्य ही परमात्म-शिव की भक्ति मुक्तिदात्री है; किन्तु भक्ति की साधना से मुक्ति जितनी सुगम है; उतना ही प्राणी के हृदय में भक्ति का अंकुर उत्पन्न होना कठिन है। परमात्म-शिव के प्रसाद एवं भक्ति को प्राप्त करने के लिये यह आवश्यक है कि प्राणी तपस्या से विविध शैवधर्मों से संयुक्त हो। तदनन्तर शनैः शनैः उसके प्रयोग एवं अभ्यास से हृदय में परमात्म-शिव की परा भक्ति उत्पन्न होती है। पुनः उस परम भक्ति से परम प्रसाद की उपलब्धि होती है और परमात्म-शिव के प्रसाद से ही सम्पूर्ण पाशों (मलों) से मुक्ति मिल जाती है। मुक्त को निर्वृति होती है[७९]।

इस प्रकार भक्ति और प्रसाद की प्राप्ति के लिये शैव-सिद्धांतों एवं मार्गों का अनुसरण परमावश्यक है। हां, इन दोनों की प्राप्ति के अनन्तर भक्त को भले ही कर्मों (कर्त्तव्यों) का विशेष या स्वल्प महत्त्व न हो, किन्तु प्रारम्भावस्था में तो प्राणी को निर्दिष्ट मार्ग का अनुसरण करना ही होगा।

ज्ञान और भक्ति की परस्परापेक्षा

कुछ लोग भक्ति की अपेक्षा ज्ञान को ही श्रेष्ठ बतलाते हैं, किन्तु शिव-महापुराण के अनुसार भक्ति और ज्ञान परस्पर भिन्न नहीं हैं। अतः उनमें भेद नहीं करना चाहिये। भक्ति के विरोधी को ज्ञान कभी नहीं होता, बल्कि इससे विपरीत शम्भु की भक्ति करने वाले को ज्ञानोदय भी शीघ्र ही होता है। अतः ज्ञान की प्राप्ति के लिये भी भगवान् शंकर की भक्ति सप्रयत्न करनी चाहिये।

---

७८. यो मे भक्तश्च विज्ञानी तावुभौ मुक्तिभागिनौ।
तीर्थापेक्षा च न तयोर्विहिताविहिते समौ॥
जीवन्मुक्तौ तु तौ ज्ञेयौ यत्र कुत्रापि वै मृतौ।
प्राप्नुतो मोक्षमाश्वेव मयोक्तं निश्चितं वचः॥ शिव० ४, २३, ११-१२।

ज्ञान की विरोधिनी होने के स्थान पर भक्ति उसकी जन्मदात्री ही है; क्योंकि अध्यात्म, ज्ञानमूलक कहा गया है और ज्ञान का मूल परमात्म-शिव की भक्ति ही है। भक्ति के मूल में प्रेम और प्रेम के मूल में श्रवण कहा गया है। इस प्रकार देखा जाय तो भक्ति के विना ज्ञान का प्रादुर्भाव ही नहीं हो सकता। अतः ज्ञानोद्रेक की दृष्टि से भी भक्ति का महत्त्व बढ़ जाता है।

परमात्म-शिव के प्रसाद और भक्ति की परस्परापेक्षा

भक्ति का प्रादुर्भाव भगवान् की कृपा से ही होता है और भक्ति से ही उनकी कृपा भी होती है। अवस्थाभेद का विचार करके विद्वान् पुरुष इस विषय में मोहित नहीं होते। कृपाप्रसादपूर्वक जो यह भक्ति होती है, वह भोग और मोक्ष दोनों की प्राप्ति कराने वाली है। उसे मनुष्य एक जन्म में नहीं प्राप्त कर पाता। अनेक जन्मों तक श्रौत-स्मार्त कर्मों का अनुष्ठान करके सिद्ध हुये विरक्त एवं ज्ञानसम्पन्न पुरुषों पर परमात्म-शिव प्रसन्न होते और कृपा करते हैं। परमात्म-शिव के प्रसन्न होने पर उस पशु (जीव) में बुद्धिपूर्वक थोड़ी-सी भक्ति का उदय होता है। तब वह यह अनुभव करने लगता है कि परमात्म-शिव मेरे स्वामी हैं। फिर तपस्यापूर्वक वह नाना प्रकार के शैवधर्मों के पालन में संलग्न होता है। उन धर्मों के पालन में बारम्बार लगे रहने से उसके हृदय में परा भक्ति का प्रादुर्भाव होता है। उस पराभक्ति से परमात्म-शिव का परम प्रसाद उपलब्ध होता है। प्रसाद से सम्पूर्ण पापों से मुक्ति मिलती है और उसके बाद परमानन्द की प्राप्ति होती है; जिस मनुष्य का परमात्म-शिव में स्वल्प भी भक्तिभाव होता है, वह तीन जन्मों के बाद अवश्य मुक्त हो जाता है।

भक्ति की परिभाषा

साङ्गा (अंगसहित) और अनङ्गा (अंगरहित) जो सेवा है; उसी को भक्ति कहते हैं। उसके पुनः तीन भेद होते हैं—मानसिक, वाचिक और शारीरिक। शिव के रूप आदि का जो चिन्तन है, उसे मानसिक सेवा कहते हैं। जप आदि वाचिक सेवा है और पूजन आदि कर्म शारीरिक सेवा है। इन त्रिविध साधनों से सम्पन्न होने वाली जो यह सेवा है, इसे "शिवधर्म" भी

७९. तपसा विविधैः शैवैर्धर्मैः संयुज्यते नरः।
तत्प्रयोगे तदभ्यासस्ततो भक्तिः परा भवेत् ॥
परया च तया भक्त्या प्रसादो लभ्यते परः।
प्रसादात्सर्वपाशेभ्यो मुक्तिर्मुक्तस्य निर्वृतिः ॥ शिव० ७, २, ७, ३१-३२।

कहते हैं[८०]। परमात्म-शिव ने पांच प्रकार का शिवधर्म बतलाया है—तप, कर्म, जप, ध्यान, और ज्ञान। लिङ्गपूजन आदि को "कर्म" कहते हैं। चान्द्रायण आदि व्रत का नाम "तप" है। वाचिक, उपांशु और मानस—तीन प्रकार का जो शिवमन्त्र का अभ्यास (आवृत्ति) है, उसी को "जप" कहते हैं। शिव का चिन्तन ही "ध्यान" कहलाता है तथा शैव आगमों में जिस ज्ञान का वर्णन है, उसी को यहाँ 'ज्ञान' शब्द से कहा गया है। श्रीकण्ठशिव ने शिवा के प्रति जिस ज्ञान का उपदेश किया है, वही शिवागम है। शिव के आश्रित भक्तजनों पर कृपा करके कल्याण के एकमात्र साधक इस ज्ञान का शिव महापुराण में उपदेश किया गया है। अतः कल्याणकामी बुद्धिमान् पुरुष को चाहिये कि वह परमात्म-शिव में भक्ति को बढ़ाये तथा विषयासक्ति का त्याग करे[८१]।

---

८०. सेयं त्रिसाधना सेवा शिवधर्मश्च कथ्यते। शिव० ७, २, ७, ३६।

८१. शिव० ७, २, ७, ४०।

टिप्पणी :—शिवचरित्र वर्णन की ही भांति तुलसी के "मानस" में ज्ञान और भक्ति के अन्योन्याश्रय सम्बन्ध के प्रतिपादक स्थलों का आधार शिवमहापुराण ही है।

योग

जो साधक शरीर, इन्द्रिय एवं मन के समस्त बन्धनों से रहित, शुद्ध आत्मा का दर्शन करना चाहते हैं उनके लिये योग एक महान साधन है। आत्मोन्नति के साधन रूप में योग की महत्ता को प्राय: सभी भारतीय दर्शनों ने स्वीकार किया है। यहाँ तक कि वेद, उपनिषद्, स्मृति एवं पुराण सभी में योग विषयक चर्चा समुपलब्ध है।[1] जब तक प्राणियों का चित्त अथवा अन्त:करण पूर्ण स्वच्छ और सुस्थिर नहीं होता तब तक वे धर्म अथवा दर्शन के वास्तविक रहस्य को नहीं जान सकते। कोई भी व्यक्ति शुद्ध हृदय एवं सुस्थिर मन से ही इन गूढ़ रहस्यों का पता लगाने में समर्थ हो सकता है। आत्म-शुद्धि के लिये योग ही सर्वश्रेष्ठ उपाय है। इसके द्वारा बाह्य एवं आभ्यन्तर-उभयविध-शरीर शुद्ध हो जाता है। यही कारण है कि समग्र भारतीय दर्शन (केवल चार्वाक को छोड़कर) अपने-अपने सिद्धान्तों का यौगिक रीति से, ध्यान, धारणा आदि के द्वारा प्रतिपादन करते हुए स्पष्ट अनुभव करने के लिए साधक को प्रेरित करते हैं।

शिव पुराण में शैव धर्म के चार पाद बतलायें गये हैं—ज्ञान, क्रिया, चर्या और योग।[2] पशु, पाश एवं पति का ज्ञान ही 'ज्ञान' कहा गया है। गुरु के उपदेश के अनुसार षडध्व शुद्धि की विधि से की गयी क्रिया ही 'क्रिया. है। पशुपति-शिव (परमात्म-शिव) के द्वारा विहित, वर्णाश्रमप्रयुक्त, उनके (पशुपति के) अर्चनादि का अनुष्ठान ही 'चर्या' कही गयी है।[3] पशुपति शिव (परमात्म शिव) के द्वारा कथित मार्ग से अन्त:करण की वृत्तियों को (चित्तवृत्तियों को) विषयान्तर से निरुद्ध कर, एकमात्र पशुपति शिव में ही, निश्चल रूप से लगाने की जो क्रिया है उसी का नाम 'योग' है।

---

1. कठोपनिषद् 2 : 11 : 18
2. ज्ञानं क्रिया च चर्या च योगश्चेति सुरेश्वरि।
   चतुष्पाद: समाख्यातो मम धर्म: सनातन:॥—शि० पु०, वा० सं०, उ० खं०—10 : 30
3. वही—10 : 31-32

योग के प्रकार

योग का वर्गीकरण द्विधा किया जाता है। प्रथम वर्गीकरण के अनुसार योग पाँच प्रकार का होता है—1. मन्त्रयोग, 2. स्पर्शयोग, 3. भाव योग, 4. अभाव योग, 5. महायोग। इनमें महायोग सबसे परे है।

मन्त्रयोग—

मन्त्रों के अभ्यासवश, जो मन की वृत्ति, मन्त्र के वाच्यार्थ गोचर होकर स्थिर हो जाती है उसी का नाम 'मन्त्रयोग' है।[1]

स्पर्श योग एवं भाव योग—

प्राणायाम युक्त उक्त मनोवृत्ति 'स्पर्श योग' कही जाती है और यदि यही स्पर्शयोग मन्त्र के स्पर्श से रहित हो तो 'भाव योग' कहा जाता है।[2]

अभावयोग—

जिसमें सारा विश्व तिरोहित रूप हो जाता है, उसे 'अभाव योग' कहते हैं, क्योंकि उसमें (उस अवस्था में) विद्यमान वस्तु का भी आभास नहीं रहता है।[3]

महायोग—

जिसमें उपाधिरहित, शिवस्वभाव का ही चिन्तन किया जाता है वही मनोवृत्ति 'महायोग' कही जाती है।[4]

दूसरे वर्गीकरण के अनुसार योग त्रिधा होता है—1. ज्ञानयोग, 2. क्रियायोग, 3. भक्ति योग।

---

1. शि० पु०, वा० सं०, उ० खं०—37 : 8
2. वही—37 : 9
3. वही—37 : 10
4. वही—37 : 11

ज्ञान योग—

चित्त का आत्मा के साथ संयोग ही 'ज्ञानयोग' कहा गया है।[1]

भक्ति योग—

अभीष्ट देव के साथ (शिव अथवा शक्ति के साथ) आत्मा का एकीकरण ही 'भक्तियोग' कहा गया है।[2]

क्रियायोग—

चित्त का बाह्यार्थ संयोग (किसी मूर्ति आदि से संयोग) ही 'क्रियायोग' कहा गया है। शास्त्रों के अनुसार कर्म से भक्ति, भक्ति से ज्ञान एवं ज्ञान से मुक्ति की प्राप्ति होती है। इस प्रकार उत्तरोत्तर योग, पूर्वयोग के उपकारक होते हैं। इनमें ज्ञानयोग ही सर्वश्रेष्ठ निर्दिष्ट किया गया है।

अष्टांग एवं षडंग योग—

यम, नियम, स्वस्तिक आदि आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि ये ही विद्वानों के द्वारा योग के आठ अंग माने गये हैं।[3]

आसन, प्राणसंरोध, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि संक्षेप में ये ही योग के षडंग कहे गये हैं।[4] इन सब का पृथक्-पृथक् लक्षण शिवशास्त्र, शिवागम, विशेष करके 'कामिक' आदि में, योगशास्त्र तथा कुछ पुराणों में भी वर्णित है।

1. यम—

योग का प्रथम अंक है 'यम'। इसके निम्नलिखित अंग हैं—1. अंहिसा, 2. सत्य, 3.

---

1. शि० पु०, उ० सं०—51 : 8
2. वही—51 : 9
3. शि० पु०, वा० सं०, उ० खं०—37 : 14, 15
4. वही—37 : 16

अस्तेय, 4. अपरिग्रह, 5. ब्रह्मचर्य। साधक के लिये इनका साधन अनिवार्य है, अत: मन को सबल बनाने के लिए शरीर का सशक्त बनाना अत्यावश्यक है। जो व्यक्ति काम, क्रोध, लोभ आदि विकारों पर विजय प्राप्त नहीं करते, उनका मन एवं शरीर सबल नहीं रह सकता। इसी प्रकार जब तक मानव का मन पापवासनाओं से परिपूर्ण और चंचल रहता है तब तक वह किसी विषय पर चित्त एकाग्र नहीं कर सकता। अत: योग या समाधि के साधक को सभी आसक्तियों और कुप्रवृत्तियों से विरत होना आवश्यक है।

2. नियम—

योग का दूसरा अंग 'नियम' या सदाचार पालन है। इसके निम्नलिखित अंग हैं—1. शौच (वाह्य शुद्धि अर्थात् शारीरिक शुद्धि जैसे स्नान और पवित्र भोजन के द्वारा तथा आभ्यन्तर शुद्धि अर्थात् मानसिक शुद्धि जैसे मैत्री, करुणा, मुदिता, आदि के द्वारा), 2. सन्तोष (अर्थात् उचित प्रयास से जितना ही प्राप्त हो उससे सन्तुष्ट रहना), 3. तप (जैसे सर्दी-गर्मी आदि सहने का अभ्यास), 4. स्वाध्याय (नियमपूर्वक धर्मग्रन्थों का अध्यन करना), 5. ईश्वर प्राणिधान (ईश्वर का ध्यान और उन पर अपने को छोड़ देना)।

3. आसन—

'आसन' शरीर का साधन है। इसका अर्थ है शरीर को ऐसी अवस्था में रखना जिससे निश्चल होकर सुख के साथ देर तक रह सकते हैं। 'आसन' नाना प्रकार के होते हैं। शिव पुराण में आठ प्रकार के आसन बतलाये गये हैं—(1) स्वस्तिक, (2) पद्म, (3) मध्येन्दु, (4) वीर, (5) योग, (6) प्रसाधित, (7) पर्यंक, और (8) यथेष्ट।[1] इनका अभ्यास एकमात्र पुस्तकों के आधार पर न होकर, किसी योग्य गुरु के निर्देशन में होना चाहिए। चित्त के स्थैर्य के लिए शरीर का भी अनुशासन उतना ही आवश्यक है जितना कि मनका, यदि शरीर किसी प्रकार

1. शि० पु०, वा० सं०, उ० खं०—37 : 20

की व्याधि से आक्रान्त है तो समाधि लगाना बड़ा ही कठिन हो जाता है। यही कारण है कि योग सम्बन्धी वांगमय आरोग्य साधन के लिए बहुत से नियम निर्धारित करता है, जिससे शरीर समाधि क्रिया के योग्य बन सके। शरीर एवं मन को शुद्ध तथा सबल बनाने के लिए तथा दीर्घायुष्य के लिए ग्रन्थों में नाना प्रकार के नियम उपनियम उपदिष्ट हैं। योगासन शरीर को निरोग एवं सबल बनाये रखने के लिए उत्तम साधन हैं। इन आसनों के द्वारा सभा अंग, विशेषत: स्नायुमण्डल, इस प्रकार वश में किये जा सकते है कि वे मन में किसी प्रकार का विकार न उत्पन्न कर सकें।

4. प्राणायाम—

स्वदेहज वायु ही 'प्राण' कहा गया है। इसका निरोधन ही 'आयाम' है। अर्थात् 'प्राणायाम' का अर्थ है श्वास का नियंत्रण। इस क्रिया के तीन अंग होते हैं—(1) पूरक (पूरा श्वास भीतर खींचना), (2) कुम्भक (श्वास को भीतर रोकना), और (3) रेचक (नियमित विधि से श्वास छोड़ना)। 'प्राणायाम' करने में न तो शीघ्रता करनी चाहिये और न विलम्ब ही। योग साधक को चाहिये कि वह क्रमयोग (क्रमश:) से उद्यत होकर इसका अभ्यास करे। श्वास के व्यायाम से हृदय पुष्ट होता है और उसमें बल आता है। इस बात को चिकित्सा विज्ञान भी स्वीकार करता है। किन्तु योग इससे भी आगे बढ़कर प्राणायाम को चित्त की एकाग्रता के लिए निर्देश करता है, क्योंकि इसके द्वारा शरीर एवं मन में दृढ़ता आती है। जब तक श्वास की क्रिया चलती रहती है तब तक चित्त भी उसके साथ चंचल रहता है। जब श्वास वायु की गति स्थगित हो जाती है तब मन में भी स्थिरता आ जाती है अथवा निष्पन्दता आ जाती है। इस तरह 'प्राणायाम' के अभ्यास से योगी बहुत देर तक अपना श्वास रोक सकता है और समाधि की अवधि को बढ़ा सकता है।

'प्राणायाम' द्विविध होता है—अगर्भ और सगर्भ। जप एवं ध्यान के बिना किया गया प्राणायाम 'अगर्भ' एवं जप तथा ध्यानपूर्वक किया गया प्राणायाम 'सगर्भ' कहा जाता है। अगर्भ

की अपेक्षा सगर्भ प्राणायाम शतगुणा अधिक महत्त्वशाली बतलाया गया है। अतः योगी लोग सगर्भ प्राणायाम ही करते हैं।[1] प्राण को वश में कर लेने पर देह के अन्य वायु भी जीत लिये जाते हैं।

5. प्रत्याहार—

सांसारिक वस्तुओं में लगे हुए मन का प्रत्यावर्तन ही 'प्रत्याहार' कहा गया है, अर्थात् प्रत्याहार का अर्थ है इन्द्रियों को अपने-अपने बाह्य विषयों से खींचकर हटाना और उन्हें मन के वश में रखना। जब इन्द्रियाँ पूर्णतः मन के वश में आ जाती हैं तब वे अपने स्वाभाविक विषयों से हटकर मन की ओर लग जाती हैं। इस अवस्था में, आंख, कान के सामने सांसारिक विषयों के रहते हुये भी हम उन्हें देख सुन नहीं सकते। रूप, रस, गंध, शब्द या स्पर्श का कोई भी प्रभाव मन पर नहीं पड़ता। यह अवस्था बहुत ही कठिन है, तथापि असंभव नहीं। एतदर्थ अत्यन्त दृढ़ संकल्प और घोर इन्द्रिय निग्रह की साधना आवश्यक है।

6. धारणा—

संक्षेप में चित्त का स्थानबन्ध ही 'धारणा' है। चित्त को स्थिरतापूर्वक लगाने के लिये एकमात्र परमात्म शिव ही स्थान हैं, दूसरा कोई नहीं है। क्योंकि शिवातिरिक्त सभी वस्तुयें दोष त्रयात्मक हैं। धरणा से मन में स्थैर्य उत्पन्न होता है। अतः धारणा के अभ्यास से मन को धीर करना चाहिये। यही योग की असल कुंजी है। इसी को सिद्ध करने वाला समाधि अवस्था तक पहुँच सकता है।[2] धारणा ही उचित अवस्था में मन एक क्षण के लिए भी अपने लक्ष्य शिव, से विचलित नहीं होता है।

---

1. अगर्भश्च सगर्भश्च प्राणायामो द्विधा स्मृतः।
   जपं ध्यानं विनाऽगर्भः सगर्भस्तत्समन्वयात्॥
   अगर्भाद्गर्भसंयुक्तः प्राणायामः शताधिकः।
   तस्मात् सगर्भं कुर्वन्ति योगिनः प्राणसंयमम्॥—शि० पु०, वा० सं०, उ० खं०—37 : 33, 34

7. ध्यान—

ध्यै चिन्तायां, अर्थात् चिन्तार्थक 'ध्यै' धातु से ध्यान शब्द की निष्पत्ति हुई है। अतः अव्याक्षिप्त मन से शिव-विषयक, मुहुर्मुहः चिन्ता का ही नाम 'ध्यान' है। ध्येय में अवस्थित चित्त का प्रत्ययान्तर रहित सदृश प्रत्यय (अपने को शिव समान मानना) ही ध्यान कहा गया है।[1] इस संसार में सब कुछ छोड़कर देवाधिदेव शिव ही परम ध्येय (ध्यान करने योग्य) कहे गये हैं।

'ध्यान' के द्वारा विषय का सुस्पष्ट ज्ञान हो जाता है। पहले भिन्न-भिन्न अंशों या स्वरूपों का बोध होता है, तदन्तर अविराम ध्यान के द्वारा सम्पूर्ण चित्त सामने आ जाता है और उस वस्तु के असली रूप का दर्शन हो जाता है। इस तरह योगी के मन 'ध्यान' के द्वारा ध्येय वस्तु का यथार्थ स्वरूप प्रकट हो जाता है।

ध्याता, ध्यान, ध्येय और ध्यान का प्रयोजन, इन चारों बातों को जानकर ही योग वेत्ता को योगाभ्यास करना चाहिए। 'ध्यान' करने वाले पुरुष को ज्ञानवैराग्यसंपन्न, श्रद्धालु, क्षमावान, निर्मम एवं सदा उत्साही होना चाहिए। जप से श्रान्त होने पर 'ध्यान' करना चाहिये और ध्यान से श्रान्त होने पर पुनः जप करना चाहिये। इस प्रकार 'जप' और 'ध्यान' में लीन रहनेवाले व्यक्ति को शीघ्र ही योग की सिद्धि होती है।

परमात्म-शिव का तत्तत्स्थानों में आसन एवं ध्यान—साधक को नासाग्र, नाभि, कण्ठ, तालुरन्ध्र, भ्रूमध्य, ललाट, मूर्द्धा, आदि स्थानों में कमलासन पर विराजमान शिव एवं शक्ति की कल्पना कर उनका ध्यान करना चाहिए। उनका परमासन सावरण तथा निरावरण भी होता है। परमात्म-शिव का कमलासन द्विदल, षोडशार, द्वादशार, दशार, षडस्र अथवा चतुरस्र होना

---

2. धारणा नाम चित्तस्य स्थानबन्धः समासतः। श० पु०, वा० सं०, उ० खं०—37 : 48
1. अव्याक्षिप्तेन मनसा ध्यानं नाम तदुच्यते।
   ध्येयावस्थितचित्तस्य सदृशः प्रत्ययश्च यः॥—वही—37 : 52

चाहिये। भ्रू (भौंह) के मध्य का कमलासन द्विदल एवं विद्युत की भाँति उज्ज्वल होना चाहिये। इसी प्रकार से अन्य, विभिन्न रूप से पत्र संख्या वाले, कई कमलासनों की कल्पना की गयी है, यहाँ यह भी स्मरणीय है कि इन कमलों के पर्ण मूल से लेकर अवसान तक वर्ण (ककरादि अक्षर) से अंकित होने चाहिये, अर्थात् ये अक्षर ही उन कमलों के पर्ण रूप में कल्पित होने चाहिये। किसी कमलासन पर ककरादि टकारान्त वर्ण होने चाहिये तो किसी पर डादि फान्त वर्णों का उल्लेख कल्पित होना चाहिए। इसी प्रकार बहुत सी विधियाँ वहाँ लिखी हैं।

षट्चक्र—कैलाश संहिता के अनुसार कमलासनों की संख्या छह है। इन्हीं को षट्चक्र भी कहते हैं। इनके नाम इस प्रकार हैं—1. मूलाधार, 2. स्वाधिष्ठान, 3. मणिपूरक, 4. अनाहत, 5. विशुद्ध, और 6. आज्ञाचक्र।[1] ये षट्चक्र विद्युत कोटि के समान प्रकाशनमान्, सर्वतेजोमय एवं उत्कृष्ट बतलाये गये हैं। इन्हीं के बीच सच्चिदानन्द विग्रह, परमात्म-शिव का ध्यान करना चाहिये।

ध्यान का क्रम—योग मार्ग पर आगे की ओर बढ़ने के लिए यह आवश्यक है कि ध्यानकर्ता शिवशास्त्र में विनिश्चित विभिन्न प्रकार की स्थूल, सूक्ष्म, सूक्ष्मतर एवं सूक्ष्मतम शिव की मूर्तियों का पहले ध्यान करे। ध्यान का यह क्रम उत्तरोत्तर सूक्ष्मावस्था की ओर बढ़ता है। ये मूर्तियाँ चारों ओर से दीप्यमान, शुद्धदीप—शिखाकार, अपनी शक्ति से पूर्णमण्डित, अंगुष्ठमात्र अथवा इन्दुरेखा समाकार अथवा तारारूप अथवा नीवार शूकसदृश (तिन्नी धान की नोक की तरह), विससूत्राभ (कमल-दण्ड के सूत की तरह आभावाला) अथवा कदम्बगोलकाकार अथवा तुषारकणिकासदृश होनी चाहिए। ब्रह्मादि सदाशिवान्त, जैसा कि तत्तत्, चक्रनिरूपण के प्रसंग में बतलाया गया है, अथवा भव आदि शिव की अष्टमूर्तियां भी पहले ध्यान का विषय हो सकती हैं, क्योंकि ये भी परमात्म-शिव की स्थूल-मूर्तियाँ ही कही गयी है। मन की स्थिरता के

---

1. शि० पु०, कै० सं०—4 : 7, 8

लिये, कुछ लोग स्थूल ध्यान करते हैं। जब मन स्थूल वस्तु पर निश्चल हो जाता है तब वह सूक्ष्म पर स्थिर होता है। अत: साधक को सर्वप्रथम स्थूल लक्ष्य पर ही मन को लगाना चाहिए।

सविषय एवं निर्विषय ध्यान—इस प्रकार आदि में ध्यान सविषय होना चाहिए। सविषय ध्यान में प्रवीण होने पर निर्विषय ध्यान का अवलम्बन करना चाहिए।[1] किन्तु शिव पुराण का कहना है कि विद्वान् पुरुषों का मत तो यही है कि 'निर्विषय ध्यान' होता ही नहीं।[2] ध्यान के विषय में कहा गया है कि बुद्धि की कोई सन्तति ही है, जिसे ध्यान कहा जाता है।[3] अत: निर्विषयक ध्यान में केवल बुद्धि ही प्रवर्तित (प्रवाहित) होती है।[4]

परमार्थत: जिसे निर्विषय ध्यान कहा जाता है वह सूक्ष्माश्रय ध्यान ही है न कि निर्विषय। अथवा परमात्म शिव के किसी विशेष रूप का आश्रयण कर किया गया ध्यान सविषय एवं निराकारात्मसंवित्ति ही निर्विषय ध्यान कहा गया है। यही सविषय एवं निर्विषय ध्यान क्रमश: सबीज एवं निर्बीज ध्यान भी कहा गया है।

प्राणायाम से शान्ति, प्रशान्ति, दीप्ति एवं प्रसाद तथा शम की उपलब्धि होती है। ध्यान एवं प्राणायाम के परिणामस्वरूप मन एकदम निर्मल हो जाता है और शिव सम्बन्धी विचार मुहुर्मुहु: उसमें तरंगित होने लगते हैं। जैसा पहले भी कहा गया है कि 'ध्यान' अन्य कुछ न होकर बुद्धि प्रवाह रूप ही है। उक्त ध्यान के एकमात्र अवलम्बन ध्येय, स्वयं शम्भु शिव ही, विद्वानों के द्वारा कहे गये हैं।[5] ध्यान के द्वारा प्रसन्नता और मोक्ष दोनों ही प्राप्त होते हैं। अत: कल्याणार्थी को अवश्य ही ध्यान के अवलम्बन का प्रयत्न करना चाहिये। इस संसार में ध्यान से

---

1. ध्यानमादौ सविषयं ततो निर्विषयं जगु:—शि० पु०, वा० सं०, उ० खं०—39 : 4
2. तत्र निर्विषयं ध्यानं नास्तीत्येव सतां मतम्।—वही—39 : 5
3. बुद्धेर्हि सन्तति: काचिद्ध्यानमित्यभिधीयते।—वही—39 : 5
4. तेन निर्विषया बुद्धि: केवलेह प्रवर्तते।—वही—39 : 6
5. वही—39 : 19

अधिक महत्त्वपूर्ण दूसरी वस्तु नहीं है। ध्यान करने वाले साधक परमात्म-शिव को बहुत अधिक प्रिय हैं अपेक्षा उनके जो कि केवल धार्मिक कृत्य का ही संपादन करते हैं अर्थात् अन्य धार्मिक कृत्यों की अपेक्षा ध्यान बहुत श्रेष्ठ है। अतः शिव पुराण का मत है कि निःश्रेयस्-सिद्धि के लिए प्राणी अवश्य ध्यान करे।[1]

8. समाधि—

योग साधन की अन्तिम सीढ़ी है 'समाधि'। 'समाधि' से सर्वत्र प्रज्ञालोक प्रवर्तित होता है।[2] समाधि के अर्थमात्र (ध्येयमात्र) का आभास होता है। उस समय अपने स्वरूप का बिल्कुल ही भाव नहीं होता तथा योगी की स्थिति एकदम स्तिमित उदधि के समान होती है।[3] समाधिस्थ योगी न कुछ सुनता है, न किसी वस्तु का आघ्राण करता है। वह न तो बोलता और न देखता ही है। उसे किसी भी स्पर्श का ज्ञान भी नहीं होता और न तो उसका मन संकल्प एवं विकल्प ही करता है। वह अभिमान भी नहीं करता। उसकी स्थिति पूर्णरूप से काष्ठवत् होती है। इस प्रकार से परमात्म-शिव में आत्मा का विलीनीकरण ही समाधिस्थ होता है।[4]

जिस प्रकार निर्वात् स्थान में स्थापित दीपक कभी भी स्पन्दित नहीं होता उसी प्रकार समाधिनिष्ठ व्यक्ति भी उससे विचलित नहीं होता। इस प्रकार से उत्तम योग का अभ्यास करने वाले योगी के सम्पूर्ण विघ्न शनैः शनैः विनष्ट हो जाते हैं।

योगगत विघ्न— जब योगी 'योग' का अभ्यास प्रारम्भ करता है तब उसके मार्ग में बहुत से विघ्न उत्पन्न होकर उसे मार्ग से विचलित करने का प्रयत्न करते हैं। ऐसी अवस्था में उनको बिना वश में किये उद्देश्य सिद्धि असम्भव है। अतः उन पर विजय प्राप्त करना योगी के

---

1. शि० पु०, वा० सं०, उ० खं०—39 : 28
2. वही—37 : 61
3. वही—37 : 62
4. एवं शिवे विलीनात्मा समाधिस्थ इहोच्यते।—वही—37 : 65

लिए अनिवार्य है।

सामान्य विघ्न— योग में उत्पन्न होने वाले कुछ विघ्न ये हैं—आलस्य, तीव्र व्याधियाँ, प्रमाद, स्थानसंशय (ध्येय सन्देह), अनवस्थितचित्तत्व, अश्रद्धा, भ्रान्ति-दर्शन, दु:ख, दौर्मनस्य, विषयों की ओर आकर्षण। ये दश योगाभ्यासी के लिए अन्तराय कहे गये हैं। आलस्य दैहिक एवं चित्त सम्बन्धी द्विविध होता है। दोष (सम्भवत: आलस्य) धातु-वात, पित्त, कफ-के वैषम्य से उत्पन्न होता है और व्याधियाँ कर्मदोष से उत्पन्न होती हैं।[1]

योग साधना के उपायों का उपयोग न करना ही प्रमाद है। ध्येय के विषय में संशय होना ही स्थानसंशय कहा गया है। मन की अप्रतिष्ठा अनवस्थिति कही गयी है। योगमार्ग में, भावरहित वृत्ति ही अश्रद्धा कही गयी है। विपर्यस्त मति का ही नाम भ्रान्ति है। अज्ञान से उत्पन्न होने वाला, चित्त सम्बन्धी दु:ख, आध्यात्मिक दु:ख कहा गया है। पुराकृत कर्मों के परिणामस्वरूप शारीरिक दु:ख ही आधिभौतिक दु:ख कहा गया है। वज्र, अग्नि एवं विषादि से उत्पन्न होने वाला दु:ख आधिदैविक दु:ख कहा गया है।[2] इच्छा के विघात से उत्पन्न होने वाला क्षोभ ही दौर्मनस्य कहा गया है विचित्र विषयों में विभ्रम होना ही लोलता है।

सिद्धि सूचक विघ्न– इन विघ्नों के शान्त होने पर योगासक्त योगी के मार्ग में सिद्धिसूचक दिव्य उपसर्ग प्रवर्तित होते हैं अर्थात् सिद्धिसूचक अन्य विघ्न उपस्थित होते हैं।[3] ये विघ्न निम्न हैं—प्रतिभा, श्रवण, वार्ता, दर्शन, आस्वाद, वेदना। ये षड् (छ:) उपसर्ग योग के व्यय के लिये हुआ करते हैं।

इस तरह शिव पुराण में योगियों की बहुत सी दिव्य सिद्धियाँ वर्णित हैं। उनका वर्णन अत्यधिक विस्तृत एवं अनावश्यक होने के कारण यहाँ नहीं किया जा रहा है। ये सिद्धियाँ,

---

1. धातुवैषम्यजा दोषा व्याधय: कर्मदोषजा:।—शि० पु०, वा० सं०, उ० खं०—38 : 3
2. वही—38 : 7
3. वही—38 : 9

जिन्हें शिव पुराण में उपसर्ग की संज्ञा दी गयी है, योगी को योग से, महायोग से, जिसे शिवतादात्म्य कहते हैं, की ओर बढ़ने में बाधक होती हैं। इनके प्रलोभन में पड़कर साधक अपने चरम लक्ष्य से वंचित रह जाता है। यही कारण है कि योग दर्शन (पुराण-वर्णित एवं पातंजल योग दर्शन) का कड़ा आदेश है कि साधक इन सिद्धियों के लोभ में कभी भी न पड़े। जो इन सिद्धियों को तृण के समान समझ कर इनका परित्याग कर देता है, उसे ही परायोग सिद्धि की प्राप्ति होती है।[1] योग का लक्ष्य मुक्ति-प्राप्ति है। साधक को अलौकिक ऐश्वर्यों की चकाचौंध में नहीं पड़ना चाहिये, नहीं तो वह पथभ्रष्ट हो जाता हे। साधक को चाहिये कि वह सिद्धियों को फेर में न पड़कर आगे बढ़ता जाय और अन्तिम लक्ष्य (पूर्ण मुक्ति) तक पहुँच जाय।

पातंजल योग से शिव पुराण योग की तुलना—

शिव पुराण में वर्णित योगांगों एवं पातंजल योगसूत्र में वर्णित योगांगों की विधियों में कोई विशेष अन्तर नहीं है। शिव पुराण योग की अधिकांश बातों के लिए पातंजल योगसूत्र का ऋणी है। इस बात की सूचना स्वयं शिव पुराण में ही उपलब्ध है। अन्य तात्त्विक समता के अतिरिक्त पातंजल योगसूत्र को स्पष्ट शब्दों में वहाँ निर्देश भी किया गया है। किन्तु कहीं-कहीं शिव पुराण पातंजल योगसूत्र से एक भिन्न दृष्टिकोण भी प्रस्तुत करता है। उदाहरणार्थ शिव पुराण में बतलाया गया है कि 'पर' प्राणायाम के समय साधक को जल्प, भ्रमण एवं मूर्छा आदि होता है। इसी तरह कई शारीरिक विकार भी वहाँ बतलाये गये हैं। किन्तु पातंजल योगसूत्र में ऐसी बातें घटित नहीं होतीं और न इनका वहाँ वर्णन ही है।

शिव पुराण और पातंजल योगसूत्र में दूसरा वैभिन्य वहाँ दृष्टिगोचर होता है, जहाँ पर शिव पुराण में कहा गया है कि योगी (साधक) जब योग की मुद्रा में बैठे तो वह अपनी दृष्टि

---

1. शि० पु०, वा० सं०, उ० खं०—38 : 44

को नासिकाग्र पर एकत्रित करे और इतस्ततः दिशाओं की ओर अपनी दृष्टि न ले जाय। पातंजल योगसूत्र में योग की इस मुद्रा का वर्णन नहीं किया गया है।

इसके अतिरिक्त सर्वाधिक उल्लेख्य अन्तर यह है कि पतंजलि का योगसूत्र, सर्वप्रथम, मन को स्थूल जागतिक पदार्थों पर केन्द्रित होने को कहकर, पुनः तन्मात्राओं, इन्द्रियों एवं अहंकार पर क्रमशः बढ़ने (केन्द्रित होने) की सम्मति देता है तब शिव पुराण के शैवयोग का योगी शिव स्वभाव का ही ध्यान करता है। योगशास्त्र में भी यह कहा गया है कि कोई योगी, इस क्रम से न बढ़कर, ईश्वर का ही ध्यान कर सकता है। और इस ईश्वर के ध्यान से ही कोई योगी मोक्ष लाभ कर सकता है। योगशास्त्र के अनुसार योगी का ध्यानाभ्यास द्विधा होता है। प्रथम तो यह है कि वह सीधे ईश्वर का ध्यान कर सकता है और दूसरी पद्धति यह है कि योगी ध्यान की क्रमिक सीढ़ियों (श्रेणियों) से सूक्ष्म से सूक्ष्मतर एवं सूक्ष्मतम की ओर बढ़ता हुआ अन्त में अपने को पूर्णरूप से प्रकृति में विलीन कर देता है जिससे कि पुनः इस संसार में उसका आगमन न हो। मन के उक्त क्रमिक विकसित होते हुए ध्यान का परिणाम यह होता है कि मन पर पड़े सांसारिक प्रभाव शनैः शनैः समाप्त हो जाते हैं। इससे ईश्वर साक्षात्कार करने में सारल्य होता है।

नादानुसन्धान—

उमा संहिता के षड्विंशति अध्याय में कालवंचन (कालविजय) के प्रसंग में नादानुसन्धान का बड़ा ही मनोहारी वर्णन किया गया है। यतः नादानुसन्धान-प्रक्रिया योग का एक अंग है, अतः यहाँ उसका वर्णन कर देना आवश्यक प्रतीत हो रहा है।

योग के जानकार मनुष्य को चाहिये कि वह सम्पूर्ण प्रजा के सो जाने पर दीपक रहित अन्धकाराच्छन्न, स्थान में, सुन्दर आसन पर आसीन हो, श्वास रोककर योग का अभ्यास करे।[1]

---

1. शि० पु०, उ० सं०—26 : 24

इस प्रसंग में योगी को चाहिए कि वह सर्वप्रथम एक मुहुर्त तक, तर्जनी नामक अंगुली से अपने कानों को खूब ढक कर रक्खे। ऐसा करने से वह्नि समुद्भव शब्द सुनाई पड़ता है।[1] शास्त्रकारों के अनुसार यह अनाहत ध्वनि सुषुम्णा नाड़ी में सुनी जाती है। कहीं-कहीं तो अंगुष्ठ से कर्ण का, तर्जनी से नेत्र का, अन्य अवशिष्ट अंगुलियों से नासापुट एवं मुख के भी आच्छादन की बात कही गयी है।[2] जो साधक नित्य इसी प्रकार दो घड़ी तक उक्त शब्द को सुनता है वह इच्छा और मृत्यु को जीतकर जगत् में मुक्त पर्यटन करता है। वह सर्वज्ञ एवं सर्वदर्शी होकर सम्पूर्ण सिद्धियों को प्राप्त करता है।

उक्त वह्नि समुद्भव शब्द, वर्षाकालीन जल से परिपूर्ण, आकाश में विचरण करने वाले, मेघ के निनाद की भाँति बतलाया गया है। इस ध्वनि को सुनकर योगी शीघ्र ही संसार बन्धन से मुक्त हो जाता है। जैसे-जैसे योगी का अभ्यास बढ़ता जाता है वैसे ही वैसे यह ध्वनि सूक्ष्म से सूक्ष्मतर एवं सूक्ष्मतम होकर, उसके द्वारा, सुनी जाती है।[3] यह ध्वनि ही शब्द ब्रह्म कही जाती है। इसके जान लेने पर, प्राणी संसार के बन्धन से मुक्त हो जाता है।[4]

प्राणज्ञ मनीषियों के द्वारा उक्त वह्नि-समुद्भव शब्द नव प्रकार का कहा गया है, अर्थात् वह नव प्रकार से सुना जाता है। सर्वप्रथम वह शब्द घोष की भाँति सुनाई पड़ता है। यह नाद आत्मशुद्धिकारक, सम्पूर्ण व्याधियों का हरण करने वाला, साधक को अपनी ओर आकृष्ट करने वाला कहा गया है। इसके बाद क्रमशः वह शब्द कांस्य, शृंग, घण्टा, वीणा, वांशिक, दुन्दुभि, शंख, एवं मेघ की ध्वनि की भाँति सुनाई पड़ता है।[5]

किन्तु शिव पुराण का कहना है कि साधक को चाहिये कि वह इन नवविध शब्दों का

---

1. शि० पु०, उ० सं०—26 : 28
2. हठयोग, उपदेश 4, श्लोक—68
3. शि० पु०, उ० सं० 26 : 29
4. वही—26 : 30
5. वही—26 : 40

परित्याग कर इनसे भी श्रेष्ठ एवं उद्ध्र्वस्थित 'तुंकार' नाद का अभ्यास करे। जो साधक अनन्य मन से नित्य ही ब्रह्मरूप 'तुंकार' का अभ्यास करता है उसके लिए कुछ भी असाध्य नहीं है।[1]

शास्त्रान्तर से ज्ञात होता है कि जब साधक अपने हाथों से कानों को ढककर, श्वास का अवरोधन कर, अनाहत ध्वनि को सुनने का अभ्यास करता है, तब जैसे-जैसे प्राणवायु क्रमशः ऊपर की ओर स्थित ब्रह्म ग्रन्थि, विष्णुग्रन्थि (यह कण्ठ में वर्तमान है), भ्रूमध्याकाश, रुद्रग्रन्थि (यह ग्रन्थि आज्ञाचक्र में वर्तमान है) आदि स्थानों का भेदन कर ऊपर की ओर उठता है वैसे-वैसे सूक्ष्म-सूक्ष्म ध्वनियों का श्रवण होता है। सर्वप्रथम यह ध्वनि स्थूल रूप से सुनाई पड़ती है किन्तु साधक का जैसे-जैसे अभ्यास बढ़ता जाता है वैसे-वैसे उसे सूक्ष्म ध्वनि का श्रवण होने लगता है।[2] एक-एक ध्वनि के श्रवण से साधक योगी को एक-एक सिद्धियाँ प्राप्त होती चलती हैं। जैसे दुन्दुभिशब्द के ध्यान से साधक जरा मृत्यु को जीत लेता है। शंख शब्द से वह कामरूप हो जाता है, आदि-आदि।[3] किन्तु 'तुङ्कार' के अभ्यास से साधक सब कुछ कर सकता है। वह सर्वज्ञ, सर्वदर्शी, कामरूपी हो जाता है। उसे कभी किसी प्रकार का विकार नहीं होता और वह अन्त में साक्षात् शिव ही हो जाता है।[4]

यह अनाहत ध्वनि ही शब्द ब्रह्म एवं परमतत्त्व के नाम से भी जानी जाती है। यही परम ब्रह्म भी है। व्यक्ति इस परमतत्त्व को जान लेने के अनन्तर जन्म एवं पुनर्जन्म के बन्धन से मुक्ति प्राप्त कर लेता है।

यदि कोई सैकड़ों वर्ष का वृद्ध भी निद्रा एवं आलस्य रूप महाविघ्न को प्रयत्नपूर्वक जीतकर नित्य ही सुखासन पर स्थित हो शब्दब्रह्म का आयुपर्यन्त अभ्यास करता है तो वह भी

---

1. शि० पु०, उ० सं०—26 : 41, 52
2. हठयोग० उप० 4, श्लोक—70-76
3. शि० पु०, उ० सं०—26 : 44-53
4. वही—26 : 52

रोगरहित, वीर्यशाली एवं मृत्युंजय होता है। जब वृद्धों के ऊपर अनाहृत शब्द के अभ्यास का यह परिणाम है तो तरुणजनों के विषय में क्या कहना।

बुद्धिमान् प्राणी ओंकार, मन्त्रविशेष बीज आदि के अभ्यास पर बल न देकर अनुच्चार्य शब्दब्रह्म परमशिव रूप अनाहत का ही ध्यान करते हैं।[1] जिस प्रकार मकरन्द का पान करने वाला भृंग गन्ध की अपेक्षा नहीं करता उसी प्रकार नाद में आसक्त चित्त भी स्रक्, चन्दन एवं वनिता आदि विषयों की आकांक्षा नहीं करता। नादरूपबन्धन से बद्ध अतएव चापल्यशून्य मन उसी प्रकार से सुतरां स्थैर्य को प्राप्त करता है जैसे छिन्न पक्ष खग। अत: योग को चाहने वाले साधक को चाहिये कि वह सम्पूर्ण चिन्ताओं का परित्याग कर सावधान मन से नाद का ही अनुसन्धान करे।

शिव पुराण में भक्ति योग—

शिव पुराण के अनुसार सर्वज्ञ जगत् के ईश्वर परमात्म-शिव परम भक्ति से ही दृष्टिगोचर होते हैं, अन्यथा इनका दर्शन नहीं होता। रुद्र, हरि, हर तथा और भी देवेश्वर परम भक्ति से ही उनके दर्शन की इच्छा करते हैं। मानव परमात्म-शिव में भक्ति करने मात्र से ही मुक्त हो जाता है।[2]

किन्तु परमात्म-शिव की यह भक्ति भी परम दुर्लभ है। उनके प्रसाद के बिना किसी भी प्राणी के हृदय में इसका प्रादुर्भाव असम्भव है। परन्तु जिस भाँति बीज से अंकुर और अंकुर से बीज उत्पन्न होता है, उसी प्रकार ईश्वर, भक्ति और प्रसाद में अन्योन्याश्रय सम्बन्ध है। परमात्म-शिव के प्रसाद से उनकी भक्ति एवं उनकी भक्ति से प्रसाद की प्राप्ति होती है।

---

1. शि० पु०, उ० सं०—26 : 38
2. शि० पु०, वि० सं०—3 : 12-14

छब्बीसवाँ अध्याय

योगियोंद्वारा कालकी गतिको टालनेका वर्णन

देवी बोलीं—हे देव! आपने यथार्थरूपसे कालज्ञानका वर्णन किया, योगिजन जिस प्रकार कालका वंचन करते हैं, आप उसे विधिपूर्वक कहिये। काल सभी प्राणियोंके सन्निकट घूमता है, किंतु योगी आये हुए कालको भी वंचित कर देता है, जिससे उसकी मृत्यु नहीं होती है। हे देव! मेरे ऊपर कृपा करके आप इसका वर्णन करें। हे सर्वसुखद! योगियोंके हितके लिये इसका वर्णन करें॥ १—३॥

शिवजी बोले—हे देवि! हे शिवे! तुमने मुझसे जो पूछा है, उसे मैं सभी मनुष्योंके हितार्थ संक्षेपमें कहूँगा, तुम सुनो। पृथ्वी, जल, तेज, वायु एवं आकाश—इनका समायोग ही पांचभौतिक शरीर है॥ ४-५॥

आकाशतत्त्व सर्वव्यापी है तथा सभीमें सर्वत्र स्थित है। आकाशमें ही सभी लय हो जाते हैं एवं पुनः उसीसे प्रकट भी हो जाते हैं। हे सुन्दरि! आकाशसे वियुक्त हो जानेपर पंचभूत अपने-अपने स्थानमें मिल जाते हैं, उस सन्निपातकी स्थिरता नहीं है॥ ६-७॥

सभी ज्ञानी लोग तपस्या एवं मन्त्रके बलसे यह सब भलीभाँति जान लेते हैं। इसमें संशय नहीं है॥ ८॥

देवी बोलीं—आकाशतत्त्व उस घोररूप कालके द्वारा नष्ट हो जाता है; क्योंकि काल कराल एवं त्रिलोकीका स्वामी है। आपने उस कालको भी जला दिया था, किंतु स्तोत्रोंद्वारा स्तुति किये जानेपर आप उसपर सन्तुष्ट हो गये और उसने पुनः अपना स्वरूप प्राप्त कर लिया॥ ९॥

आपने वार्तालापके माध्यमसे उससे कहा कि तुम लोगोंसे अदृश्य रहकर विचरण करोगे। उस समय आपने उसे महान् प्रभाववाला देखा और आप प्रभुके वरके प्रभावसे वह पुनः उठ खड़ा हुआ॥ १०॥

हे महेश! क्या इस जगत्में कोई साधन है, जिससे काल मारा जा सके, उसे मुझको बताइये; आप योगियोंमें श्रेष्ठ, प्रभावशाली तथा स्वतन्त्र हैं और परोपकारके लिये शरीर धारण किये हुए हैं॥ ११॥

शंकरजी बोले—हे देवि! बड़े-बड़े देवताओं, दैत्यों, यक्षों, राक्षसों, सर्पों एवं मनुष्योंसे भी काल नहीं मारा जा सकता है, किंतु जो ध्यानपरायण देहधारी योगी होते हैं, वे सरलतापूर्वक कालको मार डालते हैं॥ १२॥

सनत्कुमार बोले—तीनों लोकोंके गुरु शिवकी बात सुनकर पार्वतीने हँसकर कहा—आप मुझे सच-सच बताइये कि योगी किस प्रकार इस कालको अपने वशमें कर लेते हैं? तब शिवजीने उनसे कहा—हे चन्द्रमुखी! निष्पाप तथा एकाग्रचित्त जो योगीजन हैं, वे जिस प्रकार [निमेषादि] कलाओंवाले कालरूपी सर्पको शीघ्र ही नष्ट कर देते हैं, उसे तुम सुनो॥ १३॥

शंकरजी बोले—हे वरारोहे! यह पंचभूतात्मक शरीर सदा उनके रूप-रसादि गुणोंसे युक्त होकर उत्पन्न होता है और पुनः यह पार्थिव शरीर उन्हींमें विलीन भी हो जाता है॥ १४॥

आकाशसे वायु उत्पन्न होता है, वायुसे तेज उत्पन्न होता है, तेजसे जल उत्पन्न होता है और जलसे पृथ्वी उत्पन्न होती है। ये क्रमशः पृथ्वी आदि पंचभूत एक-दूसरेमें पूर्व-पूर्वके क्रमसे विलीन होते हैं। पृथ्वी पाँच गुणोंवाली कही गयी है। जल चार गुणोंवाला, तेज तीन गुणोंवाला तथा वायु दो गुणोंवाला है। इन पृथिवी आदिमें आकाशतत्त्व एकमात्र शब्द गुणवाला कहा गया है॥ १५—१७॥

जब पंचमहाभूत शब्द, स्पर्श, रूप, रस और पाँचवाँ गन्ध—अपने-अपने इन गुणोंको त्याग देते हैं तो प्राणीकी मृत्यु हो जाती है और जब अपने-अपने गुणोंको ग्रहण करते हैं, तब उसीको जीवका प्रकट होना कहा जाता है। हे देवेशि! इस प्रकार पाँचों भूतोंको ठीक-ठीक जानो॥ १८-१९॥

अतः हे देवेशि! कालको जीतनेकी इच्छावाले योगीको यत्नपूर्वक अपने-अपने कालमें उसके अंशभूत हुए गुणोंपर विचार करना चाहिये॥ २०॥

पार्वतीजी बोलीं—हे योगवेत्ता प्रभो! योगी लोग ध्यानसे अथवा मन्त्रसे किस प्रकार कालको जीतते हैं, वह सब मुझसे कहिये?॥ २१॥

शंकरजी बोले—हे देवि! सुनो, मैं योगियोंके हितके लिये इसे कहूँगा, जिस किसीको इस उत्कृष्ट ज्ञानका उपदेश प्रदान नहीं करना चाहिये। हे भामिनि! इसका उपदेश श्रद्धालु, भक्त, बुद्धिमान्, आस्तिक, पवित्र तथा धर्मपरायण व्यक्तिको ही करना चाहिये॥ २२-२३॥

योगीको चाहिये कि उत्तम आसनपर विराजमान हो प्राणायामके द्वारा योगका अभ्यास करे, विशेषकर सब लोगोंके सो जानेपर बिना दीपके अन्धकारमें ही योगाभ्यास करना चाहिये॥ २४॥

एक मुहूर्ततक तर्जनी अँगुलीसे दोनों कान दबाकर बन्द रखे, ऐसा करनेसे [कुछ देर बाद] अग्निप्रेरित शब्द सुनायी पड़ने लगता है॥ २५॥

इससे सन्ध्याके बाद खाया हुआ अन्न क्षणभरमें पच जाता है और वह ज्वर आदि समस्त रोग-उपद्रवोंको शीघ्र नष्ट कर देता है॥ २६॥

जो योगी नित्य दो घड़ीपर्यन्त इस तरहके आकारका ध्यान करता है, वह काम तथा मृत्युको जीतकर अपनी इच्छासे इस लोकमें विचरण करता है और सर्वज्ञ तथा सर्वदर्शी होकर सम्पूर्ण सिद्धियोंको प्राप्त कर लेता है। वर्षाकालमें जिस प्रकार मेघ आकाशमें शब्द करते हैं, उसी प्रकारका यह शब्द है। उसे सुनकर योगी शीघ्र ही संसारबन्धनसे मुक्त हो जाता है। इसके बाद वह योगियोंद्वारा प्रतिदिन [चिन्तन किया जाता हुआ शब्द] सूक्ष्मसे भी सूक्ष्म होता जाता है॥ २७—२९॥

हे देवि! इस प्रकार मैंने शब्दब्रह्मके ध्यानकी यह विधि तुमसे कह दी। जिस प्रकार धानको चाहनेवाला पुआलका त्याग कर देता है, वैसे योगीको सांसारिक बन्धनका पूर्णरूपसे त्याग कर देना चाहिये। इस शब्दब्रह्मको प्राप्तकर जो कोई भी लोग अन्य पदार्थोंकी इच्छा रखते हैं, वे मानो अपनी मुट्ठीसे आकाशका भेदन करना चाहते हैं और [इस अमृतोपम योगको पा करके भी] भूख-प्यासकी अपेक्षा रखते हैं॥ ३०-३१॥

[शब्दब्रह्म नामसे कहे गये] परम सुख देनेवाले, मुक्तिके कारणस्वरूप, अन्तःकरणमें स्थित, अविनाशी तथा सभी उपाधियोंसे रहित इस परब्रह्मको जानकर मनुष्य मुक्त हो जाते हैं। जो इस शब्दब्रह्मको नहीं जानते, वे कालके पाशसे मोहित होकर मृत्युके वशमें होते हैं एवं वे पापी तथा कुबुद्धि हैं। वे संसारचक्रमें तभीतक भटकते रहते हैं, जबतक उन्हें धाम (सबका आश्रय) प्राप्त नहीं हो जाता। परमतत्त्वके ज्ञात हो जानेपर मनुष्य जन्म-मृत्युरूपी बन्धनसे छूट जाते हैं॥ ३२—३४॥

योगीको चाहिये कि वह निद्रा-आलस्यरूपी महाविघ्नकारी शत्रुको यत्नपूर्वक जीतकर सुखद आसनपर बैठ करके नित्यप्रति शब्दब्रह्मका अभ्यास करे। सौ वर्षकी आयुवाला वृद्ध मनुष्य इसे प्राप्त करके जीवनपर्यन्त इसका अभ्यास करे तो उसे आरोग्यलाभ होता है। उसकी वीर्यवृद्धि होती है और वह मृत्युको जीतकर अपने शरीरको स्थिर रखता है॥ ३५-३६॥

इस प्रकारका विश्वास जब वृद्धमें देखा जाता है, तब युवकजनमें इसकी बात ही क्या? यह शब्दब्रह्म न ॐकार है, न मन्त्र है, न बीज तथा न अक्षर ही है। हे देवि! यह शब्दब्रह्म अनाहत तथा उच्चारणसे रहित होता है और यह परम कल्याणकारी है, हे प्रिये! उत्तम बुद्धिवाले यत्नपूर्वक निरन्तर इसका ध्यान करते हैं॥ ३७-३८॥

उसी अनाहत नादसे [प्रकट होनेवाले] नौ प्रकारके शब्द कहे गये हैं, जिन्हें प्राणवेत्ताओंने परिलक्षित किया है। हे देवि! उन्हें तथा नादसिद्धिको यत्नपूर्वक कहता हूँ—घोष, कांस्य, शृंग, घण्टा, वीणा, बाँसुरी, दुन्दुभि, शंखशब्द और नौवाँ मेघगर्जन—[ये अनाहतसे प्रकट होनेवाले शब्द हैं। योगी] इन नौ शब्दोंका त्यागकर तुंकारशब्दका अभ्यास करे। इस प्रकार ध्यान करनेवाला योगी पुण्यों एवं पापोंसे लिप्त नहीं होता है॥ ३९—४१॥

हे देवि! जब योगाभ्याससे युक्त योगी सुननेका यत्न करते हुए भी नहीं सुन पाये तो भी मृत्युके समीप आनेपर भी योगी रात-दिन इसी प्रकारका अभ्यास करता रहे, तब उससे सात दिनोंमें मृत्युको जीतनेवाला शब्द उत्पन्न होता है। हे देवि! वह नौ प्रकारका होता है। मैं यथार्थरूपसे उसका वर्णन करता हूँ॥ ४२-४३॥

पहला घोषात्मक नाद होता है, वह आत्माको शुद्ध करनेवाला, श्रेष्ठ, सभी प्रकारकी व्याधियोंको दूर करनेवाला, मनको वशीभूतकर अपने प्रति आकृष्ट करनेवाला तथा उत्तम होता है॥ ४४॥

॥ इस प्रकार श्रीशिवमहापुराणके अन्तर्गत पाँचवीं उमासंहितामें कालवंचनवर्णन नामक छब्बीसवाँ अध्याय पूर्ण हुआ ॥ २६ ॥

सत्ताईसवाँ अध्याय

अमरत्व प्राप्त करनेकी चार यौगिक साधनाएँ

देवी बोलीं—योगी योगाकाशसे उत्पन्न वायुपद कैसे प्राप्त करता है, हे प्रभो! यदि आप मुझपर प्रसन्न हैं, तो यह सब मुझे बताइये॥ १॥

शंकर बोले—[हे देवि!] योगियोंके हितकी कामनासे मैंने पहले सभी बातोंको कह दिया है, अब जिस प्रकार योगी कालको अच्छी तरह जीतकर वायुस्वरूप हो जाता है, उसको सुनो॥ २॥

हे सुन्दरि! उस [योगसामर्थ्य]-से [मृत्युके] दिनको जानकर प्राणायाममें तत्पर योगी आधे महीनेमें ही आये हुए कालको जीत लेता है॥ ३॥

हृदयमें स्थित रहनेवाला वायु सदा अग्निको प्रदीप्त करता है। अग्निके पीछे चलनेवाला वह महान् तथा सर्वगामी वायु भीतर और बाहर सभी जगह व्याप्त है। ज्ञान, विज्ञान एवं उत्साह—इन सबकी प्रवृत्ति वायुसे होती है, जिसने इस लोकमें वायुको जीत लिया, उसने इस सम्पूर्ण जगत्को जीत लिया॥ ४-५॥

योगपरायण योगी सम्यक् धारणा-ध्यानमें तत्पर रहे, उसे जरा-मृत्युके विनाशकी इच्छासे सदा धारणामें निष्ठा करनी चाहिये॥ ६॥

हे मुने! जिस प्रकार लोहार मुखसे वायुके द्वारा धौंकनीको फुलाकर कार्य सिद्ध करता है, उसी प्रकार योगीको भी अभ्यास करना चाहिये॥ ७॥

[प्राणायामके समय जिनका ध्यान किया जाता है] वे [आराध्य] देव [परमेश्वर] सहस्रों मस्तक, नेत्र, पैर और हाथोंसे युक्त हैं तथा समस्त ग्रन्थियोंको आवृतकर उनसे भी दस अंगुल आगे स्थित हैं। प्राणवायुको नियन्त्रितकर व्याहृतिपूर्वक तीन बार गायत्रीका शिरोमन्त्र-सहित जप करे, उसे प्राणायाम कहा जाता है॥ ८-९॥

चन्द्र, सूर्य आदि ग्रह आते-जाते रहते हैं, किंतु प्राणायामपूर्वक ध्यानमें तत्पर योगी आजतक कभी नहीं लौटे अर्थात् कैवल्यको प्राप्त हो गये॥ १०॥

हे देवि! सौ वर्षतक तप करके ब्राह्मण कुशाके

अग्रभागके बराबर (बिन्दुमात्र) जलको पीकर जो फल प्राप्त करता है, उसे वह (योगी) एक प्राणायामके द्वारा ही प्राप्त कर लेता है। जो द्विज प्रात:काल उठकर एक प्राणायाम करता है, वह अपने सभी पापोंको नष्टकर शीघ्र ही ब्रह्मलोकको जाता है॥ ११-१२॥

जो सदा आलस्यरहित होकर एकान्तमें प्राणायाम करता है, वह जरा तथा मृत्युको जीतकर वायुके समान गतिशील होकर आकाशमें विचरण करता है। वह सिद्ध पुरुषका रूप; कान्ति, मेधा, पराक्रम तथा शौर्य प्राप्त कर लेता है और गतिमें वायुके समान होकर प्रशंसनीय सौख्य तथा परम सुख प्राप्त करता है॥ १३-१४॥

हे देवेशि! जिस प्रकार योगी वायुसे सिद्धि प्राप्त करता है, वह सब मैंने तुमसे कह दिया, अब जिस प्रकार उन्हें तेजसे सिद्धिकी प्राप्ति होती है, उसे मैं तुमसे कहूँगा॥ १५॥

जहाँ दूसरोंकी बातचीतका कोलाहल न हो, ऐसे शान्त एकान्त स्थानमें सुखासनपर बैठकर चन्द्रमा और सूर्य (वाम और दक्षिण नेत्र)-की कान्तिसे प्रकाशित मध्यवर्ती देश अर्थात् भ्रूमध्यभागमें जो अग्निका तेज अव्यक्तरूपसे प्रकाशित होता है, उसे आलस्यरहित योगी प्रकाशरहित अन्धकारपूर्ण स्थानमें चिन्तन करनेपर निश्चय ही देख सकता है॥ १६-१७॥

योगी यत्नपूर्वक नेत्रोंको हाथकी अँगुलियोंसे कुछ दबाकर उनके तारोंको देखते हुए एकाग्रचित्तसे आधे मुहूर्ततक उनका ध्यान करे॥ १८॥

उसके बाद ध्यान करता हुआ वह अन्धकारमें श्वेत, रक्त, पीत, कृष्ण तथा इन्द्रधनुषके समान कान्तिवाले ईश्वरीय तेजको देखता है॥ १९॥

दोनों भौंहोंके मध्यमें ललाटस्थित बालसूर्यके समान उस तेजको जानकर वह इच्छानुसार कामरूपधारी होकर मनोवांछित शरीरसे क्रीडा करता है॥ २०॥

निरन्तर अभ्यासके योगसे उसमें कारणको शान्त करना, आवेश, परकायाप्रवेश, अणिमादि सिद्धियोंकी प्राप्ति, मनसे सारी वस्तुओंका अवलोकन, दूरसे सुननेकी शक्ति, स्वयं अदृश्य हो जाना, अनेक रूप धारण करना एवं आकाशमें विचरणकी शक्ति—यह सब (सामर्थ्य) उत्पन्न हो जाता है॥ २१-२२॥

वेदाध्ययनसे सम्पन्न तथा अनेक शास्त्रोंमें प्रवीण ज्ञानीलोग भी अपने पूर्व कर्मोंके वशीभूत होकर मोहित हो जाते हैं। पापसे मोहित हुए मूढ़ मनुष्य लोकमें देखते हुए भी अन्धेके समान नहीं देखते और सुनते हुए भी बहरेके समान नहीं सुनते हैं॥ २३-२४॥

सूर्यके समान वर्णवाले तथा अन्धकारसे परे उस परम पुरुषको मैं जानता हूँ, इस प्रकार जानकर योगी मृत्युका अतिक्रमण कर लेता है, मुक्त होनेके लिये इसके अतिरिक्त अन्य उपाय नहीं है॥ २५॥

विपरीतभावनासे युक्त बुद्धिको 'भ्रान्ति' कहते हैं। ['दु:ख' कहते हैं कष्टको, उसके तीन भेद हैं—आध्यात्मिक, आधिभौतिक और आधिदैविक।] मनुष्योंके चित्तका जो अज्ञानजनित दु:ख है, उसे आध्यात्मिक दु:ख समझना चाहिये। पूर्वकृत कर्मोंके परिणामसे शरीरमें जो रोग आदि उत्पन्न होते हैं, उन्हें आधिभौतिक दु:ख कहा गया है। विद्युत्पात, अस्त्र-शस्त्र और विष आदिसे जो कष्ट प्राप्त होता है, उसे आधिदैविक दु:ख कहते हैं। इच्छापर आघात पहुँचनेसे मनमें जो क्षोभ होता है, उसीका नाम है 'दौर्मनस्य'। विचित्र विषयोंमें जो सुखका भ्रम है, वही 'विषयलोलुपता' है ॥ ६—८ ॥

योगपरायण योगीके इन विघ्नोंके शान्त हो जानेपर जो 'दिव्य उपसर्ग' (विघ्न) प्राप्त होते हैं, वे सिद्धिके सूचक हैं। प्रतिभा, श्रवण, वार्ता, दर्शन, आस्वाद और वेदना—ये छ: प्रकारकी सिद्धियाँ ही 'उपसर्ग' कहलाती हैं, जो योगशक्तिके अपव्ययमें कारण होती हैं ॥ ९-१० ॥

जो पदार्थ अत्यन्त सूक्ष्म हो, किसीकी ओटमें हो, भूतकालमें रहा हो, बहुत दूर हो अथवा भविष्यमें होनेवाला हो, उसका ठीक-ठीक प्रतिभास (ज्ञान) हो जाना 'प्रतिभा' कहलाता है। सुननेका प्रयत्न न करनेपर भी सम्पूर्ण शब्दोंका सुनायी देना 'श्रवण' कहा गया है। समस्त देहधारियोंकी बातोंको समझ लेना 'वार्ता' है। दिव्य पदार्थोंका बिना किसी प्रयत्नके दिखायी देना 'दर्शन' कहा गया है, दिव्य रसोंका स्वाद प्राप्त होना

---

* योगदर्शन, समाधिपादके ३०वें सूत्रमें नौ प्रकारके चित्तविक्षेपोंको योगका अन्तराय बताया गया है और ३१ वें सूत्रमें पाँच 'विक्षेपसहभू' संज्ञक विघ्न अथवा प्रतिबन्धक कहे गये हैं। किंतु यहाँ शिवपुराणमें दस प्रकारके अन्तराय बताये गये हैं। इनमें योगदर्शनकथित 'अलब्धभूमिकत्व' को छोड़ दिया गया है और 'विक्षेपसहभू' में परिगणित दु:ख और दौर्मनस्यको सम्मिलित कर लिया गया है। योगसूत्रमें 'स्त्यान और संशय—ये दो पृथक्-पृथक् अन्तराय' हैं और यहाँ 'स्थान-संशय' नामसे एक ही अन्तराय माना गया है; साथ ही इस पुराणमें 'अश्रद्धा' को भी एक अन्तरायके रूपमें गिना गया है।

* योगदर्शन, समाधिपादके ३०वें सूत्रमें नौ प्रकारके चित्तविक्षेपोंको योगका अन्तराय बताया गया है और ३१ वें सूत्रमें पाँच 'विक्षेपसहभू' संज्ञक विघ्न अथवा प्रतिबन्धक कहे गये हैं। किंतु यहाँ शिवपुराणमें दस प्रकारके अन्तराय बताये गये हैं। इनमें योगदर्शनकथित 'अलब्धभूमिकत्व' को छोड़ दिया गया है और 'विक्षेपसहभू' में परिगणित दुःख और दौर्मनस्यको सम्मिलित कर लिया गया है। योगसूत्रमें 'स्त्यान और संशय—ये दो पृथक्-पृथक् अन्तराय' हैं और यहाँ 'स्थान-संशय' नामसे एक ही अन्तराय माना गया है; साथ ही इस पुराणमें 'अश्रद्धा' को भी एक अन्तरायके रूपमें गिना गया है।

'आस्वाद' कहलाता है, अन्तःकरणके द्वारा दिव्य स्पर्शोंका तथा ब्रह्मलोकतकके गन्धादि दिव्य भोगोंका अनुभव 'वेदना' नामसे विख्यात है॥ ११—१४॥

सिद्ध योगीके पास स्वयं ही रत्न उपस्थित हो जाते हैं और बहुत-सी वस्तुएँ प्रदान करते हैं। मुखसे इच्छानुसार नाना प्रकारकी मधुर वाणी निकलती है। सब प्रकारके रसायन और दिव्य ओषधियाँ सिद्ध हो जाती हैं। देवांगनाएँ इस योगीको प्रणाम करके [मनोवांछित वस्तुएँ] देती हैं। यह मैंने जैसे देखा या अनुभव किया है, तदनुसार योगसिद्धिके एकदेशका भी साक्षात्कार हो जाय तो मोक्षमें मन लग जाता है अर्थात् मोक्ष भी हो सकता है॥ १५—१७॥

कृशता, स्थूलता, बाल्यावस्था, वृद्धावस्था, युवावस्था, नाना जातिका स्वरूप; पृथ्वी, जल, अग्नि और वायु—इन चार तत्त्वोंके शरीरको धारण करना, नित्य अपार्थिव एवं मनोहर गन्धको ग्रहण करना—ये पार्थिव ऐश्वर्यके आठ गुण बताये गये हैं॥ १८-१९॥

जलमें निवास करना, पृथ्वीपर ही जलका निकल आना, इच्छा करते ही बिना किसी आतुरताके स्वयं समुद्रको भी पी जानेमें समर्थ होना, इस संसारमें जहाँ चाहे वहीं जलका दर्शन होना, घड़ा आदिके बिना हाथमें ही जलराशिको धारण करना, जिस विरस वस्तुको भी खानेकी इच्छा हो, उसका तत्काल सरस हो जाना, जल, तेज और वायु—इन तीन तत्त्वोंके शरीरको धारण करना तथा देहका फोड़े, फुंसी और घाव आदिसे रहित होना—पार्थिव ऐश्वर्यके आठ गुणोंको मिलाकर ये सोलह जलीय ऐश्वर्यके अद्भुत गुण हैं॥ २०—२३॥

शरीरसे अग्निको प्रकट करना, अग्निके तापसे जलनेका भय दूर हो जाना, यदि इच्छा हो तो बिना किसी प्रयत्नके इस जगत्को जलाकर भस्म कर देनेकी शक्तिका होना, पानीके ऊपर अग्निको स्थापित कर देना, हाथमें आग धारण करना, सृष्टिको जलाकर फिर उसे ज्यों-का-त्यों कर देनेकी क्षमताका होना, मुखमें ही अन्न आदिको पचा लेना तथा तेज और वायु—दो ही तत्त्वोंसे शरीरको रच लेना—ये आठ गुण जलीय ऐश्वर्यके उपर्युक्त सोलह गुणोंके साथ चौबीस होते हैं। ये चौबीस तैजस ऐश्वर्यके गुण कहे गये हैं॥ २४—२५½॥

मनके समान वेगशाली होना, प्राणियोंके भीतर क्षणभरमें प्रवेश कर जाना, बिना प्रयत्नके ही पर्वत आदिके महान् भारको उठा लेना, भारी हो जाना, हलका होना, हाथमें वायुको पकड़ लेना, अंगुलिके अग्रभागकी चोटसे भूमिको भी कम्पित कर देना, एकमात्र वायुतत्त्वसे ही शरीरका निर्माण कर लेना—ये आठ गुण तैजस ऐश्वर्यके चौबीस गुणोंके साथ बत्तीस हो जाते हैं। विद्वानोंने वायुसम्बन्धी ऐश्वर्यके ये ही बत्तीस गुण स्वीकार किये हैं॥ २६—२८½॥

शरीरकी छायाका न होना, इन्द्रियोंका दिखायी न देना, आकाशमें इच्छानुसार विचरण करना, इन्द्रियोंके सम्पूर्ण विषयोंका समन्वय होना—आकाशको लाँघना, अपने शरीरमें उसका निवेश करना, आकाशको पिण्डकी भाँति ठोस बना देना और निराकार होना—ये आठ गुण अग्निके बत्तीस गुणोंसे मिलकर चालीस होते हैं। ये चालीस ही वायुसम्बन्धी ऐश्वर्यके गुण हैं। यही सम्पूर्ण इन्द्रियोंका ऐश्वर्य है, इसीको 'ऐन्द्र' एवं 'आम्बर' (आकाशसम्बन्धी) ऐश्वर्य भी कहते हैं॥ २९—३१½॥

इच्छानुसार सभी वस्तुओंकी उपलब्धि, जहाँ चाहे वहाँ निकल जाना, सबको अभिभूत कर लेना, सम्पूर्ण गुह्य अर्थका दर्शन होना, कर्मके अनुरूप निर्माण करना, सबको वशमें कर लेना, सदा प्रिय वस्तुका ही दर्शन होना और एक ही स्थानसे सम्पूर्ण संसारका दिखायी देना—ये आठ गुण पूर्वोक्त इन्द्रियसम्बन्धी ऐश्वर्य-गुणोंसे मिलकर अड़तालीस होते हैं। चान्द्रमस ऐश्वर्य इन अड़तालीस गुणोंसे युक्त कहा गया है। यह पहलेके ऐश्वर्योंसे अधिक गुणवाला है। इसे 'मानस ऐश्वर्य' भी कहते हैं॥ ३२—३४॥

छेदना, पीटना, बाँधना, खोलना, संसारके वशमें रहनेवाले समस्त प्राणियोंको ग्रहण करना, सबको प्रसन्न रखना, पाना, मृत्युको जीतना तथा कालपर विजय पाना—ये सब अहंकारसम्बन्धी ऐश्वर्यके अन्तर्गत हैं। आहंकारिक ऐश्वर्यको ही 'प्राजापत्य' भी कहते हैं॥ ३५-३६॥

चान्द्रमस ऐश्वर्यके गुणोंके साथ इसके आठ गुण

मिलकर छप्पन होते हैं। महान् आभिमानिक ऐश्वर्यके ये ही छप्पन गुण हैं। संकल्पमात्रसे सृष्टि-रचना करना, पालन करना, संहार करना, सबके ऊपर अपना अधिकार स्थापित करना, प्राणियोंके चित्तको प्रेरित करना, सबसे अनुपम होना, इस जगत्से पृथक् नये संसारकी रचना कर लेना तथा शुभको अशुभ और अशुभको शुभ कर देना—यह 'बौद्ध ऐश्वर्य' है। प्राजापत्य ऐश्वर्यके गुणोंको मिलाकर इसके चौंसठ गुण होते हैं। इस बौद्ध ऐश्वर्यको ही 'ब्राह्म ऐश्वर्य' भी कहते हैं॥ ३७—३९॥

इससे उत्कृष्ट है गौण ऐश्वर्य, जिसे प्राकृत भी कहते हैं। उसीका नाम 'वैष्णव ऐश्वर्य' है। तीनों लोकोंका पालन उसीके अन्तर्गत है। उस सम्पूर्ण वैष्णव-पदको न तो ब्रह्मा कह सकते हैं और न दूसरे ही उसका पूर्णतया वर्णन कर सकते हैं। उसीको पौरुषपद भी कहते हैं। गौण और पौरुषपदसे उत्कृष्ट गणपतिपद है। उसीको ईश्वरपद भी कहते हैं। उस पदका किंचित् ज्ञान श्रीविष्णुको है। दूसरे लोग उसे नहीं जान सकते॥ ४०-४१॥

ये सारी विज्ञान-सिद्धियाँ औपसर्गिक हैं। इन्हें परम वैराग्यद्वारा प्रयत्नपूर्वक रोकना चाहिये। इन अशुद्ध प्रातिभासिक गुणोंमें जिसका चित्त आसक्त है, उसे सम्पूर्ण कामनाओंको पूर्ण करनेवाला निर्भय परम ऐश्वर्य नहीं सिद्ध होता॥ ४२-४३॥

इसलिये देवता, असुर और राजाओंके गुणों तथा भोगोंको जो तृणके समान त्याग देता है, उसे ही उत्कृष्ट योगसिद्धि प्राप्त होती है। अथवा यदि जगत्पर अनुग्रह करनेकी इच्छा हो तो वह योगसिद्ध मुनि इच्छानुसार विचरे। इस जीवनमें गुणों और भोगोंका उपभोग करके अन्तमें उसे मोक्षकी प्राप्ति होगी॥ ४४-४५॥

अब मैं योगके प्रयोगका वर्णन करूँगा। एकाग्रचित्त होकर सुनो। शुभ काल हो, शुभ देश हो, भगवान् शिवका क्षेत्र आदि हो, एकान्त स्थान हो, जीव-जन्तु न रहते हों, कोलाहल न होता हो और किसी बाधाकी सम्भावना न हो—ऐसे स्थानमें लिपी-पुती सुन्दर भूमिको गन्ध और धूप आदिसे सुवासित करके वहाँ फूल बिखेर दे, चँदोवा आदि तानकर उसे विचित्र रीतिसे सजा दे तथा वहाँ कुश, पुष्प, समिधा, जल, फल और मूलकी सुविधा हो। [फिर वहाँ योगका अभ्यास करे।] अग्निके निकट, जलके समीप और सूखे पत्तोंके ढेरपर योगाभ्यास नहीं करना चाहिये॥ ४६—४८॥

जहाँ डाँस और मच्छर भरे हों, साँप और हिंसक जन्तुओंकी अधिकता हो, दुष्ट पशु निवास करते हों, भयकी सम्भावना हो तथा जो दुष्टोंसे घिरा हुआ हो—ऐसे स्थानमें भी योगाभ्यास नहीं करना चाहिये। श्मशानमें, चैत्यवृक्षके नीचे, बाँबीके निकट, जीर्ण-शीर्ण घरमें, चौराहेपर, नदी-नद और समुद्रके तटपर, गली या सड़कके बीचमें, उजड़े हुए उद्यानमें, गोष्ठ आदिमें अनिष्टकारी और निन्दित स्थानमें भी योगाभ्यास न करे॥ ४९—५०१/२॥

जब शरीरमें अजीर्णका कष्ट हो, खट्टी डकार आती हो, विष्ठा और मूत्रसे शरीर दूषित हो, सर्दी हुई हो या अतिसार रोगका प्रकोप हो, अधिक भोजन कर लिया गया हो या अधिक परिश्रमके कारण थकावट हुई हो, जब मनुष्य अत्यन्त चिन्तासे व्याकुल हो, अधिक भूख-प्यास सता रही हो तथा जब वह अपने गुरुजनोंके कार्य आदिमें लगा हुआ हो, उस अवस्थामें भी उसे योगाभ्यास नहीं करना चाहिये॥ ५१—५२१/२॥

जिसके आहार-विहार उचित एवं परिमित हों, जो कर्मोंमें यथायोग्य समुचित चेष्टा करता हो तथा जो उचित समयसे सोता और जागता हो एवं सर्वथा आयासरहित हो, उसीको योगाभ्यासमें तत्पर होना चाहिये। आसन मुलायम, सुन्दर, विस्तृत, सब ओरसे बराबर और पवित्र होना चाहिये। पद्मासन और स्वस्तिकासन आदि जो यौगिक आसन हैं, उनपर भी अभ्यास करना चाहिये। अपने आचार्यपर्यन्त गुरुजनोंकी परम्पराको क्रमशः प्रणाम करके अपनी गर्दन, मस्तक और छातीको सीधी रखे। ओठ और नेत्र अधिक सटे हुए न हों। सिर कुछ-कुछ ऊँचा हो। दाँतोंसे दाँतोंका स्पर्श न करे॥ ५३—५६॥

दाँतोंके अग्रभागमें स्थित हुई जिह्वाको अविचलभावसे रखते हुए, एड़ियोंसे दोनों अण्डकोशों और प्रजननेन्द्रियकी

रक्षापूर्वक दोनों जाँघोंके ऊपर बिना किसी यत्नके अपनी दोनों भुजाओंको रखे। फिर दाहिने हाथके पृष्ठभागको बायें हाथकी हथेलीपर रखकर धीरेसे पीठको ऊँची करे और छातीको आगेकी ओरसे सुस्थिर रखते हुए नासिकाके अग्रभागपर दृष्टि जमाये। अन्य दिशाओंकी ओर दृष्टिपात न करे॥ ५७—५९॥

प्राणका संचार रोककर पाषाणके समान निश्चल हो जाय। अपने शरीरके भीतर मानस-मन्दिरमें हृदय-कमलके आसनपर पार्वतीसहित भगवान् शिवका चिन्तन करके ध्यान-यज्ञके द्वारा उनका पूजन करे॥ ६०१/२॥

मूलाधार चक्रमें, नासिकाके अग्रभागमें, नाभिमें, कण्ठमें, तालुके दोनों छिद्रोंमें, भौंहोंके मध्यभागमें, द्वारदेशमें, ललाटमें या मस्तकमें शिवका चिन्तन करे। शिवा और शिवके लिये यथोचित रीतिसे उत्तम आसनकी कल्पना करके वहाँ सावरण या निरावरण शिवका स्मरण करे। द्विदल, चतुर्दल, षड्दल, दशदल, द्वादशदल अथवा षोडशदल कमलके आसनपर विराजमान शिवका विधिवत् स्मरण करना चाहिये। दोनों भौंहोंके मध्यभागमें द्विदल कमल है, जो विद्युत्के समान प्रकाशमान है॥ ६१—६४॥

भ्रूमध्यमें स्थित जो कमल है, उसके क्रमशः दक्षिण और उत्तर भागमें दो पत्ते हैं, जो विद्युत्के समान दीप्तिमान् हैं। उनमें दो अन्तिम वर्ण 'ह' और 'क्ष' अंकित हैं। षोडशदल कमलके पत्ते सोलह स्वररूप हैं, [जिनमें 'अ' से लेकर 'अः' तकके अक्षर क्रमशः अंकित हैं।] यह जो कमल है, उसकी नालके मूलभागसे बारह दल प्रस्फुटित हुए हैं, जिनमें 'क' से लेकर 'ठ' तकके बारह अक्षर क्रमशः अंकित हैं। सूर्यके समान प्रकाशमान इस कमलके उन द्वादश दलोंका अपने हृदयके भीतर ध्यान करना चाहिये॥ ६५—६७॥

तत्पश्चात् गो-दुग्धके समान उज्ज्वल कमलके दस दलोंका चिन्तन करे। उनमें क्रमशः'ड' से लेकर 'फ' तकके अक्षर अंकित हैं। इसके बाद नीचेकी ओर दलवाले कमलके छः दल हैं, जिनमें 'ब' से लेकर 'ल' तकके अक्षर अंकित हैं। इस कमलकी कान्ति धूमरहित अंगारके समान है॥ ६८१/२॥

मूलाधारमें स्थित जो कमल है, उसकी कान्ति सुवर्णके समान है। उसमें क्रमशः 'व' से लेकर 'स' तकके चार अक्षर चार दलोंके रूपमें स्थित हैं। इन कमलोंमेंसे जिसमें ही अपना मन रमे, उसीमें महादेव और महादेवीका अपनी धीर बुद्धिसे चिन्तन करे॥ ६९-७०॥

उनका स्वरूप अँगूठेके बराबर, निर्मल और सब ओरसे दीप्तिमान् है। अथवा वह शुद्ध दीपशिखाके समान आकारवाला है और अपनी शक्तिसे पूर्णतः मण्डित है। अथवा चन्द्रलेखा या ताराके समान रूपवाला है अथवा वह नीवारके सींक या कमलनालसे निकलेवाले सूतके समान है। कदम्बके गोलक या ओसके कणसे भी उसकी उपमा दी जा सकती है। वह रूप पृथिवी आदि तत्त्वोंपर विजय प्राप्त करनेवाला है। ध्यान करनेवाला पुरुष जिस तत्त्वपर विजय पानेकी इच्छा रखता हो, उसी तत्त्वके अधिपतिकी स्थूल मूर्तिका चिन्तन करे॥ ७१—७३१/२॥

ब्रह्मासे लेकर सदाशिवपर्यन्त तथा भव आदि आठ मूर्तियाँ ही शिवशास्त्रमें शिवकी स्थूल मूर्तियाँ निश्चित की गयी हैं। मुनीश्वरोंने उन्हें 'घोर', 'शान्त' और 'मिश्र' तीन प्रकारकी बताया है। फलकी आशा न रखनेवाले ध्यानकुशल पुरुषोंको इनका चिन्तन करना चाहिये। यदि घोर मूर्तियोंका चिन्तन किया जाय तो वे शीघ्र ही पाप और रोगका नाश करती हैं॥ ७४—७६॥

मिश्र मूर्तियोंमें शिवका चिन्तन करनेपर चिरकालमें सिद्धि प्राप्त होती है और सौम्यमूर्तिमें शिवका ध्यान किया जाय तो सिद्धि प्राप्त होनेमें न तो अधिक शीघ्रता होती है और न अधिक विलम्ब ही। सौम्यमूर्तिमें ध्यान करनेसे विशेषतः मुक्ति, शान्ति एवं शुद्ध बुद्धि प्राप्त होती है। क्रमशः सभी सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं, इसमें संशय नहीं है॥ ७७-७८॥

॥ इस प्रकार श्रीशिवमहापुराणके अन्तर्गत सातवीं वायवीयसंहिताके उत्तरखण्डमें योगगतिमें विघ्नोत्पत्तिवर्णन नामक अड़तीसवाँ अध्याय पूर्ण हुआ॥ ३८॥

अष्टमोऽध्यायः

अष्टाङ्गयोगनिरूपणम्

सूत उवाच

संक्षेपतः प्रवक्ष्यामि योगस्थानानि सांप्रतम्। कल्पितानि शिवेनैव हिताय जगतां द्विजाः।।१।।
गलादधो वितस्त्या यन्नाभेरुपरि चोत्तमम्। योगस्थानमधो नाभेरावर्तं मध्यमं भ्रुवोः।।२।।
सर्वार्थज्ञाननिष्पत्तिरात्मनो योग उच्चते। एकाग्रता भवेच्चैव सर्वदा तत्प्रसादतः।।३।।
प्रसादस्य स्वरूपं यत्स्वसंवेद्यं द्विजोत्तमाः। वक्तुं न शक्यं ब्रह्माद्यैः क्रमशो जायते नृणाम्।।४।।
योगशब्देन निर्वाणं माहेशं पदमुच्यते। तस्य हेतुर्ऋषेर्ज्ञानं ज्ञानं तस्य प्रसादतः।।५।।
ज्ञानेन निर्दहेत्पापं निरुध्य विषयान् सदा। निरुद्धेंद्रियवृत्तेस्तु योगसिद्धिर्भविष्यति।।६।।
योगो निरोधो वृत्तेषु चित्तस्य द्विजसत्तमाः। साधनान्यष्टधा चास्य कथितानीह सिद्धये।।७।।
यमस्तु प्रथमः प्रोक्तो द्वितीयो नियमस्तथा। तृतीयमासनं प्रोक्तं प्राणायामस्ततः परम्।।८।।
प्रत्याहारः पंचमो वै धारणा च ततःपरा। ध्यानं सप्तममित्युक्तं समाधिस्त्वष्टमः स्मृतः।।९।।
तपस्युपरमश्चैव यम इत्यमिभधीयते। अहिंसा प्रथमो हेतुर्यमस्य यमिनां वराः।।१०।।
सत्यमस्तेयमपरं ब्रह्मचर्यापरिग्रहौ। नियमस्यापि वै मूलं यम एव न संशयः।।११।।

आठवाँ अध्याय

अष्टांगयोग का निरूपण

सूत बोले

अब मैं संक्षेप में योगिक मण्डलों के बारे में बताऊँगा। हे ब्राह्मणों! वे स्वयं भगवान शिव के द्वारा मनुष्यों के कल्याण के लिए बनाये गये हैं।।१।। गले से नीचे वितस्ति से ढका हुआ और नाभि के ऊपर योग का उत्तम स्थान है। नाभि के नीचे और भौहों के बीच भी योग का उत्तम स्थान है।।२।। आत्मा में उद्भूत सभी विषयों का ज्ञान ही योग है। केवल उनकी कृपा से ही मन की एकाग्रता सम्भव होती है।।३।। हे श्रेष्ठ ब्राह्मणों! उनकी कृपा व्यक्ति स्वयं प्राप्त करता है। यह ब्रह्मा आदि के द्वारा नहीं बताई जा सकती। व्यक्ति में यह धीरे-धीरे पैदा होती है।।४।। योगशब्द में साक्षात् प्रभु निवास करते हैं। ज्ञान से ही योग की प्राप्ति होती है और ज्ञान उनकी कृपा से ही मिलता है।।५।। ऐन्द्रिक गतिविधियों से विरत रहकर ज्ञान से पाप को जलाना चाहिये। इन्द्रिय निरोध से ही योग की प्राप्ति होती है।।६।। हे श्रेष्ठ ब्राह्मणों! योग मन की क्रियाओं का संयमन है। योग की प्राप्ति के आठ साधन बताये गये हैं।।७।। ये है—(१) यम (२) नियम (३) आसन (४) प्राणायाम (५) प्रत्याहार (६) धारणा (७) ध्यान और (८) समाधि।।८-९।। तप से (विषयों का) त्याग ही यम है। अहिंसा यम का प्रथम लक्षण है। सत्य, अस्तेय (चोरी न करना), ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह (संचय न करना) अन्य हेतु हैं और नियमों के भी आधार

आत्मवत्सर्वभूतानां हितायैव प्रवर्तनम्।
अहिंसैषा समाख्याता या चात्मज्ञानसिद्धिदा॥१२॥

दृष्टं श्रुतं चानुभितं स्वानुभूतं यथार्थतः। कथनं सत्यमित्युक्तं परपीडाविवर्जितम्॥१३॥
नाश्लीलं कीर्तयेदेवं ब्राह्मणानामिति श्रुतिः। परदोषान् परिज्ञाय न वदेदिति चापरम्॥१४॥
अनादानं परस्वानामापद्यपि विचारतः। मनसा कर्मणा वाचा तदस्तेयं समासतः॥१५॥
मैथुनस्याप्रवृत्तिर्हि मनोवाक्कायकर्मणा। ब्रह्मचर्यमिति प्रोक्तं यतीनां ब्रह्मचारिणाम्॥१६॥
इह वैखानसानां च विदाराणां विशेषतः। सदाराणां गृहस्थानां तथैव च वदामि वः॥१७॥
स्वदारे विधिवत्कृत्वा निवृत्तिश्चान्यतः सदा। मनसा कर्मणा वाचा ब्रह्मचर्यमिति स्मृतम्॥१८॥
मेध्या स्वनारा संभोगं कृत्वा स्नानं समाचरेत्। एवं गृहस्थो युक्तात्मा ब्रह्मचारी न संशयः॥१९॥

अहिंसाप्येवमेवैषा द्विजगुर्वग्निपूजने।
विधिना यादृशी हिंसा सात्वहिंसा इति स्मृता॥२०॥
स्त्रियः सदा परित्याज्याः संगं नैव च कारयेत्।
कुणपेषु यथा चित्त तथा कुर्याद्विचक्षणः॥२१॥

विण्मूत्रोत्सर्गकालेषु बहिर्भूमौ यथा मतिः। तथा कार्या रतौ चापि स्वदारे चान्यतः कुतः॥२२॥
अंगारसदृशी नारी घृतकुंभसमः पुमान्। तस्मान्नारीषु संसर्गं दूरतः परिवर्जयेत्॥२३॥

हैं।।१०-११।। सभी प्राणियों को अपनी ही तरह समझना और सभी प्राणियों के कल्याण में रत रहना अहिंसा है। यह आत्म-ज्ञान में सहायक है।।१२।। देखें, सुने, समझे गये और अनुभव किये गये को बिना किसी को पीड़ा पहुँचाए हुए कहना ही सत्य है।।१३।। वेदों के अनुसार ब्राह्मणों के समक्ष अश्लील न बोलना चाहिये। दूसरों का दोष जानकर भी दूसरों से नहीं कहना चाहिये यह भी श्रुति (वेदों का वचन) है।।१४।। दूसरों की वस्तु सोद्देश्य भी न चुराना, यहाँ तक कि मानसिक, भौतिक और वाचिक संकट में नहीं चुराना संक्षेप में अस्तेय है।।१५।। मानसिक, वाचिक और भौतिक रूप से मैथुन से विरत रहना ही ब्रह्मचारियों और तपस्वियों के सन्दर्भ में ब्रह्मचर्य है।।१६।। एकान्तवासियों वानप्रस्थियों और विधुरों के सम्बन्ध में भी यही उचित है। अब मैं गृहस्थों—जो कि अपनी पत्नियों के साथ रहते हैं—इनके ब्रह्मचर्य व्रत के बारे बताऊँगा।।१७।। उनके मामले में अपनी पत्नी के साथ मैथुन और अन्य स्त्रियों से मानसिक, शारीरिक और वाचिक रूप से विरत रहना ही ब्रह्मचर्य समझना चाहिये।।१८।। गृहस्थ को स्वपत्नी के साथ मैथुन करने के उपरान्त स्नान करना चाहिये। इस प्रकार का योगी गृहस्थ निश्चय ही ब्रह्मचारी है।।१९।। अहिंसा के सम्बन्ध में भी यही नियम लागू होता है। ब्राह्मण, गुरुओं और यज्ञों के सम्बन्ध में वेदों द्वारा विहित हिंसा भी अहिंसा के अन्तर्गत मानी जायेगी।।२०।। स्त्रियों से सदा दूर रहना चाहिये। उनका त्याग करना चाहिये। समझदार व्यक्ति उनको शव की भाँति समझता है।।२१।। अपनी पत्नी के साथ मैथुन करते समय वैसा ही व्यवहार रखना चाहिये जैसा भूमि पर मलमूत्र त्याग करते समय होता है। इसके अलावा कोई दूसरा व्यवहार नहीं होना चाहिये।।२२।। स्त्री जलता हुआ अंगारा है

भोगेन तृप्तिर्नैवास्ति विषयाणां विचारतः। तस्माद्विरागः कर्तव्यो मनसा कर्मणा गिरा॥२४॥
न जातु कामः कामानामुपभोगेन शाम्यति। हविषा कृष्णवर्त्मेव भूय एवाभिवर्धते॥२५॥
तस्मात्त्यागः सदा कार्यस्त्वमृतत्वाय योगिना। अविरक्तो यतो मर्त्यो नानायोनिषु वर्तते॥२६॥
त्यागेनैवामृतत्वं हि श्रुतिस्मृतिविदां वराः। कर्मणा प्रजया नास्ति द्रव्येण द्विजसत्तमाः॥२७॥
तस्माद्विरागः कर्तव्यो मनोवाक्कायकर्मणा। ऋतौ ऋतौ निवृत्तिस्तु ब्रह्मचर्यमिति स्मृतम्॥२८॥
यमाः संक्षेपतः प्रोक्ता नियमांश्च वदामि वः। शौचमिज्या तपो दानं स्वाध्यायोपस्थनिग्रहः॥२९॥
व्रतोपवासमौनं च स्नानं च नियमा दश। नियमः स्यादनीहा च शौचं तुष्टिस्तपस्तथा॥३०॥
जपः शिवप्रणीधानं पद्मकाद्यं तथासनम्। बाह्यमाभ्यंतरं प्रोक्तं शौचमाभ्यंतरं वरम्॥३१॥
बाह्यशौचेन युक्तः संस्तथा चाभ्यंतरं चरेत्। आग्नेयं वारुणं ब्राह्मं कर्तव्यं शिवपूजकैः॥३२॥
स्नानं विधानतः सम्यक् पश्चादाभ्यंतरं चरेत्। आदेहांतं मृदालिप्य तीर्थतोयेषु सर्वदा॥३३॥
अवगाह्यापि मलिनो ह्यंतश्शौचविवर्जितः।
शैवला झषका मत्स्याः सत्त्वा मत्स्योपजीविनः॥३४॥
सदावगाह्यः सलिले विशुद्धाः किं द्विजोत्तमाः। तस्मादाभ्यंतरं शौचं सदा कार्यं विधानतः॥३५॥

और पुरुष घी का घड़ा। इसलिये उसे सर्वदा नारी सम्पर्क से बचना चाहिये।।२३।। यदि हम विचार करें तो काम सुख में कोई संतुष्टि नहीं है। अतः मानसिक, शारीरिक और वाचिक रूप से विरक्त होकर व्यवहार करना चाहिये।।२४।। मैथुन से काम वासना शान्त नहीं होती। जैसे आग में घी डालने से आग बुझने के बजाय बढ़ जाती है।।२५।। अतः योगियों को अमृतत्व की प्राप्ति हेतु हमेशा त्याग करना चाहिये क्योंकि जो विरक्त नहीं है वह बारबार विभिन्न योनियों में जन्म लेता रहता है।।२६।। हे श्रुति स्मृति के श्रेष्ठ जानकारों! त्याग से ही अमृतत्व की प्राप्ति होती है न कि कर्मकाण्डों और पूजा सामग्री के दान देने से।।२७।। अतः मनुष्यों को मानसिक, वाचिक और भौतिक विरक्ति का अभ्यास करना चाहिये। समयानुसार निवृत्ति ही ब्रह्मचर्य है।।२८।। इस प्रकार संक्षेप में मैंने यमों (निषेध) के बारे में बताया। अब मैं नियमों (विधि) के बारे में बताऊँगा। ये संख्या में दस है—(१) शौच (स्वच्छता) (२) इज्या (बलि) (३) तप (४) दान (५) स्वाध्याय (६) प्रजनन अंगों का निग्रह (७) व्रत (८) उपवास (९) मौन (१०) स्नान। कुछ लोगों के अनुसार नियम है (१) अनीह अर्थात् लालच का न होना (२) शौच (३) संतोष (४) तप (५) शिव मन्त्र का जाप (६) शिव का ध्यान और (७) पद्मासन है। इनमें शौच दो प्रकार का होता है। बाह्य और आन्तरिक। इसमें आन्तरिक बाह्य से श्रेष्ठ होता है।।२९-३१।। बाह्य शुचिता वाले को आन्तरिक शुचिता का भी अभ्यास करना चाहिये। विधि के अनुसार पवित्र स्नान करना चाहिये। यह तीन प्रकार का होता है—(१) आग्नेय (२) वारुण और (३) ब्राह्म। बाह्य स्नान करने के उपरान्त आन्तरिक स्नान का अभ्यास करना चाहिये। आन्तरिक शुचिता से रहित व्यक्ति सारे शरीर पर मिट्टी का लेप करके तीर्थ के जलों से स्नान करके भी अपवित्र है। हे श्रेष्ठ ब्राह्मणों! सेवार, मतार, मछलियाँ और मछलियों पर आश्रित प्राणी हमेशा जल में रहते है किन्तु क्या वे पवित्र हैं? इसलिये विधि के अनुसार आन्तरिक

आत्मज्ञानांभसि स्नात्वा सकृदालिप्य भावतः। सुवैराग्यमृदा शुद्धः शौचमेवं प्रकीर्तितम्॥३६॥
शुद्धस्य सिद्धयो दृष्टा नैवाशुद्धस्य सिद्धयः। न्यायेनागतया वृत्त्या संतुष्टो यस्तु सुव्रतः॥३७॥
संतोषस्तस्य सततमतीतार्थस्य चास्मृतिः। चांद्रायणादिनिपुणस्तपांसि सुशुभानि च॥३८॥
स्वाध्यायस्तु जपः प्रोक्तः प्रणवस्य त्रिधा स्मृतः।
वाचिकश्चाधमो मुख्य उपांशुश्चोत्तमोत्तमः॥३९॥
मानसे विस्तरेणैव कल्पे पंचाक्षरे स्मृतः। तथा शिवप्रणीधानं मनोवाक्कायकर्मणा॥४०॥
शिवज्ञानं गुरोर्भक्तिरचला सुप्रतिष्ठिता। निग्रहो ह्यपहृत्याशु प्रसक्तानींद्रियाणि च॥४१॥
विषयेषु समासेन प्रत्याहारः प्रकीर्तितः। चित्तस्य धारणा प्रोक्ता स्थानबंधः समासतः॥४२॥
तस्याः स्वास्थ्येन ध्यानं च समाधिश्च विचारतः। तत्रैकचित्तता ध्यानं प्रत्ययांतरवर्जितम्॥४३॥
चिद्भासमर्थमात्रस्य देहशून्यमिव स्थितम्। समाधिः सर्वहेतुश्च प्राणायाम इति स्मृतः॥४४॥
प्राणः स्वदेहजो वायुर्यमस्तस्य निरोधनम्। त्रिधा द्विजैर्यमः प्रोक्तो मंदो मध्योत्तमस्तथा॥४५॥
प्राणापाननिरोधस्तु प्राणायामः प्रकीर्तितः। प्राणायामस्य मानं तु मात्राद्वादशकं स्मृतम्॥४६॥
नीचो द्वादशमात्रस्तु उद्घातो द्वादशः स्मृतः। मध्यमस्तु द्विरुद्घातश्चतुर्विंशतिमात्रकः॥४७॥
मुख्यस्तु यस्त्रिरुद्घातः षट्त्रिंशन्मात्र उच्यते। प्रस्वेदकंपनोत्थानजनकश्च यथाक्रमम्॥४८॥

शुचिता का अभ्यास करना चाहिये।।३२-३५।। आन्तरिक शुचिता इस प्रकार बताई गयी है। व्यक्ति को विरक्ति रूपी पवित्र राख श्रद्धा से लपेटनी चाहिये और आत्मज्ञानरूपी जल में स्नान करना चाहिये। इस प्रकार आन्तरिक शुचिता प्राप्त की जा सकती है।।३६।। सिद्धियों की प्राप्ति शुद्ध व्यक्ति को हो सकती है, अशुद्ध व्यक्ति को नहीं। उचित माध्यम से प्राप्त जीविका से सन्तुष्टि प्राप्त करने वाला व्रती सन्तोषी है। वह अपनी आवश्यकताओं से चिन्तित नहीं रहता। चान्द्रायण आदि व्रतों का विधि विधान से पालन ही तप है। स्वाध्याय ओंकार मंत्र का तीन तरह से पालन करना है—(१) वाचिक, अर्थात् मुख से जाप करना है। यह तीनों में निम्नतम कोटि का है। (२) उपांशु मन्द मन्द जाप। यह वाचिक से श्रेष्ठ है। (३) मानस जिसमें कण्ठ से ध्वनि नहीं निकलती और जो सर्वोत्तम है।।३७-३९।। मन में विस्तार से पंचाक्षर का स्मरण करना चाहिये। मानसिक शारीरिक और वाणी से शिव प्रणिधान, गुरु पर अटूट श्रद्धा, ज्ञानेन्द्रियों का सांसारिक सुख के विषयों से निवारण, संक्षेप में यही प्रत्याहार है। चित्त का उचित स्थान पर स्थिरीकरण धारणा है। धारणा का सामान्य हो जाना ही ध्यान है। यदि यह विचार के साथ किया जाये तो समाधि है। समाधि में चित्त और ध्यान का केन्द्रीकरण है। इसमें बाहरी वस्तु पर विचार वर्जित है।।४०-४३।। समाधि में मात्र उच्चतम चेतना रह जाती है मानो यह शरीर से रहित शून्य मात्र में हो। प्राणायाम ध्यान समाधि आदि का मूल है।।४४।। शरीर के अन्दर की वायु प्राण है। इसको रोकता (निरोध) यम है। ब्राह्मणों ने इसको तीन प्रकार का बताया है। मन्द, मध्य और उत्तम।।४५।। प्राण और अपान का निरोध प्राणायाम है। प्राणायाम का मान बारह मात्राओं का होता है।।४६।। मन्द बारह मात्राओं (क्षणों) का होता है जो एक उद्घात के बराबर होता है। मध्य दो उद्घातों और चौबीस मात्राओं का होता है। उत्तम तीन उद्घातों और

आनंदोद्भवयोगार्थं निद्राघूर्णिस्तथैव च। रोमांचध्वनिसंविद्धस्वांगमोटनकंपनम् ॥४९॥
भ्रमणं स्वेदजन्या सा संविन्मूर्च्छा भवेद्यदा। तदोत्तमोत्तमः प्रोक्तः प्राणायामः सुशोभनः॥५०॥
सगर्भोऽगर्भ इत्युक्तः सजपो विजपः क्रमात्। इभो वा शरभो वापि दुराधर्षोऽथ केसरी॥५१॥
गृहीतो दम्यमानस्तु यथास्वस्थस्तु जायते। तथा समीरणोऽस्वस्थो दुराधर्षश्च योगिनाम्॥५२॥
न्यायतः सेव्यमानस्तु स एवं स्वस्थतां व्रजेत्। यथैव मृगराड् नागः शरभो वापि दुर्मदः॥५३॥
कालांतरवशाद्योगाद्दम्यते परमादरात्। तथा परिचयात्स्वास्थ्यं समत्वं चाधिगच्छति॥५४॥
योगादभ्यसते यस्तु व्यसनं नैव जायते। एवमभ्यस्यमानस्तु मुनेः प्राणो विनिर्दहेत्॥५५॥
मनोवाक्कायजान् दोषान् कर्तुर्देहं च रक्षति। संयुक्तस्य तथा सम्यक्प्राणायामेन धीमतः॥५६॥

दोषात्तस्माच्च नश्यंति निश्वासस्तेन जीर्यते।
प्राणायामेन सिध्यंति दिव्याः शांत्यादयः क्रमात्॥५७॥

शांतिः प्रशांतिर्दीप्तिश्च प्रसादश्च तथा क्रमात्। आदौ चतुष्टस्येह प्रोक्ता शांतिरिह द्विजाः॥५८॥
सहजागंतुकानां च पापानां शांतिरुच्यते। प्रशांतिः संयमः सम्यग्वचसामिति संस्मृता॥५९॥
प्रकाशो दीप्तिरित्युक्तः सर्वतः सर्वदा द्विजाः। सर्वेंद्रियप्रसादस्तु बुद्धेर्वै मरुतामपि॥६०॥
प्रसाद इति संप्रोक्तः स्वांते त्विह चतुष्टये। प्राणोऽपानः समानश्च उदानो व्यान एव च॥६१॥
नागः कूर्मस्तु कृकलो देवदत्तो धनंजयः। एतेषां यः प्रसादस्तु मरुतामिति संस्मृतः॥६२॥

छत्तीस मात्राओं का होता है। तीनों तरह के प्राणायाम में क्रमशः पसीना आना, कम्पन और उत्थान होता है। जब प्राणायाम में निद्रा, चक्कर आना, तरह तरह की ध्वनि से रोमांच हो जाना शरीर के अंगों में दबाव और कम्पन आदि हो तो यह उत्तम लक्षण है क्योंकि यह आनन्द का प्रारम्भ है।।४७-५०।। प्राणायाम सगर्भ-अथवा अगर्भ दो तरह का होता है। जब जप के साथ किया जाये तो यह सगर्भ होता है और जब बिना जप के किया जाये तो अगर्भ होता है। यह हाथी की तरह या शरभ (आठ पैरो वाला पशु) की तरह या सिंह की तरह होता है। पकड़कर पालतू कर दिये जाने पर यह आज्ञाकारी हो जाता है उसी तरह वायु जो कि स्वभाव से अस्थिर और दुर्दम्य होता है योगियों के लिये सामान्य हो जाता है। जैसे हाथी शरभ और सिंह भयंकर होते हुए भी थोड़े समय में प्रशिक्षण से पालतू बन जाते हैं वैसे वायु भी निरन्तर अभ्यास से सामान्य और संतुलित हो जाता है।।५१-५४।। योगाभ्यास करने वाले पर कोई संकट नहीं रहता। समुचित अभ्यास से प्राण (वायु) मन, वाणी और शरीर के दोषों को दूर करके साधक के शरीर को सुरक्षित रखता है। इस प्रकार प्राणायाम के अभ्यास से दोषों का नाश होता है। अभ्यासी श्वास तक पर नियन्त्रण कर लेता है और दिव्य शान्ति आदि गुण प्राप्त होते हैं।।५५-५७।। प्राणायाम के शान्ति, प्रशान्ति, दीप्ति और प्रसाद चार गुण होते हैं। हे ब्राह्मणों! इनको इस प्रकार समझा जा सकता है। शान्ति का अर्थ है पापों का दमन चाहे वे जन्मजात हों या प्राप्त किये हुऐ (आगन्तुक)। प्रशान्ति वाणी पर पूर्ण निरोध है। हे ब्राह्मणों! हर समय और सब तरफ की चमक दीप्ति कहलाती है और मन की स्पष्टता प्रसाद है। प्रसाद चार तरह का होता है। ये हैं ज्ञानेन्द्रियों, बुद्धि और मारुत के प्रसाद। मारुत, प्राण, अपान, समान,

प्रयाणं कुरुते तस्माद्वायुः प्राण इति स्मृतः। अपानयत्यपानस्तु आहारादीन् क्रमेण च॥६३॥
व्यानो व्यानामयत्यंगं व्याध्यादीनां प्रकोपकः। उद्वेजयति मर्माणि उदानोऽयं प्रकीर्तितः॥६४॥
समं नयति गात्राणि समानः पंच वायवः। उद्गारे नाग आख्यातः कूर्म उन्मीलने तु सः॥६५॥
कृकलः क्षुतकायैव देवदत्तो विजृंभणे। धनंजयो महाघोषः सर्वगः स मृतेऽपि हि॥६६॥
इति यो दशवायूनां प्राणायामेन सिध्यति। प्रसादोऽस्य तुरीया तु संज्ञा विप्राश्चतुष्टये॥६७॥
विस्वरस्तु महान् प्रज्ञा मनो ब्रह्माचितिः स्मृतिः। ख्यातिः संवित्ततः पश्चादीश्वरो मतिरेव व॥६८॥
बुद्धेरेताः द्विजाः संज्ञा महतः परिकीर्तिताः। अस्या बुद्धेः प्रसादस्तु प्राणायामेन सिद्ध्यति॥६९॥
विस्वरो विस्वरीभावो द्वंद्वानां मुनिसत्तमाः। अग्रजः सर्वतत्त्वानां महान्यः परिमाणतः॥७०॥
यत्प्रमाणगुहा प्रज्ञा मनस्तु मनुते यतः। बृहत्वाद्बृंहणत्वाच्च ब्रह्मा ब्रह्मविदांवराः॥७१॥
सर्वकर्माणि भोगार्थं यच्चिनोति चितिः स्मृता। स्मरते यत्स्मृतिः सर्वं संविद्वै विंदते यतः॥७२॥
ख्यायते यत्त्विति ख्यातिर्ज्ञानादिभिरनेकशः। सर्वतत्त्वाधिपः सर्वं विजानाति यदीश्वरः॥७३॥
मनुते मन्यते यस्मान्मतिर्मतिमतांवराः। अर्थं बोधयते यच्च बुद्ध्यते बुद्धिरुच्यते॥७४॥
अस्या बुद्धेः प्रसादस्तु प्राणायामेन सिद्ध्यति। दोषान्विनिर्दहेत्सर्वान् प्राणायामादसौ यमी॥७५॥

उदान और व्यान हैं। इन्हें क्रमशः नाग, कर्म, कृकल, देवदत्त और धनञ्जय भी कहते हैं। इन सबकी स्पष्टता ही प्रसाद हैं।।५८-६२।। जो शरीर से प्रयाण करती है वह वायु प्राण कही जाती है। जो आहार और पान आदि को नीचे लाती है वह अपान कही जाती है। जो (वायु) शरीर के झुकने के योग्य बनाती है वह व्यान होती है। यह रोगों को भी उत्तेजित करती है। शरीर के मर्म स्थानों को उत्तेजित और प्रभावित करने वाली वायु उदान है और सब अंगों को सामान्य करने वाली वायु समान है। नाग का कार्य उद्गार है और कर्म का उन्मीलन है। कृकल छींकने का कार्य करता है और देवदत्त जम्हाई का कार्य करता है जबकि धनञ्जय घोष (तीव्र ध्वनि) करता है। इन दसों वायुओं का नियन्त्रण ही प्रसाद है। हे ब्राह्मणों! चार गुणों में प्रसाद चौथा है।।६३-६७।। हे ब्राह्मणों! बुद्धि के ये पर्यायवाची है—विस्वर, महत्, प्रज्ञा, मानस, ब्रह्मा, चिति, स्मृति, ख्याति, संवित, ईश्वर और मति। प्राणायाम से बुद्धि का प्रसाद प्राप्त होता है।।६८-६९।। हे श्रेष्ठ मुनियों! यह (बुद्धि) दो विपरीत भावों को मिलाती है। अतः इसे विस्वर कहते हैं। यह सभी तत्त्वों में अग्रणी है। अतः महत् कही जाती है। यह प्रज्ञा कही जाती है क्योंकि यह ज्ञान का भण्डार है। यह सोचती है इसलिये मानस कही जाती है। यह बड़ी है और फैलती है इसलिये ब्रह्मा कही जाती है। हे श्रेष्ठ ब्रह्मविदों! यह आनन्द के लिये सभी गतिविधियों को एकत्र करती है, इसलिये इसे चिति कहते हें। यह वस्तुओं को स्मरण रखती है इसलिये इसे स्मृति कहते हैं। चूँकि इसे सब जगह ज्ञान के कारण जानी जाती है इसलिये इसे ख्याति कहते हैं। चूँकि यह सब कुछ प्राप्त करती है इसलिये इसे संवित कहते हैं। इसे ईश्वर कहते है क्योंकि यह सभी तत्त्वों की स्वामिनी है। हे बुद्धिमानों में श्रेष्ठ मुनियों! यह मति कही जाती है क्योंकि यह विषयगत और विषयीगत विचारों का उपकरण है। क्योंकि यह सभी वस्तुओं का बोध कराती है और स्वयं बोधवती है अतः यह बुद्धि कही जाती है।।७०-७४।। प्राणायाम से ही बुद्धि का

पातकं धारणाभिस्तु प्रत्याहारेण निर्दहेत्। विषयान्विषवद्ध्यात्वा ध्यानेनानीश्वरान् गुणान्।।७६।।
समाधिना यतिश्रेष्ठाः प्रज्ञावृद्धिं विवर्धयेत्।
स्थानं लब्ध्वैव कुर्वीत योगाष्टांगानि वै क्रमात्।।७७।।
लब्ध्वासनानि विधिवद्योगविद्धयर्थमात्मवित्। आदेशकाले योगस्य दर्शनं हि न विद्यते।।७८।।
अग्न्यभ्यासे जले वापि शुष्कपर्णचये तथा। जंतुव्याप्तेश्मशाने च जीर्णगोष्ठे चतुष्पथे।।७९।।
सशब्दे सभये वापि चैत्यवल्मीकसंचये। अशुभे दुर्जनाक्रांते मशकादिसमन्विते।।८०।।
नाचरेद्देहबाधायां दौर्मनस्यादिसंभवे। सुगुप्ते तु शुभे रम्ये गुहायां पर्वतस्य तु।।८१।।
भवक्षेत्रे सुगुप्ते वा भवारामे वनेपि वा। गृहे तु सुशुभे देशे विजने जंतुवर्जिते।।८२।।
अत्यंतनिर्मले सम्यक् सुप्रलिप्ते विचित्रिते। दर्पणोदरसंकाशे कृष्णागरुसुधूपिते।।८३।।
नानापुष्पसमाकीर्णे वितानोपरि शोभिते। फलपल्लवमूलाढ्ये कुशपुष्पसमन्विते।।८४।।
समासनस्थो योगांगान्यभ्यसेद्धृषितः स्वयम्। प्रणिपत्य गुरुं पश्चाद्भवं देवीं विनायकम्।।८५।।
योगीश्वरान् सशिष्यांश्च योगं युंजीत योगवित्।
आसनं स्वस्तिकं बध्वा पद्ममार्धासनं तु वा।।८६।।
समजानुस्तथा धीमानेकजानुरथापि वा। समं दृढासनो भूत्वा संहृत्य चरणावुभौ।।८७।।

प्रसाद सिद्ध होता है। प्राणायाम से यमी सभी दोषों को जला देता है।।७५।। प्रत्याहार और धारणा से व्यक्ति सभी पापों को जला देता है। (सांसारिक) विषयों को विष के समान मानते हुए ध्यानी अनीश्वरी गुणों को जला देता है।।७६।। हे तपस्वियों! समाधि से बुद्धि की क्षमता बढ़ानी चाहिये। योग के आठों अंगों का अभ्यास (समुचित) स्थान की प्राप्ति के बाद ही क्रम से करना चाहिये।।७७।। आत्मा के जानने वाले को योगिक सिद्धियों के लिये आसनों को करना चाहिये। यदि समय और स्थान उचित न हो तो योग की झलक मात्र भी नहीं प्राप्त की जा सकती।।७८।। अग्नि के पास, जल में, सूखी पत्तियों के ढेर पर, प्राणियों से व्याप्त, श्मशान में, जर्जर, गोशाला में, चौराहे पर, कोलाहलयुक्त स्थान में, भय उत्पन्न करने वाली जगह में, मठ में, चींटी की बाँबी के पास, अशुभ स्थान पर, दुष्टों से आक्रान्त स्थान पर और मच्छरों से युक्त स्थानों पर योगाभ्यास नहीं करना चाहिये। जब शरीर रोगग्रस्त हो या मन दुखी हो तो भी योगाभ्यास नहीं करना चाहिये। साधक को प्रसन्न मन से योगांगों का अभ्यास करना चाहिये। स्थान सुरक्षित, शुभ सुखद होना चाहिये या पर्वत की गुफा या शिव का मन्दिर या सुरक्षित उद्यान या घर का ही कोई स्थान जो मनुष्यों और पशुओं से रहित हो। स्थान स्वच्छ, गोबर से लिपा हुआ और अच्छे ढंग से सजा हुआ और दर्पण की तरह साफ होना चाहिये। चारों तरफ पुष्प बिखरे होने चाहिये। वह स्थान नाना प्रकार के पुष्पों, पल्लवों, फलों, मूलों और कुश घास से बने हुए छत से ढका होना चाहिये। साधक को सन्तुलित आसन में बैठना चाहिये। साधक को गुरु, भगवान शिव, देवी और विनायक एवं योगी गुरुओं और उनके शिष्यों को प्रणाम करना चाहिये। उसे (साधक को) स्वस्तिक, पद्मासन या अर्धासन में बैठना चाहिये।।७९-८६।। उसे घुटनों को एक ही सीध में करके या एक घुटना टेक कर बैठना चाहिये। जिस मुद्रा में भी बैठें मुँह और आँखे बन्द रखनी चाहिये। सीना आगे की ओर निकला होना चाहिये। जननांग एड़ियों से ढका होना चाहिये। सिर थोड़ा उठा होना चाहिये और दंत पंक्तियाँ एक दूरे को स्पर्श नहीं करनी चाहिये। उसे

संवृतास्योपबद्धाक्ष उरो विष्टभ्य चाग्रतः। पार्ष्णिभ्यां वृषणौ रक्षंस्तथा प्रजननं पुनः॥८८॥
किंचिदुन्नामितशिरा दंतैर्दंतान्न संस्पृशेत्। संप्रेक्ष्य नासिकाग्रं स्वं दिशश्चानवलोकयन्॥८९॥
तमः प्रच्छाद्य रजसा रजः सत्त्वेन छादयेत्।
ततः सत्त्वस्थितो भूत्वा शिवध्यान समभ्यसेत्॥९०॥
ॐकारवाच्यं परमं शुद्धं दीपशिखाकृतिम्। ध्यायेद्वै पुंडरीकस्य कर्णिकायां समाहितः॥९१॥
नाभेरधस्ताद्वा विद्वान् ध्यात्वा कमलमुत्तमम्। त्र्यंगुले चाष्टकोणं वा पंचकोणमथापि वा॥९२॥
त्रिकोणं च तथाग्नेयं सौम्यं सौरं स्वशक्तिभिः। सौरं सौम्यं तथाग्नेयमथवानुक्रमेण तु॥९३॥
आग्नेयं च ततः सौरं सौम्यमेवं विधानतः। अग्नेरधः प्रकल्प्यैवं धर्मादीनां चतुष्टयम्॥९४॥
गुणत्रयं क्रमेणैव मंडलोपरि भावयेत्। सत्त्वस्थं चिंतयेद्रुद्रं स्वशक्त्या परिमंडितम्॥९५॥
नाभौ वाथ गले वापिभ्रूमध्ये वा यथाविधि।
ललाटफलिकायां वा मूर्ध्नि ध्यानं समाचरेत्॥९६॥
द्विदले षोडशारे वा द्वादशारे क्रमेण तु। दशारे वा षडस्त्रे वा चतुरस्त्रे स्मरेच्छिवम्॥९७॥
कनकाभे तथांगारसन्निभे सुसितेऽपि वा। द्वादशादित्यसंकाशे चंद्रबिंबसमेऽपि वा॥९८॥
विद्युत्कोटिनिभे स्थाने चिंतयेत्परमेश्वरम्। अग्निवर्णेऽथ वा विद्युद्वलयाभे समाहितः॥९९॥
वज्रकोटिप्रभे स्थाने पद्मरागनिभेऽपि वा।
नीललोहितबिंबे वा योगी ध्यानं समभ्यसेत्॥१००॥

इधर-उधर नहीं देखना चाहिये। ध्यान नासिका के कोने पर केन्द्रित करना चाहिये। तम को रज से, रज को सत्त्व से टारकर सत्त्व में स्थित होकर शिव का ध्यान करना चाहिये।।८७-९०।। दीपशिखा की आकृति के समान परम पवित्र और कमल की पंखड़ियों में स्थित प्रभु का ध्यान करना चाहिये और ओंकार का जाप करना चाहिये।।९१।। साधक को नाभि के तीन अंगुल के नीचे उत्तम कमल का त्रिकोण में अष्टकोण में अथवा पंचकोण में ध्यान करना चाहिये। साधक को अग्नि, चन्द्र और सूर्य को एक साथ या क्रम से ध्यान करना चाहिये। क्रम कुछ भी हो सकता है। पहले सूर्य फिर चन्द्र और फिर अग्नि या पहले अग्नि तब सूर्य और तत्पश्चात् चन्द्र जैसा शास्त्रों में निर्दिष्ट हो। अग्नि के नीचे धर्मादि चारों पुरुषार्थों की कल्पना करते हुए मण्डल के ऊपर तीनों गुणों का ध्यान करना चाहिये। तत्पश्चात् सत्त्व गुण में स्थित शक्ति से शोभित रुद्र का ध्यान करना चाहिये।।९२-९५।। उसे (साधक को) नाभि पर या कण्ठ में या दोनों भौहों के मध्य या माथे पर, सिर पर शास्त्रों के अनुसार ध्यान लगाना चाहिये।।९६।। उसे क्रमशः दो, सोलह, बारह, दस, छह या चार पंखुड़ियों वाले कमल पर बैठे शिव का ध्यान करना चाहिये।।९७।। उनका ध्यान सोने के समान और अंगारे के समान चमकदार स्थान में अथवा १२ सूर्यों के समान प्रकाशमान स्थान में अथवा चन्द्रमा के समान स्थान में करना चाहिये। परमेश्वर का ध्यान कोटि-कोटि विद्युत के समान अथवा आग के समान चमकदार अथवा विद्युतचक्र में समाहित स्थान के समान अथवा करोड़ों हीरों के समान अथवा पद्मराग मणि के समान चमकदार स्थान में स्थित

महेश्वरं हृदि ध्यायेन्नाभिपद्मे सदाशिवम्। चंद्रचूडं ललाटे तु भ्रूमध्ये शंकरं स्वयम्॥१०१॥
दिव्ये च शाश्वतस्थाने शिवध्यानं समभ्यसेत्। निर्मलं निष्कलं ब्रह्म सुशांतं ज्ञानरूपिणम्॥१०२॥
अलक्षणमनिर्देश्यमणोरल्पतरं शुभम्। निरालंबमतर्क्यं च विनाशोत्पत्तिवर्जितम्॥१०३॥
कैवल्यं चैव निर्वाणं निःश्रेयसमनूपमम्। अमृतं चाक्षरं ब्रह्म ह्यपुनर्भवमद्भुतम्॥१०४॥
महानंदं परानंदं योगानंदमनामयम्। हेयोपादेयरहितं सूक्ष्मात्सूक्ष्मतरं शिवम्॥१०५॥
स्वयंवेद्यमवेद्यं तच्छिवं ज्ञानमयं परम्। अतींद्रियमनाभासं परं तत्त्वं परात्परम्॥१०६॥
सर्वोपाधिविनिर्मुक्तं ध्यानगम्यं विचारतः। अद्वयं तमसश्चैव परस्तात्संस्थितं परम्॥१०७॥

मनस्येवं महादेवं हृत्पद्मे वापि चिंतयेत्।
नाभौ सदाशिवं चापि सर्वदेवात्मकं विभुम्॥१०८॥

देहमध्ये शिवं देवं शुद्धज्ञानमयं विभुम्। कन्यसेनैव मार्गेण चोद्घातेनापि शंकरम्॥१०९॥
क्रमशः कन्यसेनैव मध्यमेनापि सुव्रतः। उत्तमेनापि वै विद्वान् कुंभकेन समभ्यसेत्॥११०॥

द्वात्रिंशद्रेचयेद्धीमान् हृदि नाभौ समाहितः।
रेचकं पूरकं त्यक्त्वा कुंभकं च द्विजोत्तमाः॥१११॥

साक्षात्समरसेनैव देहमध्ये स्मरेच्छिवम्। एकीभावं समेत्यैवं तत्र यद्रससंभवम्॥११२॥

आनंदं ब्रह्मणो विद्वान् साक्षात्समरसे स्थितः।
धारणा द्वादशायामा ध्यानं द्वादश धारणम्॥११३॥

के रूप में करना चाहिये।।९८-१००।। हृदय में महेश्वर, कमलवत् नाभि में सदाशिव के रूप में, माथे पर चन्द्रचूड़ के रूप में तथा भौंहों के मध्य में स्वयं शंकर के रूप में (प्रभु का) ध्यान करना चाहिये।।१०१।। दिव्य और शाश्वत स्थान में शिव के ध्यान का अभ्यास करना चाहिये। शिव का ध्यान इन रूपों में करना चाहिये— जो निर्मल, निष्कलंक, शान्त ब्रह्म और ज्ञानवान है। जो समस्त लक्षणों से रहित है जिसका कोई निर्देश नहीं किया जा सकता, जो अणु से भी छोटा है, जो शुभ है। जो निरालम्ब (बिना सहारे के) है और जो तर्क से परे है। जो उत्पत्ति और नाश से रहित है। जो साक्षात् कैवल्य (मोक्ष) जो निःश्रेयस है तथा अनुपम है और अविनाशी तथा अजन्मा है। जो अमृत है तथा अक्षर है (जिसका क्षरण नहीं होता)। जो महानन्द, परमानन्द एवं योगानन्द और रोगरहित है। जो गुण और दोष से रहित है। जो सूक्ष्म से भी सूक्ष्म है। जो स्वयं जानने योग्य है और जानने योग्य नहीं भी है। जो ज्ञानमय है। जो इन्द्रियों से परे है, अनाभासी है और परमतत्त्व है। जो किसी भी उपाधि से रहित है और जो केवल ध्यान से प्राप्त किया जा सकता है। जो अद्वैत है और तमस से परे है। ऐसे शिव का ध्यान साधक को नाभि में सदाशिव के समरूप करना चाहिये।।१०२-१०८।। साधक को शिव का ध्यान के मध्य में शुद्ध ज्ञान के रूप में सुषुम्ना नाड़ी से अथवा कुम्भक से करना चाहिये। तत्पश्चात् हृदय और नाभि में ध्यान केन्द्रित करते हुए बत्तीस रेचक करना चाहिये। हे श्रेष्ठ ब्राह्मणों! तत्पश्चात् रेचक और पूरक को छोड़कर मात्र कुम्भक से शरीर के मध्य में शिव का ध्यान करना चाहिये।।१०९-१११।। देह के मध्य में उपयुक्त सन्तुलन की अवस्था में भगवान शिव से एकाकार होकर (साधक) ब्रह्म के आनन्द का अनुभव करेगा। बारह

ध्यानं द्वादशकं यावत्समाधिरभिधीयते। अथवा ज्ञानिनां विप्राः संपर्कादेव जायते॥११४॥
प्रयत्नाद्वा तयोस्तुल्य चिराद्वा ह्यचिराद्द्विजाः। योगांतरायास्तस्याथ जायंते युंजतः पुनः॥११५॥
नश्यंत्यभ्यासतस्तेऽपि प्रणिधानेन वै गुरोः॥११६॥

इति श्रीलिङ्गमहापुराणे पूर्वभागेऽष्टांगयोगनिरूपणं नामाऽष्टमोध्यायः॥८॥

प्राणायाम एक धारणा के बराबर होता है। बारह धारणा एक ध्यान के बराबर होते हैं। हे ब्राह्मणों! ज्ञानी पुरुषों के सम्पर्क से अथवा स्वयं अभ्यास से धीरे-धीरे योगिक सिद्धि होती हैं। योग के मार्ग में बाधाएँ भी आती हैं किन्तु निरन्तर अभ्यास से और गुरु के मार्ग-दर्शन से बाधाएँ नष्ट हो जाती हैं।।११२-११६।।

श्रीलिंगमहापुराण के पूर्व भाग में अष्टांगयोग का निरूपण नामक आठवाँ अध्याय समाप्त॥८॥

उनतालीसवां अध्याय

दत्तात्रेय उवाच

ज्ञानपूर्व्वो वियोगो योऽज्ञानेन सह योगिनः ।
सा मुक्तिर्ब्रह्मणा चैक्यमनैक्यं प्राकृतैर्गुणैः ॥ १ ॥

मुक्तिर्योगात् तथा योगः सम्यग्ज्ञानान्महीपते ।
ज्ञानं दुःखोद्भवं दुखं ममत्वासक्तचेतसाम् ॥ २ ॥

तस्मात् सङ्गं प्रयत्नेन मुमुक्षुः सन्त्यजेन्नरः ।
सङ्गाभावे ममेत्यस्याः ख्यातेर्हानिः प्रजायते ॥ ३ ॥

निर्म्ममत्वं सुखायैव वैराग्याद्दोषदर्शनम् ।
ज्ञानादेव च वैराग्यं ज्ञानं वैराग्यपूर्व्वकम् ॥ ४ ॥

तद्गृहं यत्र वसतिस्तद्भोज्यं येन जीवति ।
यन्मुक्तये तदेवोक्तं ज्ञानमज्ञानमन्यथा ॥ ५ ॥

उपभोगेन पुण्यानामपुण्यानाञ्च पार्थिव ।
कर्त्तव्यानांच नित्यानामकामकरणात् तथा ॥ ६ ॥

असंचयादपूर्व्वस्य क्षयात् पूर्व्वार्ज्जितस्य च ।
कर्म्मणो बन्धमाप्नोति शारीरं न पुनः पुनः ॥ ७ ॥

एतत् ते कथितं राजन् योगं चेमं निबोध मे ।
यं प्राप्य ब्रह्मणो योगी शाश्वतान्नान्यतां व्रजेत् ॥८॥

...त्मन जेयो योगिनां स हि दुर्ज्जयः ।

दत्तात्रेय बोले—

अज्ञानी की सङ्गति को ज्ञान पूर्वक छोड़ देना ही मुक्ति है और प्रकृति के गुणों से अलग रहने को ब्रह्म से एकता कहते हैं ॥ १ ॥ मुक्ति योग से होती है तथा हे राजन् ! उत्तम ज्ञानसे योग होता है । दुःख से ज्ञान उत्पन्न होता है और ममत्व में आसक्ति से दुःख उत्पन्न होता है ॥ २ ॥ इसलिये मोक्ष की इच्छा करने वाला यत्न से संसार का साथ छोड़ दे क्योंकि सङ्ग के अभाव में ही ममत्व का नाश होता है ॥३॥ ममत्व न रहने से सुख होता है तथा वैराग्य से ममत्व का दोष मालुम होताहै । ज्ञान से वैराग्य और ज्ञान पूर्व जन्म के वैराग्य से है ॥ ४ ॥ घर वह है जिसमें मनुष्य रहता है और भोजन वह है जिससे जीवन स्थिर रहे । जिससे मुक्ति होजाय वही ज्ञान है तथा जिससे यह बात न हो वह अज्ञान है ॥ ५ ॥ हे राजन् ! पुण्य और पाप उपभोग करने से क्षय को प्राप्त होते हैं परन्तु अकाम रहकर नित्य कर्तव्य करने से दोनों स्वयं ही क्षय को प्राप्त होते हैं ॥ ६ ॥ इस जन्म में पाप और पुण्य के संचित न होने से और पूर्व जन्म के पापों और पुण्यों का क्षय होजाने से कर्म के बंधन में पड़कर शरीरको वारवार जन्म नहीं लेना पड़ता है ॥ ७॥ हे राजन् ! तुमसे यह तो कहा; अब तुम योग सुनो जिसको पाकर योगीलोग ब्रह्म में एकता को प्राप्त करते हैं ॥ ८ ॥ योगियों को पहिले आत्मा को आत्म द्वारा जीतना चाहिये क्योंकि वह दुर्जेय

कुर्व्वीत तज्जये यत्नं तस्योपायं शृणुष्व मे ॥ ६ ॥
प्राणायामैर्दहेद्दोषान् धारणाभिश्च किल्विषम् ।
प्रत्याहारेण विषयान् ध्यानेनानीश्वरान् गुणान् ॥ १० ॥
यथा पर्व्वतधातूनां दोषा दह्यन्ति धाम्यताम् ।
तथेन्द्रियकृता दोषा दह्यन्ते प्राणनिग्रहात् ॥ ११ ॥
प्रथमं साधनं कुर्य्यात् प्राणायामस्य योगवित् ।
प्राणापाननिरोधस्तु प्राणायाम उदाहृतः ॥ १२ ॥
लघुमध्योत्तरीयाख्यः प्राणायामस्त्रिधोदितः ।
तस्य प्रमाणं वक्ष्यामि तदलर्क शृणुष्व मे ॥ १३ ॥
लघुर्द्वादशमात्रस्तु द्विगुणः स तु मध्यमः ।
त्रिगुणाभिस्तु मात्राभिरुत्तमः परिकीर्त्तितः ॥ १४ ॥
निमेषोन्मेषणे मात्रा-कालो लघ्वक्षरस्तथा ।
प्राणायामस्य सङ्ख्यार्थं स्मृतो द्वादशमात्रिकः ॥ १५ ॥
प्रथमेन जयेत् स्वेदं मध्यमेन च वेपथुम् ।
विषादं हि तृतीयेन जयेद्दोषाननुक्रमात् ॥ १६ ॥
मृदुत्वं सेव्यमानास्तु सिंह-शार्दूल-कुञ्जराः ।
यथा यान्ति तथा प्राणो वश्यो भवति योगिनः ॥ १७ ॥
वश्यं मत्तं यथेच्छातो नागं नयति हस्तिपः ।
तथैव योगी स्वच्छन्दः प्राणं नयति साधितम् ॥ १८ ॥
यथा हि साधितः सिंहो मृगान् हन्ति न मानवान् ।
तद्वन्निषिद्धपवनः किल्विषं न नृणां तनुम् ।
तस्माद्युक्तः सदा योगी प्राणायामपरो भवेत् ॥ १९ ॥
श्रूयतां मुक्तिफलदं तस्यावस्थाचतुष्टयम् ॥ २० ॥
ध्वस्तिः प्राप्तिस्तथा संवित् प्रसादश्च महीपते ।
स्वरूपं शृणु चैतेषां कथ्यमानमनुक्रमात् ॥ २१ ॥
कर्म्मणामिष्टदुष्टानां जायते फलसंक्षयः ।
चेतसोऽपकषायत्वं यत्र सा ध्वस्तिरुच्यते ॥ २२ ॥
ऐहिकामुष्मिकान् कामान् लोभमोहात्मकान् स्वयम् ।
निरुध्यास्ते सदा योगी प्राप्तिः सा सार्व्वकालिकी ॥ २३ ॥
अतीतानागतानर्थान् विप्रकृष्टतिरोहितान् ।
विजानातीन्दु-सूर्य्यर्क्ष-ग्रहाणां ज्ञानसम्पदा ॥ २४ ॥
तुल्यप्रभावस्तु यदा योगी प्राप्नोति सम्पदम् ।
तदा संविदिति ख्याता प्राणायामस्य संस्थितिः ॥ २५ ॥
यान्ति प्रसादं येनास्य मनः पंच च वायवः ।

है इसलिये उसको जीतने का यत्न करना चाहिये, उसके उपाय को सुनो ॥९॥ प्राणायाम से दोषोंको, धारणा से पापों को, प्रत्याहार से विषय को और ध्यानसे गुणोंको दग्ध करे ॥१०॥ जिस तरह पर्वतों की धातुओं का दोष अग्नि में जल जाता है उसी प्रकार इन्द्रियजन्य दोष प्राणायाम से नष्ट हो जाते हैं ॥११॥ योग के ज्ञाता को पहिले प्राणायाम का साधन करना चाहिये। प्राण और अपान वायु के रोकने को प्राणायाम कहते हैं ॥१२॥ प्राणायाम (१) लघु (२) मध्यम और (३) उत्तरीय तीन प्रकार की होती है। हे अलर्क! अब उसके प्रमाण को कहता हूँ, सुनो ॥१३॥ लघु बारह मात्रा का होता है उससे दुगना मध्यम और तिगुना उत्तम कहलाता है ॥१४॥ लघु अक्षर का उच्चारण पलक को उठाने और गिराने के काल में ही हो जाता है, उसको प्राणायाम की संख्या के लिये द्वादशमात्रिक कहा है ॥ १५ ॥ पहिले प्राणायाम से स्वेद को, मध्यम से कम्पन को तथा तृतीय से शोक को क्रमशः जीते ॥ जिस प्रकार सिंह, व्याघ्र और हाथी मनुष्यके वश में हो जाते हैं उसी प्रकार प्राण योगियों के वश में हो जाते हैं ॥१७॥ जिस प्रकार महावत मस्त हाथी को अपने वश में करता है उसी प्रकार योगी स्वच्छन्द होकर साधना से प्राणों को वश में करता है ॥१८॥ जिस तरह सिखाया हुआ सिंह मृगोंको ही मारता है मनुष्योंको नहीं उसी तरह प्राणायाम पापों को काटती है मनुष्यों के शरीरको नहीं ॥१९॥ इसलिये योगियों को प्राणायाम में सदैव संलग्न रहना चाहिये। उसकी मुक्ति देनेवाली चार अवस्थाओं को सुनिये ॥२०॥ हे राजन्! (१) ध्वस्ति (२) प्राप्ति (३) संवित् (४) प्रसाद, इन चार अवस्थाओं के स्वरूप को क्रम से कहता हूँ, सुनो ॥ अच्छे या बुरे कर्मों के फल से चित्त के हटाने को 'ध्वस्ति' कहते हैं ॥२२॥ इस लोक और परलोक के लोभका तथा मोह पैदा करनेवाले काम का निरोध करने वाले योगियों की 'प्राप्ति' अवस्था होती है ॥ ज्ञान द्वारा अतीत और अनागत अर्थों को क्रमशः उत्तम और अनुचित समझे और चन्द्रमा, सूर्य और ग्रहों का ॥ २४ ॥ प्रभाव समान समझे और जब योगी इस समान भाव को प्राप्त होता है तब प्राणायाम की संस्थित अर्थात् संवित् अवस्था होती है ॥२५॥ जिस प्राणायामसे मन, पाँचों वायु, इन्द्रियां, इन्द्रियों के अर्थ यह सब प्रसन्न रहें उस

इन्द्रियाणीन्द्रियार्थांश्च स प्रसाद इति स्मृतः ॥२६॥
शृणुध्वं च महीपाल प्राणायामस्य लक्षणम् ।
युञ्जतश्च सदा योगं यादृग्विहितमासनम् ॥२७॥
पद्ममर्द्धासनञ्चापि तथा स्वस्तिकमासनम् ।
आस्थाय योगं युञ्जीत कृत्वा च प्रणवं हृदि ॥२८॥
समः समासनो भूत्वा संहृत्य चरणावुभौ ।
संवृतास्यस्तथैवोरू सम्यग्विष्टभ्य चाग्रतः ॥२९॥
पार्ष्णिभ्यां लिङ्गवृषणावस्पृशन् प्रयतः स्थितः ।
किञ्चिदुन्नामितशिरा दन्तैर्दन्तान्न संस्पृशेत् ॥३०॥
सम्पश्यन् नासिकाग्रं स्वं दिशश्चानवलोकयन् ।
रजसा तमसो वृत्तिं सत्त्वेन रजसस्तथा ॥३१॥
सञ्छाद्य निर्म्मले तत्त्वे स्थितो युञ्जीत योगवित् ।
इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेभ्यः प्राणादीन् मन एव च॥३२॥
निगृह्य समवायेन प्रत्याहारमुपक्रमेत् ।
यस्तु प्रत्याहरेत् कामान् सर्व्वाङ्गाणीव कच्छपः३३
सदात्मरतिरेकस्थः पश्यत्यात्मानमात्मनि ।
स वाह्याभ्यन्तरं शौचं निष्पाद्याकण्ठनाभितः॥३४॥
पूरयित्वा बुधो देहं प्रत्याहारमुपक्रमेत् ।
प्राणायामा दश द्वौ च धारणा साभिधीयते ॥३५॥
द्वे धारणे स्मृते योगे योगिभिस्तत्त्वदृष्टिभिः ।
तथा वै योगयुक्तस्य योगिनो नियतात्मनः ॥३६॥
सर्व्वे दोषाः प्रणश्यन्ति स्वस्थश्चैवोपजायते ।
वीक्षते च परं ब्रह्म प्राकृतांश्च गुणान् पृथक् ॥३७॥
व्योमादिपरमाणूंश्च तथात्मानमकल्मषम् ।
इत्थं योगी यताहारः प्राणायामपरायणः ॥३८॥
जितां जितां शनैर्भूमिमारोहेत यथा गृहम् ।
दोषान् व्याधींस्तथा मोहमाक्रान्ताभूरनिर्ज्जिता३९॥
विवर्द्धयति नारोहेत् तस्माद्भूमिमनिर्ज्जिताम् ।
प्राणानामुपसंरोधात् प्राणायाम इति स्मृतः ॥४०॥
धारणेत्युच्यते चेयं धार्य्यते यन्मनो यया ।
शब्दादिभ्यः प्रवृत्तानि यदक्षाणि यतात्मभिः ।
प्रत्याह्रियन्ते योगेन प्रत्याहारस्ततः स्मृतः ॥४१॥
उपायश्चात्र कथितो योगिभिः परमर्षिभिः ।
येन व्याध्यादयो दोषा न जायन्ते हि योगिनः॥४२
यथा तोयार्थिनस्तोयं यन्त्रनालादिभिः शनैः ।

को 'प्रसाद' अवस्था कहते हैं ॥ २६ ॥ हे राजन् ! अब योगियों की प्राणायामके लक्षण तथा आसनों को सुनिये ॥ २७॥ योग करने वाला पद्मासन तथा स्वस्तिक आसन करके प्रणव को हृदय में रखकर बैठे ॥२८॥ और सम रूप से आसन मारकर बैठे और चरणों को समेट ले तथा जांघों को आगे से खींच ले ॥ २९ ॥ ऐसा यत्न करके स्थित हो कि घुटनों से लिंग और अण्डकोश का स्पर्श न हो तथा थोड़ा शिर को झुकावे और दाँतों से दाँतों को न लगने दे ॥ ३०॥ अपनी नाक के आगेके भाग को देखता हुआ दिशाओंको न देखें और रजोगुण से तमोगुण को और सतोगुण से रजोगुण को ॥ आच्छादित करके योग करने वाला योगी निर्मल तत्व में स्थित होवे तथा इन्द्रियोंके अर्थ से इंद्रियों को और प्राण आदि मन को ॥३२॥ रोक कर अपने वश में करले। जिस प्रकार कछुआ अपनी इच्छा से अपने सब अङ्गों को समेट लेताहै ॥३३॥ सदैव अपनी आत्मा में प्रेम रखकर अपनी आत्मा में ही आत्माको देखे तथा भीतर और वाहर पवित्र रक्खे और कण्ठ से नाभि तक ॥ ३४ ॥ शरीर को पूरण कर बुद्धिमान् मनुष्य प्राणायाम करे, यह बारह प्राणायाम हैं इसी को धारणा भी कहते हैं ॥ तत्त्वदर्शी योगी लोग योग में दो धारणा कहते हैं तथा इसी प्रकार योग में संलग्न नियतात्मा योगी लोग भी कहते हैं ॥ ३६ ॥ उनके सब दोष नष्ट हो जाते हैं और वे स्वस्थ होकर परब्रह्म को देखते हैं तथा प्राकृत गुणों को अलग-अलग जानते हैं ॥३७॥ आहार को जीतने वाले तथा प्राणायाम परायण योगी जिस प्रकार आकाश के परमाणुओंको देखते हैं उसी प्रकार निर्मल आत्मा को देखते हैं ॥ ३८ ॥ जिस प्रकार मनुष्य घर को साफ करके उसमें रहतेहैं उसी प्रकार योगी भूमिको पवित्रकर उसपर बैठे। विना स्वच्छ की हुई भूमि दोष, व्याधि और मोह को ॥ ३९ ॥ बढ़ाती है, इसलिये विना शुद्ध की हुई भूमि पर योगी न बैठे। प्राणों के निरोध को प्राणायाम कहते हैं ॥ ४० ॥ चूंकि इससे मनको धारण किया जाताहै इसलिये यह धारणा कहाती है। जो इन्द्रियां शब्दादि विषयों में प्रवृत्तहैं उनको योगी लोग योग से उन विषयों से खींच लेते हैं इसलिये इसको प्रत्याहार भी कहा है ॥४१ ॥ परम ऋषियों और योगियोंने इसका उपाय कहाहै जिस से योगियों को व्याधि आदिक दोष नहीं होते हैं॥ जिस तरह जल पीने वाले नल आदि यन्त्रोंसे जल

आपिवेयुस्तथा वायुं पिबेद्योगी जितश्रमः ॥४३॥
प्राङ्नाभ्यां हृदये चात्र तृतीये च तथोरसि ।
कण्ठे मुखे नासिकाग्रे नेत्र-भ्रूमध्य-मूर्द्धसु ॥४४॥
किंच तस्मात् परस्मिंश्च धारणा परमा स्मृता ।
दशैता धारणाः प्राप्य प्राप्नोत्यक्षरसाम्यताम्॥४५॥
नाध्मातः क्षुधितः श्रान्तो न च व्याकुलचेतनः।
युञ्जीत योगं राजेन्द्र योगी सिद्ध्यर्थमादृतः ॥४६॥
नातिशीते न चोष्णे वै न द्वन्द्वे नानिलात्मके ।
कालेष्वेतेषु युञ्जीत न योगं ध्यानतत्परः ॥४७॥
सशब्दाग्निजलाभ्यासे जीर्णगोष्ठे चतुष्पथे ।
शुष्कपर्णचये नद्यां श्मशाने ससरीसृपे ॥४८॥
सभये कूपतीरे वा चैत्यवल्मीकसञ्चये ।
देशेष्वेतेषु तत्त्वज्ञो योगाभ्यासं विवर्ज्जयेत् ॥४९॥
सत्त्वस्यानुपपत्तौ च देशकालं विवर्ज्जयेत् ।
नासतो दर्शनं योगे तस्मात् तत् परिवर्ज्जयेत् ॥५०॥
देशानेताननादृत्य मूढत्वाद्यो युनक्ति वै ।
विघ्नाय तस्य वै दोषा जायन्ते तान्निबोध मे ॥५१॥
बाधिर्य्यं जड़ता लोपः स्मृतेर्मूकत्वमन्धता ।
ज्वरश्च जायते सद्यस्तत्तदज्ञानयोगिनः ॥५२॥
प्रमादाद्योगिनो दोषा यद्य ते स्युश्चिकित्सितम् ।
तेषां नाशाय कर्त्तव्यं योगिनां तन्निबोध मे ॥५३॥
स्निग्धां यवागूमत्युष्णां भुक्त्वा तत्रैव धारयेत् ।
वात-गुल्मप्रशान्त्यर्थमुदावर्त्ते तथोदरे ॥५४॥
यवागूं वापि पवनं वायुग्रन्थिं प्रतिक्षिपेत् ।
तद्वत् कल्पे महाशैलं स्थिरं मनसि धारयेत् ॥५५॥
विघाते वचसो वाचं बाधिर्य्यं श्रवणेन्द्रियम् ।
यथैवाम्रफलं ध्यायेत् तृष्णार्त्तो रसनेन्द्रिये ॥५६॥
यस्मिन् यस्मिन् रुजा देहे तस्मिंस्तदुपकारिणीम् ।
धारयेद्धारणामुष्णे शीतां शीते च दाहिनीम् ॥५७॥
कीलं शिरसि संस्थाप्य काष्ठं काष्ठेन ताड़येत् ।

को खींचकर धीरे-धीरे पीते हैं उसी प्रकार योगी को श्रम जीतकर धीरे-धीरे वायु चढ़ानी चाहिये। पहिले दोनों नेत्रों में, फिर नाभि में, फिर हृदय तथा फिर क्रमशः कण्ठ, मुख, नासिका के तथा दोनों भौहों के बीच में ॥ ४४ ॥ तथा इसके ऊपर जो धारणा है वह उत्कृष्ट है, इन स्थानों में दशों धारणाओं को प्राप्त कर योगी ब्रह्मके सामने होजाता है ॥ ४५ ॥ हे राजेन्द्र ! योग की सिद्धि के लिये योग करते हुए योगी लोग न बहुत बोलें, न क्षुधा रक्खें, न थकें तथा न व्याकुल चित्त हों॥४६॥ ध्यान में तत्पर होकर योगी को अति शीतल, अत्यन्त गर्म, जनाकुल तथा वायुपूर्ण अवसरों पर योग न करना चाहिये ॥ ४७ ॥ कोलाहलपूर्ण स्थान के तथा अग्नि और जल के समीप, पुराने मकान में चौराहे पर, जहाँ सूखे पत्तों का ढेर हो वहाँ, नदी में, स्मशान में तथा जहाँ सर्प रहते हों वहाँ ॥४८॥ भयपूर्ण स्थानमें, कुएके पास तथा दीमक के बनाये हुए टीले पर, इन सब स्थानों में तत्त्व का जानने वाला योगाभ्यास न करे ॥४९॥ जहाँ पर सात्विकी वस्तुयें न मिलें उस देशकाल को छोड़ दे। असत् दर्शन योग में निषिद्ध हैं इसलिये जहाँ ऐसा होता हो उस स्थान को छोड़ दे ॥ ५० ॥ इन स्थानों का विचार न करके मूढ़तावश जो मनुष्य योग करता है उसके लिये विघ्नों से पैदा हुए दोषों को मुझसे सुनो ॥ ५१ ॥ बहिरापन, जड़ता, स्मृति का नाश, गूंगापन, अंधापन और ज्वर ऐसे रोग उस अज्ञानी योगी को शीघ्र ही हो जाते हैं ॥ ५२ ॥ प्रमाद से योगीको जो रोग होजाते हैं उसकी भी चिकित्साहै योगियों का जो कर्तव्य उन दोषों के नाश करनेका है उसको सुनो ॥ ५३ ॥ भात और गर्म यवागू (खिचड़ी) खाकर प्राणों की रक्षा करनी चाहिये, वात और गुल्म की शान्ति के लिये तथा उदावर्त और उदर रोग के लिये ॥ ५४ ॥ यवागू का सेवन करे, यवागू पवन और वायुग्रन्थि रोगों को भी दूर करता है, इसी प्रकार कल्प नाम महा पर्वत का भी स्थिर चित्त से ध्यान करे ॥ ५५ ॥ गूंगा होने पर सरस्वती और बहिरा होनेपर श्रवणेन्द्रियका ध्यान करे और अगर प्यास से पड़ित हो तो जीभ पर आम्रफल का ध्यान करे ॥ ५६ ॥ शरीर में जो-जो रोग हो उसकी उपकारी धारणा का ध्यानकरे जैसे उष्णता में शीतलता और शीतलतासे पीड़ित होने पर उष्णता की धारणा करे ॥५७॥ शिर पर काठकी कील रखकर काठ से उसकी ताड़ना करे, ऐसा

लुप्तस्मृतेः स्मृतिः सद्यो योगिनस्तेन जायते ॥५८॥
द्यावापृथिव्यौ वाय्वग्नी व्यापिनावपि धारयेत् ।
अमानुषात् सत्त्वजाद्वा बाधास्त्वेताश्चिकित्सिताः॥५९॥
अमानुषं सत्त्वमन्तर्योगिनं प्रविशेद्यदि ।
वाय्वग्निधारणेनैनं देहसंस्थं विनिर्दहेत् ॥६०॥
एवं सर्व्वात्मना रक्षा कार्य्या योगविदा नृप ।
धर्म्मार्थ-काम-मोक्षाणां शरीरं साधनं यतः ॥६१॥
प्रवृत्तिलक्षणाख्यानाद्योगिनो विस्मयात् तथा ।
विज्ञानं विलयं याति तस्माद्गोप्याः प्रवृत्तयः ॥६२॥
आलोल्यमारोग्यमनिष्ठुरत्वं
गन्धः शुभो मूत्रपुरीषमल्पम् ।
कान्तिः प्रसादः स्वरसौम्यता च
योगप्रवृत्तेः प्रथमं हि चिह्नम् ॥६३॥
अनुरागी जनो याति परोक्षे गुणकीर्त्तनम् ।
न बिभ्यति च सत्त्वानि सिद्धेर्लक्षणमुत्तमम् ॥६४॥
शीतोष्णादिभिरत्युग्रैर्यस्य बाधा न विद्यते ।
न भीतिमेति चान्येभ्यस्तस्य सिद्धिरुपस्थिता ॥६५॥

करने से योगी की खोई हुई स्मृति शीघ्र वापिस आ जाती है ॥५८॥ आकाश, पृथ्वी, वायु, अग्नि को सर्वव्यापी होने के कारण धारणकरे, ये अमानुषीय बाधाओं की चिकित्सायें हैं ॥ ५९ ॥ यदि योगी के भीतर अमानुषीय सत्व का प्रवेश होजाय तो उस को देह में स्थित वायु और अग्नि की धारणा से भस्म करे ॥ ६० ॥ हे राजन् ! योग के ज्ञाताको इस प्रकार अपने शरीरकी रक्षा करनी चाहिये क्योंकि धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का साधन शरीर ही से है ॥ ६१ ॥ प्रवृत्ति के लक्षणों को प्रकट करने से तथा विस्मय से योगी का ज्ञान लुप्त होता है इस लिये प्रवृत्तियों को गुप्त रखना चाहिये ॥ ६२ ॥ कम चलना फिरना, आरोग्यता, दया रखना, शुभ गंध लेना, थोड़ा मूत्र और विष्टाकरना, कान्ति, प्रसन्नता, स्वर की सौम्यता, ये योग में प्रवृत्ति के प्रथम चिह्न हैं ॥६३॥ जिसमें लोगों का अनुराग हो जाय, जिस का पीठ पीछे गुणगान हो तथा जिससे लोग भय न मानें इन उत्तम लक्षणों से युक्त मनुष्य को सिद्ध जानना चाहिये ॥ ६४ ॥ जो अत्यन्त शीत और उष्णता से बाधित न हो तथा जिसे किसी का डर न हो उसको सिद्धि प्राप्त होचुकी है ऐसा समझना चाहिये ॥ ६५ ॥

इति श्रीमार्कण्डेयपुराण में जड़ोपाख्यान में योगाध्याय नाम ३९वाँ अ० समाप्त ।

चालीसवां अध्याय

दत्तात्रेय उवाच

उपसर्गाः प्रवर्त्तन्ते दृष्टे ह्यात्मनि योगिनः ।
ये तांस्ते संप्रवक्ष्यामि समासेन निबोध मे ॥ १ ॥
काम्याः क्रियास्तथा कामान् मानुषानभिवाञ्छति ।
स्त्रियो दानफलं विद्यां मायां कुप्यं धनं दिवम् ॥ २ ॥
देवत्वममरेशत्वं रसायनचयः क्रियाः ।
मरुत्प्रपतनं यज्ञं जलाग्न्यावेशनं तथा ।
श्राद्धानां सर्व्वदानानां फलानि नियमांस्तथा ॥ ३ ॥
तथोपवासात् पूर्त्ताच्च देवताभ्यर्च्चनादपि ।
तेभ्यस्तेभ्यश्च कर्म्मभ्य उपसृष्टोऽभिवाञ्छति ॥ ४ ॥
चित्तमित्थं वर्त्तमानं यत्नाद्योगी निवर्त्तयेत् ।
ब्रह्म मनः कुर्व्वन्नुपसर्गात् प्रमुच्यते ॥ ५ ॥

दत्तात्रेय बोले—

आत्मा के जानने पर भी योगी को जो उपसर्ग आते हैं उनको मुझसे पृथक् २ सुनो ॥ १ ॥ योगी अच्छी-अच्छी मानवी क्रियाओं की अभिलाषा करता है । स्त्री, दान का फल, विद्या, माया, चाँदी, सोना, धन, स्वर्ग की इच्छा ॥ २ ॥ देवत्व, अमरत्व, रसायन क्रिया, वायु में उड़ना, यज्ञ, जल और अग्नि में प्रवेश करना, श्राद्ध और सब प्रकार के दानों के फल तथा नियम ॥ ३ ॥ तथा उपवास यज्ञ और देवताओं के पूजन से जो फल होते हैं उनकी इच्छा करता है ॥४॥ इस तरह चित्त में उपस्थित होने वाली अभिलाषाओंको योगी यत्न पूर्वकरोके, ब्रह्म में मन को संलग्न करने से उपसर्गों से योगी लोग बच जाते हैं ॥५॥ इन उपसर्गों को जीतने पर

उपसर्गैर्जितैरेभिरुपसर्गास्ततः पुनः ।
योगिनः सम्प्रवर्त्तन्ते सात्त्व-राजस-तामसाः ॥ ६ ॥
प्रातिभः श्रावणो दैवो भ्रमावर्त्तौ तथापरौ ।
पञ्चैते योगिनां योग-विघ्नाय कटुकोदयाः ॥ ७ ॥
वेदार्थाः काव्यशास्त्रार्था विद्याशिल्पान्यशेषतः ।
प्रतिभान्ति यदस्येति प्रातिभः स तु योगिनः ॥ ८ ॥
शब्दार्थानखिलान् वेत्ति शब्दं गृह्णाति चैव यत् ।
योजनानां सहस्रेभ्यः श्रावणः सोऽभिधीयते ॥ ९ ॥
समन्ताद्वीक्षते चाष्टौ स यदा देवतोपमः ।
उपसर्गं तमप्याहुर्दैवमुन्मत्तवद्बुधाः ॥ १० ॥
भ्राम्यते यन्निरालम्बं मनो दोषेण योगिनः ।
समस्ताचारविभ्रंशाद्भ्रमः स परिकीर्त्तितः ॥ ११ ॥
आवर्त्त इव तोयस्य ज्ञानावर्त्तो यदाकुलः ।
नाशयेच्चित्तमावर्त्त उपसर्गः स उच्यते ॥ १२ ॥
एतैर्नाशितयोगास्तु सकला देवयोनयः ।
उपसर्गैर्महाघोरैरावर्त्तन्ते पुनः पुनः ॥ १३ ॥
प्रावृत्य कम्बलं शुक्लं योगी तस्मान्मनोमयम् ।
चिन्तयेत् परमं ब्रह्म कृत्वा तत्प्रवणं मनः ॥ १४ ॥
योगयुक्तः सदा योगी लघ्वाहारो जितेन्द्रियः ।
सूक्ष्मास्तु धारणाः सप्त भूराद्या मूर्द्धि्न धारयेत् ॥ १५ ॥
धरित्रीं धारयेद्योगी तत् सौख्यं प्रतिपद्यते ।
आत्मानं मन्यते चोर्व्वीं तद्वन्धश्च जहाति सः ॥ १६ ॥
तथैवाप्सु रसं सूक्ष्मं तद्वद्रूपंच तेजसि ।
स्पर्शं वायौ तथा तद्वद्बिभ्रतस्तस्य धारणाम् ॥ १७ ॥
व्योम्नः सूक्ष्मां प्रवृत्तिञ्च शब्दं तद्वज्जहाति सः ॥ १८ ॥
मनसा सर्व्वभूतानां मनस्याविशते यदा ।
मानसीं धारणां बिभ्रन्मनः सूक्ष्मंच जायते ॥ १९ ॥
तद्वद्बुद्धिमशेषाणां सत्त्वानामेत्य योगवित् ।
परित्यजति सम्प्राप्य बुद्धिसौक्ष्म्यमनुत्तमम् ॥ २० ॥
परित्यजति सूक्ष्माणि सप्तत्वेतानि योगवित् ।
सम्यग्विज्ञाय योऽलर्क तस्यावृत्तिर्न विद्यते ॥ २१ ॥
एतासां धारणानान्तु सप्तानां सौक्ष्म्यमात्मवान् ।
दृष्ट्वा दृष्ट्वा ततः सिद्धिं त्यक्त्वा त्यक्त्वा परां व्रजेत् ॥ २२ ॥
यस्मिन् यस्मिंश्च कुरुते भूते रागं महीपते ।

योगियों को दूसरे उपसर्ग आते हैं जो सत्व, रज और तामस से उत्पन्न होतेहैं ॥६॥ प्रातिभ, श्रावण, दैव, भ्रम और आवर्त ये पाँच उपसर्ग योगियों के योग में कटु विघ्न डालने वाले हैं ॥७ ॥ वेद, काव्य और शास्त्रों का अर्थ तथा अन्य विद्याओं और शिल्पकला का ज्ञान यदि योगी को हो तो 'प्रातिभ' उपसर्ग हुआ जानना चाहिये ॥ ८ ॥ जो सब शब्दों के अर्थों को जाने और हज़ारों योजनों से तत्व को सुने तो 'श्रावण' उपसर्ग समझना चाहिये ॥ ९ ॥ जब देवताओं की तरह आठों दिशाओं में देखने लगे तो इस उपसर्गको विद्वान् 'दैव' कहते हैं॥१०॥ यदि योगी का मन दोष से निराश्रय हो भ्रमण करनेलगे और सब आचार भ्रष्ट होजाँय तो 'भ्रम' उपसर्ग कहलाता है ॥११॥ जल के भँवर की तरह यदि ज्ञान आवृत होकर चित्त व्याकुल होने लगे तो आवर्त उपसर्ग हुआ जानो । यह योगीके चित्त को भ्रष्ट करता है ॥१२॥ इन घोर उपसर्गों से योग भ्रष्ट होकर योगी बार-बार देवयोनियों में घूमता रहता है ॥१३॥ इसलिये योगी को चाहिये कि ज्ञान द्वारा ब्रह्म में चित्त लगाकर परब्रह्म का चिन्तनकरे ॥१४॥ योगी सदा योगयुक्त, अल्पभोजी और जितेन्द्रिय रहे तथा पृथ्वी आदि सातों सूक्ष्म धारणाओं को शिर पर धारण करे ॥ १५ ॥ पहिले धरती को योगी धारण करे और उसका सुख प्राप्त करे । आत्मा को पृथ्वी समझे और उसके बन्धन को छोड़ दे ॥ १६॥ इसी तरह जल में जो सूक्ष्म रस है और तेज में जो सूक्ष्म रूपहै तथा वायु में जो सूक्ष्म स्पर्श और सूक्ष्म धारणा है ॥ १७॥ और आकाशमें जो सूक्ष्म प्रवृत्ति है तथा शब्द को भी इस प्रकार जानकर छोड़ दे ॥ १८ ॥ जब योगी सब प्राणियोंके मन में अपने मन को प्रवेश करते हैं तो मानसी धारणा को धारण करने से उनका मन भी सूक्ष्म हो जाता है ॥१९॥ इस प्रकार अनेक प्राणियों की बुद्धि को प्राप्त कर योगका ज्ञाता उत्तम सूक्ष्म बुद्धि को पाकर स्थूल बुद्धि को छोड़ देता है ॥ २० ॥ हे अलर्क ! इन सातों सूक्ष्मोंको अच्छी तरह जानकर जो योगी इनको छोड़ देते हैं उनकी आवृत्ति नहीं होती ॥ २१ ॥ इन धारणाओं को सातों सूक्ष्म जान कर जो योगी इनको छोड़ देते हैं वे परम सिद्धि को प्राप्त होते हैं ॥२२॥ हे राजन् ! जिन-२ प्राणियों में योगी अनुराग करता है तो उन्हीं २ योनियों में

तस्मिंस्तस्मिन् समासक्तिं सम्प्राप्य स विनश्यति२३
तस्माद्विदित्वा सूक्ष्माणि संसक्तानि परस्परम् ।
परित्यजति यो देही स परं प्राप्नुयात् पदम् ॥२४॥
एतान्येव तु सन्धाय सप्त सूक्ष्माणि पार्थिव ।
भूतादीनां विरागोऽत्र सद्भाववज्ञस्य मुक्तये ॥२५॥
गन्धादिषु समासक्तिं सम्प्राप्य स विनश्यति ।
पुनरावर्त्तते भूप स ब्रह्मापरमानुषम् ॥२६॥
सप्तैता धारणा योगी समतीत्य यदिच्छति ।
तस्मिंस्तस्मिंल्लयं सूक्ष्मे भूते याति नरेश्वर ॥२७॥
देवानामसुराणां वा गन्धर्व्वोरग-रक्षसाम् ।
देहेषु लयमायाति सङ्गं नाप्नोति च क्वचित् ॥२८॥
अणिमा लघिमा चैव महिमा प्राप्तिरेव च ।
प्राकाम्यंच तथेशित्वं वशित्वञ्च तथापरम् ॥२९॥
यत्र कामावसायित्वं गुणानेतांस्तथैश्वरान् ।
प्राप्नोत्यष्टौ नरव्याघ्र परं निर्व्वाणसूचकान् ॥३०॥
सूक्ष्मात् सूक्ष्मतमोऽणीयान् शीघ्रत्वं लघिमा गुणः ।
महिमाऽशेषपूज्यत्वात् प्राप्तिर्नाप्राप्यमस्य यत् ॥३१॥
प्राकाम्यस्य व्यापित्वादीशित्वञ्चेश्वरो यतः ।
वशित्वाद्वशिमा नाम योगिनः सप्तमो गुणः । ३२॥
यत्रेच्छास्थानमप्युक्तं यत्र कामावशायिता ।
ऐश्वर्य्यकारणैरेभिर्योगिनः प्रोक्तमष्टधा ॥३३॥
मुक्तिसंसूचकं भूप परं निर्व्वाणमात्मनः ।
ततो न जायते नैव वर्द्धते न विनश्यति ॥३४॥
नापि क्षयमवाप्नोति परिणामं न गच्छति ।
छेदं क्लेदं तथा दाहं शोषं भूरादितो न च ॥३५॥
भूतवर्गादवाप्नोति शब्दाद्यैः ह्रियते न च ।
न चास्य सन्ति शब्दाद्यास्तद्भोक्ता तैर्न युज्यते॥३६॥
यथाहि कनकं खण्डमपद्रव्यवदग्निना ।
दग्धदोषं द्वितीयेन खण्डेनैक्यं व्रजेन्नृप ॥३७॥
न विशेषमवाप्नोति तद्वद्योगाग्निना यतिः ।
निर्दग्धदोषस्तेनैक्यं प्रयाति ब्रह्मणा सह ॥३८॥
यथाग्निरग्नौ संक्षिप्तः समानत्वमनुव्रजेत् ।
तदाख्यस्तन्मयो भूतो न गृह्येत विशेषतः ॥३९॥
४० ब्रह्मणा तद्वत् प्राप्यैक्यं दग्धकिल्बिषः ।

आसक्ति के कारण नाश को प्राप्त होता है ॥२३॥ इसलिये सूक्ष्मों को आपस में अलग २ जानकर जो योगी छोड़ देता है वह परम पद को प्राप्त होता है ॥२४॥ हे राजन् ! इन सातों सूक्ष्मों को जानकर ही प्राणियों को विराग होता है और उस सद्भाव के ज्ञाता को ही मुक्ति होती है ॥२५॥ हे राजन् ! जो योगी गन्ध, आसक्ति आदि में लिप्त होता है वह नष्ट होजाताहै और बारम्बार मनुष्य के शरीर में जन्म लेता है ॥२६॥ हे राजन् ! इन सातों धारणाओं को जीतकर योगी जिस सूक्ष्म प्राणीमें प्रवेश करना चाहता है उसी में लय हो जाता है ॥२७॥ देवता, असुर, गन्धर्व और नाग इत्यादि के शरीरों में योगी लय हो जाता है परन्तु कभी उनके सङ्ग में लीन नहीं होता ॥२८॥ अणिमा, लघिमा, महिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व ॥२९॥ तथा ऐश्वर्य इन गुणरूप आठों सिद्धियों को प्राप्त कर जो कामना वश इनके वशीभूत नहीं होता वह परम निर्वाण पद प्राप्त करता है ॥३०॥ सूक्ष्म से भी सूक्ष्म होना अणिमा कहलाती है, शीघ्रत्व लघिमाका गुण है। सबसे पूजित होने को महिमा और जिसे पा कर कुछ पाना शेष न रहे उसे प्राप्ति कहते हैं॥३१॥ सर्वव्यापी होने को प्राकाम्य और ईश्वरवत् होने को ईशित्व कहते हैं और सबको वश में करने को वशिमा कहते हैं जो योगियों का सातवाँ गुण है॥ जहाँ इच्छा का स्थान और कामावशायिता भी है उसको ऐश्वर्य कहते हैं, ये आठ सिद्धियां योगियों की हैं ॥३३॥ हे राजन् ! परम निर्वाणपद मुक्ति का सूचक है,वहाँ न जन्म लेते हैं, न बढ़ते हैं और न मरते हैं ॥३४॥ न क्षय होते हैं और न अन्त होता है, तथा न काटे से कटते हैं, न दाह को प्राप्त होते हैं और न सूखते हैं और न पञ्चतत्वादि में प्राप्त होते हैं ॥ ३५ ॥ प्राणियों से शोकको प्राप्त नहीं होते और शब्दों से चलित नहीं होते और उनके कोई शब्द आदि नहीं है। यद्यपि वे शब्दों के भोक्ता हैं तो भी उनमें लिप्त नहीं हैं ॥ ३६ ॥ जिस प्रकार आभूषणादि द्रव्य अग्नि में प्रज्वलित होकर सुवर्ण ही रहता है और उसका दोष जल जाता है ॥३७॥ इसी प्रकार योगी योगाग्नि में जलकर दोष रहित होजाते हैं और अपने सदृश ब्रह्म में लीन होजाते हैं ॥ ३८ ॥ जिस प्रकार अग्नि में फेंकी हुई अग्नि उसी प्रकार की हो जाती है उसी तरह योगी ब्रह्म में मिलकर एकता को प्राप्त हो जाते हैं ॥ ३९ ॥ हे राजन् ! इसी प्रकार योगी अपने पापों को दग्धकर

योगी याति पृथग्भावं न कदाचिन्महीपते ॥४०॥
यथा जलं जलेनैक्यं निक्षिप्तमुपगच्छति ।
तथात्मा साम्यमभ्येति योगिनः परमात्मनि ॥४१॥

परब्रह्म में मिलकर कभी अलग नहीं होते ॥ ४० ॥ जिस प्रकार जल जल में मिलकर एक हो जाता है उसी प्रकार योगियों की आत्मा परमात्मा में मिल कर एक हो जाती है ॥४१॥

इति श्रीमार्कण्डेयपुराण में योगसिद्धि नाम ४०वां अध्याय समाप्त ।

इकतालीसवाँ अध्याय

अलर्क उवाच

भगवन् योगिनश्चर्य्यां श्रोतुमिच्छामि तत्त्वतः ।
ब्रह्मवर्त्मन्यनुसरन् यथा योगी न सीदति ॥ १ ॥

अलर्क बोले—

हे भगवन् ! मैं तत्त्वपूर्वक योगियों की चर्या सुनना चाहता हूँ जो कि वह ब्रह्म-मार्ग में प्रवृत्त हुआ योग क्लेश को प्राप्त नहीं होता है ॥१॥

दत्तात्रेय उवाच

मानापमानौ यावेतौ प्रीत्युद्वेगकरौ नृणाम् ।
तावेव विपरीतार्थौ योगिनः सिद्धिकारकौ ॥ २ ॥
मानापमानौ यावेतौ तावेवाहुर्विषामृते ।
अपमानोऽमृतं तत्र मानस्तु विषमं विषम् ॥ ३ ॥
चक्षुःपूतं न्यसेत् पादं वस्त्रपूतं जलं पिबेत् ।
सत्यपूतां वदेद्वाणीं बुद्धिपूतञ्च चिन्तयेत् ॥ ४ ॥
आतिथ्य-श्राद्ध-यज्ञेषु देवयात्रोत्सवेषु च ।
महाजनञ्च सिद्ध्यर्थं न गच्छेद्योगवित् क्वचित् ॥५॥
व्यस्ते विधूमे व्यङ्गारे सर्व्वस्मिन् भुक्तवर्ज्जने ।
अटेत योगविद्भैक्ष्यं न तु त्रिष्वेव नित्यशः ॥ ६ ॥
यथैवमवमन्यन्ते जनाः परिभवन्ति च ।
तथा युक्तश्चरेद्योगी सतां वर्त्म न दूषयन् ॥ ७ ॥
भैक्ष्यं चरेद्गृहस्थेषु यायावरगृहेषु च ।
श्रेष्ठा तु प्रथमा चेति वृत्तिरस्योपदिश्यते ॥ ८ ॥
अथ नित्यं गृहस्थेषु शालीनेषु चरेद्यतिः ।
श्रद्दधानेषु दान्तेषु श्रोत्रियेषु महात्मसु ॥ ९ ॥
अत ऊर्द्ध्वं पुनश्चापि अदुष्टापतितेषु च ।
भैक्ष्यचर्य्या विवर्णेषु जघन्या वृत्तिरिष्यते ॥१०॥
भैक्ष्यं यवागूं तक्रं वा पयो यावकमेव वा ।
फलं मूलं प्रियंगुं वा कण-पिण्याक-शक्तवः ॥११॥
इत्येते च शुभाहारा योगिनः सिद्धिकारकाः ।
तत् प्रयुञ्ज्यान्मनिर्भक्त्या परमेण समाधिना ॥१२॥

दत्तात्रेय बोले—

मान और अपमान मनुष्यों को क्रमशः प्रीति और उद्वेग उत्पन्न करते हैं, इनका विपरीत अर्थ समझने वाले योगियों को सिद्धि प्राप्त होती है ॥२॥ मान और अपमान क्रमशः अमृत और विष हैं, योगी को चाहिये कि अपमानको अमृत और मान को विषम विष समझे ॥ ३ ॥ नेत्र से देखकर पाँव रक्खे, वस्त्र से छान कर जल पिये, सत्यतापूर्वक वचन बोले और बुद्धिपूर्वक चिन्तवन करे ॥ ४ ॥ आतिथ्य समय, श्राद्ध, यज्ञ, देवयात्रा और उत्सव के समय योग का जानने वाला कभी अर्थ-सिद्धि के लिये न जावे ॥ ५ ॥ क्लेश के समय, जिस समय रसोई न हो रही हो अथवा जब सब लोग भोजन कर चुके हों इन समयों में योगी भिक्षा न मांगे ॥ जिससे कोई उसका अपमान न कर सके । योगी को उत्तम लोगों के बताये हुए मार्गमें दोष न लगा कर उसपर चलना चाहिये ॥ ७ ॥ जो सद्गृहस्थ श्रेष्ठ हों उनसे भिक्षा मांगे क्योंकि इसी को पहिली वृत्ति बतलाया है ॥ ८ ॥ अतः योगी को उन्हीं गृहस्थों में जाना चाहिये जो धनी, श्रद्धावान्, पवित्र, पण्डित और महात्मा हों ॥ ९ ॥ इनके अतिरिक्त जो गृहस्थी दुष्ट और पतित न हों उनके पास भी योगी जा सकता है परन्तु हीन वर्णों से भिक्षा मांगना नीच वृत्ति है ॥ १० ॥ यवागू, तक्र, दूध, यावक, फल मूल बेर और सत्तू ॥ ११ ॥ ये ही आहार योगियों को शुभ और सिद्धिदायक हैं, इसलिये एकाग्र चित्त होकर भक्ति पूर्वक यही भोजन करे ॥ १२ ॥ निःशब्द होकर पहिला ग्रास

अपः पूर्व्वं सकृत् प्राश्य तूष्णीं भूत्वा समाहितः।
प्राणायेति ततस्तस्य प्रथमा ह्याहुतिः स्मृता ॥१३॥
अपानाय द्वितीया तु समानायेति चापरा।
उदानाय चतुर्थी स्याद्व्यानायेति च पञ्चमी ॥१४॥
प्राणायामैः पृथक् कृत्वा शेषं भुञ्जीत कामतः।
अपः पुनः सकृत् प्राश्यं आचम्य हृदयं स्पृशेत्॥१५॥
अस्तेयं ब्रह्मचर्य्यञ्च त्यागोऽलोभस्तथैव च।
व्रतानि पञ्च भिक्षूणामहिंसापरमाणि व ॥१६॥
अक्रोधो गुरुशुश्रूषा शौचमाहारलाघवम्।
नित्यस्वाध्याय इत्येते नियमाः पंच कीर्त्तिताः॥१७॥
सारभूतमुपासीत ज्ञानं यत् कार्य्यसाधकम्।
ज्ञानानां वहुता येयं योगविघ्नकरा हि सा ॥१८॥
इदं ज्ञेयमिदं ज्ञेयमिति यस्तृषितश्चरेत्।
अपि कल्पसहस्रेषु नैव ज्ञेयमवाप्नुयात् ॥१९॥
त्यक्तसङ्गो जितक्रोधो लघ्वाहारो जितेन्द्रियः।
विधाय बुद्ध्या द्वाराणि मनो ध्याने निवेशयेत्२०॥
शून्येष्वेवावकाशेषु गुहासु च वनेषु च।
नित्ययुक्तः सदा योगी ध्यानं सम्यगुपक्रमेत् ॥२१॥
वाग्दण्डः कर्म्मदण्डश्च मनोदण्डश्च ते त्रयः।
यस्यैते नियता दण्डाः स त्रिदण्डी महायतिः॥२२॥
सर्व्वमात्ममयं यस्य सदसज्जगदीदृशम्।
गुणागुणमयं तस्य कः प्रियः को नृपाप्रियः ॥२३॥
विशुद्धबुद्धिः समलोष्ट्रकाञ्चनः समस्तभूतेषु च तत्समाहितः। स्थानं परं शाश्वतमव्ययंच परं हि मत्वा न पुनः प्रजायते ॥२४॥
वेदाः श्रेष्ठाः सर्व्वयज्ञक्रियाश्च यज्ञाज्जप्यं ज्ञानमार्गश्च जप्यात्। ज्ञानाद्ध्यानं सङ्गरागव्यपेतं तस्मिन् प्राप्ते शाश्वतस्योपलब्धिः ॥२५॥
समाहितो ब्रह्मपरोऽप्रमादी शुचिस्तथैकान्तरतिर्यतेन्द्रियः। समाप्नुयाद्योगमिमं महात्मा विमुक्तिमाप्नोति ततः स्वयोगतः ॥२६॥

हाथ में लेकर 'प्राणायनमः' यह कहकर उसको भोजन कर ले, इसको प्रथम आहुति कहते हैं॥१३॥ 'अपानाय स्वाहा' यह कहकर दूसरा 'समानाय स्वाहा' कहकर तीसरा 'उदानाय स्वाहा' कहकर चौथा और 'व्यानाय स्वाहा' कहकर पाँचवाँ ग्रास खाना चाहिये, इनको क्रमशः दूसरी तीसरी चौथी और पाँचवीं आहुति कहते हैं॥१४॥ इसी तरह अलग अलग प्राणायाम करके सब अन्न को खाले और फिर हाथ धोकर जल पीवे और हृदय को स्पर्श करे॥१५॥ चोरी न करना, ब्रह्मचर्य, त्याग, अलोभ तथा अहिंसा, ये भिक्षुकों के पाँच परम व्रत हैं॥ क्रोध न होना, गुरु की सेवा, पवित्रता, थोड़ा भोजन और नित्य स्वाध्याय, यहीं पाँच उनके नियम हैं ॥ १७ ॥ जो ज्ञान सारभूत हो और कार्य का साधक हो उसकी उपासना करनी चाहिये क्योंकि ज्ञान का वाहुल्य योग में विघ्न करने वाला होता है ॥१८॥ जो योगी तृष्णासे पूर्णहो यह जानने योग्य है, यह जानने योग्य है इसमें फँसा रहे वह सहस्र कल्प में भी ज्ञेय को नहीं जान सकता है॥ योगी को चाहिये कि सङ्ग को छोड़कर, क्रोध को जीत कर, थोड़ा आहार करता हुआ, जितेन्द्रिय हो और शरीर के सब द्वारों का बुद्धि से विधान कर मन को ध्यान में लगावे ॥ २० ॥ योगी को चाहिए कि सदा एकान्त में, अवकाश स्थान में, गुफाओं में और वनों में अच्छी तरह ध्यान करे॥ वाग्दण्ड, कर्मदण्ड और मनोदण्ड ये तीनों दण्ड जिस योगी के नियत हैं वही महायती त्रिदण्डी है ॥ २२ ॥ हे राजन्! सत्, असत् तथा गुण और अगुणयुक्त इस संसार को जो योगी अपनी आत्मा में ही निहित जानता है उसको कौन प्रिय और कौन अप्रिय है? ॥ २३ ॥ विशुद्ध बुद्धि होकर लोहे और सोनेको जो एकसा समझे और सब प्राणियों को एक समान जाने, ऐसा योगी परम शाश्वत स्थान को जाकर फिर जन्म नहीं लेता है ॥२४॥ वेद सब से श्रेष्ठ हैं, वेदों से यज्ञक्रियायें श्रेष्ठ हैं, यज्ञसे जप और जप से ज्ञान श्रेष्ठ है तथा ज्ञान से सङ्ग और राग से वर्जित ध्यान उत्तम है जिसके करने से परब्रह्म की प्राप्ति होती है ॥२५॥ समबुद्धि, परब्रह्म में संलग्न, प्रमाद से रहित, पवित्र, एकान्त, प्रेमी, जितेन्द्रिय होकर जो योगका अभ्यास करता है वह महात्मा अपने योग के कारण मुक्ति को प्राप्त करता है ॥ २६ ॥

इति श्रीमार्कण्डेयपुराण में योगिचर्या नाम ४१वाँ अध्याय समाप्त।

बयालीसवाँ अध्याय

दत्तात्रेय उवाच

एवं यो वर्त्तते योगी सम्यग्योगव्यवस्थितः ।
न स व्यावर्त्तितुं शक्यो जन्मान्तरशतैरपि ॥ १ ॥
दृष्ट्वा च परमात्मानं प्रत्यक्षं विश्वरूपिणम् ।
विश्वपादशिरोग्रीवं विश्वेशं विश्वभावनम् ॥ २ ॥
तत्प्राप्तये महत् पुण्यमोमित्येकाक्षरं जपेत् ।
तदेवाध्ययनं तस्य स्वरूपं शृण्वतः परम् ॥ ३ ॥
अकारश्च तथोकारो मकारश्चाक्षरत्रयम् ।
एता एव त्रयो मात्राः सात्त्व-राजस-तामसाः ॥ ४ ॥
निर्गुणा योगिगम्यान्या चार्द्धमात्रोर्ध्वसंस्थिता ।
गान्धारीति च विज्ञेया गान्धारस्वरसंश्रया ।
पिपीलिकागतिस्पर्शा प्रयुक्ता मूर्द्धिन लक्ष्यते ॥ ५ ॥
यथा प्रयुक्त ओङ्कारः प्रतिनिर्याति मूर्द्धनि ।
तथोङ्कारमयो योगी त्वक्षरे त्वक्षरो भवेत् ॥ ६ ॥
प्राणो धनुः शरो ह्यात्मा ब्रह्म वेध्यमनुत्तमम् ।
अप्रमत्तेन वेद्धव्यं शरवत् तन्मयो भवेत् ॥ ७ ॥
ओमित्येतत् त्रयो वेदास्त्रयो लोकास्त्रयोऽग्नयः ।
विष्णुर्ब्रह्मा हरश्चैव ऋक्सामानि यजूंषि च ॥ ८ ॥
मात्राः सार्द्धाश्च तिस्रश्च विज्ञेयाः परमार्थतः ।
तत्र युक्तस्तु यो योगी स तल्लयमवाप्नुयात् ॥ ९ ॥
अकारस्त्वथ भूर्लोक उकारश्चोच्यते भुवः ।
सव्यञ्जनो मकारश्च स्वर्लोकः परिकल्प्यते ॥१०॥
व्यक्ता तु प्रथमा मात्रा द्वितीयाऽव्यक्तसंज्ञिता ।
मात्रा तृतीया चिच्छक्तिरर्द्धमात्रा परं पदम् ॥११॥
अनेनैव क्रमेणैता विज्ञेया योगभूमयः ।
ओमित्युच्चारणात् सर्व्वं गृहीतं सदसद्भवेत् ॥१२॥
ह्रस्वा तु प्रथमा मात्रा द्वितीया दैर्घ्यसंयुता ।
तृतीया च प्लुतार्द्धाख्या वचसः सा न गोचरा॥१३॥
इत्येतदक्षरं ब्रह्म परमोङ्कारसंज्ञितम् ।
यस्तु वेद नरः सम्यक् तथा ध्यायति वा पुनः॥१४॥
संसारचक्रमुत्सृज्य त्यक्तत्रिविधबन्धनः ।
प्राप्नोति ब्रह्मणि लयं परमे परमात्मनि ॥१५॥

दत्तात्रेय बोले—

जो योगी इस प्रकार योग में स्थित रहकर वर्तन करता है वह संसार के आवागमन से छूट जाता है ॥ १ ॥ विश्वरूप, विश्वपाद, विश्वेश, विश्वभावन परमात्मा का प्रत्यक्ष स्वरूप जानकर उसकी प्राप्ति के लिये अति पवित्र होकर एकाक्षर 'ओम्' का जप करे तथा उसी का अध्ययन करे और उसी के स्वरूप को सुने ॥ ३ ॥ 'ओश्म्' के अकार, उकार और मकार तीन अक्षर हैं तथा ये तीनों मात्रायें सतोगुण, रजोगुण, तमोगुणयुक्त हैं॥ इसके ऊपर जो आधी मात्रा है वह निर्गुण है और योगियों को गम्य है। वह गान्धार स्वरके आश्रित होने के कारण गान्धारी कहलाती है, और शिरपर चींटी की गतिकी भांति उसका प्रयोग ऊपर होता है ॥ ५ ॥ जिस तरह ओंकार शब्द के उच्चारण में वह आधी मात्रा शिर पर जाती है, उसी प्रकार ओंकारमय योगी में त्वक्षर हो जाते हैं ॥ ६ ॥ प्राण रूपी धनुष पर आत्मारूपी बाण को चढ़ाकर ब्रह्म रूपी लक्ष्य को वेधे और जिस प्रकार बाण वेध्य में लीन हो जाता है उसी प्रकार आत्मा को ब्रह्म में तन्मय करदे ॥७॥ जो ओंकार है वही तीनों वेद, तीनों लोक और तीनों अग्नियां हैं । तथा ब्रह्मा, विष्णु, महेश और ऋक्, साम और यजुः भी वही है ॥ ८ ॥ ओंकार आधी मात्रा सहित चार मात्रा का भी कहलाता है, इससे युक्त योगी उसीमें लीन हो जाता है ॥९॥ इसमें अकार भूलोक और उकार भुवर्लोक है तथा व्यंजन सहित मकार स्वर्लोक कहलाता है ॥ १० ॥ पहिली मात्रा को व्यक्त और दूसरी को अव्यक्त कहते हैं तथा तीसरी मात्रा चैतन्यशक्ति और चौथी परम पद है ॥ ११ ॥ इसी क्रम से इन सबको योग की भूमि जाननी चाहिये, ओंकार के उच्चारण से समस्त सत् और असत् का बोध हो जाता है ॥ १२ ॥ पहिली मात्रा ह्रस्व और दूसरी दीर्घ है, तीसरी मात्रा प्लुत है और चौथी मात्रा वर्णन करने योग्य नहीं है ॥ १३ ॥ ये ही अक्षररूप ओंकार परब्रह्म है इसको जो मनुष्य जान लेताहै या जो इसका भली भांति ध्यान करता है ॥१४॥ वह संसारचक्र को छोड़कर तीनों बंधनों से मुक्त हो जाता है और परब्रह्म परमात्मा में लीन हो जाता है ॥ १५ ॥ कर्म बन्धन को अक्षीण और

अक्षीणकर्म्मबन्धश्च ज्ञात्वा मृत्युमरिष्टतः।
उत्क्रान्तिकाले संस्मृत्य पुनर्योगित्वमृच्छति ॥१६॥
तस्मादसिद्धयोगेन सिद्धयोगेन वा पुनः।
ज्ञेयान्यरिष्टानि सदा येनोत्क्रान्तौ न सीदति ॥१७॥

अरिष्ट से अपनी मृत्यु जानकर मृत्यु के समय जो योग का स्मरण करते हैं वे दूसरे जन्ममें भी योगी ही होते हैं ॥१६॥ इसलिये चाहे योगी सिद्ध हो अथवा न हो उसे अरिष्टों को अवश्य जानना चाहिये जिससे मृत्युके समय उसे कष्ट न हो॥१७॥

इति श्रीमार्कण्डेयपुराण में योगधर्ममें ओंकार स्वरूप कथन नाम का ४२वाँ अध्याय समाप्त।

—:०:—

इस प्रकार आदि आग्नेय महापुराणमें 'पृथ्वीदानका वर्णन' नामक दो सौ तेरहवाँ अध्याय पूरा हुआ॥ २१३॥

दो सौ चौदहवाँ अध्याय

नाड़ीचक्रका वर्णन

अग्निदेव कहते हैं— वसिष्ठ! अब मैं नाड़ीचक्रके विषयमें कहता हूँ, जिसके जाननेसे श्रीहरिका ज्ञान हो जाता है। नाभिके अधोभागमें कन्द (मूलाधार) है, उससे अङ्कुरोंकी भाँति नाड़ियाँ निकली हुई हैं। नाभिके मध्यमें बहत्तर हजार नाड़ियाँ स्थित हैं। इन नाड़ियोंने शरीरको ऊपर-नीचे, दायें-बायें सब ओरसे व्याप्त कर रखा है और ये चक्राकार होकर स्थित हैं। इनमें प्रधान दस नाड़ियाँ हैं—इड़ा, पिङ्गला, सुषुम्णा, गान्धारी, हस्तिजिह्वा, पृथा, यशा, अलम्बुषा, कुहू और दसवीं शङ्खिनी। ये दस प्राणोंका वहन करनेवाली प्रमुख नाड़ियाँ बतलायी गयीं। प्राण, अपान, समान, उदान, व्यान, नाग, कूर्म, कृकर, देवदत्त और धनंजय—ये दस 'प्राणवायु' हैं। इनमें प्रथम वायु प्राण दसोंका स्वामी है। यह प्राण—रिक्तताकी पूर्ति प्रति प्राणोंको प्राणयन (प्रेरण) करता है और सम्पूर्ण प्राणियोंके हृदयदेशमें स्थित रहकर अपान-वायुद्वारा मल-मूत्रादिके त्यागसे होनेवाली रिक्तताको नित्य पूर्ण करता है। जीवमें आश्रित यह प्राण श्वासोच्छ्वास और कास आदिद्वारा प्रयाण (गमनागमन) करता है, इसलिये इसे 'प्राण' कहा गया है। अपानवायु मनुष्योंके आहारको नीचेकी ओर ले जाता है और मूत्र एवं शुक्र आदिका भी नीचेकी ओर वहन करता है, इस अपानयनके कारण इसे 'अपान' कहा जाता है। समानवायु मनुष्योंके खाये-पीये और सूँघे हुए पदार्थोंको एवं रक्त, पित्त, कफ तथा वातको सारे अङ्गोंमें समानभावसे ले जाता है, इस कारण उसे 'समान' कहा गया है। उदान नामक वायु मुख और अधरोंको स्पन्दित करता है, नेत्रोंकी अरुणिमाको बढ़ाता है और मर्मस्थानोंको उद्विग्न करता है, इसीलिये उसका नाम 'उदान' है।

'व्यान' अङ्गोंको पीड़ित करता है। यही व्याधिको कुपित करता है और कण्ठको अवरुद्ध कर देता है। व्यापनशील होनेसे इसे 'व्यान' कहा गया है। 'नागवायु' उद्गार (डकार-वमन आदि)-में और 'कूर्मवायु' नयनोंके उन्मीलन (खोलने)-में प्रवृत्त होता है। 'कृकर' भक्षणमें और 'देवदत्त' वायु जँभाईमें अधिष्ठित है। 'धनंजय' पवनका स्थान घोष है। यह मृत शरीरका भी परित्याग नहीं करता। इन दसोंद्वारा जीव प्रयाण करता है, इसलिये प्राणभेदसे नाड़ीचक्रके भी दस भेद हैं॥ १—१४॥

संक्रान्ति, विषुव, दिन, रात, अयन, अधिमास, ऋण, ऊनरात्र एवं धन—ये सूर्यकी गतिसे होनेवाली दस दशाएँ शरीरमें भी होती हैं। इस शरीरमें हिक्का (हिचकी) ऊनरात्र, विजृम्भिका (जँभाई) अधिमास, कास (खाँसी) ऋण और निःश्वास 'धन' कहा जाता है। शरीरगत वामनाड़ी 'उत्तरायण' और दक्षिणनाड़ी 'दक्षिणायन' है। दोनोंके मध्यमें नासिकाके दोनों छिद्रोंसे निर्गत होनेवाली श्वासवायु 'विषुव' कहलाती है। इस विषुववायुका ही अपने स्थानसे चलकर दूसरे स्थानसे युक्त होना 'संक्रान्ति' है। द्विजश्रेष्ठ वसिष्ठ! शरीरके मध्यभागमें 'सुषुम्णा' स्थित है, वामभागमें 'इड़ा' और दक्षिणभागमें 'पिङ्गला' है। ऊर्ध्वगतिवाला प्राण 'दिन' माना गया है और अधोगामी अपानको 'रात्रि' कहा गया है। एक प्राणवायु ही दस वायुके रूपमें विभाजित है। देहके भीतर जो प्राणवायुका आयाम (बढ़ना) है, उसे 'चन्द्रग्रहण' कहते हैं। वही जब देहसे ऊपरतक बढ़ जाता है, तब उसे 'सूर्यग्रहण' मानते हैं॥ १५—२०॥

साधक अपने उदरमें जितनी वायु भरी जा सके, भर ले। यह देहको पूर्ण करनेवाला, 'पूरक' प्राणायाम है। श्वास निकलनेके सभी द्वारोंको रोककर, श्वासोच्छ्वासकी क्रियासे शून्य हो परिपूर्ण कुम्भकी भाँति स्थित हो जाय—इसे 'कुम्भक' प्राणायाम कहा जाता है। तदनन्तर मन्त्रवेत्ता साधक ऊपरकी ओर एक ही नासारन्ध्रसे वायुको निकाले। इस प्रकार उच्छ्वासयोगसे युक्त हो वायुका ऊपरकी ओर विरेचन (निःसारण) करे (यह 'रेचक' प्राणायाम है)। यह श्वासोच्छ्वासकी क्रियाद्वारा अपने शरीरमें विराजमान शिवस्वरूप ब्रह्मका ही ('सोऽहं' 'हंसः'के रूपमें) उच्चारण होता है, अतः तत्त्ववेत्ताओंके मतमें वही 'जप' कहा गया है। इस प्रकार एक तत्त्ववेत्ता योगीन्द्र श्वास-प्रश्वासद्वारा दिन-रातमें इक्कीस हजार छः सौकी संख्यामें मन्त्र-जप करता है। यह ब्रह्मा, विष्णु और महेश्वरसे सम्बन्ध रखनेवाली 'अजपा' नामक गायत्री है। जो इस अजपाका जप करता है, उसका पुनर्जन्म नहीं होता। चन्द्रमा, अग्नि तथा सूर्यसे युक्त मूलाधार-निवासिनी आद्या कुण्डलिनी-शक्ति हृदयप्रदेशमें अंकुरके आकारमें स्थित है। सात्त्विक पुरुषोंमें उत्तम वह योगी सृष्टिक्रमका अवलम्बन करके सृष्टिन्यास करे तथा ब्रह्मरन्ध्रवर्ती शिवसे कुण्डलिनीके मुखभागमें झरते हुए अमृतका चिन्तन करे। शिवके दो रूप हैं—सकल और निष्कल। सगुण साकार देहमें विराजित शिवको 'सकल' जानना चाहिये और जो देहसे रहित हैं, वे 'निष्कल' कहे गये हैं। वे 'हंस-हंस'का जप करते हैं। 'हंस' नाम है—'सदाशिव'का। जैसे तिलोंमें तेल और पुष्पोंमें गन्धकी स्थिति है, उसी प्रकार अन्तर्यामी पुरुष (जीवात्मा)-में बाहर और भीतर भी सदाशिवका निवास है। ब्रह्माका स्थान हृदयमें है, भगवान् विष्णु कण्ठमें अधिष्ठित हैं, तालुके मध्यभागमें रुद्र, ललाटमें महेश्वर और प्राणोंके अग्रभागमें सदाशिवका स्थान है। उनके अन्तमें परात्पर ब्रह्म विराजमान हैं। ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, महेश्वर और सदाशिव—इन पाँच रूपोंमें 'सकल' (साकार या सगुण) परमात्माका वर्णन किया गया

है। इसके विपरीत परमात्मा, जो निर्गुण निराकाररूप है, उसे 'निष्कल' कहा गया है॥ २१—३२॥

जो योगी अनाहत नादको प्रासादतक उठाकर अनवरत जप करता है, वह छः महीनोंमें ही सिद्धि प्राप्त कर लेता है, इसमें संशय नहीं है। गमनागमनके ज्ञानसे समस्त पापोंका क्षय होता है और योगी अणिमा आदि सिद्धियों, गुणों और ऐश्वर्यको छः महीनोंमें ही प्राप्त कर लेता है। मैंने स्थूल, सूक्ष्म और परके भेदसे तीन प्रकारके प्रासादका वर्णन किया है। प्रासादको ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत—इन तीन रूपोंमें लक्षित करे। 'ह्रस्व' पापोंको दग्ध कर देता है, 'दीर्घ' मोक्षप्रद होता है और 'प्लुत' आप्यायन (तृप्तिप्रदान) करनेमें समर्थ है। यह मस्तकपर बिन्दु (अनुस्वार)-से विभूषित होता है। ह्रस्व-प्रासाद-मन्त्रके आदि और अन्तमें 'फट्' लगाकर जप किया जाय तो यह मारण कर्ममें हितकारक होता है। यदि उसके आदि-अन्तमें 'नमः' पद जोड़कर जपा जाय तो वह आकर्षण-साधक बताया गया है। महादेवजीके दक्षिणामूर्तिरूप-सम्बन्धी मन्त्रका खड़े होकर यदि पाँच लाख जप किया जाय तथा जपके अन्तमें घीका दस हजार होम कर दिया जाय तो वह मन्त्र आप्यायित (सिद्ध) हो जाता है। फिर उससे वशीकरण, उच्चाटन आदि कार्य कर सकते हैं॥ ३३—३८ $\frac{1}{2}$ ॥

जो ऊपर शून्य, नीचे शून्य और मध्यमें भी शून्य है, उस त्रिशून्य निरामय मन्त्रको जो जानता है, वह द्विज निश्चय ही मुक्त हो जाता है। पाँच मन्त्रोंके मेलसे महाकलेवरधारी अड़तीस कलाओंसे युक्त प्रासादमन्त्रको जो नहीं जानता है, वह आचार्य नहीं कहलाता है। जो ओंकार, गायत्री तथा रुद्रादि मन्त्रोंको जानता है, वही गुरु है॥ ३९—४१॥

इस प्रकार आदि आग्नेय महापुराणमें 'नाड़ीचक्रकथन' नामक
दो सौ चौदहवाँ अध्याय पूरा हुआ॥ २१४॥

तीन सौ बहत्तरवाँ अध्याय

यम और नियमोंकी व्याख्या; प्रणवकी महिमा तथा भगवत्पूजनका माहात्म्य

अग्निदेव कहते हैं—मुने! अब मैं 'अष्टाङ्गयोग'का वर्णन करूँगा, जो जगत्के त्रिविध तापसे छुटकारा दिलानेका साधन है। ब्रह्मको प्रकाशित करनेवाला ज्ञान भी 'योग'से ही सुलभ होता है। एकचित्त होना—चित्तको एक जगह स्थापित करना 'योग' है। चित्तवृत्तियोंके निरोधको भी 'योग' कहते हैं। जीवात्मा एवं परमात्मामें ही अन्तःकरणकी वृत्तियोंको स्थापित करना उत्तम 'योग' है। अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह—ये पाँच 'यम' हैं। ब्रह्मन्! 'नियम' भी पाँच ही हैं, जो भोग और मोक्ष प्रदान करनेवाले हैं। उनके नाम ये हैं—शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वराराधन (ईश्वरप्रणिधान)। किसी भी प्राणीको कष्ट न पहुँचाना 'अहिंसा' है। 'अहिंसा' सबसे उत्तम धर्म है। जैसे राह चलनेवाले अन्य सभी प्राणियोंके पदचिह्न हाथीके चरणचिह्नमें समा जाते हैं, उसी प्रकार धर्मके सभी साधन 'अहिंसा'में गतार्थ माने जाते हैं। 'हिंसा'के दस भेद हैं—किसीको उद्वेगमें डालना, संताप देना, रोगी बनाना, शरीरसे रक्त निकालना, चुगली खाना, किसीके हितमें अत्यन्त बाधा पहुँचाना, उसके छिपे हुए रहस्यका उद्घाटन करना, दूसरेको सुखसे वञ्चित करना, अकारण कैद करना और प्राणदण्ड देना। जो बात दूसरे प्राणियोंके लिये अत्यन्त हितकर है, वह 'सत्य' है। 'सत्य'का यही लक्षण है—सत्य बोले, किंतु प्रिय बोले; अप्रिय सत्य कभी न बोले। इसी प्रकार प्रिय असत्य भी मुँहसे न निकाले; यह सनातन धर्म है। 'ब्रह्मचर्य' कहते हैं—'मैथुनके त्यागको'। 'मैथुन' आठ प्रकारका होता है—स्त्रीका स्मरण, उसकी चर्चा, उसके साथ क्रीड़ा करना, उसकी ओर देखना, उससे लुक-छिपकर बातें करना, उसे पानेका संकल्प, उसके लिये उद्योग तथा क्रियानिर्वृत्ति (स्त्रीसे साक्षात् समागम)—ये मैथुनके आठ अङ्ग हैं—ऐसा मनीषी पुरुषोंका कथन है। 'ब्रह्मचर्य' ही सम्पूर्ण शुभ कर्मोंकी सिद्धिका मूल है; उसके बिना सारी क्रिया निष्फल हो जाती है। वसिष्ठ, चन्द्रमा, शुक्र, देवताओंके आचार्य बृहस्पति तथा पितामह ब्रह्माजी—ये तपोवृद्ध और वयोवृद्ध होते हुए भी स्त्रियोंके मोहमें फँस गये। गौड़ी, पैष्टी और माध्वी—ये तीन प्रकारकी सुरा जाननी चाहिये। इनके बाद चौथी सुरा 'स्त्री' है, जिसने सारे जगत्को मोहित कर रखा है। मदिराको तो पीनेपर ही मनुष्य मतवाला होता है, परंतु युवती स्त्रीको देखते ही उन्मत्त हो उठता है। नारी देखनेमात्रसे ही मनमें उन्माद करती है, इसलिये उसके ऊपर दृष्टि न डाले। मन, वाणी और शरीरद्वारा चोरीसे सर्वथा बचे रहना 'अस्तेय' कहलाता है। यदि मनुष्य बलपूर्वक दूसरेकी किसी भी वस्तुका अपहरण करता है, तो उसे अवश्य तिर्यग्योनिमें जन्म लेना पड़ता है। यही दशा उसकी भी होती है, जो हवन किये बिना ही (बलिवैश्वदेवके द्वारा देवता आदिका भाग अर्पण किये बिना ही) हविष्य (भोज्यपदार्थ)-का भोजन कर लेता है। कौपीन, अपने शरीरको ढकनेवाला वस्त्र, शीतका कष्ट-निवारण करनेवाली कन्था (गुदड़ी) और खड़ाऊँ—इतनी ही वस्तुएँ साथ रखे। इनके सिवा और किसी वस्तुका संग्रह न करे—(यही अपरिग्रह है)। शरीरकी रक्षाके साधनभूत वस्त्र आदिका संग्रह किया जा सकता है। धर्मके अनुष्ठानमें लगे हुए शरीरकी यत्नपूर्वक रक्षा करनी चाहिये॥ १—१६ $\frac{१}{२}$ ॥

'शौच' दो प्रकारका बताया गया है—'बाह्य' और 'आभ्यन्तर'। मिट्टी और जलसे 'बाह्यशुद्धि' होती है और भावकी शुद्धिको 'आभ्यन्तर शुद्धि' कहते हैं। दोनों ही प्रकारसे जो शुद्ध है, वही शुद्ध है, दूसरा नहीं। प्रारब्धके अनुसार जैसे-तैसे जो कुछ भी प्राप्त हो जाय, उसीमें हर्ष मानना 'संतोष' कहलाता है। मन और इन्द्रियोंकी एकाग्रताको 'तप' कहते हैं। मन और इन्द्रियोंपर विजय पाना सब धर्मोंसे श्रेष्ठ धर्म कहलाता है। 'तप' तीन प्रकारका होता है—वाचिक, मानसिक और शारीरिक। मन्त्रजप आदि 'वाचिक', आसक्तिका त्याग 'मानसिक' और देवपूजन आदि 'शारीरिक' तप हैं। यह तीनों प्रकारका तप सब कुछ देनेवाला है। वेद प्रणवसे ही आरम्भ होते हैं, अतः प्रणवमें सम्पूर्ण वेदोंकी स्थिति है। वाणीका जितना भी विषय है, सब प्रणव है; इसलिये प्रणवका अभ्यास करना चाहिये (यह स्वाध्यायके अन्तर्गत है)। 'प्रणव' अर्थात् 'ओंकार'में अकार, उकार तथा अर्धमात्राविशिष्ट मकार है। तीन मात्राएँ तीनों वेद, भूः आदि तीन लोक, तीन गुण, जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति—ये तीन अवस्थाएँ तथा ब्रह्मा, विष्णु और शिव—ये तीनों देवता प्रणवरूप हैं। ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र, स्कन्द, देवी और महेश्वर तथा प्रद्युम्न, श्री और वासुदेव—ये सब क्रमशः ॐकारके ही स्वरूप हैं। ॐकार मात्रासे रहित अथवा अनन्त मात्राओंसे युक्त है। वह द्वैतकी निवृत्ति करनेवाला तथा शिवस्वरूप है। ऐसे ॐकारको जिसने जान लिया, वही मुनि है, दूसरा नहीं। प्रणवकी चतुर्थीमात्रा (जो अर्धमात्राके नामसे प्रसिद्ध है) 'गान्धारी' कहलाती है। वह प्रयुक्त होनेपर मूर्द्धामें लक्षित होती है। वही 'तुरीय' नामसे प्रसिद्ध परब्रह्म है। वह ज्योतिर्मय है। जैसे घड़ेके भीतर रखा हुआ दीपक वहाँ प्रकाश करता है, वैसे ही मूर्द्धामें स्थित परब्रह्म भी भीतर अपनी ज्ञानमयी ज्योति छिटकाये रहता है। मनुष्यको चाहिये कि मनसे हृदयकमलमें स्थित आत्मा या ब्रह्मका ध्यान करे और जिह्वासे सदा प्रणवका जप करता रहे। (यही 'ईश्वरप्रणिधान' है।) 'प्रणव' धनुष है, 'जीवात्मा' बाण है तथा 'ब्रह्म' उसका लक्ष्य कहा जाता है। सावधान होकर उस लक्ष्यका भेदन करना चाहिये और बाणके समान उसमें तन्मय हो जाना चाहिये। यह एकाक्षर (प्रणव) ही ब्रह्म है, यह एकाक्षर ही परम तत्त्व है, इस एकाक्षर ब्रह्मको जानकर जो जिस वस्तुकी इच्छा करता है, उसको उसीकी प्राप्ति हो जाती है। इस प्रणवका देवी गायत्री छन्द है, अन्तर्यामी ऋषि हैं, परमात्मा देवता हैं तथा भोग और मोक्षकी सिद्धिके लिये इसका विनियोग किया जाता है। इसके अङ्ग-न्यासकी विधि इस प्रकार है—'**ॐ भूः अग्न्यात्मने हृदयाय नमः।**'—इस मन्त्रसे हृदयका स्पर्श करे। '**ॐ भुवः प्राजापत्यात्मने शिरसे स्वाहा।**' ऐसा कहकर मस्तकका स्पर्श करे। '**ॐ स्वः सर्वात्मने शिखायै वषट्।**'—इस मन्त्रसे शिखाका स्पर्श करे। अब कवच बताया जाता है—'**ॐ भूर्भुवः स्वः सत्यात्मने कवचाय हुम्।**' इस मन्त्रसे दाहिने हाथकी अँगुलियोंद्वारा बायीं भुजाके मूलभागका और बायें हाथकी अँगुलियोंसे दाहिनी बाँहके मूलभागका एक ही साथ स्पर्श करे। तत्पश्चात् पुनः '**ॐ भूर्भुवः स्वः सत्यात्मने अस्त्राय फट्।**' कहकर चुटकी बजाये। इस प्रकार अङ्गन्यास करके भोग और मोक्षकी सिद्धिके लिये भगवान् विष्णुका पूजन, उनके नामोंका जप तथा उनके उद्देश्यसे तिल और घी आदिका हवन करे; इससे मनुष्यकी समस्त कामनाएँ पूर्ण होती हैं। (यही ईश्वरपूजन है; इसका निष्कामभावसे ही अनुष्ठान करना उत्तम

है।) जो मनुष्य प्रतिदिन बारह हजार प्रणवका जप करता है, उसको बारह महीनेमें परब्रह्मका ज्ञान हो जाता है। एक करोड़ जप करनेसे अणिमा आदि सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं, एक लाखके जपसे सरस्वती आदिकी कृपा होती है। विष्णुका यजन तीन प्रकारका होता है— वैदिक, तान्त्रिक और मिश्र। तीनोंमेंसे जो अभीष्ट हो, उसी एक विधिका आश्रय लेकर श्रीहरिकी पूजा करनी चाहिये। जो मनुष्य दण्डकी भाँति पृथ्वीपर पड़कर भगवान्‌को साष्टाङ्ग प्रणाम करता है, उसे जिस उत्तम गतिकी प्राप्ति होती है, वह सैकड़ों यज्ञोंके द्वारा दुर्लभ है। जिसकी आराध्यदेवमें पराभक्ति है और जैसी देवतामें है, वैसी ही गुरुके प्रति भी है, उसी महात्माको इन कहे हुए विषयोंका यथार्थ ज्ञान होता है॥ १७—३६॥

इस प्रकार आदि आग्नेय महापुराणमें 'यम-नियम-निरूपण' नामक
तीन सौ बहत्तरवाँ अध्याय पूरा हुआ॥ ३७२॥

तीन सौ तिहत्तरवाँ अध्याय

आसन, प्राणायाम और प्रत्याहारका वर्णन

अग्निदेव कहते हैं—मुने! पद्मासन आदि नाना प्रकारके 'आसन' बताये गये हैं। उनमेंसे कोई भी आसन बाँधकर परमात्माका चिन्तन करना चाहिये। पहले किसी पवित्र स्थानमें अपने बैठनेके लिये स्थिर आसन बिछावे, जो न अधिक ऊँचा हो और न अधिक नीचा। सबसे नीचे कुशका आसन हो, उसके ऊपर मृगचर्म और मृगचर्मके ऊपर वस्त्र बिछाया गया हो। उस आसनपर बैठकर मन और इन्द्रियोंकी चेष्टाओंको रोकते हुए चित्तको एकाग्र करे तथा अन्तःकरणकी शुद्धिके लिये योगाभ्यासमें संलग्न हो जाय। उस समय शरीर, मस्तक और गलेको अविचलभावसे एक सीधमें रखते हुए स्थिर बैठे। केवल अपनी नासिकाके अग्रभागको देखे; अन्य दिशाओंकी ओर दृष्टिपात न करे। दोनों पैरोंकी एड़ियोंसे अण्डकोष और लिङ्गकी रक्षा करते हुए दोनों ऊरुओं (जाँघों)-के ऊपर भुजाओंको यत्नपूर्वक तिरछी करके रखे तथा बायें हाथकी हथेलीपर दाहिने हाथके पृष्ठभागको स्थापित करे और मुँहको कुछ ऊँचा करके सामनेकी ओर स्थिर रखे। इस प्रकार बैठकर प्राणायाम करना चाहिये॥ १—५$\frac{१}{२}$॥

अपने शरीरके भीतर रहनेवाली वायुको 'प्राण' कहते हैं। उसे रोकनेका नाम है—'आयाम'। अतः 'प्राणायाम'का अर्थ हुआ—'प्राणवायुको रोकना'। उसकी विधि इस प्रकार है—अपनी अँगुलीसे नासिकाके एक छिद्रको दबाकर दूसरे छिद्रसे उदरस्थित वायुको बाहर निकाले। 'रेचन' अर्थात् बाहर निकालनेके कारण इस क्रियाको 'रेचक' कहते हैं। तत्पश्चात् चमड़ेकी धोंकनीके समान शरीरको बाहरी वायुसे भरे। भर जानेपर कुछ कालतक स्थिरभावसे बैठा रहे। बाहरसे वायुकी पूर्ति करनेके कारण इस क्रियाका नाम 'पूरक' है। वायु भर जानेके पश्चात् जब साधक न तो भीतरी वायुको छोड़ता है और न बाहरी वायुको ग्रहण ही करता है, अपितु भरे हुए घड़ेकी भाँति अविचल-भावसे स्थिर रहता है, उस समय कुम्भवत् स्थिर होनेके कारण उसकी वह चेष्टा 'कुम्भक' कहलाती है। बारह मात्रा (पल)-का एक 'उद्धात' होता है। इतनी देरतक वायुको रोकना कनिष्ठ श्रेणीका प्राणायाम है। दो उद्धात

अर्थात् चौबीस मात्रातक किया जानेवाला कुम्भक मध्यम श्रेणीका माना गया है तथा तीन उद्घात यानी छत्तीस मात्रातकका कुम्भक उत्तम श्रेणीका प्राणायाम है। जिससे शरीरसे पसीने निकलने लगें, कँपकँपी छा जाय तथा अभिघात लगने लगे, वह प्राणायाम अत्यन्त उत्तम है। प्राणायामकी भूमिकाओंमेंसे जिसपर भलीभाँति अधिकार न हो जाय, उनपर सहसा आरोहण न करे, अर्थात् क्रमशः अभ्यास बढ़ाते हुए उत्तरोत्तर भूमिकाओंमें आरूढ़ होनेका यत्न करे। प्राणको जीत लेनेपर हिचकी और साँस आदिके रोग दूर हो जाते हैं तथा मल-मूत्रादिके दोष भी धीरे-धीरे कम हो जाते हैं। नीरोग होना, तेज चलना, मनमें उत्साह होना, स्वरमें माधुर्य आना, बल बढ़ना, शरीरवर्णमें स्वच्छताका आना तथा सब प्रकारके दोषोंका नाश हो जाना—ये प्राणायामसे होनेवाले लाभ हैं। प्राणायाम दो तरहके होते हैं—'अगर्भ' और 'सगर्भ'। जप और ध्यानके बिना जो प्राणायाम किया जाता है, उसका नाम 'अगर्भ' है तथा जप और ध्यानके साथ किये जानेवाले प्राणायामको 'सगर्भ' कहते हैं। इन्द्रियोंपर विजय पानेके लिये सगर्भ प्राणायाम ही उत्तम होता है; उसीका अभ्यास करना चाहिये। ज्ञान और वैराग्यसे युक्त होकर प्राणायामके अभ्याससे इन्द्रियोंको जीत लेनेपर सबपर विजय प्राप्त हो जाती है। जिसे 'स्वर्ग' और 'नरक' कहते हैं, वह सब इन्द्रियाँ ही हैं। वे ही वशमें होनेपर स्वर्गमें पहुँचाती हैं और स्वतन्त्र छोड़ देनेपर नरकमें ले जाती हैं। शरीरको 'रथ' कहते हैं, इन्द्रियाँ ही उसके 'घोड़े' हैं, मनको 'सारथि' कहा गया है और प्राणायामको 'चाबुक' माना गया है। ज्ञान और वैराग्यकी बागडोरमें बँधे हुए मनरूपी घोड़ेको प्राणायामसे आबद्ध करके जब अच्छी तरह काबूमें कर लिया जाता है तो वह धीरे-धीरे स्थिर हो जाता है। जो मनुष्य सौ वर्षोंसे कुछ अधिक कालतक प्रतिमास कुशके अग्रभागसे जलकी एक बूँद लेकर उसे पीकर रह जाता है, उसकी वह तपस्या और प्राणायाम—दोनों बराबर हैं। विषयोंके समुद्रमें प्रवेश करके वहाँ फँसी हुई इन्द्रियोंको जो आहृत करके, अर्थात् लौटाकर अपने अधीन करता है, उसके इस प्रयत्नको 'प्रत्याहार' कहते हैं। जैसे जलमें डूबा हुआ मनुष्य उससे निकलनेका प्रयत्न करता है, उसी प्रकार संसार-समुद्रमें डूबे हुए अपने-आपको स्वयं ही निकालनेका प्रयत्न करे। भोगरूपी नदीका वेग अत्यन्त बढ़ जानेपर उससे बचनेके लिये अत्यन्त सुदृढ़ ज्ञानरूपी वृक्षका आश्रय लेना चाहिये॥ ६—२१ ॥

इस प्रकार आदि आग्नेय महापुराणमें 'आसन, प्राणायाम तथा प्रत्याहारका वर्णन' नामक तीन सौ तिहत्तरवाँ अध्याय पूरा हुआ॥ ३७३ ॥

तीन सौ चौहत्तरवाँ अध्याय

ध्यान

अग्निदेव कहते हैं—मुने! 'ध्यै—चिन्तायाम्'—यह धातु है। अर्थात् 'ध्यै' धातुका प्रयोग चिन्तनके अर्थमें होता है। ('ध्यै'से ही 'ध्यान' शब्दकी सिद्धि होती है) अतः स्थिरचित्तसे भगवान् विष्णुका बारंबार चिन्तन करना 'ध्यान' कहलाता है। समस्त उपाधियोंसे मुक्त मनसहित आत्माका ब्रह्मविचारमें परायण होना भी 'ध्यान' ही है। ध्येयरूप आधारमें स्थित एवं सजातीय प्रतीतियोंसे युक्त

चित्तको जो विजातीय प्रतीतियोंसे रहित प्रतीति होती है, उसको भी 'ध्यान' कहते हैं। जिस किसी प्रदेशमें भी ध्येय वस्तुके चिन्तनमें एकाग्र हुए चित्तको प्रतीतिके साथ जो अभेद-भावना होती है, उसका नाम भी 'ध्यान' है। इस प्रकार ध्यानपरायण होकर जो अपने शरीरका परित्याग करता है, वह अपने कुल, स्वजन और मित्रोंका उद्धार करके स्वयं भगवत्स्वरूप हो जाता है। इस तरह जो प्रतिदिन एक या आधे मुहूर्ततक भी श्रद्धापूर्वक श्रीहरिका ध्यान करता है, वह भी जिस गतिको प्राप्त करता है, उसे सम्पूर्ण महायज्ञोंके द्वारा भी कोई नहीं पा सकता॥ १—६॥

तत्त्ववेत्ता योगीको चाहिये कि वह ध्याता, ध्यान, ध्येय तथा ध्यानका प्रयोजन—इन चार वस्तुओंका ज्ञान प्राप्त करके योगका अभ्यास करे। योगाभ्याससे मोक्ष तथा आठ प्रकारके महान् ऐश्वर्यों (अणिमा आदि सिद्धियों)-की प्राप्ति होती है। जो ज्ञान-वैराग्यसे सम्पन्न, श्रद्धालु, क्षमाशील, विष्णुभक्त तथा ध्यानमें सदा उत्साह रखनेवाला हो, ऐसा पुरुष ही 'ध्याता' माना गया है। 'व्यक्त और अव्यक्त, जो कुछ प्रतीत होता है, सब परम ब्रह्म परमात्माका ही स्वरूप है'—इस प्रकार विष्णुका चिन्तन करना 'ध्यान' कहलाता है। सर्वज्ञ परमात्मा श्रीहरिको सम्पूर्ण कलाओंसे युक्त तथा निष्कल जानना चाहिये। अणिमादि ऐश्वर्योंकी प्राप्ति तथा मोक्ष—ये ध्यानके प्रयोजन हैं। भगवान् विष्णु ही कर्मोंके फलकी प्राप्ति करानेवाले हैं, अत: उन परमेश्वरका ध्यान करना चाहिये। वे ही ध्येय हैं। चलते-फिरते, खड़े होते, सोते-जागते, आँख खोलते और आँख मींचते समय भी, शुद्ध या अशुद्ध अवस्थामें भी निरन्तर परमेश्वरका ध्यान करना चाहिये॥ ७—११ $\frac{१}{२}$ ॥

अपने देहरूपी मन्दिरके भीतर मनमें स्थित हृदयकमलरूपी पीठके मध्यभागमें भगवान् केशवकी स्थापना करके ध्यानयोगके द्वारा उनका पूजन करे। ध्यानयज्ञ श्रेष्ठ, शुद्ध और सब दोषोंसे रहित है। उसके द्वारा भगवान्‌का यजन करके मनुष्य मोक्ष प्राप्त कर सकता है। बाह्यशुद्धिसे युक्त यज्ञोंद्वारा भी इस फलकी प्राप्ति नहीं हो सकती। हिंसा आदि दोषोंसे मुक्त होनेके कारण ध्यान अन्त:करणकी शुद्धिका प्रमुख साधन और चित्तको वशमें करनेवाला है। इसलिये ध्यानयज्ञ सबसे श्रेष्ठ और मोक्षरूपी फल प्रदान करनेवाला है; अत: अशुद्ध एवं अनित्य बाह्य साधन यज्ञ आदि कर्मोंका त्याग करके योगका ही विशेषरूपसे अभ्यास करे। पहले विकारयुक्त, अव्यक्त तथा भोग्य-भोगसे युक्त तीनों गुणोंका क्रमश: अपने हृदयमें ध्यान करे। तमोगुणको रजोगुणसे आच्छादित करके रजोगुणको सत्त्वगुणसे आच्छादित करे। इसके बाद पहले कृष्ण, फिर रक्त, तत्पश्चात् श्वेतवर्णवाले तीनों मण्डलोंका क्रमश: ध्यान करे। इस प्रकार जो गुणोंका ध्यान बताया गया, वह 'अशुद्ध ध्येय' है। उसका त्याग करके 'शुद्ध ध्येय'का चिन्तन करे। पुरुष (आत्मा) सत्त्वोपाधिक गुणोंसे अतीत चौबीस तत्त्वोंसे परे पचीसवाँ तत्त्व है, यह 'शुद्ध ध्येय' है। पुरुषके ऊपर उन्हींकी नाभिसे प्रकट हुआ एक दिव्य कमल स्थित है, जो प्रभुका ऐश्वर्य ही जान पड़ता है। उसका विस्तार बारह अंगुल है। वह शुद्ध, विकसित तथा श्वेत वर्णका है। उसका मृणाल आठ अंगुलका है। उस कमलके आठ पत्तोंको अणिमा आदि आठ ऐश्वर्य जानना चाहिये। उसकी कर्णिकाका केसर 'ज्ञान' तथा नाल 'उत्तम वैराग्य' है। 'विष्णु-धर्म' ही उसकी जड़ है। इस प्रकार कमलका चिन्तन करे। धर्म, ज्ञान, वैराग्य एवं कल्याणमय ऐश्वर्य-स्वरूप उस श्रेष्ठ कमलको, जो भगवान्‌का

आसन है, जानकर मनुष्य अपने सब दुःखोंसे छुटकारा पा जाता है। उस कमलकर्णिकाके मध्यभागमें ओङ्कारमय ईश्वरका ध्यान करे। उनकी आकृति शुद्ध दीपशिखाके समान देदीप्यमान एवं अँगूठेके बराबर है। वे अत्यन्त निर्मल हैं। कदम्बपुष्पके समान उनका गोलाकार स्वरूप ताराकी भाँति स्थित है। अथवा कमलके ऊपर प्रकृति और पुरुषसे भी अतीत परमेश्वर विराजमान हैं, ऐसा ध्यान करे तथा परम अक्षर ओंकारका निरन्तर जप करता रहे। साधकको अपने मनको स्थिर करनेके लिये पहले स्थूलका ध्यान करना चाहिये। फिर क्रमशः मनके स्थिर हो जानेपर उसे सूक्ष्म तत्त्वके चिन्तनमें लगाना चाहिये॥ १२—२६ $\frac{1}{2}$ ॥

(अब कमल आदिका ध्यान दूसरे प्रकारसे बतलाया जाता है—) नाभि-मूलमें स्थित जो कमलकी नाल है, उसका विस्तार दस अंगुल है। नालके ऊपर अष्टदल कमल है, जो बारह अंगुल विस्तृत है। उसकी कर्णिकाके केसरमें सूर्य, सोम तथा अग्नि—तीन देवताओंका मण्डल है। अग्नि-मण्डलके भीतर शङ्ख, चक्र, गदा एवं पद्म धारण करनेवाले चतुर्भुज विष्णु अथवा आठ भुजाओंसे युक्त भगवान् श्रीहरि विराजमान हैं। अष्टभुज भगवान्‌के हाथोंमें शङ्ख-चक्रादिके अतिरिक्त शार्ङ्गधनुष, अक्षमाला, पाश तथा अङ्कुश शोभा पाते हैं। उनके श्रीविग्रहका वर्ण श्वेत एवं सुवर्णके समान उद्दीप्त है। वक्षःस्थलमें श्रीवत्सका चिह्न और कौस्तुभमणि शोभा पा रहे हैं। गलेमें वनमाला और सोनेका हार है। कानोंमें मकराकार कुण्डल जगमगा रहे हैं। मस्तकपर रत्नमय उज्ज्वल किरीट सुशोभित हैं। श्रीअङ्गोंपर पीताम्बर शोभा पाता है। वे सब प्रकारके आभूषणोंसे अलंकृत हैं। उनका आकार बहुत बड़ा अथवा एक बित्तेका है। जैसी इच्छा हो, वैसी ही छोटी या बड़ी आकृतिका ध्यान करना चाहिये। ध्यानके समय ऐसी भावना करे कि 'मैं ज्योतिर्मय ब्रह्म हूँ—मैं ही नित्यमुक्त प्रणवरूप वासुदेवसंज्ञक परमात्मा हूँ।' ध्यानसे थक जानेपर मन्त्रका जप करे और जपसे थकनेपर ध्यान करे। इस प्रकार जो जप और ध्यान आदिमें लगा रहता है, उसके ऊपर भगवान् विष्णु शीघ्र ही प्रसन्न होते हैं। दूसरे-दूसरे यज्ञ जपयज्ञकी सोलहवीं कलाके बराबर भी नहीं हो सकते। जप करनेवाले पुरुषके पास आधि, व्याधि और ग्रह नहीं फटकने पाते। जप करनेसे भोग, मोक्ष तथा मृत्यु-विजयरूप फलकी प्राप्ति होती है॥ २७—३५॥

इस प्रकार आदि आग्नेय महापुराणमें 'ध्याननिरूपण' नामक तीन सौ चौहत्तरवाँ अध्याय पूरा हुआ॥ ३७४॥

तीन सौ पचहत्तरवाँ अध्याय

धारणा

अग्निदेव कहते हैं—मुने! ध्येय वस्तुमें जो मनकी स्थिति होती है, उसे 'धारणा' कहते हैं। ध्यानकी ही भाँति उसके भी दो भेद हैं— 'साकार' और 'निराकार'। भगवान्‌के ध्यानमें जो मनको लगाया जाता है, उसे क्रमशः 'मूर्त' और 'अमूर्त' धारणा कहते हैं। इस धारणासे भगवान्‌की प्राप्ति होती है। जो बाहरका लक्ष्य है, उससे मन जबतक विचलित नहीं होता, तबतक किसी भी प्रदेशमें मनकी स्थितिको 'धारणा' कहते हैं। देहके भीतर नियत समयतक जो मनको रोक

रखा जाता है और वह अपने लक्ष्यसे विचलित नहीं होता, यही अवस्था 'धारणा' कहलाती है। बारह आयामकी 'धारणा' होती है, बारह 'धारणा'का 'ध्यान' होता है तथा बारह ध्यानपर्यन्त जो मनकी एकाग्रता है, उसे 'समाधि' कहते हैं। जिसका मन धारणाके अभ्यासमें लगा हुआ है, उसी अवस्थामें यदि उसके प्राणोंका परित्याग हो जाय तो वह पुरुष अपने इक्कीस पीढ़ीका उद्धार करके अत्यन्त उत्कृष्ट स्वर्गपदको प्राप्त होता है। योगियोंके जिस-जिस अङ्गमें व्याधिकी सम्भावना हो, उस-उस अङ्गको बुद्धिसे व्याप्त करके तत्त्वोंकी धारणा करनी चाहिये। द्विजोत्तम! आग्नेयी, वारुणी, ऐशानी और अमृतात्मिका—ये विष्णुकी चार प्रकारकी धारणा करनी चाहिये। उस समय अग्नियुक्त शिखामन्त्रका, जिसके अन्तमें 'फट्' शब्दका प्रयोग होता है, जप करना उचित है। नाड़ियोंके द्वारा विकट, दिव्य एवं शुभ शूलाग्रका वेधन करे। पैरके अँगूठेसे लेकर कपोलतक किरणोंका समूह व्याप्त है और वह बड़ी तेजीके साथ ऊपर-नीचे तथा इधर-उधर फैल रहा है, ऐसी भावना करे। महामुने! श्रेष्ठ साधकको तबतक रश्मि-मण्डलका चिन्तन करते रहना चाहिये, जबतक कि वह अपने सम्पूर्ण शरीरको उसके भीतर भस्म होता न देखे। तदनन्तर उस धारणाका उपसंहार करे। इसके द्वारा द्विजगण शीत और श्लेष्मा आदि रोग तथा अपने पापोंका विनाश करते हैं (यह 'आग्नेयी धारणा' है) ॥ १—१० ॥

तत्पश्चात् धीरभावसे विचार करते हुए मस्तक और कण्ठके अधोमुख होनेका चिन्तन करे। उस समय साधकका चित्त नष्ट नहीं होता। वह पुनः अपने अन्तःकरणद्वारा ध्यानमें लग जाय और ऐसी धारणा करे कि जलके अनन्त कण प्रकट होकर एक-दूसरेसे मिलकर हिमराशिको उत्पन्न करते हैं और उससे इस पृथ्वीपर जलकी धाराएँ प्रवाहित होकर सम्पूर्ण विश्वको आप्लावित कर रही हैं। इस प्रकार उस हिमस्पर्शसे शीतल अमृतस्वरूप जलके द्वारा क्षोभवश ब्रह्मरन्ध्रसे लेकर मूलाधारपर्यन्त सम्पूर्ण चक्र-मण्डलको आप्लावित करके सुषुम्णा नाड़ीके भीतर होकर पूर्ण चन्द्रमण्डलका चिन्तन करे। भूख-प्यास आदिके क्रमसे प्राप्त होनेवाले क्लेशोंसे अत्यन्त पीड़ित होकर अपनी तुष्टिके लिये इस 'वारुणी धारणा' का चिन्तन करना चाहिये तथा उस समय आलस्य छोड़कर विष्णु-मन्त्रका जप करना भी उचित है। यह 'वारुणी धारणा' बतलायी गयी, अब 'ऐशानी धारणा'का वर्णन सुनिये ॥ ११—१५ ॥

प्राण और अपानका क्षय होनेपर हृदयाकाशमें ब्रह्ममय कमलके ऊपर विराजमान भगवान् विष्णुके प्रसाद (अनुग्रह)-का तबतक चिन्तन करता रहे, जबतक कि सारी चिन्ताका नाश न हो जाय। तत्पश्चात् व्यापक ईश्वररूपसे स्थित होकर परम शान्त, निरञ्जन, निराभास एवं अर्द्धचन्द्रस्वरूप सम्पूर्ण महाभावका जप और चिन्तन करे। जबतक गुरुके मुखसे जीवात्माको ब्रह्मका ही अंश (या साक्षात् ब्रह्मरूप) नहीं जान लिया जाता, तबतक यह सम्पूर्ण चराचर जगत् असत्य होनेपर भी सत्यवत् प्रतीत होता है। उस परम तत्त्वका साक्षात्कार हो जानेपर ब्रह्मासे लेकर यह सारा चराचर जगत्, प्रमाता, मान और मेय (ध्याता, ध्यान और ध्येय)—सब कुछ ध्यानगत हृदय-कमलमें लीन हो जाता है। जप, होम और पूजन आदिको माताकी दी हुई मिठाईकी भाँति मधुर एवं लाभकर जानकर विष्णुमन्त्रके द्वारा उसका श्रद्धापूर्वक अनुष्ठान करे।

अब मैं 'अमृतमयी धारणा' बतला रहा हूँ— मस्तककी नाड़ीके केन्द्रस्थानमें पूर्ण चन्द्रमाके समान आकारवाले कमलका ध्यान करे तथा प्रयत्नपूर्वक यह भावना करे कि 'आकाशमें दस हजार चन्द्रमाके समान प्रकाशमान एक पूर्ण चन्द्रमण्डल उदित हुआ है, जो कल्याणमय कल्लोलोंसे परिपूर्ण है।' ऐसा ही ध्यान अपने हृदय-कमलमें भी करे और उसके मध्यभागमें अपने शरीरको स्थित देखे। धारणा आदिके द्वारा साधकके सभी क्लेश दूर हो जाते हैं॥ १६—२२॥

इस प्रकार आदि आग्नेय महापुराणमें 'धारणानिरूपण' नामक तीन सौ पचहत्तरवाँ अध्याय पूरा हुआ॥ ३७५॥

तीन सौ छिहत्तरवाँ अध्याय

समाधि

अग्निदेव कहते हैं—जो चैतन्यस्वरूपसे युक्त और प्रशान्त समुद्रकी भाँति स्थिर हो, जिसमें आत्माके सिवा अन्य किसी वस्तुकी प्रतीति न होती हो, उस ध्यानको 'समाधि' कहते हैं। जो ध्यानके समय अपने चित्तको ध्येयमें लगाकर वायुहीन प्रदेशमें जलती हुई अग्निशिखाकी भाँति अविचल एवं स्थिरभावसे बैठा रहता है, वह योगी 'समाधिस्थ' कहा गया है। जो न सुनता है, न सूँघता है, न देखता है, न रसास्वादन करता है, न स्पर्शका अनुभव करता है, न मनमें संकल्प उठने देता है, न अभिमान करता है और न बुद्धिसे दूसरी किसी वस्तुको जानता ही है, केवल काष्ठकी भाँति अविचलभावसे ध्यानमें स्थित रहता है, ऐसे ईश्वरचिन्तनपरायण पुरुषको 'समाधिस्थ' कहते हैं। जैसे वायुरहित स्थानमें रखा हुआ दीपक कम्पित नहीं होता, यही उस समाधिस्थ योगीके लिये उपमा मानी गयी है। जो अपने आत्मस्वरूप श्रीविष्णुके ध्यानमें संलग्न रहता है, उसके सामने अनेक दिव्य विघ्न उपस्थित होते हैं। वे सिद्धिकी सूचना देनेवाले हैं। साधक ऊपरसे नीचे गिराया जाता है, उसके कानमें पीड़ा होती है, अनेक प्रकारके धातुओंके दर्शन होते हैं तथा उसे अपने शरीरमें बड़ी वेदनाका अनुभव होता है। देवतालोग उस योगीके पास आकर उससे दिव्य भोग स्वीकार करनेकी प्रार्थना करते हैं, राजा पृथ्वीका राज्य देनेकी बात कहते और बड़े-बड़े धनाध्यक्ष धनका लोभ दिखाते हैं। वेद आदि सम्पूर्ण शास्त्र स्वयं ही (बिना पढ़े) उसकी बुद्धिमें स्फुरित हो जाते हैं। उसके द्वारा मनोनुकूल छन्द और सुन्दर विषयसे युक्त उत्तम काव्यकी रचना होने लगती है। दिव्य रसायन, दिव्य ओषधियाँ तथा सम्पूर्ण शिल्प और कलाएँ उसे प्राप्त हो जाती हैं। इतना ही नहीं, देवेश्वरोंकी कन्याएँ और प्रतिभा आदि सद्गुण भी उसके पास बिना बुलाये जाते हैं; किंतु जो इन सबको तिनकेके समान निस्सार मानकर त्याग देता है, उसीपर भगवान् विष्णु प्रसन्न होते हैं॥ १—१०॥

अणिमा आदि गुणमयी विभूतियोंसे युक्त योगी पुरुषको उचित है कि वह शिष्यको ज्ञान दे। इच्छानुसार भोगोंका उपभोग करके लययोगकी रीतिसे शरीरका परित्याग करे और विज्ञानानन्दमय ब्रह्म एवं ईश्वररूप अपने आत्मामें स्थित हो जाय। जैसे मलिन दर्पण शरीरका प्रतिबिम्ब ग्रहण

करनेमें असमर्थ होनेके कारण शरीरका ज्ञान करानेकी क्षमता नहीं रखता, उसी प्रकार जिसका अन्तःकरण परिपक्व (वासनाशून्य) नहीं है, वह आत्मज्ञान प्राप्त करनेमें असमर्थ है। देह सब प्रकारके रोगों और दुःखोंका आश्रय है; इसलिये देहाभिमानी जीव अपने शरीरमें वेदनाका अनुभव करता है। परंतु जो पुरुष योगयुक्त है, उसे योगके ही प्रभावसे किसी भी क्लेशका अनुभव नहीं होता। जैसे एक ही आकाश घट आदि भिन्न-भिन्न उपाधियोंमें पृथक्-पृथक्-सा प्रतीत होता है और एक ही सूर्य अनेक जलपात्रोंमें अनेक-सा जान पड़ता है, उसी प्रकार आत्मा एक होता हुआ भी अनेक शरीरोंमें स्थित होनेके कारण अनेकवत् प्रतीत होता है। आकाश, वायु, तेज, जल और पृथ्वी—ये पाँचों भूत ब्रह्मके ही स्वरूप हैं। ये सम्पूर्ण लोक आत्मा ही है; आत्मासे ही चराचर जगत्की अभिव्यक्ति होती है। जैसे कुम्हार मिट्टी, डंडा और चाकके संयोगसे घड़ा बनाता है, अथवा जिस प्रकार घर बनानेवाला मनुष्य तृण, मिट्टी और काठसे घर तैयार करता है, उसी प्रकार जीवात्मा इन्द्रियोंको साथ ले, कार्य-करण-संघातको एकचित्त करके भिन्न-भिन्न योनियोंमें अपनेको उत्पन्न करता है। कर्मसे, दोष और मोहसे तथा स्वेच्छासे ही जीव बन्धनमें पड़ता है और ज्ञानसे ही उसकी मुक्ति होती है। योगी पुरुष धर्मानुष्ठान करनेसे कभी रोगका भागी नहीं होता। जैसे बत्ती, तैलपात्र और तैल—इन तीनोंके संयोगसे ही दीपककी स्थिति है—इनमेंसे एकके अभावमें भी दीपक रह नहीं सकता, उसी प्रकार योग और धर्मके बिना विकार (रोग)-की प्राप्ति देखी जाती है और इस प्रकार अकालमें ही प्राणोंका क्षय हो जाता है॥ ११—१९ १/२ ॥

हमारे हृदयके भीतर जो दीपककी भाँति प्रकाशमान आत्मा है, उसकी अनन्त किरणें फैली हुई हैं, जो श्वेत, कृष्ण, पिङ्गल, नील, कपिल, पीत और रक्त वर्णकी हैं। उनमेंसे एक किरण ऐसी है, जो सूर्यमण्डलको भेदकर सीधे ऊपरको चली गयी है और ब्रह्मलोकको भी लाँघ गयी है; उसीके मार्गसे योगी पुरुष परमगतिको प्राप्त होता है। उसके सिवा और भी सैकड़ों किरणें ऊपरकी ओर स्थित हैं। उनके द्वारा मनुष्य भिन्न-भिन्न देवताओंके निवासभूत लोकोंमें जाता है। जो एक ही रंगकी बहुत-सी किरणें नीचेकी ओर स्थित हैं, उनकी कान्ति बड़ी कोमल है। उन्हींके द्वारा जीव इस लोकमें कर्मभोगके लिये आता है। समस्त ज्ञानेन्द्रियाँ, मन, कर्मेन्द्रियाँ, अहंकार, बुद्धि, पृथिवी आदि पाँच भूत तथा अव्यक्त प्रकृति—ये 'क्षेत्र' कहलाते हैं और आत्मा ही इस क्षेत्रका ज्ञान रखनेवाला 'क्षेत्रज्ञ' कहलाता है। वही सम्पूर्ण भूतोंका ईश्वर है। सत्, असत् तथा सदसत्—सब उसीके स्वरूप हैं। व्यक्त प्रकृतिसे समष्टि बुद्धि (महत्तत्त्व)-की उत्पत्ति होती है, उससे अहंकार उत्पन्न होता है, अहंकारसे आकाश आदि पाँच भूत उत्पन्न होते हैं, जो उत्तरोत्तर एकाधिक गुणोंवाले हैं। शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध—ये क्रमशः उन पाँचों भूतोंके गुण हैं। इनमेंसे जो भूत जिसके आश्रयमें है, वह उसीमें लीन होता है। सत्त्व, रज और तम—ये अव्यक्त प्रकृतिके ही गुण हैं। जीव रजोगुण और तमोगुणसे आविष्ट हो चक्रकी भाँति घूमता रहता है। जो सबका 'आदि' होता हुआ स्वयं 'अनादि' है, वही परमपुरुष परमात्मा है। मन और इन्द्रियोंसे जिसका ग्रहण होता है, वह 'विकार' (विकृत होनेवाला प्राकृत तत्त्व) कहलाता है। जिससे वेद,

पुराण, विद्या, उपनिषद्, श्लोक, सूत्र, भाष्य तथा अन्य वाङ्मयकी अभिव्यक्ति हुई है, वही 'परमात्मा' है। पितृयानमार्गकी उपवीथीसे लेकर अगस्त्य ताराके बीचका जो मार्ग है, उससे संतानकी कामनावाले अग्निहोत्री लोग स्वर्गमें जाते हैं। जो भलीभाँति दानमें तत्पर तथा आठ गुणोंसे युक्त होते हैं, वे भी उसी भाँति यात्रा करते हैं। अठासी हजार गृहस्थ मुनि हैं, जो सब धर्मोंके प्रवर्तक हैं; वे ही पुनरावृत्तिके बीज (कारण) माने गये हैं। वे सप्तर्षियों तथा नागवीथीके बीचके मार्गसे देवलोकमें गये हैं। उतने ही (अर्थात् अठासी हजार) मुनि और भी हैं, जो सब प्रकारके आरामोंसे रहित हैं। वे तपस्या, ब्रह्मचर्य, आसक्ति, त्याग तथा मेधाशक्तिके प्रभावसे कल्पपर्यन्त भिन्न-भिन्न दिव्यलोकोंमें निवास करते हैं॥ २०—३५॥

वेदोंका निरन्तर स्वाध्याय, निष्काम यज्ञ, ब्रह्मचर्य, तप, इन्द्रिय-संयम, श्रद्धा, उपवास तथा सत्य-भाषण—ये आत्मज्ञानके हेतु हैं। समस्त द्विजातियोंको उचित है कि वे सत्त्वगुणका आश्रय लेकर आत्मतत्त्वका श्रवण, मनन, निदिध्यासन एवं साक्षात्कार करें। जो इसे इस प्रकार जानते हैं, जो वानप्रस्थ आश्रमका आश्रय ले चुके हैं और परम श्रद्धासे युक्त हो सत्यकी उपासना करते हैं, वे क्रमशः अग्नि, दिन, शुक्लपक्ष, उत्तरायण, देवलोक, सूर्यमण्डल तथा विद्युत्के अभिमानी देवताओंके लोकोंमें जाते हैं। तदनन्तर मानस पुरुष वहाँ आकर उन्हें साथ ले जा, ब्रह्मलोकका निवासी बना देता है; उनकी इस लोकमें पुनरावृत्ति नहीं होती। जो लोग यज्ञ, तप और दानसे स्वर्गलोकपर अधिकार प्राप्त करते हैं, वे क्रमशः धूम, रात्रि, कृष्णपक्ष, दक्षिणायन, पितृलोक तथा चन्द्रमाके अभिमानी देवताओंके लोकोंमें जाते हैं और फिर आकाश, वायु एवं जलके मार्गसे होते हुए इस पृथ्वीपर लौट आते हैं। इस प्रकार वे इस लोकमें जन्म लेते और मृत्युके बाद पुनः उसी मार्गसे यात्रा करते हैं। जो जीवात्माके इन दोनों मार्गोंको नहीं जानता, वह साँप, पतंग अथवा कीड़ा-मकोड़ा होता है। हृदयाकाशमें दीपककी भाँति प्रकाशमान ब्रह्मका ध्यान करनेसे जीव अमृतस्वरूप हो जाता है। जो न्यायसे धनका उपार्जन करनेवाला, तत्त्वज्ञानमें स्थित, अतिथि-प्रेमी, श्राद्धकर्ता तथा सत्यवादी है, वह गृहस्थ भी मुक्त हो जाता है॥ ३६—४४॥

इस प्रकार आदि आग्नेय महापुराणमें 'समाधिनिरूपण' नामक
तीन सौ छिहत्तरवाँ अध्याय पूरा हुआ॥ ३७६॥

चतुर्थ–अध्याय

पुराणों में अष्टाङ्.ग पातञ्जल योग दर्शन

(पुराणवार प्रत्येक अङ्.ग का विशद विवेचन)

पातञ्जल योग दर्शन में समाधि हेतु योग के आठ अङ्.गो की चर्चा की गयी है, जो इस प्रकार हैं–यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। इन आठ अङ्.गो की विवेचना पुराणों में भी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, जिसके प्रत्येक अङ्.गों पर संक्षिप्त विवेचना प्रस्तुत है।

मार्कण्डेय पुराण में योग के आठ अङ्.गों में से यम के विषय में कुछ भी नहीं बताया गया है। गरुड़ पुराण में कहा गया है कि योग के आठ अङ्.गों के माध्यम से ही मुक्ति प्राप्त होती है। इन आठ अङ्.गों में से यम के पॉच भेद बताये गये है जिनमें से पहला है अहिंसा–प्राणियों की कायिक, वाचिक एवं मानसिक रूप से हिंसा न करना ही अहिंसा कहा गया है।[1] दूसरा, भूतों का हित करने वाले वाक्यों को ही सत्य बताया गया है। तीसरा है अस्तेय–परायी वस्तुओं का ग्रहण न करना ही अस्तेय है। चौथा है–ब्रह्मचर्य, मैथुन का न करना ही ब्रह्मचर्य के अन्तर्गत रखा गया है। पाँचवॉ है अपरिग्रह–जिसके विषय में गरुड़ पुराण में कहा गया है कि समस्त वस्तुओं का परिग्रह न करना ही त्याग है।[2] यहाँ पर अपरिग्रह शब्द को त्याग के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

ब्रह्म पुराण में भी योग के आठ साधनों में से यम के विषय में कुछ भी उपलब्ध नहीं है। विष्णु पुराण में मात्र इतना ही ज्ञात कराया गया है कि यम के द्वारा मनुष्य की पापों की राशि कम हो जाती है, अतएव हमें पाँचों यमों का निरन्तर पालन करते रहना चाहिए। ये पाँच यम हैं–

१– मुक्तिरष्टाङ्.ग विनानात् संक्षेपात्तद्वदे श्रृणु।
यमाः पंचत्वहिंसाधा अहिंसा प्राण्यहिंसनम्।। –गरुड़ पुराण, प्रथम खण्ड सम्पादक पं० श्री राम जी शर्मा आचार्य पृ० १३२, श्लोक सं०–२६

२– सत्यं भूत हितम् वाक्यमस्तेयं स्वग्रहं परम्।
अमैथुन ब्रह्मचर्य सर्वत्यागोऽपरिग्रहः।। – गरुड़ पुराण, वही श्लोक सं० ३०

ब्रह्मचर्य, अहिंसा, सत्य, अस्तेय और अपरिग्रह।[1] गायत्री पुराण में यम की विस्तृत विवेचना की गयी है। इस पुराण में बताया गया है कि मन को वश में रखने के लिए पॉच यम का पालन करना अत्यन्त आवश्यक है। यहॉ पर गरुड़ पुराण की भांति यम के सभी वर्गों की विस्तृत विवेचना उपलब्ध है। यम के पहले वर्ग अहिंसा के विषय में बताया गया है कि किसी भी प्रकार की हिंसा न करना अहिंसा पालन है। मन, वाणी और देह के द्वारा प्राणिमात्र को किसी भी प्रकार का कष्ट न देना भी अहिंसा ही है। किसी के लिए हिंसा को उकसाना, किसी को गाली देना, मारना या उसके प्रति दुर्भावना रखना आदि व्यावहार को भी हिंसा का ही रूप बताया गया है। अतएव अहिंसा का पालन करने के लिए इस प्रकार की मनोवृत्ति का त्याग कर देना चाहिए।[2]

गायत्री पुराण में दूसरा यम है–सत्य, जिसके विषय में बताया गया है कि समस्त कार्यों में असत्य के व्यावहार से बचना चाहिए। कभी भी किसी भी परिस्थिति में झूठ का सहारा नहीं लेना। चाहिए कभी कभी अनजाने में बोला गया मिथ्या वचन भी अनुचित ही बताया गया है, तब जानबूझकर किंचित् भी असत्य का उच्चारण तो पाप कर्म ही कहलाता है। यहॉ पर महाभारत के युद्ध में युधिष्ठिर के कहे गये असत्य वचनों का वृत्तांत उदाहरण स्वरूव दिया जा सकता है– युधिष्ठिर ने द्रोणाचार्य के लिए 'नरो वा कुञ्जरो वा' कहकर असत्य का आचरण किया, किसी ने युद्ध में यह अपवाद फैला दिया कि अश्वत्थामा मारा गया। द्रोणाचार्य इससे व्यथित होकर युद्ध से हटना चाहते थे, किन्तु सत्यता जानने के लिए उत्सुक थे। वे समझते थे कि युधिष्ठिर सत्यवादी हैं, वह कभी मिथ्या नहीं कहेंगे, इसलिए उनका आग्रह था कि.यदि युधिष्ठिर, कहें कि वह मर गया तो 'मैं मान लूँगा'। वस्तुतः युद्ध में अश्वत्थामा नाम का हाथी मारा गया था। युधिष्ठिर ने सत्यवादी होने को ढोंग किया और तथ्य को छिपाते हुए कहा कि अश्वत्थामा मारा

१– पराशर मुनि प्रणीत, श्री श्री विष्णुपुराण, सम्पादक–पं० श्री राम जी शर्मा, पृ० सं० ५३।

२– गायत्री पुराण, सम्पादक–डा० चमन लाल गौतम, पृ०सं० १४

गया, किन्तु धीरे से कहा कि 'नहीं जानता कि वह मनुष्य था या हाथी था'। इसके पीछे की बात को द्रोणाचार्य ने नहीं सुना और अश्वत्थामा का मरण हुआ जानकर उन्होंने अपने प्राण त्याग दिये।[1] अतः इस असत्य वचन के द्वारा ही हिंसा भी हो गयी। अतएव यहॉ पर अहिंसा तथा सत्य नामक दोनों ही यमों का पालन नही हो पाया है।

यम के तीसरे अड्.ग अस्तेय की चर्चा गरुड़ पुराण में बहुत संक्षिप्त रूप में की गयी है किन्तु गायत्री पुराण में इसका विश्लेषण विस्तृत है। इसमें बताया गया है कि अस्तेय का अर्थ है चोरी न करना। अन्याय या अनधिकार से किसी के धन का अपहरण करना, लूटना, छीनना आदि भी चोरी के ही अन्तर्गत आता है। जो लोग व्यापार में छल करके कम माप तौल करके अधिक बताते हैं, वे भी चोरी ही करते हैं। मार्ग में कोई वस्तु यदि पड़ी मिले, उसे उठाकर ले जाना भी चोरी के समान ही है। जिस किसी का हो उसे खोज करके प्राप्त करा दिया जाय। अतएव जिस–जिस कार्य में चोरी जैसे दोष की सम्भावना निहित हो, उनका परित्याग करना अस्तेय कहा गया है।[2]

यम के चतुर्थ अड्.ग ब्रह्मचर्य की विस्तृत विवेचना गायत्री पुराण में की गयी है। गरुड पुराण के अलावा अन्य पुराणों में भी इसे संक्षिप्त रूप में समझाया गया है। गायत्री पुराण में ब्रह्मचर्य का तात्पर्य मैथुन का त्याग बताया गया है। इसके लिए मैथुन सम्बन्धी विचारों का ही परित्याग करना चाहिए। गृहस्थ धर्म में प्रविष्ट युवा वर्ग के लिए यह उपदेश नहीं है किन्तु उन्हें भी परनारी से बचने का आचरण तो करना ही चाहिए। जो लोग विरक्त हो रहे हैं उन्हें मैथुन सम्ब्रन्धी चिन्तन और चर्चा में भी रुचि नहीं रखनी चाहिए।[3] यम के पाँचवें भेद अपरिग्रह के विषय में भी गायत्री पुराण में

१– गायत्री पुराण, सम्पादक–डा० चमन लाल गौतम, पृ०सं० १५

२– गायत्री पुराण, सम्पादक–डा० चमन लाल गौतम, पृ०सं० १५

३– गायत्री पुराण, सम्पादक–डा० चमन लाल गौतम, पृ०सं० १५

विशद विवेचना की गयी है। यहाँ पर अपरिग्रह शब्द का अर्थ है, वस्तुओं का संचय न करना। क्योंकि अपने हित के लिए लोभ के वशीभूत होकर अनावश्यक धन सम्पत्ति, भोग सामग्री आदि को एकत्र करने से, दूसरो को उसके उपभोग से वंचित रखने की सम्भावना रहती है। ज्ञानियों की मान्यता के अनुसार 'वसुधैव कुटुम्बकम्' अर्थात् समस्त विश्व ही हमारा कुटुम्ब है इसलिए सभी को अनिवार्य आवश्यकताओं का ध्यान रखना प्रत्येक मनुष्य का धर्म बन जाता है। किसी वस्तु विशेष में आसक्ति रखकर, उसे जुटाये रखना अपरिग्रह ही है; इसलिए मोक्ष प्राप्ति के इच्छुक व्यक्ति को इन सभी से बचना चाहिए।[१] मत्स्य पुराण में योग के सभी सिद्धान्तों का वर्णन न करते हुए मात्र कर्म योग का ही वर्णन किया गया है। अतः यहाँ पर अष्टांग योग के पहले सिद्धान्त यम के विषय में कुछ संकेत अवश्य मिलता है, लेकिन स्पष्ट वर्णन अनुपलब्ध है। भविष्य पुराण में भी मत्स्य, ब्रह्म तथा मार्कण्डेय पुराण की भांति यम के किसी भी सिद्धान्त की चर्चा नहीं की गयी है।

कूर्म पुराण में पातञ्जल योग दर्शन में वर्णित आठ अड्.गों में से सभी अड्.गों की चर्चा विधिवत् की गई है। अष्टाड्.ग योग के प्रथम अड्.ग यम के पाँचों अड्.गों—अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह, सभी का वर्णन उपलब्ध है। इनके विषय में बताया गया है कि ये मनुष्यों के चित्त को शुद्धि प्रदान करने वाले हैं।[२] समस्त प्राणियों में सर्वदा मृदु मन और क्लेश का उत्पन्न

१— गायत्री पुराण, सम्पादक—डा० चमन लाल गौतम पृ०सं० १६

२— अहिंसा सत्यमस्तेयं ब्रह्मचर्यापरिग्रहौ।
यमाः प्रोक्ताश्चित्त शुद्धि प्रदानृणाम्।।
कूर्म पुराण, सम्पादक पं० श्री राम शर्मा आचार्य पृ० सं० ६८, श्लोक सं० १३

न करना अहिंसा कही गयी है।[1] अहिंसा से परम अन्य कोई भी धर्म नहीं है और अहिंसा से अधिक कोई सुख भी नहीं है। विधि पूर्वक यज्ञादि में जो हिंसा शास्त्रोक्ति होती है, उसे अहिंसा कहा गया है।[2] सत्य से सभी कुछ की प्राप्ति हुआ करती है, क्योंकि सत्य में सभी कुछ प्रतिष्ठित है। यथार्थ का कथन जो आधार है उसी को द्विजातियों के द्वारा सत्य कहा गया है। पराये द्रव्य का हरण करना चाहे वह चोरी से किया गया हो अथवा बलपूर्वक किया गया हो उसे स्तेय कहा जाता है। उसका आचरण न करना ही अस्तेय है, जो धर्म का साधन होता है। कर्म, मन और वचन से सर्वदा सभी अवस्थाओं में सर्वत्र मैथुन का त्याग करना ही ब्रह्मचर्य कहा जाता है। आपत्ति के समय में भी तथा इच्छा से द्रव्यों का जो ग्रहण नही करता है, उसे ही अपरिग्रह कहा जाता है। उसका प्रयत्नपूर्वक पालन किया जाना चाहिए।[3]

प्रायः सभी पुराणों में योग के आठ अड्.गों को स्वीकार किया गया है। शिव पुराण में योग के विषय में कहा गया है कि अक्सर सभी योग आठ या छः अड्.गों से युक्त होते हैं। यम, नियम, स्वस्तिक आदि आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि–ये ही विद्वानों द्वारा आठ अड्.ग बताये गये हैं। आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा ध्यान और समाधि–ये संक्षेप में योग के छः लक्षण बताये गये हैं। अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह–इन्हें ही सत्पुरुषों ने यम कहा है। इस प्रकार यम पाँच अवयवों के योग से युक्त बताया गया है।

१– कर्म्मणा मनसा वाचा सर्वभूतेषु सर्वदा।
अक्लेशजननं प्रोक्ता त्वहिसा परमर्षिभि ।।
कूर्म पुराण, सम्पादक– पं० श्री राम शर्मा आचार्य श्लोक सं० १४, पृ० ६८
२– कर्मणा मनसा वाचा सर्वावस्थासु सर्वदा।
सर्वत्र मैथुन त्यागं ब्रह्मचर्यम्प्रचक्षते।।
–कूर्म पुराण, वही, श्लोक सं०–१८, पृ० ६६
३– द्रव्याणामप्यनादानमापद्यपि तथेच्छाया।
अपरिग्रहमित्याहुस्तं प्रयत्नेन पलयेत्।। कूर्मपुराण, वही, श्लोक सं० १६

पातञ्जल योग के आठ साधनों में से दूसरा साधन है–नियम। नियमों का प्रयोग पुराणों मे विस्तृत रूप से विवेचित है। ये नियम क्या है? क्या इसके बिना समाधि नहीं लगायी जा सकती ?आदि सारे विषयों पर पुराणां में विधिवत् व्याख्या की गई है, जो निम्नवत् है–

मार्कण्डेय पुराण में योग के अन्य सिद्धान्तों की विवेचना तो प्राप्त होती है, किन्तु अष्टाड्.ग योग के नियम की चर्चा नहीं की गई है। इस पुराण में देवी, देवताओं के कथांशों का वर्णन किया गया है। इसमें सभी तीर्थस्थल, पर्वत, नदियों की महिमा भी बतायी गई है। गरुड़ पुराण में योग के आठ सिद्धान्तों में से नियम की भी चर्चा मिलती है, जिसके विषय में मात्र इतना ही कहा गया है कि सत्य आदि पॉच नियम होते हैं, जो बाह्य तथा आभ्यन्तर भेद से दो प्रकार के बताये गये हैं शौच,सत्य एवं संतोष है–शपथचर्या, इन्द्रियों का निग्रह है– स्वाध्याय, मन्त्रों का जप है प्रणिधान।[1] ब्रह्म पुराण में अष्टाड्.ग योग की चर्चा तो की गई है किन्तु अष्टाड्.ग योग के यम, नियम की चर्चा नहीं की गई है। विष्णु पुराण में अष्टाड्.ग योग नियम के विषय में मात्र इतना ही कहा गया है कि संगत चित्त से स्वाध्याय, शौच, संतोष और तप का आचरण ही नियम है। इन यम, नियम का सकाम भाव से आचरण करने पर पृथक्-पृथक् फल प्राप्त होते हैं और निष्काम भाव से सेवन करने से मोक्ष प्राप्त होता है।[2] गायत्री पुराण में अष्टाड्.ग योग के नियम को विस्तृत रूप में विश्लेषित किया गया है। गायत्री पुराण में नियम के पाँच भेदों की भी चर्चा की गई है जिसमें शौच का अर्थ पवित्रता, से हैं मन, वाणी और शरीर तीनों को शुद्ध रखना ही शौच का साधन बतलाया गया है।[3]

१– नियमाः पञ्च सत्याद्या वाह्यमाभ्यन्तरं द्विधा। ?
शौचं सत्यञ्च सन्तोषस्तपश्चेन्द्रियनिग्रहः।।
गरुड़ पुराण, प्रथम खण्ड, सम्पादक–पं० श्री राम जी शर्मा, पृ०सं० १३२, श्लोक सं० ३१, ३२

२– श्री श्री विष्णु पुराण, श्री पं० राम जी शर्मा सम्पादक पृ० सं० ५३।

३– गायत्री पुराण, हिन्दी अनुवादित, डा० चमन लाल गौतम, सम्पादक, संस्कृत संस्थान, बरेली, १६६३ पृ० सं० १६

शरीर की शुद्धि में नित्य कर्म के साथ दन्त धावन, स्नानादि कर्म सम्मिलित हैं। योगी जन इसके लिए वस्ति धौति, नेति आदि क्रियाएँ नियमित रूप से करते रहते हैं। सामान्य जन भी अपने अपने ढंग से शरीर शुद्धि का प्रयत्न करते ही है। सात्विक और संयमित आहार भी देह शुद्धि का एक कारण होता है क्योंकि असन्तुलित और असात्विक आहार से अनेक प्रकार के रोग उत्पन्न हो जाते हैं, जिसके फलस्वरूप दुर्बल हुए शरीर की बाह्य शुद्धि के लिए दूषित वातावरण से दूर रहना आवश्यक है। कुत्सित विचार के लोगों के सड्.ग का भी परित्याग करें। मन शुद्ध रहता है तो वाणी भी शुद्ध रहती है इसलिए मन का शोधन अत्यन्त आवश्यक है जिसके लिए अविवेक पूर्ण चिन्तन नहीं करना चाहिए।[१]

इसके पश्चात दूसरा नियम है सन्तोष। सन्तोष का अर्थ है कि भगवान की इच्छा से जो कुछ प्राप्त हो जाय, उसमें तृप्त रहना। आशा और अभिलाषा जितनी बढ़ती है, असन्तोष भी उतना ही अधिक बढ़ता है। व्यावसायिक मनुष्य को देखो, वह हमेशा निन्यानबे के फेर में पड़ा रहता है। एक रुपया है तो वह बढ़कर दो हो, दस हो, पचास हो, नब्बे हो, फिर निन्यानबे हो फिर सौ हो जाये किन्तु सौ होने पर भी सन्तुष्टि नहीं होती। पुनः वृद्धि होती है और निन्यानबे से सौ होने की लालसा बनी रहती है वह कभी दूर ही नहीं होती कल्याण चाहने वालों को उस प्रवृत्ति से सदैव दूर रहना चाहिए।[२]

तप का अभिप्राय गायत्री पुराण में निरर्थक सुख का परित्याग बताया गया है। मनुष्य को कष्ट सहने का अभ्यास करना चाहिए। अनेक प्रकार के व्रतादि के आचरण का उपदेश इसलिए दिया गया है। जिससे मन, प्राण, शरीर और इन्द्रियों को इस प्रकार वश में किया जाय, जिससे

१– गायत्री पुराण, सम्पादक–डा० चमन लाल गौतम, वही पृ० सं० १६

२– गायत्री पुराण, वही पृ० सं० १७

कि भूख, प्यास, सुख–दुख, मान–अपमान की चिन्ता छोंडकर अपने अपने कर्त्तव्य का पालन करें। सब प्रकार की साधना में तपस्या का आचरण आवश्यक है। जैसे स्वर्णादि मूल्यवान धातुएँ भी तपाने से ही शुद्ध होती है। तप मनुष्य को शुद्ध बनाने का एक श्रेष्ठ साधन है।[1]

स्वाध्याय का तात्पर्य गायत्री पुराण में अध्ययन करना, मनन करना बताया गया है। वेद, शास्त्र, उपनिषद, पुराणादि तथा अन्यान्य ग्रन्थों में शिक्षाएं भरी पडी है, उनका ज्ञान अध्ययन से ही होता है। अध्ययन में भी अभ्यास परम आवश्यक है। किसी भी ग्रन्थ की आत्मा में प्रविष्ट होकर, उसमें निहित रहस्य को जानना ही स्वाध्याय का परम उद्देश्य है, जो कि एक बार पढ़ने सुनने मात्र से पूरा नहीं हो सकता। स्वाध्याय में उत्कृष्ट चरित्रों का ज्ञान, जप, कीर्तन, भजन आदि भी सम्मिलित है।[2]

ईश्वर प्रणिधान का अर्थ गायत्री पुराण में ईश्वर में विश्वास और उनकी शरण में जाना बताया गया है। मन, वचन और कर्म से भगवान की भक्ति, उपासना ध्यानादि करते हुए स्वयं का समर्पण करना ही श्रेय कामना वालों का कर्त्तव्य है। वास्तव में अन्तः करण की शुद्धि भी इसमें परमावश्यक है। योगी जन इसके लिए अष्टाड्.ग योग का अभ्यास करते हैं।[3] मत्स्य पुराण तथा भविष्य पुराण में अष्टाड्.ग योग के किसी भी अंग की चर्चा नहीं की गई है।

कूर्म पुराण में पातञ्जल योग दर्शन में वर्णित अष्टांग योग के द्वितीय अंग नियम के विषय में कहा गया है कि तप स्वाध्याय सन्तोष शौच, ईश्वर का अर्चन ये संक्षेप में नियम कहे गए हैं। जो योग की सिद्धि प्रदान करने वाले होते हैं।[4] उपवास परक तथा कृच्छ् चान्द्रायणादि के द्वारा

१– गायत्री पुराण, सम्पादक, डा० चमन लाल गौतम पृ० सं० १७

२– गायत्री पुराण, वही पृ०सं० १८

३– गायत्री पुराण, वही पृ० सं० १८

४– तपः स्वाध्यायसन्तोषौ शौच मीश्वरपूजनम्।
समान्नियमाः प्रोक्त योगसिद्धि प्रदायिनः।।
कूर्म पुराण, पं० श्री राम शर्मा सम्पादक, श्लोक सं० २० पृ० सं० ६६

जो शरीर शोषण किया जाता है उसी को तापस लोग उत्तम तप कहते हैं।[1] वेदान्त शत् रुद्रिय और प्रणव आदि के जप को बुध लोग जप कहते हैं। स्वाध्याय पुरुषों को सत्व सिद्धि प्रदान करने वाला कहा जाता है। स्वाध्याय के भी तीन भेद हैं– वाचिक–उपांशु और मानस ये उनके नाम हैं। इन तीनों की उत्तरोत्तर विशेषता मानी गई है। ऐसा ही वेदार्थ के वादी जन कहते हैं। जो दूसरे सुनने वालों को शब्द का बोध उत्पन्न करने वाला अत्यन्त ही स्पष्ट होता है। उसी स्वाध्याय को वाचिक स्वाध्याय कहा गया है। अब उपांशु का लक्षण बतलाते है।[2] दोनों होठों के स्पन्दन मात्र से दूसरे का अशब्द बोधक होता है। यही उपांशु जप कहा गया है। यह वाचिक जप से साधु जप होता है जो पद के अक्षरों की संगति से परिस्पन्दन रहित होता है तथा मन्त्र के सब शब्दों के चिन्तन के बल पर होता है। उसी जप को मानस जप कहते हैं। यदृच्छा लाभ से जो वित्त पुरुषों को लाभ प्राप्त होता है। ऋषि वृन्द इसी को सन्तोष का प्रशस्त लक्षण कहते हैं।[3] शौच शौच बाह्य और आभ्यनन्तर दो प्रकार का होता है। बाहरी शौच तो मिट्टी और जल से बताया गया है और आन्तरिक शौच मन की शुद्धि से ही हुआ करता है।[4]

१– उपवासपराकादिकृच्छचान्द्रायणादिभिः।
शरीरशोषणम्प्राहुस्तापसास्तप उत्तमम्।। कूर्म पुराण, पं० श्री राम शर्मा–सम्पादक, पृ०सं० ६६, श्लोक सं० २१
२– यः शब्दबोधजननः परेषां श्रृण्वतां स्फुटम्
स्वाध्यायो वाचीकः प्रोक्त उपांशेरथ लक्षणम्।। (कूर्म पुराण, सम्पादक– पं०राम शर्मा पृ०सं० १००)
३– यद्वच्छालाभतो वित्तं अलपुं सोभवेदिति।
प्राशस्त्यमृषयः प्राहुःसन्तोषं सुखलक्षणम्।। (कूर्म पुराण, सम्पादक–पं० श्री राम शर्मा,) पृ०सं० १००
श्लोक २७
४– बाह्य माभ्यन्तर शौचं द्विधा प्रोक्तं द्विजोत्तमाः।
मृज्जलाभ्यां स्मृतं बाह्य मनः शुद्विरथान्तरम्।।
कूर्म पुराण, सम्पादक–श्री राम जी शर्मा आचार्य
पृ०सं० १००, श्लोक सं० २८

वाणी, मन और शरीर के कर्मों से स्तवन स्मरण और पूजा के द्वारा जो सुनिश्चित शिव में भक्ति की भावना होती है इसी को ईश का पूजन कहा जाता है।[1]

शिव पुराण में अष्टाड्.ग योग के यम के साथ ही साथ नियम के विषय में भी विशद चर्चा की गई है। जिसमें यम, नियम, स्वस्तिक आदि आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा ध्यान और समाधि नामक अष्टाग्ङ्गयोग की चर्चा की गई है। शिव पुराण में नियम के विषय में मात्र शौच, सन्तोष, तप, जप (स्वाध्याय) और प्रणिधान नामक पाँच भेद ही बताए गए हैं।

मार्कण्डेय पुराण में अष्टाड्.ग योग के तृतीय अड्.ग आसन के विषय में कहा गया है कि पद्मासन अर्द्धासन, स्वस्तिकासनादि आसनों को बांधकर हृदय में प्रणव मन्त्र का जप करते समय योगानुष्ठान में प्रवृत्त होना चाहिए। साधक को सरल भाव से समासन अर्थात् जो आसन ऊँचा नीचा (ऊबड़–खाबड़) न हो, ऐसा आसन जमाकर दोनों पाँव और जंघाएं आगे की ओर बटोरकर, मुँह बन्द कर संयत चित्त से इस प्रकार बैठें कि जिससे हाथ से जननेन्द्रिय अथवा अण्डकोश छुआ न जा सके। इस आसन में सिर कुछ ऊँचा रहे और दाँतों से दाँत रगड़े न जायं। दृष्टि नासिकाग्र में स्थिर रहे, वह इधर-उधर विचलित न हो। योगाभ्यासी व्यक्ति उस समय रजोगुण के द्वारा तमोगुणी वृत्ति का और सत्व गुण के द्वारा राजसिक वृत्ति का निरास कर केवल मात्र निर्मल तत्व में अवस्थान करता हुआ योग साधन करे।[2]

१– स्तुतिस्मरणपूजाभिर्वाड्.मनःकायकर्मभिः।
सुनिश्चिलाशिवेभक्तिरेतदीशस्यपूजनम्।।
कूर्म पुराण, सम्पादक श्री राम जी शर्मा आचार्य पृ० सं०१००, श्लोक सं० २६

२– मार्कण्डेय पुराण, वही पृ०सं० १२६

गरुड पुराण में योग के अड्.गों की विस्तृत व्याख्या न करके सक्षेप में वर्गीकृत करके स्पष्टीकरण किया गया है। गरूड़ पुराण में यम, नियन आदि अड्.गों की व्याख्या स्पष्ट करने के पश्चात आसन के विषय में मात्र इतना ही कहा गया है कि पद्न आदि नाम के आसन हुआ करते हैं।[1] ब्रह्म पुराण में अष्टाड्.ग योग में से मात्र आसन तथा प्राणायाम की चर्चा की गई है शेष छः अंगों (यम, नियम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि) की विवेचना ब्रह्म, वर्णित आसन नामक अड्.ग के सन्दर्भ में विवेचना की गई हैं। ब्रह्म पुराण में आसन की चर्चा से पूर्व आसन के लिए उचित स्थान का भी वर्णन किया गया है। एकान्त आश्रम में,गूढ़ स्थान में, शब्द और भय से रहित पर्वतीय गुफा में, सूने घर मे अथवा पवित्र रमणीय और एकान्त देव मन्दिर में बैठ कर रात के पहले और पिछले पहर में अथवा दिन में पूर्वान्ह और मध्यान्ह काल में एकाग्र चित्त होकर योग साधन करें, भोजन थोडा तथा नियम के अनुकूल हो। इन्द्रियों पर पूरा पूरा नियन्त्रण रखें। सुन्दर आसन पर पूर्वाभिमुख बैठकर योगाभ्यास करना ही उचित बताया गया है। आसन सुखद और स्थिर हो। अधिक ऊँचा या अधिक नीचा न हो। योग के साधक को निःस्पृह, सत्यवादी और पवित्र होना चाहिए। यह निद्रा और क्रोध को अपने वश में रखें। सम्पूर्ण भूतों के हित में तत्पर रहें, सब प्रकार के द्वन्दों को सहन करें। शरीर, चरण और मस्तक को समान स्थिति में रखें दोनों हाथ नाभि पर रखकर शान्त हो पद्मासन में बैठें। दृष्टि को नासिका के अग्र भाग पर लगाकर प्राणायाम पूर्वक मौन रहें।[2] ब्रह्म पुराण में वर्णित उपरोक्त विवेचना से ऐसा प्रतीत होता है कि केवल आसन से ही योग की सिद्धि नहीं हो जाती है बल्कि साधक को निःस्पृह एकाग्र तथा वैचारिक शुद्धता भी रखनी चाहिए।

१– स्वाध्यायः स्यान्मन्त्रजपः प्रणिधानं हरेर्यजिः।
आसन पद्मकाद्युक्तं प्राणायामों मरूज्जयः।।
पुराण, प्रथम खण्ड पं० श्री राम जी शर्मा
आचार्य सम्पादक, पृ० स० १३२ श्लोक सं० ३२

२– ब्रह्मपुराणाड्.क कल्याण, इक्कीसवे वर्ष का विशेषांक, गीता प्रेस, गोरखपुर, पृष्ठ संख्या ५८६

विष्णु पुराण में अष्टाड़.ग योग के प्रत्येक अड़.गों का वर्णन किया गया है। जिसमें अष्टाड़.ग योग के अड़.गों में से आसन के बारे में कहा गया है कि आसन अष्टाड़.ग योग का तीसरा अड़.ग है। विष्णु पुराण में आसन के विषय में मात्र इतना ही कहा गया है कि भद्रासनादि आसनों में से किसी एक का अवलम्बन कर यम,नियमादि गुणों से युक्त होकर ही योग का अभ्यास करें।[1] गायत्री पुराण का अवलोकन करने के पश्चात ज्ञात होता है कि उक्त पुराण में अष्टाड़.ग योग के प्रत्येक अड़.गों की व्याख्या की गई है। गायत्री पुराण में योगाड़.ो में से आसन के विषय में कहा गया है कि आसन का अर्थ है–स्थिति सुख सुविधा पूर्वक बैठकर प्राणायाम आदि का अभ्यास किया जा सके, ऐसी स्थिति में बैठना चाहिए। यदि कष्टदायक स्थिति में बैठेंगे तो अभ्यास में मन नहीं लगेगा।[2] अतएव योगाचार्यों ने नाना प्रकार के आसनों का वर्णन किया है। उन सब पर प्रकाश डालने का न तो कोई औचित्य है, न सम्भव ही है। फिर भी एक ऐसे आसन के विषय में बताया गया है कि जिसमें सुखपूर्वक बैठा जा सके। किसी कोमल आसन को बिछाकर पूर्व की ओर मुख करके पद्मासन लगाकर बैठें। अर्थात् पालती लगाकर बैठें, किन्तु दॉया पॉव बायी जॉघ पर रखना चाहिए। सीधा बैठें और शरीर को झुकाएँ नहीं। दोनों हाथ दोनों घुटनों पर रखा जा सकता है। यह आसन अभ्यास से शीघ्र साध्य होता है।[3]

१– पराशर मुनि प्रणीत् श्री श्री विष्णु पुराण, पृ०सं० ५३।

२– गायत्री पुराण, हिन्दी अनुवादित, डा० चमन लाल गौतम, पृ०सं० १८

३– गायत्री पुराण, वही, पृ० सं० १८

मत्स्य पुराण में अष्टाड्.ग योग का कहीं भी कोई वर्णन नहीं मिलता है। भविष्य पुराण में पातञ्जल योग दर्शन के अष्टाड्.ग योग में मात्र प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा की विवेचना तो की गई है किन्तु शेष अन्य पॉच अड्.गों (यम, नियन, आसन, ध्यान और समाधि) की चर्चा नहीं की गई है। कूर्म पुराण में आसन के तीन प्रकार बतलाए गए हैं– स्वस्तिक, पद्म और अर्द्धासन समस्त साधनों में यह अति उत्तम साधन होता है।[1] दोनो पादतल ऊरूओं के ऊपर कर रखें और समासीन स्वरूप में हो तो इसी को पद्मासन उत्तम आसन कहा गया है।[2] दोनों पादतलो को जानु और ऊरू के अन्तर रखें। ऐसे समासीनात्मा पुरुष का आसन परम स्वास्तिक कहा गया है। एक पाद को एक विष्टभ्य करके उसमें रखें–ऐसे स्थित के आसन को अर्द्वासन कहते हैं। यह योग साधन के लिए उत्तम आसन है।[3] शिव पुराण में आसन के आठा भेदों के नाम मात्र बतलाये गये हैं ये हैं–स्वस्तिक, आसन, पद्मासन, अर्द्धचन्द्रासन, वीरासन, योगासन, प्रसाधितासन, पर्यक्डासन और अपनी रुचि के अनुसार आसन के विषय में ही बतलाया गया है।[4]

१– आसनं स्वस्तिकं प्रोक्तं पद्मर्द्धासन तथा।
साधनञ्च सर्वेषामतेत्साधनमुत्तमम्।। –कूर्म पुराण, सम्पादक– पं० श्री राम जी शर्मा
आचार्य, पृ०सं० १०३, श्लोक सं० ४३

३– ऊर्व्वोरुपरि विप्रेन्द्राः कृत्वा पादतले उभे।
समासीनात्मनः पद्मेतदासनमुत्तमम्।। –कूर्म पुराण, सम्पादक श्री राम जी शर्मा
आचार्य, पृ०सं० १०३, श्लोक सं० ४४

४– क उभे कृत्वापादतले जानूवेरिन्नरेण हि।
समासीनात्मनः प्रोक्तं मासनंस्वस्तिक परम्।।४५।।
ख एक पादमथैकस्मिन्विष्टभ्योरसि सत्तमाः।
आसीनार्द्धासनमिद योगसाधनमुत्तमम्।। ४६।।
–कूर्म पुराण, सम्पादक–श्री राम जी शर्मा, आचार्य पृ०सं० १०३, श्लोक सं० ४५/४६

पातञ्जल योग मे वर्णित अष्टाड्.ग योग में से चौथा साधन है–प्राणायाम। प्राणायान क्या है ? तथा इसकी क्रिया किस प्रकार से सम्पन्न की जा सकती है। इसका विशद विवरण लगभग समस्त पुराणों में किया गया है। जिसकी व्याख्या पुराणवार यहाँ पर की गई है। जो निम्नवत् है–

मार्कण्डेय पुराण में कहा गया है कि प्राणायाम के द्वारा रागादि दोषों का, धारणा[1] के द्वारा पाप का, प्रत्याहार[2] के द्वारा विषयों, का और ध्यान के द्वारा ईश्वर विरोधी गुणों को भी दूर करें। जिस प्रकार पर्वतीय धातुओं को आग में तपाने से उनके दोष जल जाते हैं, उसी प्रकार प्राणायाम करने से इन्द्रियजनित दोष दूर हो जाते हैं। इसलिए योग के ज्ञाता पुरुष को पहले प्राणायाम का ही साधन करना चाहिए। प्राण और अपान वायु को रोकने का नाम ही प्राणायाम है। यह लघु, मध्य और उत्तरीय के भेद से तीन प्रकार का बतलाया गया है।

मार्कण्डेय पुराण में लघु प्राणायाम की बारह मात्राएँ बतलाई गयी है। इससे दूनी मात्रा मध्यम और तिगुनी मात्रा का उत्तरीय अथवा उत्तम बताया गया है। पलकों को उठाने और गिराने में जितना समय लगता है, वही प्राणायाम की संख्या के लिए मात्रा कहा गया है। ऐसी ही बारह मात्राओं का लघु नामक प्राणायाम होता है। प्रथम प्राणायाम के द्वारा स्वेद (पसीने) को, मध्यम के द्वारा कम्प को और तृतीय प्राणायाम के द्वारा विषाद को जीता जा सकता है। इस प्रकार क्रमशः इन तीनों दोषों पर विजय प्राप्त करें। जैसे–सिंह, व्याघ्र और हाथी सेवा के द्वारा कोमल हो जाते हैं, उनकी कठोरता दब जाती है, उसी प्रकार प्राणायाम करने से प्राण योगी के वश में हो जाता हैं। जैसे–हाथीवान मतवाले हाथी को भी वश में करके उसे इच्छानुसार चलाता है, उसी प्रकार योगी वश में किए हुए प्राण को अपनी इच्छा के अधीन रखता है। जैसे–वश में किया हुआ सिंह, केवल मृगों को ही मारता है, मनुष्यों को नहीं, उसी प्रकार प्राणायाम के द्वारा वश में किया हुआ

१– देशबन्धश्चित्तस्य धारणा–किसी एक स्थान में चित्त को बाँधना अर्थात् परमात्मा में मन को स्थापित करना धारणा है।

२– इन्द्रियों को विषयों की ओर से हटाकर चित्त में लीन करना 'प्रत्याहार' कहलाता है।

–मार्कण्डेय ब्रह्मपुराणाङ.क, कल्याण, इक्कीसवें वर्ष का विशेषाड्.क गीता प्रेस गोरखपुर, पृ०सं० १२८

प्राण केवल पापों का नाश करता है, मनुष्य के शरीर का नहीं। इसीलिए योगी पुरुष को सदा प्राणायाम में संलग्न रहना चाहिए।[1]

मार्कण्डेय पुराण में वर्णित ध्वस्ति, प्राप्ति संवित् और प्रसाद–ये मोक्ष रूपी फल प्रदान करने वाली प्राणायाम की चार अवस्थाएँ बताई गई हैं। इसके पश्चात इसके स्वरूप के विषय में मार्कण्डेय पुराण में बताया गया है कि जिस अवस्था में शुभ और अशुभ सभी कर्मो का फल क्षीण हो जाये और जिसकी वासना नष्ट हो जाय, उसको 'ध्वस्ति' नाम से पुकारा गया है। जब योगी इस लोक और परलोक के भोगों के प्रति लोभ और मोह उत्पन्न करने वाली समस्त कामनाओं को रोककर सदा अपने आप में ही सन्तुष्ट रहता है, वह निरन्तर रहने वाली 'प्राप्ति' नामक अवस्था है। जिस समय योगी, सूर्य, चन्द्रमा, नक्षत्र तथा ग्रहों के समान प्रभावशाली होकर उत्तम ज्ञान सम्पत्ति प्राप्त करता है और उस ज्ञान सम्पत्ति से भूत–भविष्य की, बातों को तथा दूर स्थित एवं अदृश्य वस्तुओं को भी जान लेता है, उस समय प्राणायाम की 'संवित्त' नामक अवस्था होती है। जिस प्राणायाम से मन, पॉच प्राणवायु, सम्पूर्ण इन्द्रियॉ और इन्द्रियों के विषय प्रसाद को प्राप्त होते हैं, वह उसकी प्रसाद अवस्था है।[2]

गरुड़ पुराण के प्रथम खण्ड में अष्टाड्.ग योग के समस्त अड्.गों का अत्यन्त विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया है। जिसमें वायु का जय प्राप्त करना ही प्राणायाम कहा गया है।[3] मन्त्र के ध्यान से जो मुक्त होता है वह अगभैक कहा जाता है। इस प्रकार से वह दो एवं तीन प्रकार का होता

१– मार्कण्डेय ब्रह्मपुराणाड्.क वही, पृ०सं० १२६

२– कल्याण, संक्षिप्त मार्कण्डेय–ब्रह्मपुराणांक सम्पादक–हनुमान प्रसाद पोद्दार, चिम्मन लाल गोस्वामी एम०ए०, शास्त्री। पृ० सं० १२६

३– स्वाध्यायः स्यान्मन्त्रजपः प्रणिधानं हरेर्यजिः।
आसनं पद्मकाद्युक्त प्राणायामो मरुज्जयः।। ३२४

है। पूरण करने से वह पूरक होता है, निश्चल होने से कुम्भक और रेचन से रेचक कहा जाता है।[1] बारह मात्राओं वाला लघु प्राणायाम होता है तथा छत्तीस मात्राओं से मुक्त परन श्रेष्ठ होता है। प्राणायाम के विषय में गरुड़ पुराण के द्वितीय खण्ड में बताया गया है कि– वायु का जय प्राप्त करना ही प्राणायाम है। प्रत्येक प्राणायाम पूरक, कुम्भक और रेचक के भेद से तीन प्रकार होता है। जो प्राणायाम लघु होता है वह दश मात्रा वाला होता है। इससे जो दुगुना होता है वह मध्यम होता है।[2] जिनमें लघु में तिगुनी मात्राएँ होती हैं वह उत्तम प्राणायाम कहा गया है। इस प्राणायाम के गर्भ अर्थात् मध्य में जप एवं ध्यान युक्त गर्भ वाला प्राणायाम विपरीतत्व को भक्षण करने वाला होता है।[3] प्रथम प्राणायाम के द्वारा वेपथु अर्थात् कम्प होता है। तृतीय प्राणायाम से विपाक होता है। इस अनुक्रम से ये दोष हुआ करते है। हृदय में प्रणव का ध्यान करके आसन पर स्थित होकर योग करें।

ब्रह्म पुराण में अष्टाड्.ग योग में से मात्र ध्यान और प्राणायाम का अत्यन्त संक्षिप्त रूप में परिचय दिया गया है। ब्रह्म पुराण मनकी एकाग्रता और प्राणायाम को ध्यान के दो भेदों के रूप में स्वीकार करता है।[4] विष्णु पुराण में अभ्यास के द्वारा जो प्राणवायु को वश में किया जाता है

१– मन्त्र ध्यानयुतो गर्भो विपरीतो हयगर्भकः।
एवं द्विधात्रिधाप्युक्त पूरणात् पूरकः स च।
कुम्भको निश्चलत्वाच्च रेचनाद्रेचकस्त्रिया।।३३।।
–गरुड़ पुराण प्रथम खण्ड सम्पादक–पं० श्री राम जी शर्मा आचार्य पृ० सं० १३२

२– (क) सन्तोषस्तपसा शान्तिर्वासुदेवर्चन दमः।
आसनं पद्मकाद्युक्तं प्राणायामो मरुज्जयः।।३।।
(ख) प्रत्वेव त्रिविधः सोऽपि पूरककुम्भकरेचकैः।
लघुर्यो दशमात्रस्तु द्विगुणः स तु मध्यमः।।४।।
–गरुड़ पुराण द्वितीय खण्ड, वही पृ० सं० १६२

३– त्रिगुणाभिस्त मात्राभिरुत्तमः स उदाहृतः।
जप ध्यानयुतो गर्भो विपरीत त्वभक्षकः।।१५
–गरुड़ पुराण, सम्पादक– पं० श्री राम जी शर्मा, आचार्य, पृ०सं० १६३

४– ब्रह्म पुराणाड्.क वही पृ० सं० ५६६

उसे प्राणायाम कहा गया है। वह सबीज (ध्यान तथा मन्त्र पाठ आदि आलम्बन युक्त) और निर्बीज (निरालम्ब) भेद से दो प्रकार का है। सद् गुरू के उपदेश से जब योगी प्राण और अपान वायु द्वारा एक दूसरे का निरोध करता है तो (क्रमश. रेचक और कुम्भक नामक) नामक दो प्राणायाम होते हैं और इन दोनों का ही एक समय संयत करने से (कुम्भक) नामक तीसरा प्राणायाम होता है। जब योगी सबीज प्राणायाम का अभ्यास आरम्भ करता है तो उसका आलम्बन भगवान अनन्त का हिरण्यगर्भ आदि स्थूल रूप होता है।[1]

गायत्री पुराण में प्राणायान का अर्थ श्वास–निःश्वास को संयमित करना बताया गया है। योगियों ने इसके भी अनेक भेद बतलाए हैं, किन्तु सामान्यतः पूरक, रेचक और कुम्भक। ये तीनों क्रियाएं ही प्राणायाम में मुख्य हैं। सुख–पूर्वक बैठा हुआ मनुष्य श्वास खींचने के लिए दॉयी नासिका को बन्द करे और बाँयी नासिका से श्वास खींचे यह पूरक है। खींचे हुए श्वास को भीतर रोक रखने को कुम्भक कहते हैं, फिर दाँयी नासिका से श्वास छोड़नी चाहिए, इस क्रिया को रेचक कहते हैं। यह क्रिया अभ्यास होने पर व्युत्क्रम से भी की जाती है अर्थात् दाँयी नासिका से श्वास रोके और बाँयी नासिका से छोड दें। वस्तुतः इस क्रिया में कुम्भक का भी अपना महत्व है। कुम्भक द्वारा जितनी देर श्वास रोके रखने का अभ्यास किया जायेगा, उतनी ही आयु बढ़ जाती है क्योंकि आयु श्वास पर निर्भर करती है। स्वास्थ्य रक्षा के लिए श्वास शोधनार्थ जो प्राणायाम किया जाता है, उसमें एक नासिका से श्वास खींचते हैं और दूसरे से निकालते हैं। निरन्तर यह करने से नाड़ी शुद्ध होती रहती है।[2] जबकि मत्स्य पुराण में अष्टाड्.ग योग के किसी भी अड्.ग की चर्चा नहीं की गई है।

१– पराशर मुनि प्रणीत–श्री श्री विष्णु पुराण सम्पादक पं० श्री रामजी शर्मा आचार्य, पृ० सं० ५३।

२– गायत्री पुराण, सम्पादक –डा० चमन लाल गौतम, पृ०सं० १६

भविष्य पुराण में कहा गया है कि प्राणायाम से शारीरिक दोष दूर हो जाते हैं। जैसे– आग के ताप में रखने से धातुओं के दोष दग्ध हो जाते हैं, वैसे ही प्राणायान के द्वारा साधक के इन्द्रिय जनित दोष दग्ध हो जाते हैं। जैसे एक हाथ से मन को एव चित्त को शुद्ध कर पवित्र भावनाओं के द्वारा दुर्व्यसनों को शान्त कर मन, बुद्धि को अत्यन्त पवित्र कर लेना चाहिए। अतः चित्त की शुद्धि के लिए प्रयास करना चाहिए। चित्त की शुद्धि होने से शुभ और अशुभ कर्मों का ज्ञान होता है शुभ और अशुभ कर्मों से छुटकारा प्राप्त कर निर्द्वन्द, निर्मम, निष्परिग्रह और निरहङ्कार होकर मोक्ष प्राप्त कर लेता है।[१] कर्म कूर्म पुराण में कहा गया है कि प्राण अपनी देह में उत्पन्न वायु का नाम है उसका आयाम अर्थात् निरोध जिसमें किया जाता है वही प्राणायाम उत्तम–मध्यम और अधम तीन प्रकार का प्रतिपादित किया गया है। वह भी फिर दो प्रकार का कहा गया है– एक सगर्भ होता है और दूसरा अगर्भ है।[२] द्वादश मात्राओं वाला मन्द होता है–चौबीस मात्राओं वाला उत्तम

१– इन्द्रियैर्नियतैदेहीं र्दही धाराभिरिव तृप्यते।
सततममृतस्यैव जनार्दन महामते।।
प्राणायामैर्दहेददोषान् धारणाभिश्च किल्विषम्।
प्रत्याहारेण ससर्गान् ध्यानेनानीश्वरान् गुणान।।
ध्यायमानस्य दह्यन्ते चान्ते दोषा यथाग्निना।
तथेन्द्रियकृता दोषा दह्यन्ते प्राणनिग्रहात्।।
चित्तं चित्तेन सशोध्य भावं भावेन शोध्येत्।
मनस्तु मनसा शोध्य बुद्धिं बुद्ध्या तु शोधयेत्।।
चित्तस्यातिप्रसादेन भाति कर्म शुभाशुभम्।
शुभाशुभ विनिर्मुक्तो निर्द्वन्द्वो निष्परिग्रहः।।
निर्ममो निरहंकारस्ततो याति परा गतिम्।।
कल्याण संक्षिप्त भविष्य पुराणाक पृ० सं० १४४, उद्घृत
ब्राह्मपर्व ।४५/७–११

२– (क) यमाश्चनियमाः प्रोक्ताः प्राणायामन्निबोधत।
प्राणः स्वदेहजोवायुरायामस्तन्निरोधनम्।।३०।।
–कूर्म पुराण, द्वितीय खण्ड, सम्पादक–पं श्री राम जी शर्मा आचार्य, पृ०सं० १०१

प्राणायाम होता है।[1] जो स्वेद, कम्पन, उछ्वास का क्रम से जनन करने वाला होता है तथा मनुष्यों का आनन्द से संयोग होता है वह उत्तमोत्तम होता है। सुनफ नान वाला–हित योग को ही बुध लोग सगर्भ विजय कहते हं। यह योगियों का ही कहा गया हे। प्राणायाम का लक्षण यही ह। व्याहृतियो के सहित प्रणव से युक्त तथा सिर से समन्वित गायत्री मन्त्र का आयत प्राण होकर तीन बार जाप करें। इसी को नाम से प्राणायाम कहा गया है। रेचक, पूरक और कुम्भक ये तीन प्रकार से प्राणायाम कहा जाता है। जिसको यत मन वाले योगियों ने समस्त शास्त्रों में कहा है। बाह्य निःश्वास को ही रेचक कहते हैं और उसका निरोध कर लेना ही पूरक होता है, साम्य से जो संस्थिति होती है। उसे कुम्भक कहा जाता है।[2]

शिव पुराण में प्राणायाम के विषय में कहा गया है कि अपने शरीर में प्रकट की हुई जो वायु है उसको प्राण कहते हैं। उसे रोकना ही उसका आयाम है। उस प्राणायाम के तीन भेद कहे गए हैं– रेचक, पूरक और कुम्भक।[3] नासिका के एक छिद्र को दबाकर या बन्द करके दूसरे से उदरस्थित वायु को बाहर निकालें। इस क्रिया को रेचक कहा गया है। फिर दूसरे नासिका छिद्र के द्वारा बाह्य वायु से शरीर को धौंकनी की भाँति भर लें। इसमें वायु के पूरण की क्रिया होने के कारण इसे 'पूरक' कहा गया है। जब साधक भीतर की वायु को न तो छोडता है, केवल भरे हुए घड़े की भॉति अविचल भाव से स्थित रहता है, तब उस प्राणायाम को कुम्भक नाम दिया जाता

---

१ उत्तमाधयम मध्यत्वात्रिधायं प्रतिपादितः।
य एव द्विविधः प्रोक्तः सगर्भोडगर्भएव च।।३१।
कूर्म पुराण, द्वितीय खण्ड, सम्पादक–पं श्री राम जी शर्मा आचार्य, पृ०सं० १०।
२– मात्राद्वादशको मन्दश्च तुर्विशति मात्रकः।
मध्यानः प्राणसंरोधः षट्त्रिशंन्मात्रिकोडन्तकः।।
–कूर्म पुराण, द्वितीय खण्ड, वही पृ० सं० १०।
३– संक्षिप्त शिव पुराण, स० हनुमान प्रसाद पोद्दार, वही पृ० सं० ६६७

हैं। योग के साधक को चाहिए कि वह रेचक आदि तीनों प्राणायाम को न तो बहुत जल्दी–जल्दी करें और न बहुत देर से करें। साधना के लिए उद्यत हो क्रम–योग से उसका अभ्यास करें। रेचक आदि में नाडी शोधन पूर्वक जो प्राणायाम का अभ्यास किया जाता है, उसे स्वेच्छा से उत्क्रमण पर्यन्त करते रहना चाहिए–यह बात योग शास्त्र में बताई गई है। कनिष्ठ आदि के क्रम से प्राणायाम चार प्रकार का कहा गया है। मात्रा और गुणों के विभाग–तारतम्य से ये भेद बनते हैं। चार भेदो में से जो कन्यक या कनिष्ठ प्रणायाम है यह प्रथम उद्घात[1] कहा गया है इसमें बारह मात्राएँ होती हैं। मध्यम प्राणायाम द्वितीय उद्घात है, उसमें चौबीस मात्राएं होती हैं। उत्तम श्रेणी का प्राणायाम तृतीय उद्घात् हैं, उसमें छत्तीस मात्राएं होती हैं। उससे भी श्रेष्ठ जो सर्वोष्कृष्ट चतुर्थ[2] प्राणायाम है, वह शरीर में स्वेद और कम्प आदि का जनक होता है।[3]

योगी के अन्दर आनन्दजनित रोमाञ्च, नेत्रों से अश्रुपात जल्प भ्रान्ति और मूर्च्छा आदि भाव प्रकट होते हैं। घुटने के चारों ओर प्रदक्षिण–क्रम से न बहुत जल्दी और न बहुत धीरे धीरे चुटकी बजाएँ घुटने की परिकमा में इतनी देर तक एक चुटकी बजती है, उस समय का मान एक मात्रा है। मात्राओं को क्रमशः जानना चाहिए। उद्घात क्रम योग से नाड़ी शोधन पूर्वक प्राणायाम करना चाहिए। प्राणायाम के दो भेद बताए गए हैं।– अगर्भ और सगर्भ। जप और ध्यान के बिना किया गया प्राणायाम 'अगर्भ' कहलाता है और जप तथा ध्यान के सहयोग पूर्वक किए जाने वाले प्राणायाम को सगर्भ कहते हैं अगर्भ से सगर्भ प्राणायाम सौ गुना अधिक उत्तम है। इसलिए योगी जन प्रायः सगर्भ प्राणायाम किया करते हैं। प्राणविजय से ही शरीर की वायुओं पर विजय पाई जाती

१– उद्घात का अर्थ नाभिमूल से प्रेरणा की हुई वायु का सिर में टक्कर खाना है। यह प्राणायाम में देश, काल और संख्या का परिणाम है। –संक्षिप्त शिव पुराण, सं०–हनुमान प्रसाद पोद्दार, पृ० सं० ६६७

२– योग सूत्र में चतुर्थ प्राणायाम का परिचय इस प्रकार दिया गया है। "बाह्यान्तरविषयाक्षेपी चतुर्थः" अर्थात् बाह्य और आभ्यन्तर विषयों को फेंकने वाला प्राणायाम चतुर्थ है।

३– संक्षिप्त शिव पुराण वही, पृ०स० ६६७

है। प्राण, अपान, समान, उदान, व्यान, नाग , कूर्म, कृकल, देवदत्त और धनंजय ये दस प्राणवायु हैं। प्राण प्रयाण करता है, इसलिए इसे प्राण कहते हैं। जो कुछ भोजन किया जाता है, उसे जो वायु नीचे ले जाती है उसको अपान कहते हैं। जो वायु सम्पूर्ण अड्.गों को बढ़ाती हुई उनमें व्याप्त रहती है, उसका नाम व्यान है। जो वायु मर्मस्थानों को उद्वेलित करती है, उसकी 'उदान' संज्ञा है। जो वायु सब अड्.गों को समभाव ले चलती है, वह अपने उस समनयन रूप कर्म से 'समान' कहलाती है। मुख से कुछ उगलने में कारण भूत वायु को 'नाग' कहा गया है। ऑख खोलने के व्यापार में 'कर्म' नामक वायु की स्थिति है। छींक में 'कृकल' और जँभाई में 'देवदत्त' नानक वायु की स्थिति है। 'धनंजय' नामक वायु सम्पूर्ण शरीर में व्याप्त रहती है। वह मृतक शरीर को भी नहीं छोड़ती है। क्रम से अभ्यास मे लाया हुआ यह प्राणायाम जब उचित प्रमाण या मात्रा से युक्त हो जाता है, तब वह कर्त्ता के सारे दोषों को दग्ध कर देता है और उसके शरीर की रक्षा करता है।[1]

प्राण पर विजय प्राप्त हो जाय तो उससे प्रकट होने वाले चिन्हों को भली प्रकार से जानें। पहली बात तो यह होती है कि विष्ठा, मूत्र और कफ की मात्रा घटने लगती है, अधिक भोजन करने की शक्ति हो जाती है और विलम्ब से साँस चलती है। शरीर में हल्कापन आता है। शीघ्र चलने की शक्ति प्रकट होती है। हृदय में उत्साह बढ़ता है। स्वर में मिठास आती है। समस्त रोगों का नाश हो जाता है। बल, तेज और सौन्दर्य की वृद्धि होती है। घृति, मेद्या, भुवापन, स्थिरता, प्रसन्नता आती है। तप प्रायश्चित, या, दान और व्रत आदि जितने भी साधन हैं—ये प्राणायाम की सोलहवीं कला के भी बराबर नहीं है।[2]

१— संक्षिप्त शिव पुराण, हनुमान प्रसाद पोद्दार, गीता प्रेस गोरखपुर, पृ० सं० ६६८
२— संक्षिप्त शिव पुराण, वही।

पातञ्जल योग के अष्टाड्.ग योग मे वर्णित आठ अड्.गो में यन, नियम, आसन ओर प्राणायाम की पुराण वार विशद व्याख्या करने के पश्चात अष्टाड्.ग योग के पंचन अड्.ग प्रत्याहार की चर्चा की जाएगी। प्रत्याहा॰ क्या है? प्रत्याहार को इन आठ अड्.गों में क्यों गिना गया है? या प्रत्याहार की आवश्यकता समाधि में क्यों है? इन सबके विषय में पुराणवार विशद विवेचन किया गया है, जो इस प्रकार है–

मार्कण्डेय पुराण में प्रत्याहार के बारे में कहा गया है कि दृष्टि नासिका के अग्र भाग में स्थिर करे, वह इधर–उधर विचलित न हो। योगाभ्यासी व्यक्ति उस समय रजोगुण के द्वारा तमोगुणी वृत्ति का और सत्व गुण के द्वारा राजसिक वृत्ति का निरास कर केवल मात्र निर्मल तत्व में अवस्थान करता हुआ योग साधन करे। समवाय क्रम से इन्द्रियों और उनके विषयों को तथा मन और प्राणादि वायुओं को वशीभूत करके, कछुआ जिस प्रकार अपने सब अड्.गों को बटोर लेता है उसी प्रकार प्रत्याहार की साधना करनी चाहिए। इस प्रकार काम समूह को प्रत्याहार कर केवल आत्मा में ही लौ लगा देने से आत्मा के द्वारा आत्मा का दर्शन होता है। विचक्षण योगाभ्यासी को कण्ठ से लेकर नाभि पर्यन्त बाह्य और अभ्यान्तरिक देह की शुद्धि करके प्रत्याहार की साधना करनी चाहिए। (१) मार्कण्डेय पुराण मे बताया गया है कि इन्द्रिय, प्राण आदि और मन को उनके विषयों से हटाकर प्रत्याहार का आरम्भ करें। अपने मन को संयम में रखने वाले योगी पुरुष शब्दादि विषयों की ओर जाने वाली इन्द्रियों को उनकी ओर से भोग द्वारा प्रत्याहृत–निवृत्त करते हैं, इसलिए यह प्रत्याहार कहलाता है।[१]

१– संक्षिप्त मार्कण्डेय–ब्रह्म पुराणाड्.क, कल्याण–कार्यालय
गीता प्रेस, गोरखपुर, पृ० सं० १२६

गरुड़ पुराण के प्रथम खण्ड में रोधन करने को ही प्रत्याहार कहा गया है। जबकि गरुड पुराण के द्वितीय खण्ड में प्रत्याहार के विषय में मात्र इतना ही कहा गया है कि अपनी समस्त इन्द्रियों के विषयों से प्राणादि को एव मन का पूर्णतया निगृहीत करके समवाय के द्वारा प्रत्याहार क्रम से करना चाहिए। जबकि ब्रह्म पुराण में मात्र आसन और प्राणायाम की ही चर्चा की गई है शेष यम, नियम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि की चर्चा उक्त पुराण में कही भी उपलब्ध नही हैं।

विष्णु पुराण में प्रत्याहार के बारे में बताया गया है कि प्राणायाम के पश्चात प्रत्याहार का अभ्यास करते हुए शब्दादि विषयों में अनुरक्त हुई अपनी इन्द्रियों को रोककर अपने चित्त की अनुगामिनी बनाता है। ऐसा करने से अत्यन्त, चञ्चल इन्द्रियॉ उसके वशीभूत हो जाती हैं। इन्द्रियों को अपने वश में किए बिना कोई योगी योग–साधना नहीं कर सकता। इस प्रकार प्राणायाम से वायु और प्रत्याहार से इन्द्रियों को वशीभूत करके चित्त को उसके शुभ आश्रय में स्थित करें।[1]

गायत्री पुराण में कहा गया है कि योग का पाँचवा अड्.ग प्रत्याहार है। इसका अर्थ है इन्द्रियों को वश में करना। इन्द्रियॉ बाह्य विषयों की ओर दौड़ती हैं। योगी जन उन्हें उन–उन विषयों से हटाकर अन्तर्मुखी रखने का अभ्यास करते हैं क्योंकि जब तक इन्द्रियॉ बाह्यमुखी रहती हैं, तब तक अपने–अपने विषयों के आस्वाद की इच्छा रखती हैं, जिससे मनुष्य के मन, प्राण और शरीर स्वच्छ नहीं हो पाते। ईश्वर प्रणिधान में यह इन्द्रियाँ बहुत बड़ी बाधा है।[2] मत्स्य पुराण में आष्टाड्.ग योग के किसी भी अड्.ग की चर्चा नहीं की गई है। भविष्य पुराण में प्रत्याहार के विषय में मात्र इतना ही कहा गया है कि प्रत्याहार से संसर्ग जनित दोष दूर हो जाते हैं।[3] शिव पुराण में अष्टाड्.ग योग

१– पराशर मुनि प्रणीत श्री श्री विष्णु पुराण, स०–पं० श्री रामजी शर्मा आचार्य, पृ०सं० ५३१

२– गायत्री पुराण, सम्पादक–डा० चमन लाल गौतम, प्रकाशक, संस्कृति संस्थान, ख्वाजा कुतुब वेदनगर, बरेली, पृ० सं० १६

३– संक्षिप्त भविष्य पुराणाक्ङ, व्यवस्थापक–कल्याण कार्यालय, पत्रालय गीता प्रेस, गोरखपुर पृ०सं० १४४

के पॉचवे अड्.ग प्रत्याहार के विषय में बताया गया है कि अपने–अपने विषय में आसक्त हुई इन्द्रियों को वहॉ से हटाकर जो अपने अन्दर निगृहीत करता है, उस साधन को प्रत्याहार कहते हैं। मन और इन्द्रियॉ ही मनुष्य को स्वर्ग तथा नरक में ले जाने वाली हैं। यदि उन्हें वश में रखा जाय तो वे स्वर्ग की प्राप्ति कराती हैं और विषयों की ओर खुली छोड दिया जाय तो वे नरक में डालने वाली होती हैं। इसलिए सुख की इच्छा रखने वाले बुद्धिमान पुरुष को चाहिए कि वह ज्ञान वैराग्य का आश्रय ले। इन्द्रिय रूपी अश्वों को शीघ्र ही काबू में करके स्वयं ही आत्मा का उद्धार करें।[१]

पातञ्जल योग दर्शन में वर्णित अष्टाड्.ग योग का छठा अड्.ग धारणा हैं धारणा के विषय में मार्कण्डेय पुराण में बताया गया है कि जिसके द्वारा मन को धारण किया जाय, वह धारणा कहलाती है। धारणा दो प्रकार की होती है। तत्वदर्शी योगियों ने भी योगाभ्यास में दो ही प्रकार की धारणा का उल्लेख किया है। नियतात्मा होकर योगाभ्यास करने से योगी के समस्त दोष मिट जाते हैं, शान्ति लाभ होता है, प्राकृत गुण पृथक रूप से दिखाई देते हैं, परब्रह्म का दर्शन होता है। मार्कण्डेय पुराण में पृथ्वी आदि सात प्रकार की सूक्ष्म धारणाएं बताई गई हैं जिन्हें योगी मस्तक में धारण करता हैं। सबसे पहले पृथ्वी की धारणा है उसे धारण करने से योगी को सुख प्राप्त होता है वह अपने को साक्षात् पृथ्वी मानता है। अतः पार्थिव विषय गन्ध का त्याग कर देता है। इसी प्रकार वह जल की धारणा से सूक्ष्म रस का, तेज की धारणा से सूक्ष्म रूप का, वायु की धारणा से स्पर्श का और आकाश की धारणा से सूक्ष्म प्रवृत्ति तथा शब्द का त्याग करता है। जब अपने मन से धारणा के द्वारा सम्पूर्ण भूतों के मन में प्रवेश करता है, तब उस मानसी धारणा को धारण करने के कारण उसका मन अत्यन्त सूक्ष्म हो जाता है। इसी प्रकार योगवेत्ता पुरुष सम्पूर्ण जीवों की वृद्धि में प्रवेश करके परम उत्तम सूक्ष्म बुद्धि को प्राप्त करता है और फिर उसे त्याग देता है।

१–संक्षिप्त शिव पुराण, सम्पादक – हनुमान प्रसाद पोद्दार पृष्ठ सं० ६६८

जो योगी इन सात सूक्ष्म धारणाओं का अनुभव करके उन्हें त्याग देता है, उसको इस संसार में फिर नहीं आना पड़ता। जितात्मा पुरुष क्रमशः इन सातों धारणाओं के सूक्ष्म रूप को देखे और त्याग करता जाये। ऐसा करने से वह परम सिद्धि को प्राप्त होता है। योगी पुरुष जिस–जिस भूत में राग करता है, उसी–उसी में आसक्त होकर नष्ट हो जाता है। इसलिए इन समस्त सूक्ष्म भूतों को परस्पर संसक्त जानकर जो इन्हे त्याग देता है, उसे परमपद की प्राप्ति होती है। पाँचो भूत और मनवृद्धि के इन सातों सूक्ष्म रूपो का विचार कर लेने पर उनके प्रति वैराग्य होता है, जो सद्भाव का ज्ञान रखने वाले पुरुष की मुक्ति का कारण बनता है। जो गन्ध आदि विषयों में आसक्त होता है, उसका विनाश हो जाताा है और उसे बार बार संसार में जन्म लेना पडता है। योगी पुरुष इन सातों धारणाओं को जीत लेने के बाद यदि चाहे तो किसी भी सूक्ष्म भूत में लीन हो सकता है। देवता, असुर, गन्धर्व, नाग और राक्षसों के शरीर में वह भी लीन हो जाता है।[1]

गरुड पुराण के प्रथम खण्ड में योग दर्शन के अष्टाड्.ग योग छठे अड्.ग 'धारणा' के विषय में अत्यन्त सूक्ष्म विवरण ही प्राप्त होता है। यहाँ पर मन की वृत्ति को ही धारणा बताया गया है।[2] द्वितीय खण्ड में बताया गया है जब अट्ठारह प्राणायाम किये जाते हैं तो धारणा विहित होती है। तत्व के जानने वाले योगियों के द्वारा इस प्रकार से दो धारणाओं को ही योग कहा गया है।[3] पहले नाड़ी में, फिर हृदय में और तीसरी, उर स्थल में कण्ठ में, मुख में, नासिका के अग्रभाग में, नेत्र में भ्रूमध्य और मूर्धा में कुछ उससे परे में, उस प्रकार से धारणा दस प्रकार की है जिससे योगाभ्यास

१– संक्षिप्त मार्कण्डेय–ब्रह्मपुराणाड्.क कल्याण–कार्यालय गीता प्रेस, गोरखपुर, पृ०सं० १३१

२– गरुड़ पुराण, सम्पादक–पं० श्री राम जी शर्मा आचार्य पृ०सं० १३४

३– प्राणायामा दशाष्टौ च धारणा स विधीयते।
द्वे धारणे स्मृतो योगो योगिभिस्तत्त्वदर्शिभिः।। –गरुड़ पुराण, द्वितीय खण्ड, पृ०सं० १६३ श्लोक सं० २०

करने वाला अक्षर रूपता को प्राप्त होता है। ब्रह्म पुराण में धारणा के विषय में कोई विशेष तथ्य प्राप्त नहीं होता किन्तु आसन और प्राणायान के विषय में चर्चा अवश्य मिलती हैं। विष्णु पुराण से ज्ञात होता है कि चित्त का सात्विक वृत्ति को किसी बाहरी या भीतरी प्रदेश में लगाना 'स्थापित करना' धारणा है।[2] इसके विषय में बताया गया है कि भगवान का मूर्त रूप चित्त को अन्य आलम्बनों से निःस्पृह कर देता है। इस प्रकार चित्त का भगवान में स्थिर करना ही धारणाा कहलाती है।[3] विष्णु पुराण में कहा गया है कि धारणा बिना किसी आधार के नहीं हो सकती। इसलिए भगवान के जिस मूर्त रूप का जिस प्रकार से ध्यान करना चाहिए उसके विषय में बताया गया है कि जो प्रसन्न वदन और कमल दल के समान सुन्दर नेत्रों वाले हैं, सुन्दर कपोल और विशाल भाल से अत्यन्त सुशोभित हैं और अपने, सुन्दर कानों में मनोहर कुण्डल पहने हुए हैं, जिनकी ग्रीवा शंख के समान और विशाल वक्ष स्थल श्रीवत्स चिन्ह से सुशोभित है, जो तरंगाकर त्रिवली और नीची नाभि वाले उदर से सुशोभित हैं, जिनकी लम्बी लम्बी आठ अथवा चार भुजाएं हैं तथा जिनके जंघा एवं उरू समान भाव से स्थित हैं और मनोहर चरणाविन्द सुघरता से विराजमान हैं, उन निर्मल पीताम्बर धारी ब्रह्म स्वरूप भगवान विष्णु का चिन्तन करें। किराट, हार, केयूर और कटक आदि आभूषणों से विभूषित, शार्ङ्.ग–धनुष, शंख, गदा, खड्ग, चक्र और अक्षमाला से युक्त वरद और अभय हाथों वाले (तथा अंगुलियों में धारण की हुई) रत्नमयी मुद्रिका

१– प्राङ्नाड्यां हृदये चात्र तृतीया चा तथोरसि।
कंण्ठे मुखे नासिकाग्रे नेत्र भ्रूमध्यमूर्धसु ।। २१।।

२– किञ्चित्तस्मात्परस्मिंश्च धारणा दशधा स्मृता
दशैता धारणाः प्राप्य प्राप्नोत्यक्षररूपताम्।।२२।।

३– यथाग्निरग्नौ संक्षिप्त स्तथात्मा परमात्मानि।
ब्रह्मरूप महापुण्यमोमित्येकाक्षरं जपेत्।।२३।।

गरुड़ पुराण, द्वितीय खण्ड, सम्पादक–पं० श्री राम जी शर्मा आचार्य पृ०सं० १६४

से शोभायमान भगवान के दिव्यरूप का योगी को अपना चित्त एकाग्र करके तन्मय भाव से तब तक चिन्तन करना चाहिए जब तक यह धारणा दृढ़ न हो जाय। जब चलते फिरते, उठते बैठते या स्वेच्छानुकूल कोई और कर्म करते हुए भी ध्येय मूर्ति अपने चित्त से दूर न हो तो इसे सिद्ध हुई माननी चाहिए। इसके दृढ़ होन पर बुद्धिमान व्यक्ति शंख, चक्र, गदा और शार्ग्ड आदि से रहित भगवान के स्फतिकाक्ष माला और यज्ञोपवीत धारी शान्त स्वरूप का चिन्तन करें जब यह धारणा भी पूर्ववत स्थिर हो जाये तो भगवान के किरीट, केयूर आदि आभूषणों से रहित रूप का स्मरण करें।[1] विष्णु पुराण में बताया गया है कि जिस प्रकार वायु सहित अग्नि ऊँची ज्वालाओं से युक्त होकर शुष्क तृण समूह को जला डालता है, उसी प्रकार चित्त में स्थित हुए भगवान विष्णु योगियों के समस्त पाप नष्ट कर देते हैं। इसलिए सम्पूर्ण शक्तियों के आधार भगवान विष्णु में चित्त को स्थिर करें, यही शुद्ध धारणा कही गयी है।

गायत्री पुराण में धारणा के विषय में कहा गया है कि योग का छठा अङ्.ग धारणा है। अर्थात् चित्त की वृत्ति यदि नासाग्र पर टिक जाय, तो वह उस अङ्.ग की धारणा कही जाती है। योगी जन चित्त वृत्ति को भौहों के मध्य में, नासाग्र में, हृत्कमल में, सूर्य, चन्द्रमा, नक्षत्र अथवा देव–स्वरूप में स्थिर करने का अभ्यास करते हैं। किसी देव प्रतिमा पर धारण करने से भी प्रत्याहार के अभ्यास में सरलता रहती है। वस्तुतः धारणा ध्यान की ही आरम्भिक किया है। धारणा सुदृढ़ होने पर ध्यान में दृढ़ता आती है।

मत्स्य पुराण के प्रथम खण्ड में योग दर्शन में से मात्र कर्म योग की ही चर्चा की गई हैं जबकि मत्स्य पुराण के द्वितीय खण्ड में योग के किसी भी अङ्.ग की चर्चा नहीं की गई है।

भविष्य पुराण में 'धारणा' के विषय में मात्र इतना ही कहा गया है कि धारणा के द्वारा पूर्वजन्मार्जित कर्म तथा वर्तमान तक के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। अङ्.गों की चर्चा अत्यन्त वृहद्

१– पराशर मुनि प्रणीत, श्री श्री विष्णु पुराण, सम्पादक आचार्य राम जी शर्मा पृ०सं० ५३५

रूप नें की गई है। धारणा के बारे में कहा गया है कि हृदय कमल में अथवा नाभि में मूर्द्धा पर्वों में–मस्तक में एवमादि स्थलों में चित्त के बन्धन को धारणा कहते हैं।[1] शिव पुराण में धारणा के विषय में बताया गया है कि चित्त को किसी–स्थान विशेष में बाँधना–किसी ध्येय विशेष में स्थिर करना ही धारणा है। एक मात्र शिव ही स्थान है। दूसरा नही, क्योंकि दूसरे स्थानो में त्रिविध दोष विद्यमान हैं। किसी नियमित काल तक स्थन स्वरूप शिव में स्थापित हुआ मन जब लक्ष्य से च्युत न हो तो धारणा की सिद्धि समझना चाहिए, अन्यथा नहीं। मन पहले धारणा से ही स्थिर होता है, इसलिए धारणा के अभ्यास से मन को धीर बनाया जा सकता है।[2]

पातञ्जल योग दर्शन मे वर्णित अष्टाड्.ग योग का सातवॉ अड्.ग ध्यान है। गरुड पुराण के प्रथम खण्ड में ध्यान के विषय में बतलाया गया है कि ब्रह्मात्म चिन्तन करने को ही ध्यान कहते हैं।[3] यानि योग साधना की सिद्धि हेतु ईश्वर का ध्यान अपरिहार्य है। यहॉ पर उल्लिखित है कि व्रत, आचार, अर्चना, ध्यान, स्तुति और जाप्य में तत्पर स्वायम्भुव आदि मुनिगण कर्म के द्वारा भगवान श्री हरि का ध्यान करते हैं। वह हरि देह, इन्द्रिय, मन, बुद्धि, प्राण और अहड्.कार से वर्जित है। पृथ्वी से रहित है, आकाश से हीन तथा तेज से विहीन है। जल से रहित और उसके धर्म से परिवर्जित है एवं समस्त भूतों से रहित है।[4]

१– हृत्पुण्डरीके नाभ्यां वा मूध्निपर्वसु मस्तके। एवमादिषु देशषुधारणाचित्तबन्धनम्।।
–कूर्म पुराण, द्वितीय खण्ड, अनुवादित पृ० सं० १०२, श्लोक सं० ३६

२– संक्षिप्त शिव पुराण, सम्पादक हनुमान प्रसाद पोद्दार, पृ०सं० ६६८

३– ब्रह्मात्माचिन्ता ध्यानं स्नादधारणा मनसो धृतिः।
अहं बृह्येत्यवस्थानं समाधिब्रह्मणः स्थितिः
–गरुड़ पुराण प्रथम खण्ड, पं० श्री राम जी शर्मा आचार्य, पृ०सं० १३३, ३५

४– स्वायम्भुवाद्यामुनयो हरिं ध्यायन्ति कर्मणा।
व्रताचारार्चनाध्यानस्तुतिजप्य परायणाः।।
देहेन्द्रियमनोबुद्धि प्राणाहंड्.कारवर्जितम्।
आकाशेन विहीनं वै तेजसा परिवर्जितम्।। –**गरुड़ पुराण, प्रथम खण्ड, वही, पृ०सं० ३०४, श्लोक सं० १ व २**

गरुड़ पुराण मे ध्यान का सबसे अच्छा साधन श्री हरि को बताया गया है क्योंकि वे साक्षात् योगी का स्वरूप थे। उनके योगी होने के स्वरूप का चित्रण पद्म पुराण के श्री हरि ध्यान महात्म्य स्पष्ट किया गया है। श्री हरि सम्पूर्ण भूतों के अध्यक्ष, वृद्ध, नियन्ता–प्रभु–विभु चैतन्य रूपता के रूप वाले–सबके अधिपति और निरंजन हैं मुक्त संग, बलि–महेशान और समस्त देवों के द्वारा प्रपूजित हैं। हरि तेज रूप वाले, असत्व और तप से परिवर्जित रजोगुण से रहित और तीनों गुणों से व्यतिरिक्त हैं। सब प्रकार के रूपों से विहीन और हरि कर्त्तृव्य आदि से विवर्जित हैं। वे वासना से रहित हैं। सम्पूर्ण दोषों से विवर्जित, प्यास से रहित और सतत् शोक से वर्जित है।[1]

भगवान वृद्धावस्था और मरण से रहित कूटस्थ मोह से वर्जित उत्पत्ति से रहित और प्रलय से वर्जित हैं। सम्पूर्ण जागृति, स्वप्न तथा सुषुप्ति की अवस्थाओं से वर्जित है, अर्थात जाग्रति आदि कोई भी अवस्था उसमें नहीं होती है। जाग्रद आदि के अध्यक्ष हैं। शान्त स्वरूप हैं और सुरों के ईश्वर हैं– जाग्रत आदि में स्थित, नित्य कार्य और कारण से वर्जित हैं। भगवान सर्वदृष्ट मूर्त सूक्ष्म तथा परम सूक्ष्मतर हैं। ज्ञान, दृक, और श्रोत्र के विज्ञान वाले परमानन्द के स्वरूप से समन्वित हैं। वे हरि विश्व से रहित और तैजस से विवर्जित, प्राज्ञ से रहित एवं तुरीय तथा परमाक्षर हैं। सबके गोप्ता सभी के हन्ता और समस्त भूतों के आत्म रूपी बुद्धि, धर्म से विहीन, निराधार शिव हैं।[2]

८ भगवान समस्त प्रकार की विक्रियाओं से रहित हैं तथा वेदान्तों के द्वारा जानने योग्य हैं, वेदों के स्वरूप वाले, पर–भूत, इन्द्रियों की पहुँच से परे एवं शुभ स्वरूप वाले हैं। वे शब्द से, रस से,

---

१– वासनारहितं शुद्धं सर्वदोषविवर्जितम्।
पिपासावर्जितं तत्तच्छोकमोहविवर्जितम्।। –गरुड पुराण, प्रथम खण्ड, प० श्री राम जी शर्मा आचार्य
श्लोक ३०४, श्लोक स० ७

२– जरामरणहीनं वै कूटस्थ मोहवर्त्तिम्।
उत्पत्ति रहितञ्चैव प्रलयेन विवर्जितम्।।८।।
सर्वाबारहीनं सत्यं निष्कल परमेश्वरम्।
जाग्रत्स्वप्न सुषुपत्यादिवर्जित नामवर्जितम्।।
– – – –निराधार शिव हरिम्।।१३ –गरुड़ पुराण, प्रथम खण्ड, वही, पृ०सं० ३०५ (८–१३)

स्पर्श से रहित देव हैं। केवल रूप से रहित हैं। रूप, गन्ध से परिवर्जित हैं, अनादि हैं, ब्रह्म–रन्ध्र के अन्त और अह कवल ब्रह्म हूँ, ऐसे स्वरूप वाले हैं।[1] गरुड पुराण से पता चलता है कि जितेन्द्रिय हरि का ज्ञान एवं ध्यान करना चाहिए। जो इस विधि से ध्यान करता है वह मनुष्य ब्रह्म ही हो जाता है।[2]

गरुड़ पुराण के प्रथम खण्ड से यह भी ज्ञात होता है कि हरि का ध्यान करने मात्र से ही माया–तन्त्र का विमर्दन हो जाता है। वह हरि का ध्यान मूर्त्त ध्यान एवं अमूर्त्त ध्यान इन भेदों से दो प्रकार का होता है। यहाँ पर उल्लिखित है कि कुन्द के पुष्प और गाय के समान दुग्ध के धवल वर्ण वाले हरि का ध्यान मुक्ति की इच्छा करने वालों को करना चाहिए। हरि का स्वरूप विशाल एवं परम सौम्य शंख से समन्वित है। यहाँ पर बताया गया है कि भगवान का मूर्ति स्वरूप महामुनियों के द्वारा ध्यान करने के योग्य है–असुरों के द्वारा भी ध्यान करने योग्य है और देवों के द्वारा भी ध्येय है।[3] सम्पूर्ण जगत का ध्यान रखने वाले भगवान विष्णु का जो लोग रीतिबद्ध होकर

१– विक्रियारहितञ्चैव वेदान्तैर्वेद्यमेव च।
वेदरूप परं भूत्तमिद्रियेयः परं शुभम्।।
शब्देन वर्जितञ्चेव रथेन च विवर्जितम्।
स्पर्शेन रहितं देवं रूपपात्रविवर्जितम्।।
रूपेण रहितञ्चैव बन्धेन परिवर्जितम्।
अनादि ब्रह्मरन्धान्तमहं ब्रह्मास्मि केवलम्।।
–गरुड़ पुराण, प० श्री राम शर्मा आचार्य, प्रथम खण्ड, पृ०सं० ३०६ श्लोक १४, १५, १६

२–एवं ज्ञात्वा महादेव ध्यानं कुर्याज्जितेन्द्रियः
ध्यानं य कुरुते ह्येवं स भवेद् ब्रह्म मानवः।।
–गरुड पुराण, वही, श्लोक स० १७

३– प्रवक्ष्यामिहर्ध्यान मायातन्त्र विमर्दकम्।
भूर्त्तामूर्त्तादिभेदेन तद्ध्यानं द्विविधं हर।।
कुन्दगोक्षीरधवलो हरिर्ध्येयो मुमुक्षुभिः।
विशालेन सुसौम्येन शखङ्केन च समन्वितः।।
मुनिध्येयोऽसुरध्येयो देवध्येयोऽतिसुन्दरः।
–गरुड़ पुराण, प्रथम खण्ड, वही, पृ०सं० ३०७, ३०८

ध्यान करते हैं, वे परमोत्तम गति को प्राप्त होते है।

ब्रह्म पुराण में से ज्ञात होता है कि किसी विषय या वस्तु पर इन्द्रियों को केन्द्रित करना ही ध्यान कहलाता है। यहाँ पर भी ईश्वर के ध्यान पर बल देते हुए कहा गया है कि योगी जन ईश्वर का ध्यान करके ही मोक्ष प्राप्त कर सकते हैं। योग का सबसे प्रमुख कर्त्तव्य ध्यान ही है जिसे योगियों का सबसे बडा बल कहा जा सकता है। योग विद्या के ज्ञाता मन की एकाग्रता और प्राणायाम यानि इन्हीं दो को ध्यान बतलाया है। योगी को सब प्रकार की आसक्तियों का त्याग करके मिताहारी और जितेन्द्रिय होना चाहिए। उसे रात्रि के पहले और पिछले भाग में मन को परमात्मा में लगाकर अन्तः करण में ईश्वर के प्रति ध्यान लगाना चाहिए।[2]

ध्यान के स्वरूप की व्याख्या करते हुए ब्रह्म पुराण में कहा गया है कि सम्पूर्ण इन्द्रियों को मन के द्वारा स्थित करके मन को बुद्धि में स्थापित कर दे और पत्थर की भांति अविचल हो जाय, तभी उसे ध्यान एवं योग युक्त कहते हैं। जिस समय उसे सुनने, सूँघने, स्वाद लेने, देखने और स्पर्श करने की अनुभूति नहीं रहती, जब मन में किसी प्रकार का संकल्प नहीं उठता तथा वह काठ की भाँति स्थिर होकर किसी भी वस्तु का अभिमान या सुध–बुध नहीं रखता, उस समय मनीषी पुरूष उस अपने स्वरूप को ध्यान युक्त अथवा योगयुक्त कहते हैं। ध्यान निष्ठ योगी को अपने हृदय में धूमरहित अग्नि, किरण मालाओं से मण्डित सूर्य तथा विद्युत के प्रकाश की भाँति तेजस्वी आत्मा का साक्षात्कार होता है। धैर्यवान, मनीषी, वेदवेत्ता और महात्मा बाह्मण ही उस अजन्मा एवं अमृत स्वरूप ब्रह्म का दर्शन कर पाते हैं।[3]

१– तस्मात्वमपि देवेश विष्णुं चिन्तय शड्.कर।
विष्णुध्यानं पठेद्यस्तु प्राप्नोति परमां गतिम्।।
–गरुड़ पुराण, प्रथम खण्ड, स०–पं० श्री रामजी शर्मा आचार्य, पृ०सं० ३०६ श्लोक सं० १८

२– मार्कण्डेय–ब्रह्म पुराणाड्.क कल्याण संक्षिप्त, इक्कीसवें वर्ष का विशेषांक, गोरखपुर, पृ०स० ५६६

३– मार्कण्डेय–ब्रह्मपुराणाड्.क वही, पृ०सं० ५६६

विष्णु पुराण में बताया गया है कि ईश्वर का ध्यान करते समय परमेश्वर के रूप की ही प्रतीति होती है, ऐसी जो विषयान्तर की स्पृहा से रहित एक अनवरत धारा है, उसे ही ध्यान कहते हैं। यह अपने पूर्व यम–नियमादि छः अङ्गों से निष्पन्न होता है। उस ध्येय पदार्थ का ही जो मन के द्वारा ध्यान से सिद्ध होने योग्य कल्पनाहीन (ध्याता, ध्येय और ध्यान के भेद से रहित) स्वरूप ग्रहण किया जाता है।[1]

गायत्री पुराण में योग का सातवॉ अड्.ग ध्यान बतलाया गया है कि जहॉ चित्त को स्थिर रूप से ठहराया जाय, वहॉ उसकी वृत्ति का समान रूप से ठहरे रहना ही ध्यान है। धारणा में ध्येय के रूप वाली स्थिर वृत्ति की ही ध्यान संज्ञा बनती है अर्थात् निरन्तर ध्येय का बना रहना ही ध्यान है। ध्यान का अधिक अभ्यास ही साधक को समाधि की अवस्था में पहुँचा सकता है।[2] भविष्य पुराण में अष्टाड्.ग योग में से मात्र प्राणायाम, प्रत्याहार तथा ध्यान के विषय में बतलाया गया है। कि संसर्ग जनित दोष एवं ध्यान से जैविक दोषों को त्याग कर ईश्वरीय गुणों को प्राप्त करना चाहिए।[3] कूर्म पुराण में बताया गया है कि देश की स्थिति का अवलम्ब ग्रहण करके ऊपर की ओर जो वृत्ति की सन्तति है, जो कि प्रत्यन्तरों में न हो वही ध्यान होता है।[4]

शिव पुराण के अन्तर्गत ध्यान में 'ध्येयचिन्तायाम्' धातु माना गया है। इसी धातु से 'ल्युट्' प्रत्यय करने पर ध्यान की सिद्धि होती है। अतः विक्षेप रहित चित्त से जो शिव का बारम्बार चिन्तन किया जाता है उसी का नाम ध्यान है। ध्येय में स्थित हुए चित्त की जो ध्येयाकार वृत्ति

१– पराशर मुनि प्रणीत–श्रीश्री विष्णु पुराण, प० श्री रामजी शर्मा आचार्य, पृ०सं० ५३५

२– गायत्री पुराण, सम्पादक डा० चमन लाल गौतम, पृ०सं० २०

३– संक्षिप्त भविष्य पुराणांक संख्या १ कल्याण संक्षिप्त भविश्य पुराणाड्.क, व्यवस्थापक कल्याण कार्यालय,पत्रालयगीता प्रेस, गोरखपुर पृ०सं० १४४

४– देशावस्थिति मागम्ब्यऊद्ध्र्वयावृत्ति सन्ततिः।
प्रत्यन्तरैरसृष्टायातद्ध्यानं सूरयोविदुः।।४०।। –कूर्म पुराण, प० श्री राम शर्मा आचार्य, पृ०सं० १०२

होती है और बीच मे दूसरी वृत्ति अन्तर नहीं डालती उस ध्येयाकार वृत्ति का प्रवाह रूप से बना रहना 'ध्यान' कहलाता है।[1] सब वस्तुओं को छोडकर केवल कल्याणकारी परम देव देवेश्वर शिव का ही ध्यान करना चाहिए। ये ही सबके परम ध्येय हैं। ये दोनों शिवा और शिव सम्पूर्ण भूतों में व्याप्त है। श्रुति, स्मृति एवं शास्त्रों से यह सुना गया है कि शिवा और शिव सर्वव्यापक, सर्वदा उदित, सर्वज्ञ एवं नाना रूपों से निरन्तर ध्यान करने योग्य है इस ध्यान के दो प्रयोजन जानना चाहिए। पहला है मोक्ष और दूसरा प्रयोजन है अणिमा आदि सिद्धियों की उपलब्धि। ध्याता, ध्यान और ध्येय प्रयोजन–इन चारों को अच्छी तरह जान कर योगवेत्ता पुरुष योग का अभ्यास करें। जो ज्ञान और वैराग्य से सम्पन्न श्रद्धालु, क्षमाशील, ममतारहित तथा सदा उत्साह रखने वाला है ऐसा ही पुरुष ध्याता कहा गया है अर्थात् वही ध्यान करने में सफल हो सकता है।[2]

शिव पुराण में उल्लिखित है कि साधक को चाहिए कि वह जप से थकने पर फिर ध्यान करे और ध्यान से थक जाने पर पुनः जप करे। इस तरह जप और ध्यान में लगे हुए पुरुष का योग जल्दी सिद्ध होता है। बारह प्राणायामों की एक धारणा होती है। बारह धारणाओं का ध्यान होता है।[3] कुछ लोग मन की स्थिरता के लिए स्थूल रूप का ध्यान करते हैं। स्थूलरूप के चिन्तन में लगकर जब चित्त निश्चल हो जाता है, तब सूक्ष्म रूप में वह स्थिर होता है। भगवान शिव का चिन्तन करने पर सब सिद्धियॉ प्रत्यक्ष सिद्ध हो जाती हैं। अन्य मूर्तियों का ध्यान करने पर भी शिव रूप का अवश्य चिन्तन करना चाहिए। जिस–जिस रूप में मन की स्थिरता लक्षित हो, उसका बारम्बार ध्यान करना चाहिए। ध्यान पहले सविषय होता है, फिर निर्विषय़ होता है–ऐसा ज्ञानी पुरुषों का कथन है। इस विषय में कुछ सत्पुरुषों का मत है कि कोई भी ध्यान निर्विषय होता ही नहीं। बुद्धि की ही कोई प्रवाह रूपा सन्तति 'ध्यान' कहलाती है, इसलिए निर्विषय बुद्धि केवल

१– संक्षिप्त शिव पुराण, सम्पादक हनुमान प्रसाद पोद्दार, पृ०सं० ६६८
२– संक्षिप्त शिव पुराण, वही पृ०सं० ६६६
३– संक्षिप्त शिव पुराण, वही

निर्गुण–निराकार ब्रह्म में ही प्रवृत्त होती है। अतः सविषय ध्यान प्रातः काल के सूर्य की किरणों के समान ज्योति का आश्रय लेने वाला है तथा निर्विषय ध्यान सूक्ष्म् तत्त्व का अवलम्दन करने वाला है। इन दो के सिवा और कोई ध्यान वास्तव में नहीं है अथवा सविषय ध्यान साकार स्वरूप का अवलम्बन करने वाला है तथा निराकार स्वरूप का जो बोध या अनुभव है, वही निर्विषय ध्यान माना गया है। वह सविषय और निर्विषय ध्यान क्रमशः सबीज और निर्बीज कहा जाता है। निराकार का आश्रय लेने से उसे निर्बीज और साकार का आश्रय लेने से सबीज की संज्ञा की गई है। अतः पहले सविषय या सबीज ध्यान करके अन्त में सब प्रकार की सिद्धि के लिए निर्विषय अथवा निर्बीज ध्यान करना चाहिए। प्राणायाम करने से क्रमशः शान्ति आदि दिव्य सिद्धियॉं सिद्ध होती हैं। उनके नाम हैं– शांति, प्रशांति, दीप्ति और प्रसाद। समस्त आपदाओं के शमन को ही शांति कहा गया है।[१]

ध्याता, ध्यान और ध्यान प्रयोजन इन चारों को जानकर ध्यान करने वाला पुरूष ध्यान करें। जो ज्ञान और वैराग्य से सम्पन्न हो, सदा शान्तचित्त रहता हो, श्रद्धालु हो और जिसकी बुद्धि प्रसाद गुण से युक्त हो, ऐसे साधक को ही सत्पुरुषों ने ध्याता कहा है। 'ध्यैचिन्तायां' यह धातु है जिसका अर्थ है चिन्तन। भगवान शिव का बारम्बार चिन्तन ही ध्यान कहलाता है। जैसे थोड़ा सा भी योगाभ्यास पाप का नाश कर देता है, उसी तरह क्षणमात्र भी ध्यान करने वाले पुरुष के सारे पाप नष्ट हो जाते हैं। श्रद्धा पूर्वक, विक्षेप–रहित चित्त से परमेश्वर का जो चिन्तन है, उसी का नाम 'ध्यान' है। बुद्धि के प्रवाहरूप ध्यान का जो आलम्बन या आश्रय है, उसी को साधु पुरूष 'ध्येय' कहते हैं। स्वयं साम्ब सदाशिव ही वह ध्येय हैं। मोक्ष सुख का पूर्ण अनुभव और अणिमा आदि ऐश्वर्य की उपलब्धि–ये पूर्ण शिव ध्यान के साक्षात् प्रयोजन कहे गये हैं। ध्यान से सौख्य और मोक्ष दोनों की प्राप्ति होती है। इसलिए मनुष्य को सबकुछ छोड़ कर ध्यान में लग जाना चाहिए।

१– संक्षिप्त शिव पुराण, पृ० सं० ७०४

बिना ध्यान के ज्ञान नहीं होता और जिसने ध्यान का योग नही किया है, उसका ध्यान नहीं सिद्ध होता। जिसे ध्यान और ज्ञान दोनों प्राप्त हैं, उसने भवसागर को प्राप्त कर लिया है। समस्त उपाधियों से रहित निर्मल ज्ञान और एकाग्रतापूर्ण ध्यान– ये योगाभ्यास से युक्त योगी को ही सिद्ध होते हैं। जिनके सारे पाप नष्ट हो गये हैं उन्हीं की बुद्धि ज्ञान और ध्यान में लगती है। जिनकी बुद्धि पाप से दूषित है उनके लिए ज्ञान और ध्यान की बात अत्यन्त दुर्लभ है। जैसे प्रज्जवलित हुई आग सूखी और गीली लकड़ी को भी जला देती है, उसी प्रकार ध्यानाग्नि शुभ और अशुभ कर्म को भी क्षणभर में दग्ध कर देती है। जैसे बहुत छोटा सा दीपक भी महान अंधकार का नाश कर देता है, उसी तरह थोड़ा सा योगाभ्यास भी महान पाप का विनाश कर डालता है। श्रद्धापूर्वक क्षण भर भी परमेश्वर का ध्यान करने वाले पुरुष को जो महान श्रेय प्राप्त होता है, उसका कहीं अन्त नहीं है।[१]

ध्यान के समान कोई तीर्थ नहीं हैं, ध्यान के समान कोई तप नहीं है। और ध्यान के समान कोई यज्ञ नहीं है।[२] अपने आत्मा एवं परमात्मा का बोध प्राप्त करने के कारण योगी जन केवल जल से भरे हुए तीर्थों देव मूर्तियों का आश्रय नहीं लेते (वे आत्म तीर्थ में अवगाहन करते और आत्मदेव के ही भजन में लगे रहते हैं) जैसे अयोगी पुरुषों को मिट्टी और काठ आदि की बनी हुई स्थूल मूर्तियों का प्रत्यक्ष होता है, उसी तरह योगियों को ईश्वर के सूक्ष्म स्वरूप का प्रत्यक्ष दर्शन होता है। जैसे लोक में यह देखा गया है कि बाहरी लोग राज्य के भवन में राजकीय पुरुषोचित फल का उपयोग नहीं कर पाते, केवल अन्तःपुर के भागी लोग ही उस फल के भागी होते हैं, उसी

१– यथा वहिर्न्महादीप्तः शुष्कमार्द्रं च निर्दहेत्। तथा शुभाशुभं कर्म ध्यानाग्निर्दहते क्षणात्।।
ध्यायतः क्षणमात्रं वा श्रद्धयां परमेश्वरम्। यम्दवेत्
सुमहच्छ्रेयस्तस्यान्तो नैव विद्यते।।
–शिव पुराण वशिष्ठ, सं० उ० खं० ३६/२५, २७ पृ०सं० ७०५

२– नास्ति ध्यानसमं तीर्थं नास्ति ध्यानसमं तपः।
नास्ति ध्यानरूपो यज्ञस्तस्माद्धयानं समाचरेत्।।
–शिव पुराण वाभिष्ठ, सं०उ० सं० ३६/२८

प्रकार यहां बाह्यकर्मी पुरुष उस फल को नही पाते, जो ध्यान योगियों का सुलभ होता है।[1]

पातञ्जल योग दर्शन में संकलित, अष्टाङ्.ग योग दर्शन का आठवॉ अङ्.ग 'समाधि' है, जिसका पुराणवार विवेचन निम्नवत् है।

गरुड़ पुराण में समाधि के विषय में कहा गया है कि मैं ही ब्रह्म हूँ– इस प्रकार की जो अतस्थिति होने पर ब्रह्म की स्थिति को प्राप्त हो जाना है, उसे ही समाधि कहा जाता है।[2] दूसरी ओर विष्णु पुराण से पता चलता है कि किसी ध्येय पदार्थ का ही जो मन के द्वारा ध्यान से सिद्ध होने योग्य कल्पनाहीन (ध्याता, ध्येय और ध्यान के भेद से रहित) स्वरूप ग्रहण किया जाता है, उसे समाधि कहते हैं। समाधि से भगवत्साक्षात्कार रूप विज्ञान ही प्राप्तव्य परब्रह्म तक पहुँचाने वाला है तथा सम्पूर्ण भावनाओं से रहित एक मात्र आत्मा ही प्रापणीय यानि वहॉ तक पहुँचने वाला है।[3]

तदन्तर गायत्री पुराण में उल्लिखित है कि जिस अवस्था में ध्येय मात्र की ही प्रतीति रहे और चित्त का अपना स्वरूप शून्य हो जाय वही ध्यानावस्था समाधि का रूप ले लेती है। वस्तुतः साधक जब ध्यान का आरम्भ करता है तब उसे यह बोध रहता है कि अमुक ध्येय का ध्यान करता हूँ। उस समय उसे धाता, ध्येय और ध्यान तीनों का आभास पृथक–पृथक होता है। किन्तु ध्यान का आभास बढ़ते बढ़ते जो चित्त धाता है, वह ध्येय रूप में बदल जाता है। उस स्थिति में न तो अपने स्वरूप का बोध रहता है और न यही बोध रहता है कि मैं ध्यान कर रहा हूँ। केवल ध्येय स्वरूप का ही बोध रहता है। समाधि का यही स्वरूप है। (१) सांसारिक प्राणी यदि योग के

१– सक्षिप्त शिव पुराण, सम्पादक हनुमान प्रसाद पुद्दार, पृ०सं० ७०५

२– ब्रह्मात्माचिन्ता ध्यानं स्याद्धरणा मनसो धृतिः।
अहं ब्रह्मेत्यवस्थानं समाधिर्ब्रह्मणः स्थितिः।।
गरूड पुराण, प्रथम खण्ड, सम्पादक–प० श्री श्री रामजी शर्मा, पृ०सं० १३३ श्लोक संख्या ३५

३– पराशर मुनि प्रणीत श्री श्री विष्णु पुराण, पृ०स० ५३५

४– गायत्री पुराण, अनुवादित, डा० चमन लाल गौतम, पृ०सं० २०, २१

द्वारा ईश्वर को प्राप्त करना चाहे तो उसे ब्रह्म के निर्विकार रूप में आस्था रखकर साकार रूप का ध्यान सरल होता है। उसी पर ब्रह्न की परा विद्या महाशक्ति के अनेक रूप हे, उनमें एक रूप गायत्री संज्ञक भी है। उसी गायत्री को सावित्री भी कहते हैं। उसका ध्यान परम कल्याणकारी है।

शिव पुराण में समाधि को योग का अन्तिम अड्.ग बताया गया है। जिसके विषय में वर्णित है कि बारह धारणाओं का ध्यान होता है और बारह ध्यान की एक समाधि होती है।[1] समाधि से सर्वत्र बुद्धि का प्रकाश फैलता है। समाधि शब्द को परिभाषित करते हुए शिव पुराण में कहा गया है कि जिस ध्यान में केवल ध्येय ही अर्थरूप से भासता है, ध्याता निश्चल महासागर के समान स्थिर भाव स्थित रहता है और ध्यान स्वरूप से शून्य सा हो जाता है, उसे 'समाधि' कहते हैं।[2]जो योगी ध्येय में चित्त को लगाकर सुस्थिर भाव से उसे देखता है और बुझी हुई आग के समान शान्त रहता है, वह समाधिस्थ कहलाता है। वह न सुनता है, न सूँघता है, न बोलता है, न देखता है न स्पर्श का अनुभव करता है, न मन से संकल्प–विकल्प करता है, न उसमें अभिमान की वृत्ति का उदय होता है और न वह बुद्धि के द्वारा ही कुछ समझता है। केवल काष्ठ की भाँति स्थित रहता है।[3] यानि शिव पुराण में इसी तरह शिव में लीन चित्त हुए योगी को समाधिस्थ कहा गया है। जैसे वायु रहित स्थान में रखा हुआ दीपक कभी हिलता नहीं है– निस्पन्दन बना रहता है, उसी तरह समाधिनिष्ठ शुद्ध चित्त योगी भी उस समाधि से विचलित नहीं होता–सुस्थिर भाव से स्थिर रहता है। इस योगी के सारे अन्तराय नष्ट हो जाते हैं, सम्पूर्ण विघ्न भी धीरे–धीरे नष्ट हो जाते हैं और वह कैवल्य प्राप्ति हेतु, दृढ़चित्त हो जाता है।

१– संक्षिप्त शिव पुराण, सम्पादक हनुमान प्रसाद पुद्दार, पृ०सं० ६६६
२– संक्षिप्त शिव पुराण, वही, पृ०स० ६६६
३– संक्षिप्त शिव पुराण, वही।

गया और उसने भगवल्लोक को प्राप्त कर लिया। भक्त को भी चाहिए क्या? भगवान् की सन्निधि में आकर अपने संचित कर्मों को='पत्रं पुष्पं' को—उन्हें अर्पण कर दिया। सुदामा की भाँति जीव कुछ देर तक संशय में रहता है कि अर्पित वस्तु को जगदीश ने स्वीकार किया या नहीं, परन्तु जब जीव अपनी कुटिया—भौतिक शरीर को देखता है, तब उसे सर्वत्र चमकती हुई पाता है, जन्म-जन्म की मलिनता धुल जाती है, वह पवित्र भवन बन जाता है, जिसमें वह अपनी सुबुद्धि के साथ निवास करता हुआ विषयों से विरक्त रहकर परम सौख्य का अनुभव करता है। भगवान् की अनुकम्पा का फल देर से थोड़े ही मिलता है! भक्तजन इसी शरीर में उनका साक्षात् अनुभव करते हैं।

साधना करनेवालों को सुदामा बनना चाहिए। हम अपने-अपने तण्डुल लेकर भगवान् के सामने चलें, वे करुणावरुणालय उसे अवश्य ग्रहण करेंगे, हमारा दुःख दूर कर देंगे, मायापाश से हमें अवश्य छुड़ा देंगे, परन्तु हम यदि सच्चे भाव से अपनी प्रत्येक इन्द्रिय को उसी की सेवा में लगा दें। भागवत के इन पद्यरत्नों को स्मरण कीजिए—

सा वाग् यया तस्य गुणान् गृणीते करौ च तत्कर्मकरौ मनश्च।
स्मरेद् वसन्तं स्थिरजङ्गमेषु शृणोति तत्पुण्यकथाः स कर्णः॥
शिरस्तु तस्योभयलिङ्गमानमेत् तदेव यत्पश्यति तद्धि चक्षुः।
अङ्गानि विष्णोरथ तज्जनानां पादोदकं यानि भजन्ति नित्यम्॥

भगवान् के प्रति सर्वथा समर्पण में ही जीव का परम कल्याण है। साधकों की समस्त इन्द्रियाँ यदि उस मंगल-मूर्ति की आराधना में लगा दी जायँ तो निःसन्देह ही उनका कल्याण होगा। पुराणों के दार्शनिक सिद्धान्तों का इसी में पर्यवसान है।

(५) श्रीमद्भागवत में योगचर्या

भागवत का योग पौराणिक योग का एक अंशमात्र है तथा योगशास्त्र के इतिहास की दृष्टि से उसका स्थान औपनिषद् योग तथा पातञ्जल योग के मध्य के काल में आता है। भागवत में भक्ति के साथ-साथ अष्टाङ्गयोग का भी प्रचुर वर्णन है। यह वर्णन दो प्रकार से किया गया मिलता है। कई स्थलों पर योगसाधन की क्रियाओं का अप्रत्यक्ष रूप से संकेतमात्र किया गया है। परन्तु अन्य स्थलों पर योग का प्रत्यक्ष रूप से विशद विवेचन किया गया है। योग के अप्रत्यक्ष संकेत प्रायः दो प्रसङ्गों में किये गये मिलते हैं। किसी विशेष व्यक्ति की तपश्चर्या के वर्णन के अवसर पर योग का आश्रय लिये जाने का संकेत मिलता है तथा किसी महान् व्यक्ति के इस भौतिक शरीर के छोड़ने

का जहाँ वर्णन है, वहाँ भी योगमार्ग का आलम्बन कर प्राणत्याग की घटना का संक्षिप्त परन्तु मार्मिक उल्लेख उपलब्ध होता है। इस प्रकार महापुरुषों के तपश्चरण तथा शरीर-त्याग के दोनों अवसरों पर विशेष रूप से योग की ओर संकेत किया गया मिलता है।

पहले योग-विषय में अप्रत्यक्ष निर्देशों की बात कही जायगी। ऐसे प्रसंग भागवत के प्रथम स्कन्ध में कई बार आये हैं[1]। नारदजी ने अपने जीवन-चरित से एक ऐसे प्रसङ्ग का उल्लेख किया है—

(१) जब ये बालक थे, तब उन्हें अध्यात्मवेत्ता मुनियों के संसर्ग में रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। लड़कपन में ही उनकी माता का देहपात हो गया, तब नारदजी ने उत्तर दिशा में जाकर मुनियों के मुख से सुने गये भगवान् का साक्षात्कार करने का निश्चय किया। तब निर्जन स्थान में उन्होंने भगवान् के चरणकमलों में अपना मन लगाकर ध्यान धरा, जिससे भगवान् ने प्रसन्न होकर अपना दर्शन दिया। इस प्रसङ्ग में 'मनःप्रणिधान' जैसे पारिभाषिक शब्द का उल्लेख मिलता है[2]।

(२) नारदजी के उपदेश से व्यासजी ने भगवान् की विविध लीलाओं के वर्णन करने का विचार किया। तदनुसार उन्होंने सरस्वती नदी के पश्चिम तट पर स्थित शम्याप्रास नामक आश्रम में आसन मारकर भगवान् में अपना मन लगाकर भक्तिपूर्वक ध्यान धरा। उनका निर्मल मन इतने अच्छे ढंग से समाहित हुआ कि उन्होंने भगवान् का साक्षात्कार कर लिया[3]। आसन तथा मनःप्रणिधान का उल्लेख स्पष्ट ही है।

(३) भीष्म पितामह के देहत्याग के अवसर पर व्यासजी ने ऋषि-मुनियों के अतिरिक्त पाण्डवों के साथ भगवान् श्रीकृष्णचन्द्र को भी उस स्थान पर लाकर एकत्र किया है। अन्तिम अवसर पर सब लोग भीष्म को देखने को आये, श्रीकृष्ण भी पधारे। भीष्म सच्चे पारखी थे, भावुक भक्त थे। उन्होंने श्रीकृष्ण की ललित स्तुति की तथा अन्त समय में भगवान् में मन, वचन, दृष्टि की वृत्तियों से अपनी आत्मा को लगाकर अन्तःश्वास लिया तथा शान्त हो गये।[4] इस प्रसङ्ग में भीष्म ने अपने शरीर को योगक्रिया से छोड़ा, यह बात स्पष्ट ही है। अन्तिम बार श्वास को भीतर खींचकर ब्रह्मरन्ध्र से प्राणत्याग करना योग की महत्त्वपूर्ण क्रिया समझी जाती है।

---

१. श्रीमद्भागवत १।६।१६, १७।

२. श्रीमद्भागवत १।६।२०।

३. श्रीमद्भागवत १।७।३४।

४. श्रीमद्भागवत १।९।४३।

(४) देवहूति सांख्यशास्त्रप्रवर्तक कपिल मुनि की पूजनीय माता थीं। बहुत आग्रह करने पर कपिल ने उन्हें योग की शिक्षा दी। परिणाम यह हुआ कि उन्होंने अपना देहत्याग समाधि के द्वारा किया।[1]

(५) चतुर्थ स्कन्ध में सती के शरीरदाह की कथा वर्णित है। अपने पिता दक्ष प्रजापति के द्वारा किये गये शिवजी के निरादर के कारण सती ने अपने शरीर को जला दिया था। गोसाइंजी 'जोग अगिन तनु जारा' लिखकर योगाग्नि में सती के भस्म होने की बात लिखकर चुप हैं, परन्तु व्यासजी ने एक श्लोक में उसकी समग्र योगक्रिया का यथार्थ वर्णन किया है[2]। इस पद्य की शुकदेवकृत सिद्धान्त-प्रदीप तथा विजयराघवकृत भागवत चन्द्रिका-व्याख्या में बड़ी मार्मिक व्याख्या की गयी है। सती ने पहले आसनजय किया—आसन मारकर इस प्रकार बैठ गयीं कि प्राण-सञ्चारजनित अङ्ग-सञ्चालन बिलकुल बन्द हो गया। तब प्राण और अपान का निरोध कर एकवृत्ति बना नाभिचक्र (मणिपूर) में रखा। अनन्तर नाभिचक्र से उदानवायु को उठाकर हृदय (अनाहत) में ले आयीं; निश्चय बुद्धि के साथ वहाँ से भी वायु को कण्ठमार्ग (विशुद्धिचक्र) से भ्रूमध्य (आज्ञाचक्र) में ले आयीं। उदान को वहीं टीकाकर सती ने अपने अंगों में वायु तथा अग्नि की धारणा धारण की। परिणाम स्पष्ट ही हुआ। शरीर एकदम जल उठा। इस वर्णन में शरीर के विभिन्न चक्रों तथा तद्द्वारा वायु को ऊपर ले जाने की क्रिया का उल्लेख नितान्त स्पष्ट है।

(६) नारदजी ने ध्रुव को आसन मार प्राणायाम के द्वारा प्राण, इन्द्रिय तथा मन के मल को दूर कर समाहित मन से भगवान् के ध्यान करने का उपदेश दिया था।[3] ध्रुव ने उसी मार्ग का अवलम्बन किया तथा अल्प समय में ही वह भगवान् का साक्षात्कार करने में समर्थ हुआ।[4] ध्रुव को नारद ने अष्टाङ्गयोग का ही उपदेश दिया था, इसका पूरा पता 'कृत्वोचितानि' पद्य की भागवत–चन्द्रिका के देखने से लग सकता है। 'उचितानि कृत्वा' में यम-नियम का, 'कल्पितासन:' में आसन का, 'मलं व्युदस्य' में प्राणायाम तथा प्रत्याहार का, 'ध्यायेत्' में ध्यान के धारणापूर्वक होने के कारण तथा ध्यान का विधान किया गया है अर्थात् पूरे अष्टाङ्गयोग का उपदेश है।

१. श्रीमद्भागवत ३।३३।२७
२. ,, ४।४।२५, २६
३. ,, ४।८।४४
४. ,, ४।८।७७

(७) दधीचि ऋषि से देवताओं ने वज्र बनाने के लिए उनकी हड्डियाँ माँगी, तब लोकोपकार की उन्नत भावना से प्रेरित होकर ऋषि ने उनकी प्रार्थना को अंगीकार किया तथा इन्द्रिय, प्राण, मन और बुद्धि का नियमन कर परम योग का आश्रय लिया। उस समय उन्हें खबर ही न लगी कि उनका शरीरपात कब हो गया।[1]

(८) वृत्र ने भी अपनी मृत्यु के समय भगवान् के चरण-कमलों में मन लगाकर समाधि के द्वारा अपने प्राण छोड़े।[2]

(९) अदिति ने 'पयोव्रत' नामक महत्त्वपूर्ण व्रत भगवान् की प्रसन्नता के लिए किया। भगवान् प्रसन्न हो गये और उन्होंने अदिति के उदर से जन्म धारण करना स्वीकार कर लिया। महर्षि कश्यप को इस अद्‌भुत घटना का ज्ञान समाधियोग से बिना किसी के जनाये ही हो गया।[3]

(१०) श्रीकृष्ण के जीवनचरित में अनेक प्रसङ्ग भागवत के दशम स्कन्ध में वर्णित हैं, जिनमें योग का आश्रय लेकर उन्होंने अत्यन्त आश्चर्यजनक अलौकिक घटनाओं को घटित किया है। श्रीकृष्ण तो भगवान् के पूर्णावतार ठहरे—'कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्'। अतः अलौकिक घटनाओं को उत्पन्न करना उनकी शक्ति के एक कण का कार्य है, परन्तु इन सब अद्‌भुत कार्यों की उत्पत्ति श्रीकृष्ण ने अपने योगबल से की थी, इसका उल्लेख बारम्बार मिलता है। वह अनेक बार 'योगी' तथा योगियों में श्रेष्ठ 'योगेश्वरेश्वरः' बतलाये गये हैं। ब्रह्मा ने ग्वालों तथा गौओं को जब पर्वत की कन्दरा में चुराकर रख छोड़ा था, तब श्रीकृष्ण ने अपने शरीर को ही उतने ही गोपों तथा गौओं में परिवर्तित कर जो चमत्कार किया था[4] वह योग की 'कायव्यूह' सिद्धि का उज्ज्वल दृष्टान्त है। श्रीकृष्ण ने प्रबल दावाग्नि से गोपों की जो रक्षा की थी, उसमें उनका 'योगवीर्य' ही प्रधान कारण था।[5] रासलीला के समय में वृन्दावनचन्द्र श्रीकृष्ण ने जो अलौकिक लीलाएँ दिखायीं, उसमें उनका योगमाया का आश्रय लेना भी एक कारण था।[6] जब यादवों के भार से भी व्यथित इस भूमण्डल को श्रीकृष्ण ने भार-विहीन कर तथा जीवनदान देकर अपने लोक में जाने का विचार किया, उस समय भी श्रीकृष्ण ध्यान लगाकर अपने

---

१. श्रीमद्‌भागवत ६।१०।१२
२. ,, ६।११।२१
३. ,, ८।१७।२२
४. ,, १०।१३।१९
५. ,, १०।१९।१४
६. ,, १०।२९।१

परम रमणीय शरीर को आग्नेयी योगधारणा से बिना जलाये ज्यों-के-त्यों अपने शरीर के साथ अपने लोक में चले गये[1]। 'साधारण योगी अग्नि-धारण से अपने शरीर को भस्म कर देता है। श्रीकृष्ण ने भी वह धारणा अवश्य की, परन्तु अपने शरीर को बिना भस्म किये सशरीर ही अपने धाम में चले गये[2]। इस प्रकार श्रीकृष्ण के जीवनचरित को आदि से अन्त तक व्यासजी ने योग-सिद्धियों से परिपूर्ण प्रदर्शित किया है।

योग का प्रत्यक्ष वर्णन

भागवत के तीन स्कन्धों में योग का विशेष विवरण दिया गया है—दूसरे स्कन्ध के अध्याय १ तथा २ में; तीसरे स्कन्ध के २५वें तथा २८वें अध्यायों में कपिलजी का अपनी माता देवहूति के प्रति योग का उपदेश, और फिर एकादश स्कन्ध के अध्याय १३ में सनकादिकों को हंसरूपधारी भगवान् के द्वारा योग का वर्णन, अ० १४ में ध्यानयोग का विशद वर्णन, अ० १५ में अणिमा आदि अठारह सिद्धियों का वर्णन, अ० १९ में यमनियमादि का वर्णन, अ० २८–२९ में यथाक्रम ज्ञानयोग और भक्तियोग के साथ अष्टाङ्गयोग का।

योग के आठ अङ्ग हैं—यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि। इनमें यम तथा नियम का संक्षिप्त वर्णन ग्यारहवें स्कन्ध के अध्याय १९ में यत्किञ्चित् मिलता है। पातञ्जल सूत्रों में तो यम तथा नियम केवल पाँच प्रकार के ही बतलाये गये हैं, परन्तु भागवत में उनमें से प्रत्येक के बारह भेद माने गये हैं।

यम के द्वादश भेद—[3](१) अहिंसा, (२) सत्य, (३) अस्तेय,

---

१. संयोज्यात्मनि चात्मानं पद्मनेत्रे न्यमीलयत्॥
लोकाभिरामां स्वतनुं धारणाध्यानमङ्गलम्।
योगधारणयाग्नेय्या दग्ध्वा धामाविशत् स्वकम्॥
—(श्रीमद्भागवत, ११।३१।५-६)

२. उक्त श्लोक की व्याख्या में मान्य टीकाकारों में भी मतभेद दिखायी पड़ता है। श्रीधर स्वामी के 'अदग्ध्वा' पदच्छेद को मानकर वीरराघव, विजयध्वज, जीव गोस्वामी आदि सब टीकाकारों ने एक समान ही अर्थ किया है, परन्तु निम्बार्कमतानुयायी श्रीशुकदेव ने अपने सिद्धान्त-प्रदीप में 'दग्ध्वा' पदच्छेद कर 'स्ववियोगाधिना सन्तापयित्वा' अर्थ कर विद्युत् के अदृश्य होने की तरह भगवत्तनु के अन्तर्धान होने की बात लिखी है।

३. श्रीमद्भागवत ११।१९।३३

(४) असंग, (५) ह्री, (६) असंचय, (७) आस्तिक्य, (८) ब्रह्मचर्य, (९) मौन, (१०) स्थैर्य, (११) क्षमा, (१२) अभय।

नियम के द्वादश भेद[१]—(१) शौच—बाह्य, (२) आभ्यन्तर, (३) जप, (४) तप, (५) होम, (६) श्रद्धा, (७) आतिथ्य, (८) भगवदर्चन, (९) तीर्थाटन, (१०) परार्थचेष्टा, (११) सन्तोष, (१२) आचार्यसेवन।

इन यमों में अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य तथा अपरिग्रह (भागवत का छठा 'असंचय') पातञ्जल दर्शन में भी हैं, शेष सात नये हैं। नियमों में उसी भाँति शौच, सन्तोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वरप्रणिधान (भागवत का आठवाँ 'भगवदर्चन') पातञ्जल दर्शन में भी हैं, शेष नये हैं।

आसन—यह योग का तीसरा अंग है। शुद्ध, पवित्र तथा एकान्त स्थान में आसन लगाना चाहिए। जहाँ कहीं हल्ला नहीं हो, निर्जनता के कारण शान्ति विराजती हो, वैसा ही स्थान आसन लगाने के लिए चुनना चाहिए। आसन 'चैलाजिनकुशोत्तर' होना चाहिए। इसका 'कल्पितासन' शब्द के द्वारा भागवत में स्थान-स्थान पर संकेत है। योग में अनेक आसन बतलाये गये हैं। स्वस्तिकासन से बैठे तथा उस समय अपने शरीर को बिल्कुल सीधा बना रखे—

गृहात् प्रव्रजितो धीरः पुण्यतीर्थजलाप्लुतः।
शुचौ विविक्त आसीनो विधिवत् कल्पितासने॥
—(श्रीमद्भाग०, २।१।१६)

'घर से निकला हुआ वह धीर पुरुष पुण्यतीर्थों के जल में स्नान करे और शुद्ध एकान्त स्थान में विधिपूर्वक बिछाये हुए आसन पर आसीन हो।'

शुचौ देशे प्रतिष्ठाप्य विजितासन आसनम्।
तस्मिन् स्वस्ति समासीन ऋजुकायः समभ्यसेत्॥
—(३।२८।८)

'शुचि देश में आसन लगाकर आसन को जीते, पीछे स्वस्तिकासन लगा कर सीधा शरीर करके अभ्यास करें।'

इस श्लोक में श्रीधरस्वामी के अनुसार 'स्वस्तिक' पाठ माना जाता है। अन्य टीकाकारों ने 'स्वस्ति समासीनः' पाठ माना है तथा पद्मासन अथवा सिद्धासन से सुखपूर्वक बैठें; ऐसा अर्थ किया है। अतः भागवत में किसी एक आसन के प्रति आदर दिखाया गया नहीं मालूम पड़ता। स्थान-स्थान पर टीकाकारों के संकेत से पद्म अथवा सिद्ध आसनों की ओर निर्देश जान पड़ता है।

---

१. श्रीमद्भागवत, ११।१९।३४

प्राणायाम—प्राणों का आयाम योग का चौथा अङ्ग है। पूरक, कुम्भक तथा रेचक के द्वारा प्राण के मार्ग को शुद्ध करने का उपदेश दिया गया है—

प्राणस्य शोधयेन्मार्गं पूरकुम्भकरेचकैः।

—(३।२८।९)

प्राणायाम पुराणों में दो प्रकार का बतलाया गया है—(१) अगर्भ तथा (२) सगर्भ। अगर्भ प्राणायाम वह है, जिसमें जप तथा ध्यान के बिना ही, मात्रा के अनुसार, प्राणायाम किया जाय। सगर्भ प्राणायाम में जप तथा ध्यान अवश्य होना चाहिए। इन दोनों में सगर्भ प्राणायाम श्रेष्ठ है। अतः पुराणों ने उसी के करने का उपदेश दिया है। शिवपुराण की वायवीय संहिता के उत्तर खण्ड के अध्याय सैंतीस में इन दोनों के भेद तथा उपयोग का अच्छा वर्णन है—

अगर्भश्च सगर्भश्च प्राणायामो द्विधा स्मृतः।
जपं ध्यानं विनाऽगर्भः सगर्भस्तत्समन्वयात् ॥ ३३ ॥

'प्राणायाम अगर्भ और सगर्भ, दो प्रकार का कहा गया है, जप और ध्यान के बिना जो प्राणायाम होता है वह अगर्भ है और जप-ध्यान के सहित जो है वह सगर्भ है।'

अगर्भाद् गर्भसंयुक्तः प्राणायामः शताधिकः।
तस्मात्सगर्भं कुर्वन्ति योगिनः प्राणसंयमम् ॥ ३४ ॥

'अगर्भ से सगर्भ प्राणायाम का गुण सौगुना है। इसलिए योगी सगर्भ प्राणायाम करते हैं।'

विष्णुपुराण में अगर्भ को **अबीज** तथा सगर्भ को **सबीज** प्राणायाम कहा गया है[1]। श्रीमद्भागवत में भी इसी सगर्भ प्राणायाम का विधान बतलाया गया है। प्राणायाम करता जाय, साथ-ही-साथ अ-उ-म् से ग्रथित ब्रह्माक्षर ॐकार की मन में आवृत्ति करता जाय। ॐकार को विना भुलाये अपने श्वास को जीते[2]—

अभ्यसेन्मनसा शुद्धं त्रिवृद् ब्रह्माक्षरं परम्।
मनो यच्छेज्जितश्वासो ब्रह्मबीजमविस्मरन् ॥

—(श्रीमद्भाग०, २।१।१७)

'इस तीन अक्षरवाले शुद्ध परम ब्रह्माक्षर मन्त्र का मन से जप करे। इस ब्रह्म वीज को बिना भुलाये श्वास को जीतकर मन को एकाग्र करे।'

---

१. विष्णुपुराण, षष्ठ अंश, ७।४०।

२. श्रीमद्भागवत, ११।२४।३४।

जो योगी इस प्रकार सगर्भ प्राणायाम के अभ्यास से श्वासजय प्राप्त कर लेता है, उसके मन से आवरक मल-रज तथा तम—का नाश उसी प्रकार हो जाता है, जिस प्रकार आग में तपाये लोहे से मलिनता दूर हो जाती है—

मनोऽचिरात्स्याद्विरजं जितश्वासस्य योगिनः ।
वाय्वग्निभ्यां यथा लोहं ध्मातं त्यजति वै मलम् ॥
—(३।२८।१०)

ऊपर पूरक, कुम्भक तथा रेचक के क्रम से प्राणायाम करने का विधान बतलाया गया है, परन्तु भागवत के एकादश स्कन्ध में 'विपर्ययेणापि शनैरभ्यसेन्निर्जितेन्द्रियः' (१४।३३) 'प्रतिकूलेन वा चित्तम्' (३।२८।९) कह कर इससे उलटे क्रम से प्राणायाम करने की भी विधि शास्त्रीय मानी गयी है। यहाँ 'विपर्ययेणापि' तथा 'प्रतिकूलेन' का अर्थ श्रीधरस्वामी ने दो प्रकार से किया है। एक अर्थ तो यह हुआ—साधारण नियम का उलटा क्रम अर्थात् रेचक, पूरक, कुम्भक। इसका आशय यह है कि पहले ही रेचक करे, बाद को कुम्भक और अन्त में पूरक। कुम्भक दो प्रकार का होता है—अन्तःकुम्भक-तथा बहिःकुम्भक। भागवत में इन दोनों का वर्णन है तथा दोनों में किसी एक के द्वारा चित्त को स्थिर करने का उपदेश है। दूसरा अर्थ यह बतलाया गया है कि वाम नाड़ी से पूरक करे तथा दाहिनी से रेचक करे अथवा इसका उलटा दक्षिण नाड़ी से वायु भरकर वाम से रेचक करे। दोनों ही अर्थ योगाभ्यासियों को सम्मत हैं। प्राणायाम को तीनों काल में—प्रातः, मध्याह्न तथा सायं—करना चाहिये और हर बार दस प्राणायाम करना चाहिये। यदि इस नियम से प्राणायाम किया जाय तो एक मास से पूर्व ही साधक पवन को वश में कर लेता है—

दशकृत्वस्त्रिषवणं मासादर्वाग् जितानिलः ॥
—(श्रीमद्भा०, ११।१४।३५)

प्रत्याहार—इस प्रकार आसन, सङ्ग तथा श्वास को जीतकर साधक अपनी इन्द्रियों को उनके तत्तद्विषयों से खींचे। इस कार्य में सहायता निश्चय बुद्धिवाला मन देगा। मन के द्वारा निश्चय बुद्धि की सहायता से मनुष्य अपनी इन्द्रियों को विषयों से खींचकर उन्हें एक स्थान पर रखने का यत्न करे। यह हुआ प्रत्याहार।

नियच्छेद्विषयेभ्योऽक्षान् मनसा बुद्धिसारथिः ।
—(श्रीमद्भाग०, २।१।१८)

इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेभ्यो मनसाकृष्य तन्मयः ।
बुद्ध्या सारथिना धीरः प्रणयेन्मयि सर्वतः ॥
—(श्रीमद्भाग०, ११।१४।४२)

धारणा—मन को एक वस्तु में टिकाने का नाम धारणा हुआ। भागवत में दो प्रकार की धारणा बतलायी गयी है। वे ही धारणाएँ अन्य पुराणों में भी नामभेद से बतलायी गयी हैं। भगवान् के दो रूप हैं—स्थूल तथा सूक्ष्म। इन्हीं को विष्णुपुराण में (१) मूर्त अथवा 'विश्व' तथा (२) अमूर्त अथवा 'सत्' रूप बतलाया गया है।[1] भगवान् के इन्हीं दोनों रूपों का धारणा तथा ध्यान करना चाहिए। अतः भागवतविहित धारणा के दो भेद हुए—

(१) वैराज धारणा तथा (२) अन्तर्यामि धारणा।

सबसे पहले भगवान् के स्थूल रूप में ही धारणा तथा ध्यान लगाये। २ स्कन्ध के पहले ही अध्याय में भगवान् के विराट् रूप का सुन्दर तथा साङ्ग वर्णन किया गया है। स्थूल होने के कारण मूर्त रूप में मन आसानी से लगाया जा सकता है। इस धारणा का नाम हुआ **वैराज धारणा**। जब यह धारणा साधक के हाथ में आ जाय, तब अमूर्त रूप की धारणा करनी चाहिए। इस दूसरी धारणा—**अन्तर्यामि धारणा** का अतीव सुन्दर वर्णन भागवत के अनेक स्थलों पर किया गया है, यथा दूसरे स्कन्ध का दूसरा अध्याय, तीसरे स्कन्ध का अट्ठाईसवाँ अध्याय तथा ग्यारहवें स्कन्ध का चौदहवाँ अध्याय। इन वर्णनों का आशय[2] है कि अपने शरीर के भीतर ऊर्ध्वनालवाले अधोमुख हृत्पुण्डरीक को ऊर्ध्वमुख, विकसित, अष्टदलवाला तथा कर्णिकायुक्त ध्यान धरे। कर्णिका में क्रमशः सूर्य, चन्द्रमा तथा अग्नि के मण्डल को रखे। इस अग्नि के भीतर आनन्दकन्द श्रीवृन्दावनचन्द्र वनमालाधारी की मनमोहिनी मूर्ति का ध्यान धरे। भगवान् के इस सुहावने रूप का जैसा वर्णन भागवत में मिलता है, वैसा अन्यत्र मिलना दुर्लभ है।

किसी वस्तुविशेष में अनुस्यूत रूप से मन धारणा धारण करे। प्रत्यय की एकतानता हो, तो उसे ध्यान कहते हैं—'तत्रैकतानता ध्यानम्'। भागवत में ध्यान के विषय में बहुत कुछ कहा गया है। सारांश यही है कि जब हृत्कर्णिका में भगवान् के समग्र शरीर की धारणा निश्चल तथा ठीक हो जाय, तब प्रत्येक अंग का ध्यान करना चाहिए। अंगों का क्रम 'पादादि यावत् हसितं गदाभृतः' (चरणों से लेकर हँसते हुए मुख तक) है। इनका वर्णन तीसरे स्कन्ध के अठ्ठाईसवें अध्याय में देखने ही योग्य है। भगवान् के पैर के ध्यान से आरम्भ कर ऊपर बढ़ता जाय और अन्त में मुख की मन्द मुस्कान के ऊपर अपना ध्यान जमा दे—

---

१. विष्णुपुराण, अं० ६ अ० ७।

२. श्रीमद्भागवत, ११।१४।३६–३७।

सञ्चिन्तयेत् भगवतश्चरणारविन्दं
वज्राङ्कुशध्वजसरोरुहलाञ्छनाढ्यम् ।
उत्तुङ्गरक्तविलसन्नखचक्रवाल-
ज्योत्स्नाभिराहतमहद्धृदयान्धकारम् ॥

—(३।२८।२१)

'उत्तम प्रकार से भगवान् के उस चरण-कमल का ध्यान करे, जो चरण-कमल वज्र, अंकुश, ध्वजा और कमल के चिह्नों से युक्त है तथा जिसने अपने ऊँचे उठे हुए लाल-लाल नखों की ज्योत्स्ना से सत्पुरुषों के हृदय के अन्धकार को दूर किया है ।'

× × ×

समाधि—ध्यान के बाद ही समाधि का स्थान है । उस समय भक्ति से द्रवीभूत हृदय, आनन्द से रोमांचित होकर, उत्कण्ठा से आँसुओं की धारा में नहानेवाला भगवान् का भक्त अपने चित्त को ध्येय पदार्थ से उसी भाँति अलग कर देता है, जिस प्रकार मछली के मारे जाने पर मछुआ बडिश (काँटे) को अलग कर देता है—

'चित्तवडिशं शनकैर्वियुङ्क्ते' ।

इस समय निर्विषय मन अर्चि की तरह गुणप्रवाह से रहित होकर भगवान् में लय प्राप्त कर लेता है—ब्रह्माकार में परिणत हो आता है (भाग० ३।२८। ३४–३८) ।

'इस प्रकार भगवान् श्रीहरि में जिसका पूर्ण प्रेमभाव हो गया है, जिसका हृदय भक्ति से द्रवीभूत हो गया है, प्रेमानन्द से जो पुलकित हो उठा है, जो बारंबार उत्कण्ठा से उत्पन्न हुई अश्रुधारा में नहाता रहता है, वह उस चित्तरूप बडिश (मछली पकड़ने के काँटे) को भी धीरे-धीरे पीछे छोड देता है । संसार का आश्रय जिसने छोड़ दिया, जो निर्विषय और पूर्ण विरक्त हो गया, वह मन बत्ती जल जाने पर दीपशिखा की महज्ज्योति में मिलने के समान निर्वाणपद को प्राप्त होता हैं । त्रिगुण का प्रवाह जिससे हट गया, ऐसा वह पुरुष अपने सिवा और कोई व्यवधान न देखता हुआ अखण्ड आत्मस्वरूप को प्राप्त होता है । वह पुरुष मन की इस चरम निवृत्ति से सुख-दुःख से बाहर उस महिमा में लीन हुआ करता है और आत्म-स्थिति की पराकाष्ठा को प्राप्त हुआ ऐसा पुरुष यद्यपि अपने आपको कर्ता नहीं मानता, तथापि सुख-दुःख का जो मूल कारण है वह अपने अन्दर देखता है ।'

—(भाग०, ३।२८।३४)

इस योग की यह बड़ी विशेषता मालूम पड़ती है कि यह अष्टाङ्गयोग भक्ति के साथ नितान्त सम्बद्ध है। वास्तविक योगी केवल शुष्क साधक नहीं है, प्रत्युत भगवान् की उत्तम भक्ति से आप्लाव्यमान हृदयवाला परम भागवत है। बिना भक्ति के लोकविहित समाधि की निष्पत्ति कथमपि नहीं हो सकती। व्यासजी ने अत्यन्त स्पष्ट शब्दों में कहा कि योग का उद्देश्य 'कायाकल्प' नहीं है—शरीर को केवल दृढ़ बनाना नहीं है, प्रत्युत उसका प्रधान ध्येय श्रीभगवान् में चित्त लगाना है, भगवत्परायण होना है—

केचिद् देहमिमं धीराः सुकल्पं वयसि स्थिरम्।
विधाय विविधोपायैरथ युञ्जन्ति सिद्धये॥
नहि तत् कुशलादृत्यं तदायासो ह्यपार्थकः।
अन्तवत्त्वाच्छरीरस्य फलस्येव वनस्पतेः॥
योगं निषेवतो नित्यं कायश्चेत् कल्पतामियात्।
तच्छ्रद्दध्यान्न मतिमान् योगमुत्सृज्य मत्परः॥

—(श्रीमद्भागवत, ११।२८।४१–४३)

श्रीमद्भागवत का योग के विषय में यही परिनिष्ठित सिद्धान्त प्रतीत होता है कि योगियों के लिए जगदाधार भगवान् में भक्ति के द्वारा चित्त लगाने के अतिरिक्त ब्रह्मप्राप्ति का अन्य कोई उपाय नहीं है—

न युज्यमानया भक्त्या भगवत्यखिलात्मनि।
सदृशोऽस्ति शिवः पन्था योगिनां ब्रह्म-सिद्धये॥

—(श्रीमद्भा०, ३।२५।१९)

'अखिल आत्मस्वरूप भगवान् में लगी हुई भक्ति के समान 'शिवः पन्थाः' कल्याणकारी मार्ग, योगियों के लिए ब्रह्मप्राप्ति में और कोई नहीं है।'

रैकात्मकं जगुः ॥१६॥ अतश्चित्तलयेनैवाऽहं गणेशो न संशयः । चित्तपंचकमुत्सृज्य पूर्णयोगमवाप्नुयात ॥१७॥ तत्र समाधिजं सौख्यं वदामि युक्तिभावतः । गणेशोऽहं तदाकारो भवामि यदि योगतः ॥१८॥ तदा संयोगजः प्रोक्तोऽनुभवो योगिनां हृदि । यदाऽहं गणनाथश्चेन्नागतो न गतः कदा ॥१९॥ तदा ह्ययोगजः प्रोक्तोऽनुभवः शांतिदायकः । अतोऽयोगमयो योगः कथं तत्र प्रवर्तते ॥२०॥ चित्तं नानाविधं दक्ष संयोगायोगधारकम । योगे योगात्मकोऽहं च तदा शांतिः प्रलभ्यते ॥२१॥ शांतीनां शांतिरूपा सा योगशांतिः प्रजायते । तस्मात परं विद्यते न ब्रह्म योगात सुनिश्चितम ॥२२॥ अतोऽयं गणनाथस्तु ब्रह्मणस्पतिरुच्यते । संयोगायोगकादीनां ब्रह्मणां पातृभावतः ॥२३॥ एतत सर्वं समाख्यातं रहस्यं परमाद्भुतम । गजाननस्य ते दक्ष प्रकृतं शृणु सांप्रतम् ॥२४॥

॥ ओमिति श्रीमदान्त्ये पुराणोपनिषदि श्रीमन्मौद्गले महापुराणे नवमे खंडे योगचरित्रे गणेशस्वरूपवर्णनं नाम तृतीयोऽध्यायः ॥

★

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥ तपसा भक्तिभावेनागतं दृष्ट्वा गजाननम् । अयोगो हर्षितोऽत्यंतमुत्थाय प्रणनाम तम् ॥ १ ॥ ततः पूज्य गणेशानं प्रभुं नानोपचारकैः । पुनः प्रणम्य विघ्नेशं तुष्टाव करसंपुटः ॥२॥ अयोग उवाच । शांतिस्वरूपाय सुशांतिदाय वाणीमनोहीनतमाय ढुंढे । वाणीमनोयुक्तविचारिणे वै योगाय योगाधिपते नमस्ते ॥३॥ वाणीमनोयुक्तमयं वदामि नो विश्वरूपोऽसि कथं स्तवीमि । नित्यं गणेशाय नमो महात्मन् योगाय योगाधिपते नमस्ते ॥४॥ वाणीमनोहीनमयं कथं त्वां ब्रुवेऽथ संयोगमयं कदा च । नो योगरूपं त्वथ ते नमो वै योगाय योगाधिपते नमस्ते ॥५॥ त्वत्तः प्रसूतानि महानुभाव ब्रह्माणि विश्वानि पराणि भूयः । त्वय्येव लीनानि ह्यभिन्नभावाद्योगाय योगाधिपते नमस्ते ॥६॥ नित्यं ह्ययोगाय निवृत्तिदाय मायाविहीनाय गणाधिपाय । वाणीमनोहीनतया सुलभ्य योगाय योगाधिपते नमस्ते ॥७॥ स्वानंदरूपाय सुशांतिदाय सिद्ध्या च बुद्ध्या सह खेलकाय । वाणीमनोहीन निजात्मलभ्य योगाय योगाधिपते नमस्ते ॥८॥ अव्यक्तरूपाय च साहजाय मोहेन हीनाय सदा शिवाय । त्रैविध्यनाथाय च नेति कर्त्रे योगाय योगाधिपते नमस्ते ॥९॥ सामान्यरूपाय त्रयीमयाय द्वंद्वप्रकाशाय च विष्णवे ते । आनंदनाथाय सुखेलकाय योगाय योगाधिपते नमस्ते

॥१०॥ आत्मस्वरूपाय सदाऽमृतस्थयोगेन संलभ्यतमाय भानो। भेदैर्विहीनाय च जीवनाय योगाय योगाधिपते नमस्ते ॥११॥ नानाप्रभेदेषु च तन्मयाय सर्वस्वरूपाय च शक्तये ते। आनंत्यभावैश्च सुमोहदाय योगाय योगाधिपते नमस्ते ॥१२॥ साक्षिस्वरूपाय च सांख्ययोगलभ्यस्वरूपाय सदात्मसंस्थ। बोधेन हीनाय परात्पराय योगाय योगाधिपते नमस्ते ॥१३॥ बोधस्वरूपाय संस्थाविहारकर्त्रे सदा पालकभावधारिन्। त्रैविध्यनाथाय महोदराय योगाय योगाधिपते नमस्ते ॥१४॥ सोहंस्वरूपाय च चिन्मयाय मोहेन युक्ताय च हीनकाय। देहिस्वरूपेण विहारकर्त्रे योगाय योगाधिपते नमस्ते ॥१५॥ बिंदुप्रचुराय चतुष्पदाय चतुर्विधेषु प्रभवाय तुभ्यम्। आनंत्यतत्त्वाय च देहभोक्त्रे योगाय योगाधिपते नमस्ते ॥१६॥ तुर्यात्मदेहाय लयात्मकाय कालस्वरूपाय गणेश्वराय। नादात्मकायाऽथ त्रिदेहगाय योगाय योगाधिपते नमस्ते ॥१७॥ आनंदकोशात्मकसंस्थिताय प्राज्ञाय सौषुप्तमयाय तुभ्यम्। निर्त्येश्वरायैव तयोः प्रचारिन् योगाय योगाधिपते नमस्ते ॥१८॥ सर्वांतरस्थाय च सूक्ष्मकाय स्वप्नप्रचुराय च तैजसाय। हिरण्यगर्भाय तयोः प्रचारिन् योगाय योगाधिपते नमस्ते ॥१९॥ बाह्यस्थितायान्नमयाय विश्ववैश्वानरायैव तयोः प्रचारिन्। स्थूलस्वरूपाय च जागृदास्थ योगाय योगाधिपते नमस्ते ॥२०॥ विश्वस्य द्वैविध्यमयाय तुभ्यं नानांडरूपाय च खेलकाय। शक्तेः च धात्रे हरये शिवाय योगाय योगाधिपते नमस्ते ॥२१॥ एते गणेशाधिपते कलांशा विघ्नेश्वरास्ते गणनायकाय। न त्वं सदैतैः सहितो हि तुभ्यं योगाय योगाधिपते नमस्ते ॥२२॥ स्तुमः कथं नाथ गणेशरूपं संयोगहीनं च ह्ययोगहीनम्। नादात्म्यरूपं भव तुष्टचित्तं योगाय योगाधिपते नमस्ते ॥२३॥ मुद्गल उवाच। एवं स्तुत्वा गणेशानं प्रणनाम कृतांजलिः। अयोगस्तं गणाधीशो जगाद घननिःस्वनः ॥२४॥ गणेश उवाच। वरान् वृणु महाभाग मनसीप्सितरूपकान्। दास्यामि भक्तितुष्टोऽहं स्तोत्रेणानेन योगप ॥२५॥ त्वया कृतमिदं स्तोत्रं योगशांतिपदप्रदम्। पठतां शृण्वतां नित्यं नानासिद्धिप्रदं भवेत् ॥२६॥ यं यमिच्छसि तं तं वै दास्यामि स्तोत्रपाठतः। मयि प्रीतिकरं चास्तु भक्तिभावप्रदं तथा ॥२७॥ एकविंशतिवारं चैकविंशति दिनावधि। पठेत तस्य सर्वं च दास्यामि दुर्लभं हि चेत् ॥२८॥ एवमुक्त्वा गणेशानः सस्वजे तं गणाधिपम्। अयोगरूपिणं हर्षसंयुक्तं प्रचकार ह ॥२९॥ ततोऽयोगो गणाध्यक्षं प्रणम्य च पुनः पुनः। जगाद भक्तिसंयुक्तो हृष्टरोमा सुहर्षितः ॥३०॥ अयोग उवाच। यदि ढुंढे वरान् मे त्वं दास्यसि भक्तिमोहितः। तदा ते पादयुग्मे मे भक्तिं देहि दृढां पराम् ॥३१॥ पूर्णयोगस्वरूपस्थं मां

कुरुष्व गजानन । सुखं मुक्तस्वरूपस्थं नाथ नेच्छामि ते नमः ॥३२॥ मुद्गल उवाच । अथ योगगणराजस्य श्रुत्वा वचनमुत्तमम् । जगाद तं गणेशानस्तथेत्यन्तर्हितोऽभवत् ॥३३॥ अथ योगमन्तं हृदि स्थाप्य भजतेऽनन्यमानसः । अंते योगमयः सोऽपि बभूव मोक्षनायकः ॥३४॥ इति ते सर्वमाख्यातं चरितं गणपस्य यत् । पूर्णयोगधरस्यापि समासेन प्रजापते ॥३५॥ अतस्त्वं गणराजं तं भजस्व भक्तिसंयुतः । तेन यज्ञमिमं पूर्णं करिष्यसि न संशयः ॥३६॥ अंते योगयुतश्चैव ब्रह्मभूतो भविष्यसि । आज्ञां देहि गमिष्यामि त्वदातिथ्यसुतोषितः ॥३७॥ रहस्यं गणनाथस्य कथितं सकलं मया । नान्यत किंचिदतो दक्ष परं वेदादिसंमतम् ॥३८॥ शृणुयाद्यः पठेद्वाऽपि स सर्वं प्राप्नुयाच्छुभम् । अंते योगमयो भूत्वा संतिष्ठेत् गणपात्मकः ॥३९॥

॥ ओमिति श्रीमदांत्ये पुराणोपनिषदि श्रीमन्मौद्गले महापुराणे योगचरिते नवमे खंडे पूर्णयोगचरितवर्णनं नाम चतुर्थोऽध्यायः ॥

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥ दक्ष उवाच । धन्योऽहं कृतकृत्योऽहं कृतस्त्वया महामुने । येन गणेशमाहात्म्यं श्रावितं योगदायकम् ॥१॥ गणेशगीतासारादि कथितं तु विशेषतः । ज्ञानं योगप्रदं पूर्णं संक्षेपेण त्वया परम् ॥२॥ तत्र बुद्धं मया सर्वमतः सौलभ्यतो वद । योगं क्रमयुतं पूर्णं येन योगी नरो भवेत् ॥३॥ सूत उवाच । एवं पृष्टो महायोगी मुद्गलस्तमुवाच यत् । हर्षेण महता युक्तस्तत्तेऽहं कथयामि तु ॥४॥ मुद्गल उवाच । धन्योऽसि कृतकृत्योऽसि साक्षाद्गणपतेः किल । विभूतिवाचकस्तत्र न चित्रमिदमुत्तमम् ॥५॥ त्वया पृष्टं महाभाग लोकोपकारकारकम् । सर्वेषां सुलभत्वेन योगशांतिपदप्रदम् ॥६॥ कथयामि च ते प्रीत्या गुह्यं वेदरहस्यकम् । शृणुष्वैकमना दक्ष योगं शांतिप्रदायकम् ॥७॥ चित्तं पंचविधं प्रोक्तं तेषु पंचविधो रसः । सरसं चित्तमुत्सृज्य योगी भवति मानवः ॥८॥ क्षिप्तं मूढं च विक्षिप्तमेकाग्रं च निरोधकम् । चित्तं पंचविधं विद्धि जगत्सु ब्रह्मसु स्थितम् ॥९॥ व्यष्टिभावे स्थिता ये तु जंतवो विविधात्मकाः । लक्षचतुरशीतिषु योनिषु संभवाः किल ॥१०॥ देहभोगादिमार्गेषु कुशलाः संभवंति ये । तेषु स्वस्वप्रपंचेषु नानाकार्यपरायणाः ॥११॥ तैः क्षिप्तं कार्यसिद्ध्यर्थं चित्तं कार्येषु नित्यदा । तत्तत्कार्यप्रकाशेन प्रकाशयति तान् हृदि ॥१२॥ तेन कार्येषु दक्षास्ते भवंत्यत्र न

संशयः । तदेव क्षिप्तसंज्ञं त्वं चित्तं जानीहि मानद ॥१३॥ केचित् स्वल्पज्ञकास्तेषु केचिज्ज्ञानाधिका मताः । मध्यमाः केचिदेवं तु नानाभेदाश्रिता नराः ॥१४॥ त्रिविधेषु विभागेषु स्थिता नानाविभेदतः । नानाज्ञानयुतास्तेषां रूपं न कथितुं क्षमम् ॥१५॥ लक्षचतुरशीतिषु जंतवो विविधात्मकाः । व्यष्टिस्थाः सर्वकार्येषु ज्ञानहीना भवंति ये ॥१६॥ ते मूढाः कथ्यते लोकैर्विषये चतुरैः सदा । तेषु नानाविधा भेदा अल्पाधिकसुमध्यमाः ॥१७॥ तेषां प्रकाशकं चित्तं नानामूढस्वभावगम् । तदेव मूढसंज्ञाख्यं चित्तं ज्ञानस्यसंजसा ॥१८॥ परैः संबोधितो जंतुर्न बुबोध विचारतः । कार्यं नानाविधं तस्य चित्तं मूढं प्रकीर्तितम् ॥१९॥ व्यष्टिस्था ये नरा दक्ष स्वधर्मनिरताः सदा । नानातपःपरा भूत्वा मुक्तिमिच्छंति शाश्वतीम् ॥२०॥ विषयेषु विरज्यैव सदा ब्रह्मपरायणाः । कुर्वंति विविधं कर्माऽहर्निशं मुक्तिकारणात् ॥२१॥ तदपि ब्रह्म हृदये न दृष्टं तैर्महात्मभिः । न संसारसुखे चित्तं तेषां रमति कर्हिचित् ॥२२॥ अतो विक्षिप्तचित्तास्ते मता योगिजनैः पुरा । ब्रह्मार्पणक्रियाः सर्वाः कुर्वन्त्यंतरबाह्यजाः ॥२३॥ विशेषेणैव क्षिप्तोऽहं संसारे मायया सदा । विगतक्षेपणं सर्वं नानासाधनभावतः ॥२४॥ तेषां मुक्त्यर्थमत्यंतं प्रकाशयति भावनाम् । चित्तं क्रियात्मिकां तेन विक्षिप्तं तत्प्रकीर्तितम् ॥२५॥ तत्र नानाक्रियायाश्च सामर्थ्येन विमोहितः । जानाति देवतां तुष्टां ममोपरि न संशयः ॥२६॥ कदा देवप्रसादादि गृह्य विक्षेपसंयुतः । अनाचारां क्रियां कुर्याद्देवाज्ञावशगो मुधा ॥२७॥ स्वप्नेषु विविधान् भावान् पश्यति तद्गतचेतसा । सत्यं स्वप्नं मदीयं तु मान्यं नादृशजं चरेत् ॥२८॥ एवं विक्षिप्तभावेन मोहितः स कदाचन । अनाचारं करोत्येव नानातपःप्रभावतः ॥२९॥ समष्टिव्यष्टिसंस्थं यच्चित्तं वैराटगं परम् । तेन व्यष्टिं समाव्याप्य भुंक्ते स विविधं सुखम् ॥३०॥ वैराटस्य क्रिया प्रोक्ता व्यापिका शास्त्रसंमते । तत्र व्यापकभावस्य चित्तं प्रकाशदं मतम् ॥३१॥ तत्त्वेषु विविधेष्वेव स्थूलसूक्ष्मादिरेषु च । व्यापकभावकाशत्वाच्चित्तं तेषु स्थितं मतम् ॥३२॥ समष्टिव्यष्टिसंयोगेऽन्नं ब्रह्म स्थूलगं परम् । तथा स्वप्नगतं सूक्ष्मं सौषुप्तं समसंस्थितम् ॥३३॥ चेतनाभावगं पूर्णं तद्ब्रह्मादात्मकं मतम् । अस्मिताख्यं परं ब्रह्म तेषु चित्तं प्रकीर्तितम् ॥३४॥ समष्टिव्यष्टिभागस्य तयोरैक्यस्य च प्रभो । प्रकाशकारकं विद्धि चित्तमेकाग्रसंज्ञितम् ॥३५॥ समष्टिव्यष्टिभावेषु न भिन्नं भवतीत्यहो । तेनैकाग्रं समाख्यातं चित्तं तज्ज्ञानकारकम् ॥३६॥ देहश्चतुर्विधः प्रोक्तः स्थूलः सूक्ष्मः समात्मकः । अस्मिताख्यश्चतुर्थश्च तेषु देही स्थितो मतः ॥३७॥ देहेषु मोहितो देही जीव इत्यभिधीयते ।

मोहहीनः स एवाऽपि शिवः प्रोक्तो मनीषिभिः ॥३८॥ जीवशिवात्मिका संज्ञा देहिनो भ्रममात्रतः। सदैकात्मस्वभावत्वात्तत्र भेदो न विद्यते ॥३९॥ तत्र जीवशिवाकारभावप्रकाशकारकम्। चित्तमेकाग्रसंज्ञाख्यं तिष्ठति देहिसंश्रितम् ॥४०॥ सात्मिनाच परं चित्तमेकाग्रं विद्यते न वै। देहदेहिमयं चित्तमेकाग्रं योगिनां मते ॥४१॥ चतुर्णां वपुषां यत्र ब्रह्माकारेण जायते। संयोगो बिंदुरूपं तज्ज्ञानाख्यं ब्रह्म सर्वगम् ॥४२॥ चतुष्पदं बुधैः प्रोक्तं चतुर्भिर्वर्जितं सदा। देहानां ब्रह्म विख्यातं नानादेहस्वभावगम् ॥४३॥ तत्र चतुष्पदाकारभावप्रकाशकारकम्। चतुर्भिर्वर्जितस्यैव चित्तं तिष्ठति तद्गतम् ॥४४॥ देहेषु न भवेद्भिन्नं सर्वगमात्मभावतः। निरोधं कथ्यते चित्तं बिंदुधर्मप्रकाशकम् ॥४५॥ जीवशिवात्मभावस्थं मोहहीनं सदात्मगम्। ब्रह्म सोऽहं समाख्यातं सदा भ्रांतिविवर्जितम् ॥४६॥ तत्र जीवशिवाकारमोहहीनप्रकाशकम्। चित्तमात्मस्वरूपस्थं निरोधं कथ्यते बुधैः ॥४७॥ देहदेहिसमायोगे स्वत उत्थानमुच्यते। बोधाख्यं द्वंद्वभावेन ब्रह्म खेलकरं सदा ॥४८॥ तत्र निरोधकं चित्तं तस्य रूपं वदाम्यहम्। संक्षेपेण प्रजानाथ श्रृणु भावसमन्वितः ॥४९॥ बाह्यं स्थूलं समाख्यातमांतरं सूक्ष्मगं मतम्। बाह्यांतरैकभावस्थमानंददेहगं परम् ॥५०॥ त्रिभिर्हीनं त्रयाणां च चालकं ह्यस्मितात्मकम्। अहमानुभवेनैतज्ज्ञानाख्यं योगिनां हृदि ॥५१॥ तेषां संयोगभावे यच्चतुर्णां वपुषां परम्। सर्वात्मकं भवेद्ब्रह्म पंचमं बिंदुसंज्ञितम् ॥५२॥ चतुर्विधा नरस्यैव कल्पना हृदि संस्थिता। अतः परं न भेदोऽस्ति भवेद्येनास्य कल्पना ॥५३॥ बिंदुत्यागे निरालंबं चित्तं भवति सर्वदा। सततं तत् समाख्यातं ब्रह्म ध्यातृविहीनतः ॥५४॥ न किंचिज्ज्ञायते यत्र भेदहीनप्रभावतः। सोहं मात्रात्मकं चित्तं निरालंबसमाधिदम् ॥५५॥ अवलंबनगं चित्तं चतुर्धा देहिसंश्रितम्। अवलंबनहीनं तद्देहिगं चिन्मयं भवेत् ॥५६॥ निरालंबपरित्यागेऽधिकसंरोधनं भवेत्। चित्तस्य देहदेहिभ्यां हीनत्वान्नात्र संशयः ॥५७॥ मनोवाणीविहीनं तच्चित्तं ज्ञानाख्यमादरात्। अस्तिनास्तिविहीनत्वादाधाराधेययोगतः ॥५८॥ अवलंबनयोगो न पंचधा योगिनां हृदि। निरालंबनकं तस्मात् मनोवाणीविवर्जितम् ॥५९॥ बोधेन बुध्यते सर्वं निरालंबं समाधिना। अवलंबनकं तद्वद्बोधबोधो न विद्यते ॥६०॥ एवं बोधात्मकं ब्रह्म देहदेहिसमाधिदम्। देहदेहिसमायोगप्रकाशं चित्तमुच्यते ॥६१॥ देहसौख्यं प्रजानाति देहिसौख्यं निरंतरम्। तयोर्योगे च यत् सौख्यं जानाति ब्रह्म बोधगम् ॥६२॥ पदानां बोधभावेन पदार्थानां विशेषतः। उत्थानं जायते तस्मात् स्वत उत्थानमुच्यते ॥६३॥ सुखं ज्ञात्वा समुत्थानं स्वयमेव करोति यः। देहदेहि च सृष्ट्वा स खेलति ब्रह्म-

तत्परः ॥६४॥ तत्रोत्थानप्रकाशाख्यं चित्तं निरोधसंज्ञकम् । निष्ठत्यत्र न संदेहो ज्ञातव्यं योगिनां हृदि ॥६५॥ बोधत्यागे समाख्यातं ब्रह्म सांख्यं प्रजापते । कः संख्यां कुरुते तस्य बोधनाशप्रभावतः ॥६६॥ उत्थानवर्जितं ब्रह्म सांख्यं साक्षिस्वभावगम् । बोधहीनात् कदा तत्रोत्थानं नैव प्रजापते ॥६७॥ प्रकृतिसंभवं बोधं तयोः पुरुषसंभवम् । योगसौख्यं न जानाति सांख्यं बोधविहीनतः ॥६८॥ बुद्ध्वा सुखं नरस्यैवोत्थानं यथा प्रजापते । तथा मायासुखं ज्ञात्वा ब्रह्मणोत्थानकं भवेत् ॥६९॥ तथा परत उत्थानं सांख्ये नित्यं प्रतिष्ठितम् । तत्र योगं प्रवक्ष्यामि येन योगी नरो भवेत् ॥७०॥ यद्युत्थानसमायुक्तं भवति चेत्तदा भवेत् । उत्थानवर्जितं दक्ष तदेवं बीजमाद्यकम् ॥७१॥ उत्थानहीनभावेन सदा सांख्यं विराजति । स्वयं च स्वत उत्थानं निःसृतं तत् प्रभावतः ॥७२॥ सांख्येन न कृतं चैतत्तथाप्युत्थानहीनतः । स्वयं च स्वत उत्थानं जायते नात्र संशयः ॥७३॥ यदाऽसृतं भवेद्दक्ष तदा सत्यं प्रकीर्त्यते । एकं ब्रह्म यदा तिष्ठेत सत्यं तत केन कथ्यते ॥७४॥ न दृष्टमसृतं येन न जानाति स सत्यकम् । सदा तादृशरूपत्वादेकभावप्रदर्शनात् ॥७५॥ अत उत्थानहीनत्वं धृतं तेन विशेषतः । स्वत उत्थानभावाख्यं स्वयमेवोपजायते ॥७६॥ न कृतं तेन सांख्येन स्वयमेव विनिःसृतम् । अतः परत उत्थानं प्राप्तं तत्र न संशयः ॥७७॥ संख्याहीनप्रकाशाख्यं चित्तं तत्र प्रवर्तते । बोधहीनप्रकाशेन ज्ञायते तन्निरोधकम् ॥७८॥ उत्थानेन युतं ब्रह्म बोधसयं प्रकीर्तितम् । सांख्यमुत्थानहीनं च तयोर्योगे निजात्मकम् ॥७९॥ स्वतः परत उत्थानं तत्र नैव प्रजापते । जगतां ब्रह्मणां योगे भवति स्वस्वरूपकम् ॥८०॥ स्वस्वरूपात् परो नास्ति संयोगः तन्मयः कदा । स समाधिः समाख्यातो ब्रह्मणस्यान्वयात्मकः ॥८१॥ स्वकीयाभेदभावस्य तत्र प्रकाशकारकम् । चित्तं निरोधसंज्ञं तु निष्ठत्यत्र न संशयः ॥८२॥ संयोगः पंचधा दक्ष भवति शृणु रूपकम् । तस्य भिन्नं प्रवक्ष्यामि लोकानां हितकारणात् ॥८३॥ एते भेदाः समाख्याता योगेन लयतां ययुः । स्वसंवेद्येन संदेहस्तेन सृष्टाश्च पालिताः ॥८४॥ एतेषां रूपमास्थाय खेलति स्वस्वरूपकम् । नानालीलाकरं प्रोक्तं तदेवं वेदवादिभिः ॥८५॥ उत्पत्तिनाशसंयुक्ता भेदा एते मनीषिभिः । तेषां निजस्वभावत्वादसत्वानंद उच्यते ॥८६॥ तद्ब्रह्म शक्तिरूपाख्यं ज्ञातव्यं भेदधारणात् । तत्रासत्काशभावेन चित्तं तिष्ठति निश्चितम् ॥८७॥ एतैर्भेदैर्विहीनं यदसृतं ब्रह्म कथ्यते । एतेषां जीवनं नित्यं तच्च सत्स्वस्वरूपकम् ॥८८॥ तद्ब्रह्म सौरमाख्यातं भेदहीनप्रभावतः । तत्र

निरुपस्य काशाख्यं चित्तं निरोधकं मतम् ॥८९॥ असत् सत् द्विविधं प्रोक्तं तयोर्योगे समात्मकम् । स्वसंवेद्यं परं ब्रह्म विष्णु-द्वंद्वप्रवेशनात् ॥९०॥ तत्रानंदप्रकाशाख्यं चित्तं निरोधसंज्ञितम् । तिष्ठेत् तेन योगींद्रास्तं गच्छंति समाधिना ॥९१॥ त्रिभिर्हीनं त्रिभिर्युक्तमव्यक्तं नेति कारकम् । मोहहीनप्रभावेण तुरीयं ब्रह्म कथ्यते ॥९२॥ तदेव शिवसंज्ञाख्यं ज्ञानव्यं योगसेवया । तत्र नेति प्रकाशाख्यं चित्तं तिष्ठति तद्गतम् ॥९३॥ त्रिविधं मोहसंयुक्तं मोहहीनं चतुर्थकम् । तेषां संयोग-भावे वै स्वसंवेद्यं प्रकीर्तितम् ॥९४॥ पूर्णसंयोगभावाख्यं पंचमं ब्रह्म तत् स्मृतम् । तस्मात् परो न संयोगः कथ्यते योगिभिः सदा ॥९५॥ स एव गणनाथस्तु स्वानंदाख्यः प्रकीर्तितः । तत्र निजप्रकाशाख्यं चित्तं तिष्ठति सर्वगम् ॥९६॥ अतः परमयोगाख्यं ब्रह्म मायाविवर्जितम् । तदेव योगिभिः प्रोक्तं निवृत्तिसुखदायकम् ॥९७॥ न तत्र जगतां दक्ष ब्रह्मणां योग उच्यते । तस्याऽपि तेषु तद्वच्च तेनायोग इति स्मृतः ॥९८॥ ब्रह्मणि तन्मयत्वेन स्वस्य संयोग उच्यते । तस्मान्नि-वृत्तिरापन्ना तेन निवृत्तिसंज्ञकम् ॥९९॥ स्वसंवेद्यस्य नाशेन लभ्यते व्युत्समाधिना । नाऽगतं न गतं ब्रह्म संयोगः कुत्र जायते ॥१००॥ तत्रायोगप्रकाशाख्यं चित्तं निरोधसंज्ञितम् । तिष्ठति चापवादेषु निवृत्तिसुखदायकम् ॥१॥ इदं पंचविधं चित्तं कथितं ते प्रजापते । जगत्सु ब्रह्मसु तज्ज्ञं नानाप्रकाशदायकम् ॥२॥ भूमयः पंच विख्याताश्चित्तस्य विविधात्मनः । भूमीनां त्यागभावे तच्चित्तं ब्रह्ममयं भवेत् ॥३॥ अतः पंचविधं चित्तं त्यज त्वं योगसेवया । योगी भविष्यसि दक्ष चिंतामणौ न संशयः ॥४॥ संयोगायोगसंज्ञस्थं निरोधाख्यं मतं बुधैः । अतः परो निरोधो न विद्यते सर्वसंमते ॥५॥ सार्वभौमात्मधर्मेण योगी भवति मानवः । तत्र शांतिं लभेच्चित्तं त्यक्त्वा भूमिभवं भ्रमम् ॥६॥ योगरूपे सुखं यद्वै योगिनां हृदि वर्तते । तदेव कथितुं दक्ष शक्यते न कदाचन ॥७॥ मनोवाणीमयं चित्तं चतुर्विधं प्रकीर्तितम् । मनोवाणी-विहीनं तु निरोधसंज्ञकं मतम् ॥८॥ अतो योगः समाख्यातो मनोवाणीमयो न च । मनोवाणीविहीनोऽपि कथ्यते नैव योगिभिः ॥९॥ कीदृशं ब्रह्म तत्राहं योगेन कीदृशेन च । ब्रह्मभूतः स्वयं जात एभ्यः शांतिं लभेन्नरः ॥११०॥ योगे योगी नरो जानस्तत्र न ज्ञायते कदा । ब्रह्म वा साधनं किंचिद्ब्रह्मभूतस्य कारकम् ॥११॥ तन्मयत्वं ब्रह्मणि न न च तन्मयवर्जनम् । अतः शांतिं समागृह्य शांतियोगपरो भवेत् ॥१२॥ पंचविधेषु चित्तेषु दृश्यते जगतां परम् । ब्रह्मणामैश्वरं सौख्यं रसं तत्र न धारयेत् ॥१३॥ नानारसविहीनं तु चित्तं कृत्वा प्रजापते । तत्त्यक्त्वा स भवेद्योगी शांत्या शांतिमवाप्नुयात् ॥१४॥

स्रोतसोर्णवमानंदाद्गच्छंत्यप्रेरितान्यपि । प्रारब्धेन तथा कामान् भुनक्ति योगिसत्तमः ॥१५॥ नानाद्वंद्वविहारेषु समभावपरायणः । योगी भवति शांत्या च सदा योगसुखे रतः ॥१६॥

॥ ॐ तत्सदिति श्रीमदांत्ये पुराणोपनिषदि श्रीमन्मौद्गले महापुराणे नवमे खंडे योगचरिते मुद्गलदक्षसंवादे
योगामृतार्थशास्त्रे चित्तभूमिनिरोधेन सार्वभौमयोगो नाम पंचमोऽध्यायः ॥

॥ इति योगगीतासूपनिषत्सु समासात् प्रथमोऽध्यायः ॥

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥ दक्ष उवाच । योगस्यानुभवं ब्रूहि यत्र शांतिं लभेत मनः । स्वसं त्यक्त्वा सुशांत्या तद्युक्तं तिष्ठेत् महामुने ॥१॥ मुद्गल उवाच । न तत्र दृश्यते दक्ष जगद्ब्रह्मभवं सुखम् । तन्मायामयगं दृष्ट्वा तस्मान्निर्वृतिगो भवेत् ॥२॥ नाहं देहो न मे देहो नाहं नानाश्रमान्वितः । चराचरमयो नैव ताभ्यां संवर्जितो न च ॥३॥ न समष्टिसमायुक्तो व्यष्टिगो न कदाचन । ब्रह्माऽहमखिलेष्वेव तत्तद्भावविवर्जितः ॥४॥ न बाह्यसुखभोक्ताऽहं नांतरस्यपरायणः । न समानगतोऽहं तु नात्मप्रतीतिधारकः ॥५॥ न स्थूलो नैव सूक्ष्मोऽहं नानंदगः कदाचन । न नादेदेहसंस्थश्च सर्वाकारः सदा मतः ॥६॥ चतुष्पादाः संति मे येन मायया संधृता मया । मायाहीनप्रभावेण पादहीनोऽहमंजसा ॥७॥ मायायुक्तवियुक्तत्वं मयि नैव प्रतिष्ठितम् । मायासंस्थापितं द्वंद्वं तदप्याश्चर्यमुत्तमम् ॥८॥ अनेनानुभवेनैव योगी विंदुगतो भवेत् । तत्र लीनस्वभावेन सदा शांत्या प्रवर्तते ॥९॥ अथाहं भेदहीनश्च न भेदो मयि वर्तते । सदा संततभावेन संस्थितोऽत्र निरंतरम् ॥१०॥ न सृजामि हरास्येव पालयामि न निश्चितम् । स्वयमेव जगद्भाति यथा मयि धृतं भवेत् ॥११॥ उत्पन्नं स्वस्वभावेन स्थितं नष्टं तथा किल । विश्वं तत्र न मे हानिर्वृद्धिर्भवति कर्हिचित् ॥१२॥ न विश्वस्मिन्नहं जीवो न शिवः साक्षिभावगः । भ्रांत्या मायायुतं हीनं वदंत्ययोगिनः सदा ॥१३॥ यथाऽऽकाशभवं मेघपटलं सर्वतः स्थितम् । तत्र सूर्यस्य किं दक्षाच्छादनं संभवेत् कदा ॥१४॥ नष्टेऽभ्रे किं रविः साक्षाच्छादनेन विवर्जितः । तथा मोहविमोहौ च मयि भ्रांत्या वदंति ये ॥१५॥

सदैकात्मस्वरूपाख्ये मयि मोहविमोहकौ । कथं भेदौ प्रवर्तेते पश्य मायाप्रभावजौ ॥१६॥ तथापि विश्वसंयुक्तो मोहितो-
हं न संशयः । ज्ञात्वाऽऽत्मानं विमोहोऽहं सदा साक्षी न संशयः ॥१७॥ मायया जीवसंज्ञोऽहं तथा शिवो न संशयः ।
मयि ब्रह्मणि विश्वं तत दृश्यते नैव दृश्यते ॥१८॥ एवं ज्ञात्वा स्वयं योगी सदा शांत्या प्रवर्तते । द्वंद्वभावं परित्यज्य
सोऽहं ब्रह्मणि संस्थितः ॥१९॥ अतः परं प्रवक्ष्यामि ब्रह्मानुभवरूपकम् । न देहो नैव देहस्थोऽहं भवामि कदाचन ॥२०॥
संततं मयि नास्त्येव विश्वं मयि न विद्यते । भेदाभेदविहीनत्वाद्ब्रह्म ब्रह्मण्यहं रतः ॥२१॥ विश्वरूपोऽहमेवेदं मयि सर्वं
प्रतिष्ठितम् । विश्वहीनो न संदेहः सदैकरूपधारकः ॥२२॥ न सृष्टं पाल्यते नैव ह्रियते न मया कदा । विश्वं सृष्टं हृतं
नित्यं पालितं सर्वदा मया ॥२३॥ मयि संततभावश्च दृश्यते न विनिश्चितम् । न विश्वं विविधाकारं नानादेहपरायणम् ॥२४॥
सदा बोधमयोऽहं तु देहदेहियुतस्तथा । मम तत्र न भो दक्ष बंधाऽबंधौ प्रकीर्तितौ ॥२५॥ मायया संयुतो नित्यं देहदेहिमयो
रतः । मायाहीनप्रभावेण देहदेहिविवर्जितः ॥२६॥ मायायुक्तवियुक्तत्वं मयि कुत्र प्रदृश्यते । सदाऽहं बोधरूपाख्यो
ब्रह्मणि ब्रह्मभावितः ॥२७॥ एवं बोधात्मकेनैवानुभवेन प्रजापते । योगी योगसमायुक्तः सदा शांत्या प्रवर्तते ॥२८॥
अतः परं विबोधाख्यं वक्ष्यामि ब्रह्मभूतकम् । प्रकृतिर्न तथा दक्ष पुरुषोऽहं न निश्चितम् ॥२९॥ तयोर्योगेन बोधोऽहं
ब्रह्माऽहं भोगवर्जितः । सदा ब्रह्मणि संस्थश्च खेलहीनप्रभावतः ॥३०॥ मिथ्यारूपं जगत् सर्वं जगदात्मा तथा मतः ।
तयोर्योगकरं ब्रह्म मिथ्यामूलप्रकाशकम् ॥३१॥ मयि ब्रह्मणि नास्त्येव प्रकृतिर्वा पुमान् क्वचित् । तयोर्योगो भ्रमाकारः
सदा खेलपरायणः ॥३२॥ बोधेनोत्थानभावश्च जायते ब्रह्मणः सदा । मिथ्याभूतं तदेवाऽपि कथं मयि प्रवर्तते ॥३३॥
सत्यं ब्रह्म इति प्रोक्तं वेदेषु वेदवादिभिः । तत्र खेलोऽनृताकारः कुतस्तिष्ठति भ्रांतिदः ॥३४॥ सदा ब्रह्मसुखे सक्तो
ब्रह्मणि ब्रह्मभावितः । तत्र भेदादिकं नास्ति स्त्रीपुंभावमयं कदा ॥३५॥ मायया रचितं सर्वमनृताख्यं न संशयः । सा
मयि न स्थिता दक्ष निराधारा भ्रमान्विता ॥३६॥ ब्रह्मरूपं च मां दृष्ट्वा स्वयमेव विनश्यति । माया ततः स्वयं साक्षात्
सत्यरूपो भविष्यति ॥३७॥ यद्यहं मायया युक्तस्तया स्त्रीपुंमयं जगत् । सृजामि चेत्तदा सत्यं मयि कुतः प्रतिष्ठति ॥३८॥
यत्रानृतस्वरूपं तु नास्त्येव वेदवादतः । तदेव सत्यमाख्यातमतो बोधो न दृश्यते ॥३९॥ अनृतं विश्वमखिलं प्रकृतिपुरुषा-
त्मकम् । तस्माद्भिन्नोऽहमेकश्च सत्यरूपो न संशयः ॥४०॥ योगेनैतादृशेनैव शांतियुक्तो भवेन्नरः । संख्यां त्यक्त्वा स

